सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 15 दिसम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 338, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

कंपनियों की पूंजी 79129 करोड़ रुपये घटी

घरेलू शेयर बाजार में पिछले सप्ताह जारी कमजोरी के बीच शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में आठ का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 79,129.21 करोड़ रुपये घट गया। } 14

ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए व्यवहार में बदलाव आवश्यक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि देश के सभी क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता लाने के लिए हर नागरिक में व्यावहारिक परिवर्तन बेहद जरूरी है। } 16

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने नितिन

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने नबीन को इस पद के लिए चुना है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने एक बयान में कहा, भाजपा के संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को तत्काल प्रभाव से भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है।

कायस्थ समुदाय से संबंध रखने वाले नबीन (45) के मौजूदा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी बनने की संभावना है और पार्टी नेताओं के अनुसार, वह इस पद पर आसीन होने वाले सबसे युवा नेताओं में से एक हैं। नबीन पांच बार के विधायक हैं। वर्तमान में वह बिहार में पथ निर्माण मंत्री और पटना के बांकीपुर से विधायक हैं। वह पहले भी कई बार मंत्री रहे हैं। नड्डा को जनवरी 2020 में भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और वह अपना पूरा कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। नड्डा को 2024 के लोकसभा चुनावों तक पार्टी का नेतृत्व करने के लिए कार्यकाल विस्तार दिया गया था।

नबीन को उनकी नियुक्ति पर बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उन्होंने एक मेहनती कार्यकर्ता के रूप में अपनी विशिष्टता साबित की है और विश्वास व्यक्त किया कि उनकी ऊर्जा और समर्पण पार्टी को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, वह एक युवा और कर्मठ नेता हैं जिनके पास समृद्ध संगठनात्मक अनुभव है और बिहार में कई बार विधायक एवं मंत्री के रूप में उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड रहा है। उन्होंने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लगन से काम किया है। मोदी ने एक्स पर कहा, वह अपने विनम्र स्वभाव और व्यावहारिक कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। मुझे विश्वास है कि उनकी ऊर्जा और समर्पण आने वाले समय में हमारी पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर उन्हें हार्दिक बधाई। पार्टी नेताओं ने कहा कि नबीन युवा हैं और उन्हें शासन तथा जनता एवं संगठन के लिए काम करने का व्यापक अनुभव है। नबीन ने युवा मोर्चा के लिए भी व्यापक रूप से काम किया है और राज्य प्रभारी के रूप में भी उन्हें अनुभव प्राप्त है।

पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश बीजेपी की कमान

ढोल, नगाड़ों की थाप और जयघोष के बीच हुई प्रदेश प्रमुख के नाम की घोषणा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। ढोल नगाड़ों की थाप, फूलों की बौछार और भाजपा जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद के जयघोष के बीच आज भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के रूप में महाराजगंज से सांसद पंकज चौधरी का चुनाव किया गया।

इस अवसर पर पर्यवेक्षक के रूप में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव? मौर्या एवं ब्रजेश? पाठक और नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ अन्य गणमान्य मंत्रीगण, सांसद और विधायकगणों के साथ प्रदेश?? भर से हजारों की संख्या में आये भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के रूप में आयोजित, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष और राष्ट्रीय कार्यकारिणी परिषद का निर्वाचन प्रदेश की राजधानी लखनऊ के राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सभागार में किया गया। लंबे समय की प्रतीक्षा के बाद ज जब प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा हुई तो पूरा सभागार भाजपा जिंदाबाद, मोदी-मोदी, योगी-योगी के जयघोष से गूंज उठा। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों ने कर्तल ध्वनि के बीच नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का स्वागत किया। पूरा सभागार भारत माता की जय और पंकज चौधरी के अभिवादन के नारों से गूंजता रहा। इसके बाद केंद्रीय पर्यवेक्षक पीयूष गोयल ने प्रदेश? कार्यकारिणी के नये निर्वाचित 120 सदस्यों में से लोकप्रिय ...शेष पृष्ठ 14 पर

युवा नेता नितिन नबीन को एक मेहनती कार्यकर्ता के रूप में अपनी विशिष्टता साबित की है और विश्वास व्यक्त किया कि उनकी ऊर्जा और समर्पण पार्टी को मजबूत करेगा। यूपी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का भी अपना लंबा राजनीतिक अनुभव है। इसका लाभ प्रदेश भाजपा को मिलेगा।

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

युवा और ऊर्जावान नेता नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई। वे एक कर्मठ कार्यकर्ता और कल्पना क्षमता के धनी व्यक्ति हैं। उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर पंकज चौधरी को बहुत-बहुत बधाई।

राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

संक्षेप

अवैध बांग्लादेशी होंगे निर्वासित

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका शुक्रवार को फर्जी वीजा के साथ देश में आए 16 बांग्लादेशी नागरिकों को निर्वासित करेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ये बांग्लादेशी नागरिक इथियोपियन एयरलाइंस की उड़ान से ओआर टैम्बो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे थे। बीएमए की कार्यवाहक आयुक्त जेन थुपाना ने पुष्टि की कि यह मानव तस्करी, अनियमित प्रवासन और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत उठाया जाने वाला कदम है। बीएमए द्वारा यात्रियों के विवरण का विश्लेषण किए जाने के बाद उन्हें रोका गया जिसमें उनकी गतिविधियों को संदिग्ध पाया गया था। आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली कार्यप्रणाली का पता चला।

65 लाख के गबन का आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद। जिले के पटाला कस्बे की पंजाब एंड सिंध बैंक शाखा के एक कर्मचारी को ग्राहकों के खातों से करीब 65 लाख रुपये के गबन के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मोदीनगर के सहायक पुलिस आयुक्त अमित सक्सेना ने बताया कि पंजाब एंड सिंध बैंक की पटाला शाखा के प्रबंधक हिमांशु गुप्ता ने 21 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले के आरोपी की पहचान सोमिल तिवारी (29) के रूप में हुई जिसे शनिवार को बैंक शाखा से गिरफ्तार किया गया। सक्सेना ने बताया कि तिवारी ने शेयर व्यवसाय में खुद को हुए भारी नुकसान की भरपाई के लिए बैंक शाखा में निवेश करने वाले लोगों के धन का गबन किया तथा कुल 65 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। तिवारी ने कबूल किया कि उसने कम एक्टिविटी वाले खातों को निशाना बनाया।

एसआईआर के बाद प्रदेश में घटे चार करोड़ मतदाता: योगी

कार्यकर्ता पात्र लोगों को वोटर बनवायें

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में राज्य में मतदाताओं की संख्या में करीब चार करोड़ की कमी होने का दावा करते हुए रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे हर बूथ पर पूरी जिम्मेदारी से पात्र मतदाताओं का नाम सूची में जुड़वाने के लिये जुट जाएं।

मुख्यमंत्री ने यहां एक समारोह में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई का नया अध्यक्ष निर्वाचित किये जाने के बाद अपने सम्बोधन में कहा कि 18 वर्ष से ज्यादा उम्र के हर शख्स का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए और इस तरह उत्तर प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 16 करोड़ होनी चाहिए। आदित्यनाथ ने कहा कि मगर एसआईआर के बाद मतदाता सूची में जो नाम आए हैं, वे 12 करोड़ हैं। उन्होंने कहा, यह चार करोड़ का अंतर है। जनवरी 2025 की मतदाता सूची में कुल 15 करोड़ 44 लाख नाम थे। एक जनवरी 2026 को जो भी युवा 18 वर्ष का होगा वह मतदाता बनने का हकदार होगा तो यह संख्या बढ़नी चाहिए लेकिन यह संख्या बढ़ी नहीं, बल्कि घटी है। अब यह 12 करोड़ रह गई है। ...शेष पृष्ठ 14 पर

सरकार और संगठन मिलकर काम करेंगे

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को बधाई देते हुए रविवार को कहा कि अब सरकार और संगठन मिलकर नई ऊर्जा और तेजी के साथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुसार काम करेंगे।

मुख्यमंत्री ने चौधरी को निर्विरोध प्रदेश भाजपा अध्यक्ष घोषित किये जाने के बाद समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक अनुभवी कार्यकर्ता को पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष का दायित्व मिलने के साथ ही प्रदेश में अब नई गति के साथ सरकार और संगठन मिलकर प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप कार्य को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा, आज प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के साथ संगठन पर्व का यह दायित्व उत्तर प्रदेश के अंदर अपनी पूर्णाहुति की ओर अग्रसर हो चुका है लेकिन नए दायित्व के कार्य हम सबके सामने नई चुनौती के साथ खड़े हैं। आदित्यनाथ ने निर्वाचन की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण और ...शेष पृष्ठ 14 पर

भारत ने अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान को दी करारी शिकस्त

एजेंसी

दुबई। भारत ने ऑलराउंडर कनिष्क चौहान और तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन की अगुवाई में अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत रविवार को यहां अंडर-19 एशिया कप के ग्रुप ए मैच में पाकिस्तान को 90 रन से करारी शिकस्त दी। भारत ने रविवार को यहां एशिया कप अंडर-19 क्रिकेट मैच के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ हाथ नहीं मिलाने की नीति बरकरार रखी। म्हात्रे और पाकिस्तान के उनके समकक्ष फरहान यूसुफ ने यहां आईसीसी अकादमी मैदान में टॉस के दौरान एक-दूसरे की अनदेखी की। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.1 ओवर में 240 रन का स्कोर खड़ा किया जिसमें आरोन जॉर्ज ने 85 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान आयुष म्हात्रे (38) और चौहान (46) ने भी उपयोगी योगदान दिया। इसके बाद 241 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम शुरुआती झटकों से नहीं उबर ...शेष पृष्ठ 14 पर

अटल का जीवन मर्यादाओं का जीवंत प्रतीक रहा

धामी ने 'अटल-मोदी सुशासन यात्रा' में किया प्रतिभाग, अटल प्रतिमा का किया अनावरण

प्रमुख संवाददाता

देहरादून/ मदनपल्ली (आंध्रप्रदेश)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आंध्रप्रदेश के अन्नामय्या जिले के मदनपल्ली में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अटल-मोदी सुशासन यात्रा में प्रतिभाग किया और जनसभा को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय अटल का संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, लोकतांत्रिक मयार्दाओं एवं मानवीय मूल्यों का जीवंत प्रतीक रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में भारत ने पोखरण परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, ग्राम सड़क योजना और दूरसंचार क्रांति जैसी अनेक उपलब्धियाँ हासिल कीं। देश में गठबंधन सरकार का सफल कार्यकाल पूरा कर उन्होंने यह साबित किया कि जब उद्देश्य राष्ट्र की प्रगति हो, तो सभी दल एकजुट होकर कार्य कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी की प्रेरणा से आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की दिशा में निरंतर नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और... शेष पृष्ठ 14 पर

ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर हमला, 12 की मौत

एजेंसी

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के बॉन्डी बीच पर रविवार को यहूदी समुदाय के उत्सव के दौरान दो बंदूकधारियों की अंधाधुंध गोलीबारी में 12 लोगों की मौत हो गई। ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने इसे आतंकी हमला करार दिया है। पुलिस ने एक हमलावर को मार गिराया जबकि एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया।

सिडनी के न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त एम. लेनयॉन ने बताया कि इस हमले में दो पुलिस अधिकारियों समेत 29 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया है। राज्य प्रमुख क्रिस मिन्स ने कहा, इस हमले का निशाना सिडनी का यहूदी समुदाय था। यहूदी त्योहार हनुक्का की शुरुआत का जश्न मनाने के लिए सैकड़ों लोग बॉन्डी बीच पर चानुका बाय द सी नामक कार्यक्रम के लिए एकत्र हुए थे। ऑस्ट्रेलियाई टेलीविजन चैनलों पर प्रसारित फुटेज में देखा जा सकता है कि कोई व्यक्ति बंदूकधारियों में से एक को पकड़कर उससे हथियार छीन लेता है और फिर वही हथियार उस पर तान देता है। मेलबर्न निवासी 32 वर्षीय लाचलान मोरान ने बताया कि वह पास ही में अपने परिवार का इंतजार कर रहे थे, तभी उन्हें गोलियों की आवाज सुनाई दी। उन्होंने कहा, सब लोग अपना सारा सामान छोड़कर भागने लगे, लोग रो रहे थे, और यह सब बहुत भयानक था। पुलिस ने कहा कि उसका अभियान जारी है और आसपास के इलाके में मिली कई संदिग्ध वस्तुओं की जांच विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा की जा रही है, जिसमें एक संदिग्ध की कार में बरामद किया गया आईईडी भी शामिल है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि उनकी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। उन्होंने कहा, बॉन्डी बीच के दृश्य चौंकाने वाले ...शेष पृष्ठ 14 पर

प्रधानमंत्री मोदी ने की आतंकी हमले की निंदा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और दुख की इस घड़ी में वहां के लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर आज हुए उस भयावह आतंकवादी हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूं, जिसमें यहूदी पर्व हनुक्का के पहले दिन का जश्न मना रहे लोगों को निशाना बनाया गया। भारत की जनता की ओर से, मैं उन परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। दुख की इस घड़ी में हम ऑस्ट्रेलिया की जनता के साथ एकजुटता से खड़े हैं। भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाता है।

आज का मौसम

अधिकतम	:	24.06 डिसे.
न्यूनतम	:	10.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के पास बनेंगे स्टार्टअप हब (पृष्ठ-02)
- बिना आवेदन शीघ्र बुजुर्गों को मिलेगी नयी पेंशन (पृष्ठ-02)
- मेमोरी चिप की कमी, कमजोर रुपये से महंगे हो सकते हैं टीवी (पृष्ठ-14)
- वैश्विक रुझान तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ-14)
- एफपीआई ने इक्विटी से 17,955 करोड़ रुपये निकाल (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — शीतकाल में पर्यटकों के लिए खोले जायेंगे उच्च हिमालयी क्षेत्र

उत्तराखंड सरकार जल्द शुरू करेगी स्नो लेपर्ड टूर

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को नई दिशा देने के लिए राज्य सरकार लद्दाख मॉडल पर जल्द स्नो लेपर्ड टूर (हिम तेंदुआ टूर) शुरू करने जा रही है। शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में शनिवार देर रात हुई राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जिलाधिकारियों की एक बैठक के दौरान प्रदेश के पर्यटन सचिव धीराज गर्ब्याल ने यह जानकारी दी।

गर्ब्याल ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर शुरू किए जा रहे इस टूर के तहत शीतकाल में गंगोत्री जैसे उच्च हिमालयी क्षेत्रों को नियंत्रित रूप से पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान में प्रायोगिक तौर पर हिम तेंदुआ पर्यटन संचालित किया जाएगा। पर्यटन सचिव ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित करना है। अधिकारी के मुताबिक, स्नो लेपर्ड टूर से होमस्टे, स्थानीय गाइड, साहसिक पर्यटन एवं अन्य गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा जिससे सीमांत क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में शीतकालीन पर्यटन के लिए शीतकालीन चारधाम यात्रा, साहसिक पर्यटन, सांस्कृतिक उत्सव एवं वन्यजीव पर्यटन से संबंधित एक व्यापक कार्ययोजना लागू की जा रही है जिसके अंतर्गत देश के प्रमुख शहरों में रोड शो, डिजिटल एवं प्रिंट मीडिया अभियान, गद्दी स्थलों से सायंकालीन आरती का लाइव प्रसारण, विशेष टूर पैकेज तथा शीतकाल में होटल-रिसॉर्ट को शुल्क में रियायत जैसे प्रस्ताव शामिल हैं। गर्ब्याल ने कहा कि कार्ययोजना के तहत औली, खलिया टॉप, बेदनीधार आदि विभिन्न क्षेत्रों में स्कीइंग, ट्रेकिंग, पैराग्लाइडिंग एवं रैपलिंग जैसे साहसिक आयोजन किए जाएंगे जबकि मसूरी, नैनीताल एवं उत्तरकाशी में विंटर कार्निवल, ऋषिकेश में अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव तथा जिम कॉर्बेट, नंधौर एवं गंगोत्री क्षेत्र में वन्यजीव पर्यटन गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य उत्तराखंड को वर्षभर पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में शीतकालीन यात्रा को रफ्तार देने के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

बरेली हिंसा के आरोपी मौलाना तौकीर पर एक और केस दर्ज

एजेंसी

बरेली। बरेली में जमीन विवाद के मामले में 26 सितंबर में हुई हिंसा के आरोप में जेल में बंद इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा पर एक और मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

बरेली के इज्जत नगर थाने में शनिवार को दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि मौलाना तौकीर रजा, उनके बहनोई मोहसिन रजा तथा आठ अन्य आरोपियों ने 95 वर्षीय बुजुर्ग मुकद्दर बेग की जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने पिछली सात दिसंबर को घर में घुसकर परिवार को धमकाया और महिलाओं से छेड़छाड़ की। इसके बाद परिवार का लगातार मानसिक उत्पीड़न किया गया।

पुलिस सूत्रों ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बताया कि आरोपियों की प्रताड़ना से परेशान होकर मुकद्दर बेग के बेटे शाकिर बेग ने पदार्थ खा लिया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि इज्जतनगर थाने में शाकिर बेग की बेटी लायबा की शिकायत पर शनिवार को मौलाना तौकीर रजा, उनके बहनोई मोहसिन रजा और गुर्गों शारिक बेग, तौफीक ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

बीडीडी यूनिवर्सिटी, लखनऊ में हुआ फेमिना मिस इंडिया उत्तर प्रदेश 2025 ऑडिशन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतीय फैशन और सौंदर्य प्रतियोगिता के इतिहास में एक नया अध्याय 14 दिसंबर 2025 को जुड़ा, जब फेमिना मिस इंडिया उत्तर प्रदेश 2025 ऑडिशन का आयोजन बीडीडी यूनिवर्सिटी, लखनऊ में किया गया। यह पहली बार था जब फेमिना मिस इंडिया उत्तर प्रदेश का ऑडिशन स्वयं उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है, जो राज्य के लिए गर्व का विषय है।

इस प्रतिष्ठित आयोजन कैटवॉक अकादमी द्वारा किया गया, जिसे पूरे प्रदेश से जबरदस्त रिस्पांस मिला है।

ऑडिशन के लिए 300 से अधिक रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुए, जो उत्तर प्रदेश की युवतियों के आत्मविश्वास और बढ़ती आकांक्षाओं को दर्शाता है। उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के करीब 150 प्रतिभागियों ने ऑडिशन दिया। इस ऑडिशन में उत्तर प्रदेश की उन युक्तियों को प्रतिभाग करने का मौका मिला जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष है तथा न्यूनतम लंबाई 5 फीट 3 थी। ऑडिशन सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ हुई, जिसमें प्रतिभागियों का मूल्यांकन उनकी पर्सनैलिटी, आत्मविश्वास, संप्रेषण कौशल और मंच प्रस्तुति के आधार पर किया गया। इस अवसर पर कैटवॉक अकादमी के प्रमुख अमित सैमसन नानू ने कहा, उत्तर प्रदेश में पहली बार फेमिना मिस इंडिया ऑडिशन का आयोजन होना ऐतिहासिक क्षण है। हमें जो अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिली है, वह अत्यंत उत्साहजनक है। इस भव्य आयोजन के लिए मैं बीडीडी यूनिवर्सिटी को उनके अतुलनीय सहयोग और उत्कृष्ट सुविधाओं के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूँ। इस आयोजन को निम्नलिखित प्रतिष्ठित साझेदारों का सहयोग प्राप्त हुआः वेन्यू पार्टनरः बीडीडी यूनिवर्सिटी मेकअप पार्टनर गीतांजलि सैलून अवेयरनेस पार्टनरः रेडियो सिटी फैशन एजुकेशन पार्टनर जेडी इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी फेमिना मिस इंडिया उत्तर प्रदेश 2025 ऑडिशन राज्य की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुँचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होने जा रहा है।

संगठन मेरे लिए सर्वोपरि, संगठन का आदेश सर्वमान्य

यह भाजपा में ही संभव है कि सामान्य कार्यकर्ता को भी इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिली

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। संगठन मेरे लिए सर्वोपरि है और संगठन का हर आदेश मेरे लिए सर्वमान्य होगा। इस सूत्रवाक्य के साथ राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय, आशियाना में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व समारोह में नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने अपने भाव व्यक्त किए। इस अवसर पर नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं से प्राप्त अपूर्व स्नेह से वे गदगद और अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ को भारत की राजनीति का केंद्र बिंदु भी माना जाता है। ऐसे में उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व संभालते समय वे रोमांचित, उत्साहित और गौरवान्वित हैं।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के इस महासंगम के अवसर पर वे प्रेमपूर्ण भावना से स्वयं को जोड़ रहे हैं। यह भाव तब और प्रबल हुआ जब केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा संघ परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह महान दायित्व उन्हें सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जैसी लोकतांत्रिक पार्टी में ही यह संभव है कि मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को भी इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जाए। पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा में परिवारवाद और जातिवाद नहीं चलता। पार्टी का नेतृत्व न किसी विशेष परिवार को मिलता है और न ही किसी खास जाति को। यहां कोई भी सक्रिय कार्यकर्ता बड़े से बड़ा दायित्व निभा सकता है। इसी कारण हम सभी को अपनी पार्टी पर गर्व है।

सुनियोजित नहीं था राजनीतिक जीवन का आरंभ

नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उनके राजनीतिक जीवन का आरंभ सुनियोजित नहीं था। गलत के सामने हार न मानने की जिद ने उन्हें राजनीति में प्रवेश कराया। उन्होंने बताया कि सभासद बनने के बाद डिप्टी मेयर के चुनाव में कुछ अनुचित कानूनी बाधाएं डाली गईं। इसके विरोध में समर्थकों के साथ सिविल कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक संघर्ष किया और सात महीने में न्याय मिला, जिसके बाद वे गोरखपुर के डिप्टी मेयर बने। उन्होंने कहा कि यह अपने आप में पहला ऐसा मामला था, जिसमें निर्वाचित जनप्रतिनिधि पर स्टे लगा और सात महीने में निर्णय भी आया। वर्ष 1991 में भाजपा ने 26 वर्ष की आयु में उन्हें महाराजगंज से लोकसभा चुनाव लड़ाने का निर्देश दिया। वर्ष 1991 से 2024 तक उन्होंने महाराजगंज और भाजपा का साथ कभी नहीं छोड़ा। एक ही पार्टी और एक ही संसदीय क्षेत्र से सात बार उम्मीदवार बनने का अवसर भाजपा और महाराजगंज की जनता के आशीर्वाद से मिला।

अब तक की सबसे गंभीर और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी है : पंकज चौधरी

पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन पर अटूट विश्वास जताते हुए केंद्र सरकार में वित्त राज्य मंत्री की जिम्मेदारी दी, जिसे वे पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में यह उनकी अब तक की सबसे गंभीर और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्हें विश्वास है कि उत्तर प्रदेश के भाजपा कार्यकताओं का स्नेह और समर्पण इस दायित्व के निर्वहन में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 1980 से अब तक कुल 15 प्रदेश अध्यक्ष संगठन का नेतृत्व कर चुके हैं। इन सभी के अनुभव संगठन की अमूल्य धरोहर हैं, जिनसे उन्हें सीखने और मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

किसी भी राजनीतिक दल के चार महत्वपूर्ण स्तंभ

पंकज चौधरी ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल के चार प्रमुख स्तंभ होते हैं। कार्यकर्ता, कार्यालय, कार्यक्रम और कोष। कार्यालय हम सभी के लिए तीर्थ समान है। कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी के विचार जनता तक पहुंचते हैं और इन सबके लिए कोष की आवश्यकता होती है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ कार्यकर्ता है। यदि समर्पित कार्यकर्ता न हों, तो अन्य सभी व्यवस्थाएं निरर्थक हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही उनकी वास्तविक पूंजी और शक्ति हैं। उन्होंने अपने सभी चुनाव इन्हीं के बल पर जीते हैं। मंच से उन्होंने प्रदेश भर के कार्यकताओं से कहा कि आप मेरे लिए सर्वोपरि हैं। आपके लिए मैं संघर्ष करूंगा, आपकी बात सुनूंगा और समस्याओं के समाधान का यथासंभव प्रयास करूंगा। कहा कि कार्यकताओं से निरंतर संवाद उनके 35 वर्षों के राजनीतिक जीवन का अभिन्न अंग रहा है।

संगठन, संपर्क, संवाद और समन्वय होगा मूलमंत्र

पंकज चौधरी ने कहा कि उनके नेतृत्व का मूलमंत्र संगठन, संपर्क, संवाद और समन्वय रहेगा। संपर्क और संवाद के माध्यम से संगठन को सशक्त बनाना और पार्टी के विचारों को जनमानस तक निरंतर पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। कार्यकताओं की समस्याएं सरकार तक पहुंचाना उनकी जिम्मेदारी है, जबकि सरकार के जनहितकारी कार्यों को जनता तक पहुंचाना पार्टी और कार्यकताओं का दायित्व है। उन्होंने कहा कि किसी भी पद पर बैठने वाला व्यक्ति भूतपूर्व हो सकता है, लेकिन कार्यकर्ता कभी भूतपूर्व नहीं होता। कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत है। उनका प्रयास रहेगा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के अनुभवों का लाभ कार्यकताओं तक पहुंचे।

झांसी में पिंक जॉब फेयर कल

विशेष संवाददाता (vol)

झांसी। प्रदेश में महिला अभ्यर्थियों और छात्राओं को रोजगार के लिए विशेष अवसर उपलब्ध कराने के मकसद से झांसी में 16 दिसंबर को पिंक जॉब फेयर का आयोजन होने जा रहा है। इस पिंक जॉब फेयर का आयोजन राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झांसी के परिसर में किया जाएगा, जिसमें कई कंपनियां छात्राओं का साक्षात्कार कर उनका चयन करेंगी। झांसी में पिछले वर्ष भी पिंक जॉब फेयर का आयोजन किया गया था। इस बार यह पिंक जॉब फेयर का दूसरा आयोजन होने जा रहा है।

इस पिंक जॉब फेयर का आयोजन क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय झांसी एवं राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झांसी संयुक्त रूप से करने जा रहे हैं। रोजगार मेले में अमास स्किल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, पुखराज हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, टीम प्लस एच आर सर्विस, भारतीय जीवन बीमा निगम झांसी सहित कई अन्य कंपनियां अभ्यर्थियों के चयन में हिस्सा लेंगी। रोजगार मेले में हिस्सा लेने के लिए छात्राओं को रोजगार संगम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। झांसी के सहायक सेवायोजन अधिकारी वसीम मोहम्मद ने बताया कि पिंक जॉब फेयर में हिस्सा लेने वाली छात्राओं की कैरियर काउंसलिंग भी की जाएगी। रोजगार मेला पूरी तरह निःशुल्क है और किसी अभ्यर्थी से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। छात्राएं बायोडाटा के साथ राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झांसी में आयोजित होने वाले पिंक जॉब फेयर में हिस्सा ले सकती हैं।

कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के पास बनेंगे स्टार्टअप हब

लखनऊ। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के निर्माण के बाद यह मार्ग स्टार्टअप विकास का प्रमुख इंजन बनने जा रहा है। एक्सप्रेस-वे के चालू होने के बाद लखनऊ नवाचार और उद्यमिता के एक बड़े केंद्र के रूप में स्थापित होगा। बेहतर कनेक्टिविटी और तेज आवागमन से यह पूरा क्षेत्र स्टार्टअप गतिविधियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पीएफटीआई) के चेयरमैन, दीपक मैनी का कहना है कि उत्तर प्रदेश में जिस गति से इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है, उससे स्टार्टअप और नवाचार को नयी दिशा मिलेगी।

एक्सप्रेस-वे बनने के बाद कानपुर और लखनऊ के बीच यात्रा समय 2 घंटे से घटकर कुछ मिनटों तक सीमित हो जायेगा। इससे स्टार्टअप्स के लिए बिजनेस मीटिंग, सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स पहले से कहीं अधिक सुगम होंगे। यह मार्ग एक संभावित आर्थिक कॉरिडोर के रूप में उभरेगा जो उद्योग शिक्षा और रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। एक्सप्रेस-वे के चालू होने के बाद आईआईटी कानपुर और लखनऊ के प्रमुख शैक्षणिक और प्रबंधन संस्थानों के बीच सहयोग और मजबूत होने की संभावना है। डीप टेक आईओटी और उन्नत तकनीक आधारित स्टार्टअप्स के लिए संयुक्त कार्यक्रमों को गति मिलेगी। इससे नए उद्यमियों को मेंटरशिप निवेश और तकनीकी संसाधनों तक बेहतर पहुंच मिलेगी। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर के आसपास मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स आधारित क्लस्टर्स विकसित किए जाने की योजना है। भविष्य में इस क्षेत्र में आईटी पार्क, विशेष आर्थिक क्षेत्र और औद्योगिक नोड्स स्थापित होंगे। इससे टेक मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में स्टार्टअप्स को तेजी से विस्तार का अवसर मिलेगा। योगी आदित्यनाथ सरकार की इंफ्रास्ट्रक्चर केंद्रित नीतियों के चलते एक्सप्रेस-वे के निर्माण के बाद निवेशकों का भरोसा और मजबूत होने की संभावना है। लखनऊ को उत्तर भारत के एक प्रमुख स्टार्टअप डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में बड़ी संख्या में स्टार्टअप्स और उच्च वेतन वाली नौकरियों के सृजन को गति मिलेगी।

प्रयागराज को ग्लोबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने में जुटी सरकार

पांच साल में प्रयागराज में तेजी से बढ़ा पर्यटकों का फुटफॉले

विशेष संवाददाता (vol)

प्रयागराज। पर्यटन के वैश्विक पटल पर उत्तर प्रदेश को नई पहचान मिली है। यूनेस्को ने प्रयागराज महाकुंभ को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में स्थान दिया है। पर्यटकों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी को भी इसी के परिणाम के तौर पर देखा जा रहा है। इसका असर संगम के तट पर 3 जनवरी से लगने जा रहे आस्था के जन समागम माघ मेला 2026 में भी परिलक्षित होगा।

महाकुंभ 2025 में मिली अभूतपूर्व सफलता और रिकॉर्ड संख्या में पहुँचे श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के अनुभवों को आधार बनाकर प्रशासन प्रशासन प्रयागराज को ग्लोबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के विस्तृत रोडमैप पर कार्य कर रहा है। कमिश्नर प्रयागराज सौम्या अग्रवाल का कहना है कि प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दिव्य, भव्य और स्वच्छ आयोजन के बाद वैश्विक पटल पर कुंभ नगरी प्रयागराज को विशेष पहचान मिली है। साल 2022 में प्रयागराज में पर्यटकों का जो फुटफॉल 2.66 करोड़ था वह इस साल जनवरी से सितंबर तक बढ़कर 68.21 करोड़ पहुंच गया। इसे सरकार लगातार प्रोत्साहित कर रही है। इस बार का माघ मेला अब केवल एक परंपरागत धार्मिक आयोजन नहीं होगा, बल्कि भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक पहचान और सुगठित प्रशासनिक क्षमता का समृद्ध प्रदर्शन का साक्षी बनेगा।

प्रदेश के मुख्यमंत्री ने स्वयं इस बात का संज्ञान लेते हुए इस बार के माघ मेले में 12 से 15 करोड़ के बीच पर्यटकों या श्रद्धालुओं का अनुमान लगाया है। यह अब तक आयोजित सभी माघ मेलो के तीन गुना से अधिक है। आयोजन को ग्लोबल रीच देने के लिए मेला प्राधिकरण कई कदम उठा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर की गई ब्रांडिंग, डिजिटल प्रचार और महाकुंभ की वैश्विक पहुँच को देखते हुए प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचने वाले पर्यटकों की संख्या ने कीर्तिमान बना दिया। पर्यटन विभाग द्वारा महाकुंभ में आने वाले पर्यटकों की संख्या जनवरी 2025 से सितंबर 2025 तक 68 करोड़ 21 लाख 50 हजार 860 रही। महाकुंभ की उसी रणनीति पर चलते हुए माघ मेले की ब्रांडिंग भी उसी का हिस्सा है जिसमें 44 दिन चलने वाले माघ मेले 12 से 15 करोड़ लोग में आने का अनुमान है।

महाकुंभ की ब्रांडिंग के बाद सरकार माघ मेले की ग्लोबल ब्रांडिंग भी कर रही है। महाकुंभ 2026 के आयोजन की ब्रांडिंग के असर के चलते इस बार माघ मेले में आने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी को देखते हुए इस बार का माघ मेले का बजट भी 95 करोड़ कर दिया गया है जो पिछले 2024 के माघ मेले में 79.8 करोड़ था। इसके लिए मेले की बसावट और सजावट पर प्रशासन का फोकस है। कमिश्नर प्रयागराज सौम्या अग्रवाल का कहना है कि विभिन्न माध्यमों से मेला की ब्रांडिंग की योजना है जो इसकी बसावट और सजावट में नजर आएगी। माघ मेला 2026 के पूरे क्षेत्र की बसावट इस बार विशेष 7 की थीम पर होगी। प्रशासन ने तय किया है कि टेंट सिटी, घाटों की सजावट, छएऊलाइटिंग व्यवस्था, सांस्कृतिक मंच, थीमेटिक पार्क, स्वागत द्वार, आर्ट इंस्टॉलेशन और सार्वजनिक सुविधाओं तक में आध्यात्मिकता की अनुगूँज स्पष्ट दिखाई देगी।

बिना आवेदन शीघ्र बुजुर्गों को मिलेगी नई पेंशन

बुजुर्गों और जरूरतमंदों को समय पर लाभ, नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा दे रही सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में वृद्धों और वंचितों की सुरक्षा और उनके कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं से बुर्जुगों का सरकार पर भरोसा और बढ़ गया है। जनकल्याणकारी योजना को सफल बनाने के लिए उप्र समाज कल्याण विभाग तेजी से काम कर रहा है। प्रदेश के बुजुर्ग इस योजना से काफी उत्साहित हैं। नई योजना के अनुसार अब 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों को बिना आवेदन के ही पेंशन मिलेगी।

समाज कल्याण विभाग की ओर से नई वृद्धावस्था पेंशन को जल्द ही क्रियान्वित किया जाएगा। अगले बीस दिनों में एसओपी तैयार करके विभाग को भेज दिया जाएगा। समाज कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना को अधिक प्रभावी और भरोसेमंद बनाने के लिए भुगतान प्रक्रिया में अहम सुधार किए हैं। अब पात्र वृद्धजनों की पहचान और सत्यापन फैमिली आईडी के माध्यम से स्वतः होगा। इससे समय कम लगेगा और पारदर्शिता बढ़ेगी। इस नई प्रणाली के तहत पेंशन सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में

समयबद्ध तरीके से पहुंचेगी। सभी मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है कि वो फैमिली आईडी आधारित सत्यापन को गंभीरता से पूर्ण करें। नई योजना के अनुसार 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजनों को अब पेंशन के लिए अलग से आवेदन नहीं करना पड़ेगा। फैमिली आईडी में दर्ज आयु और पारिवारिक विवरण के आधार पर पात्रता स्वतः निर्धारित होगी। इसके साथ ही जो नागरिक अगले 90 दिनों में 60 वर्ष की आयु पूरी करने वाले हैं, उनके नाम भी स्वतः शामिल हो जाएंगे। समाज कल्याण विभाग ये भी सुनिश्चित करेगा किसी भी वृद्ध का नाम छूटने न पाए। उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि हम प्रदेश के सम्मानित बुजुर्गों की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए हम विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निराश्रित, वृद्धों और वंचितों के सशक्तिकरण का प्रयास कर रहे हैं। सरकार निराश्रित महिला, वृद्धावस्था और दिव्यांगजन पेंशन योजनाओं के तहत प्रदेश में कुल 1,06,17,640 लाभार्थियों को प्रतिमाह 1,000 रुपये की पेंशन राशि प्रदान कर रही है। इससे जरूरतमंद वर्गों को नियमित आर्थिक संबल मिल रहा है और उनकी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में स्थायी सहायता सुनिश्चित हो रही है। रायबरेली के निवासी बुजुर्ग उमानाथ नई पेंशन योजना को लेकर अत्यंत उत्साहित हैं उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस पहल से हमारे जैसे बुजुर्गों को बड़ा सहारा मिलने वाला है। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 1,12,875 परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इससे आकस्मिक परिस्थितियों में परिवारों को तत्काल राहत मिली और सामाजिक सुरक्षा के उद्देश्य को मजबूती मिली।

दलित, पिछड़ा व अल्पसंख्यक बेटियों के लिए वरदान बनी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

प्रदेश के दलित वर्ग से 2.20 लाख से अधिक बेटियों को मिला योजना का लाभ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने आर्थिक रूप से कमजोर तबके, खासकर पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। 2017 में शुरू हुई यह योजना आज न केवल इन वर्गों की बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है, बल्कि सामाजिक समरसता और समावेशिता को भी मजबूत कर रही है। बीते आठ वर्षों में इस योजना के तहत 4 लाख से अधिक गरीब कन्याओं की शादी योगी सरकार द्वारा पूरे रीति-रिवाज और सम्मान के साथ कराई जा चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 57 हजार के लक्ष्य के सापेक्ष अबतक करीब 1.20 से अधिक आवेदन आ चुके हैं, जिसमें करीब 14 हजार से अधिक गरीब कन्याओं की शादी संपन्न कराई जा चुकी हैं। विभागीय अधिकारियों की माने तो आने वाले दिनों में इस संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद है।

> **अबतक दलित और पिछड़ा वर्ग को मिला सबसे अधिक लाभ**
>
> सामान्य वर्ग- 494 (जोड़ा)
> अल्पसंख्यक वर्ग- 828 (जोड़ा)
> ओबीसी वर्ग- 5500 (जोड़ा)
> दलित वर्ग- 6556 (जोड़ा)

इस योजना ने उन राजनीतिक दलों को कठघरे में खड़ा कर दिया है, जो लंबे समय तक पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग की राजनीति के सहारे सत्ता का आनंद लेते रहे, लेकिन उनके लिए ठोस विकास कार्य करने में विफल रहे। विपक्ष की राजनीति को आइना दिखाते हुए, इस योजना ने यह साबित कर दिया है कि केवल वादों से नहीं, बल्कि ठोस कदमों से ही समाज का सशक्तीकरण संभव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह कदम न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणा बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास और समावेशिता को प्राथमिकता देकर यह साबित कर दिया है कि उनकी सरकार ₹सबका साथ, सबका विकास₹ के सिद्धांत पर अडिग है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के आंकड़े यह स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के लिए यह योजना कितनी प्रभावशाली साबित हुई है। अब तक इस योजना का सबसे अधिक लाभ दलित वर्ग ने उठाया है, जिसमें 2.20 लाख से अधिक गरीब परिवारों की बेटियों की शादी कराई गई है। वहीं, पिछड़े वर्ग के 1.30 लाख परिवार और अल्पसंख्यक वर्ग के 40,000 से अधिक परिवार इस योजना के लाभार्थी बने हैं। वहीं सामान्य वर्ग के करीब 16,000 गरीब परिवारों ने अब तक सामूहिक विवाह योजना का लाभ लिया है। योजना के प्रभारी उपनिदेशक आर.पी. सिंह ने बताया कि यह न केवल एक सामाजिक सहायता है बल्कि सामूहिक सहयोग, सामुदायिक भावना और महिलाओं के सम्मान को बढ़ाने का प्रयास भी है। यह योजना न केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की बेटियों की शादी का सपना पूरा कर रही है, बल्कि यह उन्हें सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान कर रही है। विवाह समारोह में हर जोड़े को एक लाख रुपये की मदद दी जाती है, जिसमें विवाह से जुड़ी आवश्यक सामग्री, वधू के खाते में नकद धनराशि और आयोजन की व्यवस्था शामिल होती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने साढ़े आठ वर्षों के कार्यकाल में बार-बार यह दिखाया है कि उनकी प्राथमिकता वंचित वर्गों को सशक्त बनाना है। इस योजना के माध्यम से वे यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रदेश के सभी वर्ग, विशेषकर पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक, मुख्यधारा से जुड़े और उनके विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। यही वजह है कि इस योजना के लिए योगी सरकार ने अब तक करीब 2,200 लाख रुपये से अधिक की धनराशि खर्च कर चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस मद में 550 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है।

राजेश्वर सिंह की घोषणा से गरीबों को मिली रोशनी

नि:शुल्क नेत्र परीक्षण और चश्मा वितरण शिविर में ग्रामीणों को मिला लाभ

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा के ग्राम अम्बेडकरनगर, शिवपुरा में रविवार को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने आपका विधायक-आपके द्वार का 147वां अध्याय लिखा। उनका सपना है कि सरकार की हर कल्याणकारी योजना ग्रामीणों के द्वार तक पहुंचे, हर दिल की पुकार सुनी जाए और हर जरूरतमंद को सम्मान के साथ सहारा मिले। इसी संकल्प के साथ शुरू हुआ यह अभियान आज ग्रामीणों के लिए उम्मीद की किरण बन चुका है। इस शिविर के दौरान बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया और त्वरित समाधान का प्रयास किया गया।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने जब देखा कि कई ग्रामीण टूटे चश्मों के साथ या आंखों की जांच के अभाव में परेशान हैं, तो उनके मन में एक नया संकल्प जागा। उन्होंने केके हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर की शुरूआत की। इस शिविर में 50 से अधिक ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई, जिन्हें चश्मों की आवश्यकता होगी उन्हें उनकी पावर के अनुरूप चश्में भी प्रदान किए जायेंगे। ये चश्मे न केवल उनकी आंखों को रोशनी देंगे, बल्कि उनके जीवन में भी नया उजाला लाएंगे। यह पहल ग्रामीणों के लिए एक भावनात्मक उपहार बन गई, जिसने उनके चेहरों पर मुस्कान और मन में विश्वास भरा। डॉ. राजेश्वर सिंह का मानना है कि जब एक मेधावी विद्यार्थी सम्मानित होता है, तो वह न केवल अपने परिवार का गौरव बढ़ाता है, बल्कि पूरे गांव के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। गांव की शान पहल के तहत हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले अंबेडकर नगर के चार मेधावियों अनुज दुबे (93%), रीता सिंह (76.5%), अंशिका गौतम (72.5%) एवं आयुष कुमार (58.5%) को साइकिल, घड़ी तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इन बच्चों की चमकती आंखों और गर्व भरे चेहरों ने पूरे गांव को शिक्षा के प्रति और प्रेरित किया। यह सम्मान नन्हे सितारों के लिए एक प्रोत्साहन है, जो भविष्य में और ऊंचाइयों को छूने का हौसला देगा। ग्रामीण युवाओं के सपनों को पंख देने के लिए डॉ. राजेश्वर सिंह ने 161वां यूथ क्लब (बॉयज) और 96वां गर्ल्स यूथ क्लब का गठन कराया।

नर्सिंग होम, पैथालॉजी व मॉडल शॉप का लाइसेंस शुल्क बढ़ेगा

बिना लाइसेंस चल रहे अस्पताल, होटल, बार व रेस्टोरेंट, नगर निगम ने मांगी आपत्तियां व सुझाव, एक अप्रैल से होंगी लागू

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में नर्सिंग होम, पैथालॉजी और शराब की दुकानों का लाइसेंस शुल्क पांच गुना तक बढ़ जाएगा। नई शुल्क दरें आगामी वित्तीय वर्ष से यानी एक अप्रैल 2026 से लागू करने के लिए नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

नगर निगम सीमा में होटल, रेस्टोरेंट, नर्सिंग होम, डेंटल क्लीनिक, शराब-बीयर की दुकान, जलपान गृह आदि चलाने के लिए लाइसेंस लेना होता है। इसके लिए अलग-अलग लाइसेंस फीस भी प्रतिष्ठान और संस्थान के छोटे बड़े होने के आधार पर तय है। नगर निगम सदन की सितंबर माह की बैठक में लाइसेंस शुल्क की दरों में पांच गुना तक बढ़ाने का फैसला लिया गया था। अब नगर निगम प्रशासन ने आपत्तियां व सुझाव मांगी हैं। 15 दिन में मिलने वाली आपत्तियों पर ही विचार किया जाएगा।

नगर निगम सदन से पास उपविधि के तहत नगर निगम सीमा में चलाए जाने वाले विभिन्न चिकित्सकीय सेंटर, होटल-रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस, शराब व ईंट भट्ठा वालों के लिए, नगर निगम से लाइसेंस लेना आवश्यक है। लाइसेंस बिना शहरी सीमा में इनका संचालन नहीं किया जा सकता। सभी तरह के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए अलग-अलग लाइसेंस शुल्क तय है। उपविधि के तहत एक साल के लिए ही लाइसेंस बनाया जाता है, जो अप्रैल से मार्च तक प्रभावी होता है। शहर में नर्सिंगहोम, क्लीनिक, अस्पताल, पैथोलॉजी और डाइग्नोस्टिक सेंटरों की संख्या करीब 1800 है। इसी तरह अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानों और बीयर बार व मॉडल शाप भी करीब 800 लोग चला रहे हैं। इसी तरह लापरवाही होटल, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस भी बड़ी संख्या में चल रहे हैं लेकिन आधे से भी कम संचालकों ने लाइसेंस लिया है। जिन दर्जनभर व्यवसायों के लिए नगर निगम से लाइसेंस लेना आवश्यक है उनकी संख्या करीब 2000से अधिक है।

प्रतिष्ठान	वर्तमान	प्रस्तावित दरें
नर्सिंग होम-प्रसूतिगृह 50 बेड से कम	7500 रुपये	15000
नर्सिंग होम-प्रसूतिगृह 50 से सौ बेड तक	15000 रुपये	30000
नर्सिंग होम-प्रसूतिगृह 101 बेड से 250 तक	20000 रुपये	40000
नर्सिंग होम-प्रसूतिगृह 251 बेड से 500 तक	35000 रुपये	70000
एक्सरे, ब्लडबैंक	5000 रुपये	10000
आयुर्वेदिक, यूनानी, होम्योपैथिक क्लीनकि	4000 रुपये	8000
होटल गेस्ट हाउस, 20 बेड तक	2000 रुपये	10000
गेस्ट हाउस, होटल 20 बेड से अधिक	3000 रुपय	15000
रेस्टोरेंट, जलपान गृह व ईटिंग हाउस	2000 रुपये	10000
मॉडल शॉप	60000 रुपये	85000

अगस्त से विलंब शुल्क भी देना होगा

जुलाई में लाइसेंस न बनवाने वालों से अगस्त से विलंब शुल्क भी लिया जाएगा। नगर निगम प्रशासन के अनुसार जिन भी प्रतिष्ठान संचालकों ने अब तक लाइसेंस नहीं बनवाए हैं, वह एक अप्रैल से 30 जून तक बिना विलम्ब शुल्क बनवा लें। इसके बाद नगर निगम जुमार्ना तो वसूलेगा ही, सीलिंग और कुर्की की कार्रवाई भी करेगा।

शराब की दुकानों का शुल्क बढ़ा

मॉडल शॉप का शुल्क 60 हजार से बढ़ाकर 85 हजार रुपये किया गया। इसी तरह अब कम्पोजिट मॉडल शाप जिसमें अंग्रेजी शराब और बियर की दुकान हैं उसका शल्क 75 हजार रुपये किया गया है। अभी तक यह शुल्क अलग-अलग था।

पैथालाजी के लाइसेंस शुल्क की दरें दो गुना हुई

50 बेड तक के नर्सिंग होम- प्रसुति गृह का लाइसेंस शुल्क 7500 रुपये सालाना से बढ़ाकर 13 हजार रुपये कर दिया है। इसी तरह पैथालॉजी का शुल्क 5000 रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये कर दिया है। डेंटल क्लीनिक का शुल्क यथावत 10 हजार रुपये ही रखा गया है। जो लोग अप्रैल से जून तक लाइसेंस नहीं बनवाएंगे उनको एक हजार रुपये विलंब शुल्क देना होगा।

बिना लाइसेंस चल रहीं शराब की दुकानें, रेस्टोरेंट, होटल और अस्पताल

शहर में छोटे-बड़े होटल व्यवसायी, बार संचालक, देशी व अंग्रेजी शराब दुकानदार बिना लाइसेंस कारोबार कर रहे हैं। चिकित्सकों को भी क्लीनिक और अस्पताल तथा पैथालौजी चलाने के लिए लाइसेंस बनवाना जरूरी है। लेकिन नगर निगम की ओर से चलाए जा रहे अभियान में यह खुलासा हुआ है कि नगर निगम के अधिकारियों ने भी दिलचस्पी नहीं दिखाई। इससे बड़ी संख्या में प्रतिष्ठानों के लाइसेंस नहीं बने हैं। हालांकि अब नगर निगम ने सख्ती दिखाई है और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बिना लाइसेंस के कारोबार करने पर कार्रवाई होगी। बॉयलाज लाइसेंस बनाने का नियम पहले से लागू है लेकिन आय बढ़ाने के लिए नगर निगम इसे सख्ती से पालन कर रहा है। शहर में होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट, बारात घर, नर्सिंग होम, क्लीनिक, पैथोलॉजी और छोटे-बड़े सभी व्यापारियों को नगर निगम से लाइसेंस बनवाना अनिवार्य है। कारोबार के हिसाब से नगर निगम व्यापारियों पर शुल्क निर्धारित करता है। लाइसेंस एक वर्ष के लिए मान्य होता है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट के अनुसार निर्धारित समय में लाइसेंस ना बनवाने पर जुर्माना भी वसूला जाने का नियम है। बताया आय बढ़ाने के लिए लाइसेंस शुल्क बढ़ाने की कवायद की जा रही है। काफी समय से कुछ मदों में शुल्क नहीं बढ़ा है। शासन के 2003 में नगर निगम को शहरी सीमा में चलने वाले कारोबार पर नियंत्रण और आय बढ़ाने को लेकर अधिकार दिए गए थे। नगर निगम के अधिनियम में भी इसका प्रावधान है। इसके तहत नगर निगम प्रशासन ने 21 तरह के कारोबार को लाइसेंस के दायरे में लाने को लेकर उपविधियां बनाई थीं। इनको पूरी तरह से लागू किया जाता उससे पहले ही नर्सिंग होम एसोसिएशन, ईंट भट्ठा व केबिल आदि कारोबार करने वाले बड़े संगठन ने कानूनी विवाद खड़ा कर दिया था।

इनके लिए है लाइसेंस लेना जरूरी

इनके लिए अनुमति जरूरी होटल गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट जलपान गृह, ईटिंग हाउस, कोल्ड ड्रिंक निर्माण व बिक्री, आइस फैक्ट्री, थ्री व फाइव स्टार, होटल, बार, आटा चक्की, देशी-विदेशी शराब की दुकानें, ईंट-भट्ठा, सुर्खी भट्ठा और मार्बल फैक्ट्री, नर्सिंग होम, प्राइवेट अस्पताल, प्राइवेट क्लीनिक, प्रसूति गृह, डेंटल क्लीनिक व अस्पताल, केबल टीवी, श्वान लाइसेंस, हड्डी खाल गोदाम, डेयरी। नगर निगम अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए 14 साल बाद अपने नियम को सख्ती से लागू करने के लिए कार्रवाई कर रहा है। शहर में 18 तरह के कारोबार करने के लिए लाइसेंस जारी करने का नियम है। इस व्यवस्था से निगम को साल में करीब दस करोड़ रुपये की आय होने की उम्मीद है। लाइसेंस के लिए जरूरी कारोबार की संख्या 21 से घटकर 18 रह गई है। मीट-मुर्गा और स्लॉटर हाउस के लिए लाइसेंस का जिम्मा अब एफएसडीए के पास है।

सुबह-शाम सर्दी, दिन के तापमान में रही हल्की बढ़ोतरी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में सर्दी का असर बना हुआ है, लेकिन दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से थोड़ा अधिक रहा, जबकि न्यूनतम तापमान कई जगहों पर सामान्य से कम दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि यूपी में एक बार फिर हवा का रुख बदलेगा। सोमवार से प्रदेश में पछुआ हवाएं चलेंगी। इसके असर से प्रदेश भर में दिन व रात के तापमान में गिरावट आने के साथ ही कोहरे में भी कमी आएगी।

रविवार को सुबह घने कोहरे की वजह से आगरा और प्रयागराज में दृश्यता शून्य तक पहुंच गई। वहीं अलीगढ़ में 30 मीटर, वाराणसी, बलिया, सोनभद्र और मुरादाबाद में दृश्यता 50 मीटर तक सिमट गई। मौसम विभाग की ओर से सोमवार को प्रयागराज, मिजार्पुर, आगरा व इटावा जिलों के लिए अध्यधिक घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं पश्चिमी यूपी के 42 जिलों के लिए घने कोहरे का येलो अलर्ट है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार से प्रदेश में धीमी पछुआ हवाएं चलेंगी। इनकी रफ्तार क्रमशः बढ़ेगी और पारे में गिरावट के साथ ही कोहरे का असर कम होगा। प्रदेश के अधिकांश इलाकों में सुबह के समय नमी काफी अधिक रही। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के किसी भी जिले में बारिश नहीं हुई और सभी जगह मौसम शुष्क बना रहा। आने वाले कुछ दिनों तक भी मौसम साफ रहने और सुबह के समय हल्का कोहरा छाए रहने की संभावना जताई गई है।

प्रदेश में दिन हल्के गर्म और रातें ठंडी बनी हुई हैं, जिससे लोगों को सुबह-शाम ठंड का सामना करना पड़ रहा है। कौशांबी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, रायबरेली, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, फिरोजाबाद, मैनपुरी, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास इलाकों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

कानपुर मेट्रो को ऊर्जा संरक्षण के लिए मिला पुरस्कार

राष्ट्रपति की उपस्थिति में आवास एवं शहरी कार्य मंत्री ने दिया सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कानपुर मेट्रो ने ऊर्जा संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय राष्ट्रीय उपलब्धि दर्ज की है। ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रविवार को आईआईटी कानपुर मेट्रो स्टेशन को राष्ट्रपति की उपस्थिति में सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्रदान किया गया है। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार को यह पुरस्कार प्रदान किया।

राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार ऊर्जा मंत्रालय के अधीन ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) की ओर से प्रदान किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य ऊर्जा खपत में कमी लाने व ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना है। इससे पूर्व वर्ष 2019 एवं 2021 में यूपीएमआरसी के लखनऊ मेट्रो को मेट्रो रेलवे सेक्टर में सम्मानित किया जा चुका है। आईआईटी कानपुर स्टेशन को यह

- **आईआईटी कानपुर मेट्रो स्टेशन ने ऊर्जा संरक्षण की दिशा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**

पुरस्कार मेट्रो परिचालन के दौरान ऊर्जा खपत में कमी लाने व सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा दक्षता प्रयासों के लिए दिया गया है। ऊर्जा दक्ष तकनीकों के साथ-साथ यूपीएमआरसी यूटिलिटी ग्रिड पर निर्भरता कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऊर्जा दक्ष तकनीकों के साथ-साथ यूपीएमआरसी यूटिलिटी ग्रिड पर निर्भरता कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। डिपो एवं स्टेशनों पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे कुल 4.41 मेगावाट की सौर ऊर्जा उपलब्ध है। इसके अलावा आगरा, कानपुर एवं लखनऊ मेट्रो के स्टेशनों एवं डिपो में 5 मेगावाट रूफटॉप सोलर क्षमता विकसित की जा रही है। इस अवसर पर यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि, उत्तर प्रदेश मेट्रो ने विभिन्न प्रयासों के माध्यम से ऊर्जा खपत में लगभग 39 प्रतिशत की कमी की है, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 70 लाख यूनिट बिजली की बचत (लगभग 5 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष) हो रही है। इससे कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आई है और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उत्तर प्रदेश मेट्रो ने एक मजबूत और हरित उदाहरण प्रस्तुत किया है।

सफाई न होने से उफना रहे मेनहोल

लखनऊ। बालागंज वार्ड में महीने भर पहले ही बनी सड़क बर्बाद होने लगी है। करीब 15 लाख रुपये की लागत से सड़क बनाई गई। लापरवाही की वजह से सीवर के मैनहोल चैंबर नीचे दब गए और और सफाई न होने से सीवर चोक हो गया है। सड़क किनारे बने सर्विस चैंबरों से सीवर उफना रहा है और सड़क को खराब कर रहा है। इसके साथ ही घरों में सीवर उफना रहा है। इससे करीब दो हजार की आबादी परेशानी झेल रही है। पूर्व पार्षद पंकज पटेल ने बताया कि वार्ड में गोशाला रोड का निर्माण एक महीने पहले ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की ओर किया गया है। सड़क बनाते समय सीवर के सारे मैनहोल के चैंबर बंद कर दिए गए हैं जबकि निमार्ण एजेंसी को इसके लिए पहले से ही कहा गया था कि वह सीवर चैंबरों को नहीं ढंकेगी। फिर भी निर्माण एजेंसी के ठेकेदार ने लापरवाही की और मैनहोल ढंक दिए। अब सीवर की सफाई नहीं हो पा रही है। सड़क के किनारे जो सर्विस चैंबर घरों को कनेक्शन देने के लिए बने हैं उनसे सीवर उफना रहा है और नई सड़क को खराब कर रहा है। अब समस्या यह है कि जब तक सड़क को बीच-बीच में खोदकर मैनहोल खोले नहीं जाएंगे तब सीवर की सफाई नहीं हो पाएगी। ऐसे में निर्माण एजेंसी की लापरवाही से एक महीने पहले बनी सड़क को फिर बीच-बीच में खोदा जाएगा। निर्माण एजेंसी को लगातार कहा जा रहा है मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यदि समस्या का समाधान न हुआ तो फिर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

ग्रीनहाउस गैसों व कार्बन उत्सर्जन को कम करने का संकल्प

लखनऊ। द इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र की ओर से राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर रविवार को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दिवस प्रतिवर्ष 14 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण के महत्व को समझाना और ऊर्जा के कुशल उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डा0 पल्लवी अस्थाना, सहायक प्रोफेसर-क्क् ईसीई विभाग, एमिटी यूनिवर्सिटी, लखनऊ, ने ऊर्जा संरक्षणः सतत भविष्य की दिशा में एक कदम विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने ऊर्जा-दक्ष तकनीकों, कार्बन फुटप्रिंट कम करने के उपायों, नवीकरणीय ऊर्जा के बढ़ते महत्व और उद्योगों एवं घरों में ऊर्जा संरक्षण के व्यावहारिक तरीकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण राष्ट्रीय प्रगति का आधार है और यह देश को विकसित भारत 2047 की दिशा में आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के प्रमुख उद्देश्यों पर भी चर्चा की गई, जिनमें शामिल हैं ऊर्जा-दक्ष तकनीकों को बढ़ावा देना, ग्रीनहाउस गैसों एवं कार्बन उत्सर्जन को कम करना, सौर/पवन जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाना, व्यक्तियों, उद्योगों एवं शैक्षणिक संस्थानों में ऊर्जा संरक्षण जागरूकता बढ़ाना रहा।

दो साल में भी सुंदरीकरण न कराने पर अफसरों को नोटिस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जनेश्वर मिश्र पार्क के सामने रेलवे लाइन के किनारे हरियाली और सुंदरीकरण का काम दो साल में भी पूरा नहीं हो सका है। हाल यह है कि यहां झाड़ियां, जंगली घास और अव्यवस्था ही रह गई है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने जनेश्वर पार्क के सामने रेलवे लाइन के किनारे खूबसूरत लॉन विकसित करने के निर्देश दिए थे। योजना के तहत गेट नंबर 6 से रेलवे अंडरपास तक और गेट नंबर 2 से दयाल पैराडाइज तक सड़क के मीडियन में पौधरोपण और बंधा रोड पर लॉन विकसित किया जाना था। इसके अलावा गेट नंबर 4 से गेट नंबर 6 तक मीडियन में हेज लगाने का कार्य भी प्रस्तावित था। उद्यान विभाग की निष्क्रियता ने कराई फजीहत उद्यान विभाग की निष्क्रियता के कारण न केवल सुंदरीकरण ठप रहा, बल्कि जंगली घास और अव्यवस्थित हरियाली ने इलाके की छवि भी बिगाड़ दी। इससे एलडीए की फजीहत हुई।स्थानीय लोगों और राहगीरों के बीच भी इसे लेकर नाराजगी देखी जा रही थी। मामला संज्ञान में आया तो सख्त हुए उपाध्यक्ष मामला जब एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के संज्ञान में दोबारा आया तो उन्होंने कड़ा रुख अपनाया। सचिव विवेक श्रीवास्तव ने पूरे प्रकरण की समीक्षा कराई, जिसमें साफ तौर पर दोनों उद्यान अधिकारियों की लापरवाही सामने आई। जांच में यह भी पाया गया कि दो वर्षों में लॉन विकसित करने को लेकर न तो कोई ठोस कार्ययोजना बनाई गई और न ही प्रस्ताव तैयार कर आगे बढ़ाया गया।

पासपोर्ट ऑफिस में इनडोर वायु प्रदूषण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। घरेलू कामगारों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर चिंतन एनवायरनमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप द्वारा इनडोर वायु प्रदूषण एवं सुरक्षा विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय लखनऊ के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। जिसमें कुल 42 घरेलू कामगारों ने भाग लिया। यह कार्यशाला कनाडा फंड फॉर लोकल इनिशिएटिव्स के सहयोग से तथा क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन और लखनऊ स्वच्छता अभियान के साथ साझेदारी में आयोजित की गई। कार्यशाला के दौरान डॉ. भाव्या सिंह, सिटी कोऑर्डिनेटर, लखनऊ (चिंतन) ने घरेलू कामगारों को इनडोर वायु प्रदूषण, घरों में मौजूद धूल एवं प्रदूषकों के स्रोत, तथा दैनिक सफाई कार्य के दौरान स्वयं को सुरक्षित रखने के सरल उपायों की जानकारी दी। डॉ. रीना वर्मा, मेडिकल ऑफिसर, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने बताया कि लंबे समय तक इनडोर धूल एवं प्रदूषकों के संपर्क में रहने से फेफड़ों की क्षमता धीरे-धीरे कम होती है और हृदय स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सफाई से जुड़े कार्यों के बाद हाथ धोने की आदत को अत्यंत आवश्यक बताते हुए इस पर विशेष जोर दिया। उज्ज्वल चौरसिया, लखनऊ स्वच्छता अभियान ने कचरा पृथक्करण (वेस्ट सेग्रीगेशन) पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसकी शुरूआत हमारे अपने रसोईघर से होती है। उन्होंने घरेलू कामगारों को घरों, कार्यालयों एवं अन्य स्थानों की स्वच्छता की रीढ़ बताते हुए उनके योगदान को सराहा। कार्यशाला के दौरान एक रोचक गतिविधि भी आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों को मंच पर बुलाकर सूखे और गीले कचरे को सही डिब्बों में डालने का अभ्यास कराया गया। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को की-चेन वितरित किए गए। चिंतन एनवायरनमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप का उद्देश्य ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से घरेलू कामगारों को स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों से सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने कार्यस्थलों पर सुरक्षित और स्वस्थ रह सकें।

रामलला पार्क में जन्म से ताड़का वध तक दिखेगा श्रीराम का जीवन चरित्र

विशेष संवाददाता (vol)

- **14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर 5 एकड़ में आकार लेगा नया धार्मिक पर्यटन केंद्र**
- **17.22 करोड़ की लागत से नगर विकास विभाग करा रहा रामलला पार्क का निर्माण**

लखनऊ। रामनगरी अयोध्या की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक अनोखा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से प्रेरित रामलला पार्क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह पार्क भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र को जीवंत रूप से प्रदर्शित करेगा। अमृत 2.0 योजना के तहत 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर साकेत सदन के पीछे स्थित लगभग 5 एकड़ भूमि पर फैले इस पार्क का निर्माण नगर विकास विभाग द्वारा कराया जा रहा है। कुल 17.22 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस पार्क से अयोध्या को एक नया आकर्षण मिलेगा, जो धार्मिक पर्यटकों के लिए विशेष महत्व रखेगा। रामलला पार्क न केवल एक मनोरंजन स्थल होगा, बल्कि यह श्रीराम की जीवन गाथा को चार जोनों में विभाजित कर दर्शकों के सामने प्रस्तुत करेगा।

कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के परियोजना प्रबंधक देवव्रत पवार के अनुसार, पार्क में प्रवेश द्वार से लेकर पार्किंग तक सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसमें वाच टावर, टिकट काउंटर, स्क्रीन वॉल और शौचालय जैसी व्यवस्थाएं भी शामिल हैं। पार्क को चार मुख्य जोनों में बांटा गया है। जोन प्रथम में भगवान श्रीराम के जन्म का दृश्य, जोन द्वितीय में उनकी बाल अवस्था के दृश्य, जोन तृतीय में गुरुकुल जीवन और जोन चतुर्थ में ताड़का वध की कथा को मूर्त रूप दिया जाएगा। इन दृश्यों को स्टैच्यू और अन्य कलात्मक तरीकों से सजाया जाएगा, जो आगंतुकों को रामायण की इन महत्वपूर्ण घटनाओं का प्रत्यक्ष अनुभव कराएंगे। पार्क की अन्य सुविधाओं की बात करें तो यहां ओपन एयर थियेटर, म्यूजिकल फाउंटेन, भव्य स्टैच्यू, बच्चों के लिए प्ले एरिया और ओपन जिम की व्यवस्था होगी। इसके अलावा रोड, वाटर बॉडी और हरित क्षेत्र भी विकसित किए जाएंगे। ये सभी विशेषताएं पार्क को परिवारों, बच्चों और युवाओं के लिए आकर्षक बनाएंगी। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य चल रहा हैं।

रामलला के भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। रोजाना करीब एक लाख दर्शनार्थी रामलला के दर्शन कर रहे हैं। ऐसे में रामलला पार्क जैसे नए केंद्र अयोध्या को विश्व स्तरीय धार्मिक पर्यटन स्थल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राम मंदिर निर्माण के साथ-साथ शहर में नए पार्क, संग्रहालय और अन्य परियोजनाएं चल रही हैं। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि रामलला पार्क भी इसी क्रम की एक कड़ी है, जो राम भक्तों को श्रीराम के जीवन से जुड़ी यादें ताजा कराएगा। निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और जल्द ही यह पार्क पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। यह पार्क न केवल धार्मिक भावनाओं को मजबूत करेगा, बल्कि अयोध्या की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। रामनगरी अब विश्व पटल पर एक आदर्श तीर्थ स्थल के रूप में उभर रही है।

उच्चस्तरीय चिकित्सा, अनुसंधान व चिकित्सा शिक्षा में उत्कृष्ट केंद्र पीजीआई : पाठक

पीजीआई के 42 वें स्थापना दिवस डॉक्टर और छात्रों को किया गया सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआईएमएस) के 42वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संजय गांधी पीजीआई न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश में उच्चस्तरीय चिकित्सा, अनुसंधान एवं चिकित्सा शिक्षा का एक उत्कृष्ट केंद्र बनकर उभरा है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एसजीपीजीआई ने अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, नवाचार आधारित शोध तथा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा के माध्यम से लाखों मरीजों को नया जीवन दिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संस्थान भविष्य में भी चिकित्सा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छुएगा और जनसेवा के अपने दायित्व को पूरी निष्ठा से निभाता रहेगा। कहा कि पीजीआई में गंभीर और दुर्लभ रोगियों के लिये क्वार्टनरी स्वास्थ्य (चतुर्थक स्वास्थ्य-देखभाल) केन्द्र स्थापित होगा। यहां जटिल ऑपरेशन, लिवर, हार्ट, किडनी समेत दूसरे अंग काम न करने वाले गंभीर रोगियों को उच्च स्तरीय इलाज मिलेगा। यहां रोगियों को प्रोटॉन, सेलुरल थेरेपी, ईसीएमओ, उन्नत न्यूरो-इंटरवेंशनल, सटीक ऑन्कोलॉजी की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. अभिजात चंद्रकांत सेठ, संजय गांधी पीजीआई के निदेशक प्रो. राधाकृष्ण धीमन, संकाय अध्यक्ष प्रो. शालीन कुमार, डॉ. राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. सी.एम. सिंह, विशेष सचिव कृतिका शर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि पीजीआई ने लोगों का भरोसा जीता है। उन्होंने कहा कि पीजीआई के क्रिटिकल केयर मेडिसिन (सीसीएम) विभाग में 40 बेड से बढ़ाकर 100 बेड किये जाएंगे। साथ ही इमरजेंसी मेडिसिन विभाग में बेड की क्षमता दोगुनी करने पर काम किया जा रहा है। अभी करीब 100 बेड पर रोगियों को इलाज मिल रहा है। बेड बढ़ने से गंभीर रोगियों को भर्ती में आसानी होगी। समारोह के वक्ता नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के अध्यक्ष डॉ. अभिजात चंद्रकांत सेठ ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा को समाज की जरूरतों के अनुसार तैयार किया जा रहा है।

पढ़ाई में व्यावहारिक प्रशिक्षण को अधिक बढ़ावा दिया जा रहा है। नवाचार आधारित चिकित्सा शिक्षा प्रणाली लागू की गई है। मरीजों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। राज्य मंत्री चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि डॉक्टर मरीजों को उनकी बीमारी के बारे में पूरी और स्पष्ट जानकारी दें ताकि रोगी पूरी तरह संतुष्ट हो। इससे रोगी एवं तीमारदार का डॉक्टर के प्रति विश्वास और भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने डॉक्टरों के वेतन बढ़ाने का समर्थन किया। वेतन बढ़ने से सरकार सेवा के डॉक्टरों का पलायन रुकेगा। इस दिशा में सरकार काम कर रही है।

पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमान ने समारोह में संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट पेश की प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि संस्थान में बन रहे एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर अगले वर्ष अक्तूबर में शुरू हो जाएगा। पहले चरण में बच्चों के 14 विभाग के 310 बेड पर इलाज मिलने लगेगा। इस सेंटर में कुल 24 विभाग एक ही छत के नीचे होंगे। जिसमें कुल 575 बेड होंगे। संस्थान में 43 विभाग संचालित हो रहे हैं। एक नई ओपीडी बनाई जा रही हैं। स्थापना दिवस समारोह में स्वास्थ्य सेवा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के लिए एक समर्पित केंद्र स्थापित करने की घोषणा भी की गई। निदेशक ने कहा कि एआई आज हर क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन ला रहा है और स्वास्थ्य सेवा इससे अछूती नहीं रह सकती।

भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के 2047 तक विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एआई क्षेत्र में भारी निवेश किया जा रहा है। एसजीपीजीआई का उद्देश्य एआई आधारित तकनीकों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुरक्षित, तेज, सटीक और सुलभ बनाना है, जिससे देश के स्वास्थ्य ढांचे को भविष्य के लिए तैयार किया जा सके। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में भर्ती मरीजों के लिए 62 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। संस्थान परिसर में पौधरोपण किया गया।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म, घरवालों ने आरोपी को अधमरा किया



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बीकेटी के एक गांव में 55 वर्षीय अजय सिंह उर्फ सोनू ने घर में घुसकर 14 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म किया। विरोध पर उसे पीटा गला दबाकर मारने की कोशिश की। शोर सुनकर दौड़े किशोरी के घरवालों ने आरोपी को दबोचा और पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। इसके बाद गांव के बाहर फेंककर चले गए। ट्रॉमा सेंटर में भर्ती आरोपी की हालत नाजुक है। पुलिस ने किशोरी के घरवालों की तहरीर पर उसके खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर, आरोपी के भाई ने किशोरी के घरवालों पर घात लगाकर हमला करने का आरोप लगाया है। कठवारा गांव निवासी आरोपी अजय सिंह उर्फ सोनू शनिवार देर रात करीब डेढ़ बजे किशोरी के घर में घुस गया। बरामदे में सो रही किशोरी से वह छेड़छाड़ करने लगा। विरोध पर उसको पीटा और गला दबाकर दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर उसे जान से मारने की धमकी दी।

भागते समय खटपट सुनकर घरवालों की नींद खुल गई। घरवालों ने अजय को दौड़ा कर पकड़ लिया और जमकर पीटा। हमले में अजय खून से लथपथ हो गया। किशोरी के घरवाले आरोपी को घर के बाहर गलियारे में फेंककर फरार हो गए। किशोरी के घरवालों की सूचना पर बीकेटी पुलिस ने मौके पर पहुंची तो आरोपी के घरवाले भी आ गए। वह लोग किशोरी के घरवालों पर हमला करने का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने उन्हें शांत कराया। आरोपी अजय सिंह को सौ शय्या संयुक्त चिकित्सालय भेजा। वहां से उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। किशोरी की चाची ने अजय के खिलाफ बीकेटी थाने में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि किशोरी के माता-पिता बाहर रहते हैं। वह उनके पास रहती है। एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो और एससीएसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपी का पुलिस अभिरक्षा में इलाज चल रहा है। पीड़ित बोले हमला नहीं किया, भागते समय छत से कूदा आरोपी किशोरी की चाची ने पुलिस को बताया कि हमले के आरोप निराधार हैं। भतीजी के साथ दुष्कर्म कर आरोपी भाग रहा था। वह भागते समय छत पर चढ़कर कूदा गया था। इस बीच गलियारे में खड़े ई-रिक्शे पर वह गिर गया। इससे घायल हुआ है। रंजिश के चलते भाई पर घात लगाकर किया हमला आरोपी के भाई जितेंद्र ने बीकेटी थाने में तहरीर देकर किशोरी के घरवालों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि भाई देर रात बर्थडे पार्टी में गया था। वहां से लौट रहा था। इस बीच गलियारे में घात लगाए बैठे किशोरी के घरवालों ने उसे पुरानी रंजिश के चलते घेर लिया और लाठी-डंडों से जमकर पीटा। अधमरा कर फेंककर चले गए। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

इटौंजा। थाना क्षेत्र में गांव की युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इंस्पेक्टर मार्कंडेय यादव ने बताया कि एक दिसंबर को युवती ने विशाल के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी थी। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी सिलसिले में रविवार को पुलिस ने आरोपी विशाल को इटौंजा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

किशोरी और उसकी सहेली लापता : आशियाना क्षेत्र में एक किशोरी और उसकी हमउम्र सहेली संदिग्ध हालात में लापता हो गईं। एक किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर तलाश शुरू की है। आशियाना क्षेत्र की एक महिला के मुताबिक उसकी 15 वर्षीय बेटी और पड़ोस में रहने वाली उसकी 17 वर्षीय सहेली 12 दिसंबर की शाम बिना बताए कहीं चली गईं। दोनों की काफी तलाश की गई, लेकिन पता नहीं चला। जिसके बाद महिला ने थाने में तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर दोनों किशोरियों की तलाश की जा रही है।

दहेज में कार नहीं मिली तो पति ने तीन तलाक देकर निकाला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। दहेज में कार न मिलने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर प्रताड़ित किया। पीड़िता का कहना है कि पति ने मुंबई ले जाकर मारपीट की और दहेज की मांग पूरी न होने पर तीन तलाक देकर भगा दिया। छह दिसंबर को आदिल नौकरी के लिए मुंबई चला गया था। उसके बाद पत्नी ईशा को भी बुला लिया। पीड़िता ने पति सहित अन्य ससुराली जनों के खिलाफ चौक थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। चौक के कटरा निवासी ईशा फातिमा ने बताया कि 13 नवंबर 2024 को उनका निकाह बाजारखाला के भदेवां निवासी आदिल रहमान से हुआ था। आरोप है कि कम दहेज को लेकर उसके साथ वहां मारपीट की। उससे पहले लखनऊ में सास शहनवाज, बुआ सास सफीया, ननद बेबी और देवर अफजल दहेज में कार न मिलने को लेकर उसे ताने देते थे। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर पति ने मुंबई में तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। किसी तरह पीड़िता मुंबई से लखनऊ लौटी। उसने ने चौक कोतवाली में पति आदिल समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

दंपत्ति को गिरफ्तारी का भय दिखा ट्रांसफर कराये 53 हजार रुपये, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। आशियाना क्षेत्र में रहने वाले एक दंपत्ति को हैकर्स ने निशाना बना दो दिन पूर्व फोन काल कर आधार कार्ड का उपयोग कर अश्लील फोटो भेजे जाने के आरोप लगा गिरफ्तारी का भय दिखा अर्दब में ले 53 हजार रुपए ट्रांसफर करा हड़प लिया। आशियाना के सेक्टर के में राकेश श्रीवास्तव अपनी पत्नी प्रेम किरन श्रीवास्तव के साथ रहते है। आरोप है कि 12 दिसंबर की सुबह पति पत्नी के पास दो नंबरों से फोन आया काल रिसीव करने पर कालर ने डराते धमकाते हुए कहा कि आपलोगो के आधार कार्ड का मिसयूज कर अश्लील फोटो भेजे जा रहे है जिसके लिए आपको गिरफ्तार भी किया जा सकता है। जिसके पश्चात कालर ने खाते के जानकारी ले दो बार में कुल 53,602 रुपए ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने साइबर सेल में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा आशियाना पुलिस से लिखित शिकायत की है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

खुद को पुलिस वाला बता दंपति से 53 हजार ठगे आशियाना में खुद को पुलिसकर्मी बताकर जालसाज ने दंपत्ति को अश्लील फोटो भेजने की बात कहकर जेल भेजने की धमकी दी। उनसे 53 हजार रुपए खाते में ट्रांसफर करवा लिए। पीड़ित ने आशियाना थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आशियाना के एलडीए कालोनी निवासी राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार सुबह 10.41 बजे उनके पास अनजान नंबर से कई बार व्हाट्सऐप कॉल आई। उन्होंने कॉल रिसीव किया, जिसपर फोनकर्ता ने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए कहा कि आपके मोबाइल फोन मिस यूज करके अश्लील फोटो भेजे जा रहे हैं। फिर आरोपित ने पत्नी से बात कराने के लिए कहा। पीड़ित ने उनसे बात कराई तो उसे भी धमकाने के बाद दो बार में 53 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिया। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया है।

शिल्प और विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हीरालाल यादव गर्ल्स इंटर कॉलेज में कला, शिल्प एवं विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्राओं में वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम सिंह यादव (चेयरमैन) रहे। उनके साथ अतिथियों के रूप में इंजीनियर अनुराग यादव, डा. श्रेया एवं सुश्री प्रतिभा पाण्डेय उपस्थित रहीं। प्रदर्शनी को देखने हेतु अभिभावकों की भी बड़ी संख्या में सहभागिता रही, जिससे कार्यक्रम का उत्साह और अधिक बढ़ा। प्रदर्शनी में छात्राओं द्वारा विज्ञान एवं पर्यावरण से जुड़े अनेक उपयोगी और प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत किए गए। प्रमुख विषयों में एसिड रेन (अम्लीय वर्षा), नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग कर एयर क्वालिटी कंट्रोल सिस्टम, प्रदूषण एवं उसके दुष्प्रभाव, वर्षा जल संचयन, जल चक्र से मुक्त ऊर्जा (वॉटर व्हील), ज्वालामुखी मॉडल, प्रदूषण के कारण एवं उसके निवारण के उपाय, अपशिष्ट पदार्थों से ऊर्जा उत्पादन, ग्रीन एनर्जी, डीएनए का कार्यशील मॉडल, पाचन तंत्र, नवीकरणीय संसाधन तथा चंद्रयान-3 विक्रम लैंडर का मॉडल विशेष रूप से आकर्षण का केन्द्र रहे। मुख्य अतिथि राम सिंह यादव ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं आत्मविश्वास विकसित करती हैं। विशिष्ट अतिथियों ने भी छात्राओं के नवाचार और मेहनत की प्रशंसा की तथा उन्हें भविष्य में और अधिक प्रयोगात्मक सीख की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं छात्राओं के सहयोग से प्रदर्शनी के सफल आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया।

खुद को पुलिस वाला बता दंपति से 53 हजार ठगे

आशियाना में खुद को पुलिसकर्मी बताकर जालसाज ने दंपत्ति को अश्लील फोटो भेजने की बात कहकर जेल भेजने की धमकी दी। उनसे 53 हजार रुपए खाते में ट्रांसफर करवा लिए। पीड़ित ने आशियाना थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आशियाना के एलडीए कालोनी निवासी राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार सुबह 10.41 बजे उनके पास अनजान नंबर से कई बार व्हाट्सऐप कॉल आई। उन्होंने कॉल रिसीव किया, जिसपर फोनकर्ता ने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए कहा कि आपके मोबाइल फोन मिस यूज करके अश्लील फोटो भेजे जा रहे हैं। फिर आरोपित ने पत्नी से बात कराने के लिए कहा। पीड़ित ने उनसे बात कराई तो उसे भी धमकाने के बाद दो बार में 53 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिया। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया है।

हाइड्रा चालक ने फंदे से लटक कर दी जान

काकोरी। पारा के सरोसा भरोसा मोड़ के पास किराये के मकान में रहने वाले हाइड्रा चालक ने शनिवार रात पेड़ से फंदे पर लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना के कारणों का पता नहीं चला है। मैनपुरी के किशनी थाना के लैगाव निवासी अमित कुमार के मुताबिक उनका ममेरा भाई जोगेंद्र यादव (20) पारा इलाके में सरोसा भरोसा मोड़ के पास किराये के मकान में रहकर हाइड्रा वाहन चलाता था। शनिवार रात आगरा एक्सप्रेसवे के पास मौंदा मोड़ पर पेड़ पर हाईड्रा के पट्टे का फंदा डालकर जोगेंद्र ने खुदकुशी कर ली। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

दबंगों ने मारापीटा और सिर फोड़ा, दी धमकी

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में दबंगों ने शनिवार को रात्रि बर्थडे पार्टी में शामिल होने जा रहे युवक को रोक गाली गलौज कर विरोध करने पर जमकर पीटाई करने के साथ सर फोड़ धमकी दे फरार हो गए। कृष्णा नगर कोतवाली कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित गार्ड रूम रेलवे कालोनी निवासी गौरव शुक्ला पुत्र जितेन्द्र शुक्ला के अनुसार वह बीते 13 दिसम्बर शनिवार की रात्रि करीब दस बजे अपने दोस्त के घर उसके बर्थडे पार्टी में सम्मलित होने जा रहा था। आरोप है कि उस दौरान अचानक कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित हसनापुर तिराहा के समीप अंकुश, सनी, संदीप रावत, आशीष, यादव, अपने तीन चार अज्ञात साथीयो के साथ उसे रोक गाली-गलौज शुरू कर दी और उसके द्वारा विरोध करने पर उक्त लोगों ने मिलकर उसकी जमकर पीटाई कर सर फोड़ धमकी दे फरार हो गए। जिसके पश्चात उसने पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर जानकारी दे स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से लिखित नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

पैसेंजर के ट्राली बैग से मिला अवैध तमंचा, पुलिस ने यात्री को भेजा जेल

लखनऊ। मानक नगर थाना क्षेत्र स्थित सिंगार नगर मैट्रो स्टेशन पर शुक्रवार शाम चेकिंग दौरान एक पैसेंजर के ट्राली बैग से अवैध तमंचा मिला जिसकी सूचना मैट्रो स्टेशन कंट्रोलर ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची स्थानीय मानक नगर पुलिस ने यात्री को कस्टडी में ले पूछताछ के बाद आर्म्स एक्ट में कार्यवाही कर जेल भेज दिया है। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सिंगार नगर मैट्रो स्टेशन पर शुक्रवार की शाम स्कैनिंग दौरान एक यात्री के काले रंग की ट्राली बैग में अवैध 315 बोर का तमंचा मिलने की जानकारी मैट्रो स्टेशन कन्ट्रोलर संदीप कुमार द्वारा होने पर उन्होंने उक्त यात्री को कस्टडी में लेते हुए अवैध असलहा समेत ट्राली बैग को जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना परिचय नितिन जोहरी पुत्र कैलाश जोहरी निवासी जानकी नगर बहराइच रोड जनपद गोंडा निवासी के रूप में दिया है। गिरफ्त में आए युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

क्लीनिक में खुदकुशी के मामले में डॉक्टर, प्रेमिका सहित पांच पर केस

लखनऊ। गुड़ंबा के कल्याणपुर स्थित क्लीनिक में कर्मचारी के खुदकुशी के मामले में पुलिस ने डॉक्टर, प्रेमिका समेत पांच लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। मड़ियांव के नौबस्ता निवासी करुणा देवी के मुताबिक बेटा सूरज अवस्थी कल्याणपुर में डॉ. विवेक श्रीवास्तव के क्लीनिक में काम करता था। 30 नवंबर को सूरज का शव संदिग्ध हालात में क्लीनिक में ही फंदे से लटका मिला था। शुरूआती जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हुआ, लेकिन परिजनों ने घटना को साजिश बताते हुए गंभीर आरोप लगाए। आरोप है कि साजिश के तहत सूरज की मुलाकात युवती से कराई गई। दोनों में प्रेम और शारीरिक संबंध हुए। इसके बाद सूरज को शादी के लिए धमकाया जाने लगा। शादी से इंकार पर दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी दी गयी। साथ ही शादी न करने पर 10 लाख रुपये व जेवर की मांग की गई। पीड़ित मां ने बताया कि बेटे ने कई बार यह बातें उन्हें बताई थी। बदनामी के डर से सूरज परेशान रहता था। इसी वजह से उसने खुदकुशी कर ली थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर डॉक्टर विवेक श्रीवास्तव, युवती, उसके पिता, एक महिला और एक अन्य व्यक्ति पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है।

महिला ने बच्चे को मारी टक्कर, कार के बोनट में फंसा, हालत गंभीर

लखनऊ। कृष्णानगर स्थित मछली मंडी के पास रविवार की सुबह एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खेल रहे छह वर्षीय मासूम टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बालक कार के बोनट में फंस गया। एक दूसरी कार भी इसमें टकरा गई। दो कारों के बीच फंसकर बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको एक निली अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की हिन्दुस्तान अखबार पुष्टि नहीं करता है। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। कृष्णानगर थाना क्षेत्र के बारा बिरवा निवासी रेशमा के मुताबिक रविवार सुबह करीब नौ बजे उनका छह वर्षीय बेटा जयचंद्र सड़क के किनारे खेल रहा था। इसी बीच एक तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बालक कार के बोनट में फंस गया। इस बीच दूसरी कार भी आकर उसी में टकरा गई। जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

भारतीय किसान यूनियन ने कंबल वितरण किया

लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन लोक तांत्रिक उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय गठन की ओर से आशियाना स्थित सालेह नगर में एक सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन की प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह लोधी ने की। इस अवसर पर संगठन द्वारा क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को एक हजार कंबल वितरित कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवीर सिंह राजू, विधायक देवेंद्र सिंह लोधी, विधायक हरिओम वर्मा, विधायक देवेंद्र राजपूत तथा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय राजपूत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह राजपूत, बीजेपी पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण लोधी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने संगठन के इस सामाजिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज के कमजोर वर्गों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह लोधी ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन किसानों, मजदूरों और जरूरतमंदों की आवाज को मजबूती से उठाता रहा है। ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को कंबल वितरण करना संगठन की सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। इस मौके पर तहरी भोज का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सौहार्द और सेवा भाव का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

सूचना

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड सं. 290052815470 में त्रुटिवश मेरा घरेलू नाम पिहू सिंह दर्ज है जबकि मेरे हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के अंकपत्र व अन्य सभी अभिलेखों में मेरा सही नाम शुभावरी सिंह व जन्मतिथी 04.01.2006 दर्ज है। मेरे आधार कार्ड में भी मेरा सही नाम व जन्मतिथि दर्ज की जाये। **शुभावरी सिंह पुत्री आशीष कुमार सिंह नि.- 1/87, विशाल खण्ड-1, गोमती नगर, लखनऊ।**

हाईकोर्ट ने फतेहगंज में बन रहे कुनेश्वर बाबा द्वार का काम रोका

विधि संवाददाता

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गल्ला मंडी, फतेहगंज में नगर निगम द्वारा बनवाए जा रहे, कुनेश्वर बाबा द्वारा का काम रोकने का आदेश दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने उक्त द्वार के निर्माण के लिए लिए गए निर्णय को भी निरस्त कर दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की खंडपीठ ने फतेहगंज गल्ला मंडी के निवासियों ओम शंकर मिश्रा व अन्य की याचिका पर दिया। याचियों की ओर से दलील दी गई थी कि गल्ला मंडी रोड जिस स्थान से शुरू होती है, वहीं उक्त द्वार बनाया जा रहा है जिसकी वजह से सड़क पहले से भी अधिक संकरी हो जाएगी व ट्रैफिक समस्या जो पहले से बनी हुयी है, वह और भी जटिल हो जाएगी। यह भी दलील दी गई कि उक्त द्वारा के निर्माण के पश्चात आपातकालीन वाहन प्रवेश नहीं कर पाएंगे। नगर निगम ने भी इस तथ्य को स्वीकार किया कि उक्त द्वार के निर्माण के पश्चात, सड़क संकरी हो जाएगी व फायर ब्रिगेड तथा एम्बुलेंस जैसे वाहन नहीं जा सकेंगे। यह भी जानकारी दी गई कि स्थानीय पार्षद के प्रस्ताव पर, कमेटी ने उक्त द्वार के 7.70 लाख रुपये में निर्माण की 6 अगस्त को मंजूरी दी थी।

इस पर न्यायालय ने अपने आदेश में टिप्पणी की है कि हम पाते हैं कि यदि पार्षद इस प्रकार के फिजूल खर्चों से परहेज करे, तो वार्ड की विकास निधि का बेहतर उपयोग किया जा सकता है, एक द्वार स्थापित कर उसे कुनेश्वर बाबा द्वार नाम देने से कोई सार्थक उद्देश्य सिद्ध नहीं होगा, इसके विपरीत, पार्षद को उपलब्ध निधि का उपयोग अन्य नागरिक सुविधाओं के विकास हेतु करने का प्रयास करना चाहिए, वह नगर निगम से यह भी अनुरोध कर सकता था कि आग लगने जैसी आपात स्थिति की दशा से निपटने के लिए फायर हाइड्रेंट्स स्थापित किए जाएँ। चूंकि उक्त द्वार के नींव का काम हो चुका था लिहाजा न्यायालय ने सम्बंधित ठेकेदार को नियमानुसार भुगतान के भी आदेश दिए हैं।

दत्तक ग्रहण विलेख की वैधता पर प्रश्न उठाने की शक्ति प्रशासनिक अधिकारी में नहीं

लखनऊ। दत्तक पुत्र की अनुकंपा नियुक्ति पर हाईकोर्ट का अहम फैसला लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने दत्तक पुत्र को अनुकंपा नियुक्तिसे वंचित किए जाने के मामले में अहम फैसला सुनाते हुए नगर निगम, लखनऊ के उस आदेश को निरस्तकर दिया है जिसमें दत्तक पुत्र के दावे को अस्वीकार कर दिया गया था। न्यायालय नेस्पष्ट कहा कि कोई भी प्रशासनिक अधिकारी पंजीकृत दत्तक ग्रहण विलेख की वैधता परप्रश्न नहीं उठा सकता। यह निर्णय न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह ने शानू कुमार की ओर से दाखिल सेवा संबंधीयाचिका पर सुनाया है। याची ने अपने दत्तक पिता दिवंगत नगर निगम कर्मचारीरमेश की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति की मांग की थी। नगर निगम ने यह कहते हुएदावा खारिज कर दिया था कि दत्तक ग्रहण के समय याची की आयु 18 वर्ष थी, जो हिंदू दत्तक एवंभरण-पोषण अधिनियम, 1956 के अनुरूप नहीं है। न्यायालय ने कहा कि एक बार दत्तक ग्रहण विलेख पंजीकृत हो जाने के बाद उसकी वैधता परसुनवायी की शक्ति सिर्फ सक्षम सिविल न्यायालय को है, न की किसी प्रशासनिकप्राधिकारी को। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि अधिनियम, 1956 की धारा 12और 16 के तहत दत्तक पुत्र को सभीप्रयोजनों के लिए पुत्र माना जाने का प्रावधान है। अदालत ने नगर निगम के 2 सितंबर 2023 के आदेश को निरस्त करते हुएआदेश दिया है कि याची के अनुकंपा नियुक्ति के दावे पर दो माह के भीतर पुनर्विचार कियाजाए।

गोसाईंगंज पुलिस ने एक वांछित समेत 4 अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

गोसाईंगंज। थाना गोसाईगंज पुलिस टीम ने रविवार को एक वांछित समेत 3 अन्य वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गोसाईगंज पुलिस के अनुसार राजेन्द्र गौतम निवासी ग्राम महमूदपुर थाना गोसाईगंज लखनऊ एक मुकदमे में वांछित चल रहा था जिसे उसके घर से गिरफ्तार करने के साथ एनबीडब्ल्यू में नन्हकई गौतम निवासी ग्राम बेली खुर्द थाना गोसाईगंज, रामकुमार निवासी ग्राम बस्तिया थाना गोसाईगंज, मो. शमीम निवासी अम्बारी थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ वर्तमान पता फ्लैट नम्बर 1010 रायल प्लाजा आईटी पार्क-2 थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

चार चोरों को बिजनौर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने बंद मकान की रेकी कर चोरी करने वाले चार चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बिजनौर थाना क्षेत्र के एल्डिको कॉलोनी निवासी कमल किशोर त्रिपाठी ने 17 नवंबर को अज्ञात चोरों के खिलाफ बंद मकान का दरवाजा तोड़कर चोरी करनेकी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें चोरों ने मकान का दरवाजा तोड़कर घर में रखे जेवर और नगदी चोरी कर ले गए थे। बिजनौर पुलिस ने 14 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली की अलीनगर खुर्द अंडरपास के नीचे चोरी करने वाले चारों खडे हुये है। बिजनौर पुलिस मौके पर पहुंच कर दुर्गेश 19 वर्ष निवासी गांव चरगवां थाना नवागढ़ जनपद बेमेतारा छत्तीसगढ़ वर्तमान पता केसरी खेड़ा फाटक के पास मोनू के मकान पर किराएदार कृष्णानगर, करन राठौर 24 वर्ष गणेशपुर फाटक के पास पाठक के मकान में किराए पर रहता था। कृष्णानगर, दीपांशु सिंह 25 वर्ष निवासी न्यू इंद्रपुरी भोला खेड़ा कृष्णानगर और प्रियांशु कश्यप 25 वर्ष निवासी सिंधु नगर सासौवीर मंदिर थाना कृष्णा नगर को गिरफ्तार कर लिया। बिजनौर पुलिस ने चोरों के कब्जे से चोरी की गई माल भी बरामद कर लिया। जिसमें रेकी करने में इस्तेमाल ऑटो भी बरामद कर लिया। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि यह लोग किसान पथ के पास बंद मकान की ऑटो से पहले रेकी करते थे फिर जिन घरों में किसी के नहीं होने की आशंका होती थी। उन्हें चिन्हित कर रात में घटना को अंजाम देते थे। बिजनौर पुलिस ने चोरों के पास से चोरी की गई चार चांदी के सिक्के ,2190 रुपए नगद, चोरी करने के उपकरण और एक ऑटो रिक्शा भी बरामद कर लिया।

लखनऊ के गिरिजाघरों में क्रिसमस डे के जश्न की तैयारी शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में प्रभु यीशु के गुणगान का पर्व क्रिसमस जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे गिरजाघरों में तैयारियों में तेजी आ रही है। गिरिजा घरों में प्रभु यीशु के गीतों के साथ ही मोमबत्ती जलाने का क्रम पिछले कई दिनों से शुरू हुआ और अभी तक जारी है। हजरतगंज स्थित कैथेड्रल के फादर डा.डोनाल्ड डिसूजा ने बताया कि क्रिसमस पर विविध आयोजन होंगे। इसकी तैयारियां पूरी हो गई हैं। एबीसी के प्रवक्ता ने बताया कि लालबाग स्थित चर्च में विशेष प्रार्थना सभाओं के साथ ही अलीगंज व आलमबाग बस स्टेशन के सामने स्थित गिरिजा घर में विशेष प्रार्थना सभाओं का दौर 20 दिसंबर से चलेगा।

कैथेड्रल हजरतगंज: इसाई समुदाय के कैथोलिक (प्रभु यीशु की प्रतिमा की पूजा करते हैं) की ओर से 75 साल पहले चर्च की स्थापना की गई थी। फादर डोमिनिक पिंटो ने का दावा है कि विशालता के चलते यह राजधानी का सबसे बड़ा चर्च है। इसके बाहर लगी प्रभु यीशु की प्रतिमा राजधानी ही नहीं प्रदेश में भी नजर नहीं आती।

सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च लालबाग: लालबाग स्थित सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च राजधानी का सबसे पुराना चर्च है। चर्च के पादरी फादर हर्बट एबुल ने बताया कि 1865 में चर्च की स्थापना ज्वेल जेवीयर ने की थी। मेथोडिस्ट प्रतिमा की पूजा नहीं करते। ऐसे में यहां प्रभु यीशु का प्रतीक क्रास की स्थापना की गई है। समुदाय के लोग मोमबत्ती जलाने के साथ ही प्रार्थना करते हैं।

क्राइस्ट चर्च जीपीओ: क्राइस्ट चर्च इंटर कालेज के परिसर में 1860 में स्थापित चर्च पुराने चर्चों में से एक है। मान्यता है कि यहां प्रार्थना करने से सभी मुरादे पूरी हो जाती है। क्राइस्ट चर्च इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा.राकेश चत्री ने बताया कि क्रिसमस के उपलक्ष्य में बच्चों के कार्यक्रम होंगेगा। युवाओं की ओर से गीत संगीत के बीच प्रभु यीशु का गुणगान होगा।

सेंट पीटर्स चर्च, रेलवे इंडोर अस्पताल: सेंट पीटर्स चर्च उत्तर भारत का सबसे प्राचीनतम गिरजाघरों में से एक है। यहां के प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह ने बताया कि अपनी बनावट के चलते यह चर्च अन्य के मुकाबले अलग है। क्रिसमस पर विशेष प्रार्थनासभाओं के साथ ही उत्सव का दौर शुरू हो गया है। 20 दिसंबर को सजावट होगी और 21 को डिनर के साथ ही कैरल गीत गाए जाएंगे। 24 को मिड डे नाइट सर्विस के साथ ही 25 को क्रिसमस उत्सव के साथ केक काटा जाएगा।

होली रिडीमर चर्च आलमबाग: आलमबाग कोतवाली के सामने होली रिडीमर चर्च की स्थापना 1933 में हुई थी। अपनी तरह के इस चर्च में प्रार्थना हाल के साथ ही साधकों के बैठने की भी व्यवस्था है। संजय लांजरस ने बताया कि चर्च में प्रतीकात्मक रूप से प्रभु यीशु की प्रतिमा स्थापित है। 19 को चर्च को सजाने के साथ ही क्रिसमस तक लगाकर विविध आयोजन होंगे। क्रिसमस पर पूरे चर्च को बिजली की झालरों से सजाया जाएगा।

इसलिए मनाते हैं क्रिसमस: कैथेड्रल के फादर डोनाल्ड डिसूजा ने बताया कि मानव धर्म का पाठ पढ़ाने वाले प्रभु यीशु के जन्म के दिन को क्रिसमस के रूप में मनाया जाता है। क्रिसमस के एक दिन पहले मध्यरात्रि के एक घंटे पूर्व प्रभु यीशु का जन्म चरही में हुआ था। कहा जाता है कि 12वीं शताब्दी में प्रभु के जन्म के दौरान जमीन में उल्लास के साथ आसमान में सितारे भी काफी खुश हुए थे। मानवता का संदेश देने वाले प्रभु यीशु के जन्म के उल्लास का सिलसिला क्रिसमस से शुरू होता है और छह जनवरी तक चलता है। राजधानी के 13 कैथोलिक चर्च में 24 की रात्रि और सुबह जन्मोत्सव मनाया जाता है तो दूसरी ओर अन्य चर्चों में 25 की सुबह आयोजन होते हैं। आपसी भाईचारे का संदेश एक दूसरे को देना पर्व का मुख्य उद्देश्य है। इस बार सीमित संख्या में आयोजन होंगे।

पवित्र पर्व का व्यावसायीकरण न करें : बिशप जेराल्ड मथियस: लखनऊ और आसपास का ईसाई समुदाय 25 दिसम्बर को क्रिसमस के त्योहार को खुशी और हर्ष के साथ मनाने की तैयारी कर रहा है। क्रिसमस का काल इस साल रविवार 30 नवम्बर 2025 को आगमन काल की शुरूआत के साथ शुरू हुआ। एडवेंट शब्द लैटिन भाषा के एडवेंटूस से आया है। जिसका अर्थ है आगमन, क्रिसमस की तैयारी में चार सप्ताह की प्रार्थनापूर्ण तैयारी, बेथलहेम में प्रभु यीशु मसीह के जन्म उत्सव की तैयारी है। कई क्रिसमस गतिविधियां हैं जो इस अवसर के खुश और आनंदमय स्वभाव को प्रदर्शित करेंगी। शहर के मुख्य चर्च हजरतगंज स्थित सेंट जोसेफ कैथेड्रल में 24 दिसम्बर को रात करीब 10:30 बजे क्रिसमस कैरल गायन के साथ पवित्र मिस्सा होगा, और इसकी अगुवाई करेंगे लखनऊ के बिशप जेराल्ड जॉन मथियस और अन्य पुरोहित। इस वर्ष पल्ली सदस्य 25 दिसम्बर को मध्यरात्रि पवित्र मिस्सा और दिन के दौरान आयोजित पूजा सेवाओं में भाग लेंगे। कैथेड्रल परिसर को क्रिसमस लाइट्स, क्रिसमस क्रिब और क्रिसमस स्टार्स से सजाया जाएगा। जो क्रिसमस के खुशनुमा माहौल को दर्शाएगा। हर साल क्रिसमस के दिन सुबह लगभग 10 बजे से रात 10 बजे तक 80 हजार से अधिक लोग चर्च और माता मरियम का ग्रोटो में मन्नत की मोमबत्तियां जलाने और प्रार्थना करने आते हैं। अन्य कार्यक्रमों में 26 दिसम्बर 2025 को शाम 4:30 बजे शहर के प्रमुख नागरिक और धार्मिक नेताओं के लिए क्रिसमस गेट-टुगेदर है। अपने क्रिसमस संदेश में लखनऊ के बिशप जेराल्ड मथियस ने कहा कि क्रिसमस में हम शांति के राजकुमार ईसा मसीह के जन्म का जश्न मनाते हैं। यह क्रिसमस हमारे लिए यीशु मसीह द्वारा प्रदान की गई वास्तविक शांति और आनंद लाए जिसकी आज की दुनिया में बहुत आवश्यकता है। उन्होंने इसाई समुदाय से अपील की कि वे क्रिसमस के आध्यात्मिक संदेश की ओर लौटें और इस महत्वपूर्ण पवित्र पर्व का व्यावसायीकरण न करें।

रंग बिरंगी लाइटों से सजावट की तैयारी जोरों पर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। ईसाई समुदाय क्रिसमस को खुशी और हर्ष के साथ मनाने की तैयारी में जुट गया है। प्लम केक की तैयारियों से लेकर चर्च की सफाई, रंगाई पुताई और रंग बिरंगी लाइटों से सजावट की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। शहर से लेकर गांव तक बनी चर्चों में प्रार्थना की तैयारी भी हो चुकी है। लखनऊ कैथोलिक धर्मप्रांत के चांसलर एवं प्रवक्ता रेवरेंड डॉ. डोनाल्ड एचआर डिसूजा ने बताया कि क्रिसमस पर प्रभु के आगमन के लिए सभी चर्च में विशेष प्रार्थनाएं आदि की तैयारी हो चुकी हैं।

शहर के मुख्य चर्च हजरतगंज के सेंट जोसेफ कैथेड्रल में 24 दिसंबर की रात करीब 10:30 बजे क्रिसमस कैरल गायन के साथ पवित्र मिस्सा होगा। इसकी अगुवाई लखनऊ के बिशप जेराल्ड जॉन मथियस और अन्य पुरोहित करेंगे। इस साल पल्ली सदस्य 25 दिसंबर की मध्य रात्रि पवित्र मिस्सा और दिन के दौरान आयोजित पूजा सेवा में हिस्सा लेंगे। कैथेड्रल परिसर को क्रिसमस लाइट्स, क्रिब और स्टार्स से सजाया जाएगा, जो क्रिसमस के खुशनुमा माहौल को दर्शाएगा। वहीं, 26 दिसंबर की शाम 4:30 बजे शहर के प्रमुख नागरिक और धार्मिक नेताओं के लिए क्रिसमस गेट-टूगेदर का कार्यक्रम रहेगा। लखनऊ के बिशप जेराल्ड मथियस ने अपने संदेश में कहा कि क्रिसमस में हम शांति के राजकुमार ईसा मसीह के जन्म का जश्न मनाते हैं। यह क्रिसमस हमारे लिए वास्तविक शांति और आनंद लाए, जिसकी आज की दुनिया में बहुत आवश्यकता है।

संघ ने सनातन परम्परा को आगे बढ़ाया है : डॉ. पवनपुत्र बादल

- अखिल भारतीय साहित्य परिषद की संगोष्ठी में संघ साहित्य पर विमर्श
- अवध प्रान्त की चार सत्रीय संगोष्ठी में वक्ताओं ने रखे विचार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राष्ट्र साधना के सौ वर्ष पूरे हुए हैं और गर्व है कि संघ ने सनातन परम्परा को आगे बढ़ाया है। जहां भी दृष्टि डालेंगे वहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का काम मिलेगा। वैचारिक क्षेत्र में काम करने वालों की जिम्मेदारी है कि वे संघ साहित्य पर विमर्श करें और संघ से जुड़ी भ्रान्तियों को दूर करने का काम योजनाबद्ध रुप से करें। ये बातें अखिल भारतीय साहित्य परिषद अवध प्रांत द्वारा रविवार को संघ साहित्य समग्र चिन्तन प्रवाह विषय पर आयोजित संगोष्ठी एवं अभिनन्दन समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. पवनपुत्र बादल ने कहीं। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ सभागार में चार सत्रों में हुए कार्यक्रम में विद्वानों ने संघ साहित्य पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद के नवमनोनीत राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. पवनपुत्र बादल का सारस्वत अभिनन्दन भी किया गया। उद्घाटन सत्र में डॉ. कुमार तरल ने वाणी वन्दना, राजीव वर्मा वत्सल ने परिषद गीत और द्वारिका प्रसाद रस्तोगी ने स्वागत वक्तव्य दिया। प्रान्त सह महामंत्री एवं बीबीएयू हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. बलजीत कुमार श्रीवास्तव के संचालन में हुए प्रथम सत्र में प्रान्त अध्यक्ष विजय त्रिपाठी ने विषय प्रवर्तन करते हुए साहित्यकारों से संघ साहित्य का प्रचार प्रसार, नये कार्यकताओं को जोड़ने तथा राष्ट्रनिष्ठ साहित्य सृजन करने का आह्वान किया। नव मनोनीत राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. पवनपुत्र बादल को उनके गृह प्रांत इकाई द्वारा अभिनन्दन पत्र, फूलमाला और पगड़ी प्रदान कर स्वागत किया गया। साथ ही साहित्य परिषद के शोध आयाम के राष्ट्रीय पालक अधिकारी डा. बलजीत कुमार श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय प्रमुख आदर्श सिंह का भी सारस्वत अभिनन्दन तथा लक्ष्मीकान्त सिंह की कृति संघ कार्य ईश्वरीय कार्य का लोकार्पण भी हुआ। द्वितीय सत्र प्रो. रीता तिवारी की अध्यक्षता एवं डॉ. सुनील शुक्ला के संचालन में प्रो. नीतू शर्मा, पद्मनाभ पाण्डेय, प्रो.एल.के.सिंह, रमेश तिवारी, आदर्श सिंह ने अलग अलग पुस्तकों के आलोक में अपनी बात रखी। तृतीय सत्र में डॉ. सत्यप्रकाश तिवारी, डॉ. महेन्द्र सिंह, शोध छात्र आदर्श द्विवेदी आदि ने समग्र चिन्तन प्रवाह पर पुस्तक केन्द्रित विचार रखे जिसका संचालन कुमार तरल ने किया। चतुर्थ एवं अन्तिम संगठनात्मक सत्र में डॉ. पवनपुत्र बादल ने आगे की दिशा पर पाथेय प्रदान किया। आभार ज्ञापन सर्वेश पाण्डेय विभी ने किया। इस अवसर पर सर्वश्री शिवमंगल सिंह मंगल, मनमोहन बाराकोटी, डॉ. एस.के.गोपाल, डॉ. कुमुद पाण्डेय, सुशील वर्मा, ममता पंकज, डॉ. रश्मि शील, ज्योति किरन रतन, निर्भय नारायण गुप्ता, राधाकृष्ण पाठक, गुलाब जायसवाल, विनय दीक्षित, सतीश कुमार, कृष्णा सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनी खुशीराम की 139वीं जयंती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड शिल्पकार समिति लखनऊ द्वारा आज 14 दिसम्बर को कुमाऊं केशरी स्व खुशीराम की 139 वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व आयुक्त चंद्रमोहन बेरी उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड उपस्थित रहे। उन्होंने अनुसूचित जातियों के लोगों के लिए ?शिल्पकार? शब्द को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ताकि उनकी पहचान और सम्मान सुनिश्चित हो सके। खुशी राम आर्य को उत्तराखंड में एक महत्वपूर्ण स्वतंत्रता सेनानी, आर्य समाजी नेता, और समाज सुधारक के रूप में जाना जाता है, इस अवसर समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहें।

लेखिका डा. अनामिका श्रीवास्तव की पुस्तक शब्दनाद का विमोचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आशियाना स्थित चांसलर क्लब में रविवार शाम डॉ. अनामिका श्रीवास्तव द्वारा लिखित पुस्तक शब्दनाद का विमोचन किया गया। विमोचन के दौरान डा. अनामिका ने कई कविताएं सुनाईं। डॉ. अनामिका ने कहा, ह्दय में जो प्रवेश कर जाय वो कविता है यही उसकी श्रेष्ठता है। जुप्टिर हॉल में शब्दनाद यानी शब्दों की गूंज से दर्शकदीर्घा को रोमांचित किया। बेटे अनामय देवा को समर्पित कविता ह्यअंतहीन रास्तों की तरह तुम्हें मिलता रहूंगा मैंह्व डॉ. अनामिका ने पढ़ी। इसके साथ पगडण्डी का सफर एक शुरूआत तन्हा तन्हा पर यह देवदार और चिनार इन्हीं के बीच हमसे छिपता छिपता पर पीछे पीछे चल देता है चांद सुनाकर लोगों के दिल को छू लिया। हर रात न जाने कैसे खुद ब खुद हथेली पर उभर आते हैं जैसी काव्य रचनाएं भी सुनाईं। इसी कविता का अंग्रेजी अनुवाद गौरी ने सुनाया। इस मौके पर मुंबई से आए कबीरा बैंड के राहुल श्रीवास्तव ने संगीत मय कविता की प्रस्तुति दी। देवेश श्रीवास्तव, रंगकर्मी रचना मेहरोत्रा, आदित्य बाजपेई, सुमित बाजपेई, सर्वेंद्र विक्रम सिंह, आईआईएम के देवाशीष दास गुप्ता, दिनेश चंद गुप्ता, दिनेश अवस्थी समेत अन्य मौजूद है।

हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव : शास्त्रीय संगीत और आधुनिक नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। स्मृति उपवन में चल रहे माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व आईपीएस निवर्तमान पुलिस महानिरीक्षक उत्तर प्रदेश पुलिस आर के चतुर्वेदी अतिविशिष्ट अतिथि वरिष्ठ नेता भाजपा उत्तर प्रदेश प्रदेश संयोजक, उत्तर प्रदेश क्षत्रिय समन्वय समिति प्रदीप सिंह बब्बू विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्षा श्री तीर्थम चेरिटेबल ट्रस्ट एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री मेरठ पूजा बंसल पूर्व जिला अध्यक्ष भाजयुमो सुल्तानपुर आयोजक अरुण प्रताप सिंह ,रणवीर सिंह, गुंजन वर्मा और हेमू चौरसिया ने सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत के पदा अधिकारियों का सम्मान आयोजक अरुण प्रताप सिंह द्वारा किया गया। कार्यकारिणी सूची में प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप सिंह जिला सेवा प्रमुख अखिलेश दीक्षित जिला गौरक्षा प्रमुख सचिन सिंह जिला प्रचार प्रसार प्रमुख पुष्पेंद्र सिंह प्रखंड प्रचार प्रसार प्रमुख प्रखर सिंह सह संयोजक प्रमुख शिवजीत गिरी सा सेवा प्रमुख विनोद सिंह सुरक्षा प्रमुख धर्मेंद्र शर्मा आदि का सम्मान स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र देकर किया गया। सांस्कृतिक संध्या में नृत्यांगन डांस एंड म्यूजिक इंस्टीट्यूट के कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। संस्थान की डायरेक्टर अनुपमा श्रीवास्तव, कथक शिक्षिका भानवी श्रीवास्तव के संयोजन में शास्त्रीय,लोक एवं आधुनिक नृत्य शैलियों तक की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं गई। भरतनाट्यम, कथक, राजस्थानी, पंजाबी, पहाड़ी, गुजराती, मराठी, बॉलीवुड एवं फिल्मी नृत्य के साथ-साथ कराओके सिंगिंग आदि भानवी, रितु, अलका, रिचा, विकिशा, आदिरा, वाग्मी, त्वरिति, जिनिशा, तिशा, नविशा, स्वर्णिमा, आराध्या, रिदम, श्रीजा अग्रवाल, दित्याभी ने आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी। अगले क्रम में अयोध्या से प्रकृति यादव के नेतृत्व में उनके ग्रुप द्वारा भव्य लोकनृत्य एवं लोकगीतों की प्रस्तुति दी। अवधी, भोजपुरी एवं हिंदी भाषा के लोकगीतों व लोकनृत्यों की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम की मुख्य गायिका एवं नृत्यांगना प्रकृति यादव, जिनके साथ संगम लता एवं अन्य साथी कलाकार प्रस्तुति देकर समां बांधा। यह कार्यक्रम सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, लखनऊ द्वारा प्रस्तुत किया। श्रद्धा उपाध्याय द्वारा तुम बंसी बजाते हो एवं अखियों में सूरत है मेरे श्याम की एकल गायन, आनंद पांडेय द्वारा चार मुकदमा और चली, बाजीगर ओ बाजीगर ने दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं। अमृतायन साहित्यिक आशुतोष सिंह मोहित संस्था द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें संस्थाध्यक्ष डॉ.अशोक अज्ञानी, संयोजक शुभेन्द्र सिंह कवियों ने काव्य पाठ करके श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। इस अवसर पर महोत्सव समिति के रोली सिंह चौहान,मोनालिसा, मनोज सिंह चौहान, रोली जयसवाल आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रदीप शुक्ला सहसंचालक विजय गुप्ता द्वारा किया गया।

सफला एकादशी आज, भक्त करेंगे श्रीहरि की आराधना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सनातन धर्म में एकादशी तिथि का खास महत्व है। साल में कुल 24 एकादशी पड़ती हैं। वहीं एक शुक्ल पक्ष में तो दूसरी कृष्ण पक्ष में। यहां हम बात करने जा रहे हैं सफला एकादशी के बारे में, जो हर साल पौष महीने के कृष्ण पक्ष में पड़ती है।

इस साल सफला एकादशी 15 दिसंबर को मनाई जाएगी। सफला एकादशी के दिन व्रत रखने और भगवान विष्णु की पूजा करने से व्यक्ति के सभी काम सफल होते हैं और उसे जीवन में सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है। वहीं इस दिन अभिजीत मुहूर्त भी बन रहा है। जिससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है। वैदिक पंचांग के मुताबिक पौष महीने के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 14 दिसंबर को रात 08 बजकर 47 मिनट पर आरंभ होगी। वहीं, इसका अंत 15 दिसंबर को रात 10 बजकर 08 मिनट पर होगा। ऐसे में पंचांग को देखते हुए 15 दिसंबर को सफला एकादशी व्रत रखा जाएगा।

सफला एकादशी का महत्व: सफला एकादशी पर पूजा करने से भगवान विष्णु की अपार कृपा मिलती है और अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से हर क्षेत्र में अपार सफलता के साथ-साथ धन लाभ भी होता है। इस दिन आप जो भी मनोकामना रखते हैं, अगर उसे कहते हैं, तो वह जरूर पूरी होती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मनुष्य को पांच सहस्त्र वर्ष तपस्या करने से जिस पुण्य का फल प्राप्त होता है, वही पुण्य श्रद्धापूर्वक रात्रि जागरण सहित सफला एकादशी का उपवास करने से मिलता है। पुराणों में सफला एकादशी की कथा का महत्व बताया गया है। इसके अनुसार लुम्पक जैसे महापापी को भी भगवान श्रीहरि की कृपा से वैकुण्ठ की प्राप्ति हुई थी।

बेहद खास है सफला एकादशी का व्रत : सफला एकादशी का व्रत बहुत शुभ माना जाता है, जो पौष महीने के कृष्ण पक्ष में पड़ता है। इस साल यह 15 दिसंबर को मनाई जाएगी। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा का विधान है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, इस दिन भगवान शिव की पूजा और शिवलिंग पर जलाभिषेक करने का बड़ा महत्व है। ऐसा माना जाता है कि एकादशी पर भगवान विष्णु के साथ-साथ उनके आराध्य भगवान शिव की पूजा का भी बड़ा महत्व है।

पूजा विधि: व्रत से एक दिन पहले दशमी तिथि की शाम को सात्विक भोजन करें। एकादशी की सुबह स्नान करके हाथ में जल लेकर व्रत का संकल्प लें। भगवान विष्णु की प्रतिमा स्थापित करें। उन्हें पीले वस्त्र, पीले फूल, और तुलसी दल अर्पित करें। विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें। केला, मिठाई और पंचामृत का भोग लगाएं। ध्यान रखें कि एकादशी पर चावल का सेवन पूरी तरह से वर्जित है। इस दिन जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र और धन का दान करें। अगले दिन यानी द्वादशी तिथि पर शुभ मुहूर्त में ब्राह्मणों को भोजन कराकर और दान देकर व्रत का पारण करें।

सफला एकादशी 2025 शुभ मुहूर्त

- पंचांग के अनुसार सफलता एकादशी पर अभिजीत मुहूर्त बन रहा है। यह मुहूर्त दोपहर में 11 बजकर 56 मिनट से शुरू हो रहा है जो कि 12 बजकर 27 मिनट तक रहेगा। इस समय में आप पूजा-अर्चना कर सकते हैं

कविता, संवेदना और संवाद से सजा मंच

- मेटाफर लिटफेस्ट 2025 के दूसरे दिन आंगन की आवाजें काव्य सत्र से साहित्यिक संवाद का सशक्त आरंभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मेटाफर लिटफेस्ट 2025 के दूसरे दिन का शुभारंभ नवल किशोर रोड स्थित ला प्रेस के बैठक कक्ष में आयोजित काव्य पाठ सत्र आंगन की आवाजें से हुआ।

यह सत्र कविता, संवेदना और संवाद का सजीव मंच बनकर उभरा, जिसने श्रोताओं को भीतर तक छूलिया। सत्र का संचालन डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की अंग्रेजी की शिक्षिका डॉ. अलका सिंह ने किया। उन्होंने अपनी कविता आंगन का पाठ करते हुए कहा, यह आंगन—अंतरिक्ष तक फैला हुआ है। यहाँ जीवन की हर आवाज, हर रंग, हर तन्हाई, हर संघर्ष, हर संवाद संजोया जाता है और एक पूरी दुनिया रचता है—जहाँ हम कभी पात्र हैं, कभी दर्शक और कभी एक कविता की पंक्ति बनकर डॉ. अलका सिंह की एक अन्य प्रभावशाली कविता वो कौन हैं जो महिला अधिकारों की बात करेंगे, वे कौन हैं जो मानवाधिकार पर विचार करेंगे, समाज और कार्यस्थलों में व्याप्त पक्षपात, विसंगतियों और चुप्पियों को बेबाकी से उजागर किया। यह कविता श्रोताओं के मन-मस्तिष्क को झकझोरती हुई विशेष रूप से महिला दर्शकों की जुबान पर चढ़ गई।

सत्र में उपस्थित कवयित्री नमिता सचान ने अपनी कविता डराओ मत का सशक्त काव्य पाठ किया, वहीं उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान की मुख्य संपादक अमिता दुबे ने आंगन की अभिव्यंजना जैसी कविताओं सहित अपनी अन्य रचनाएँ प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावनात्मक रूप से जोड़ दिया। कवयित्री तोषनी की कविता लिख लेती हूँ ने भी दर्शकों से भरपूर सराहना और तालियाँ बटोरीं। सभी कवियों को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित विद्या बिंदु सिंह ने मेटाफर लिटफेस्ट स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। यह काव्य सत्र केवल कविता पाठ तक सीमित न रहकर दर्शकों के साथ संवाद और आंगन की व्यापक अभिव्यक्ति पर विचार का मंच बन गया। कविता की संवेदनशीलता, सामाजिक चेतना और मानवीय अनुभवों को स्वर देता यह सत्र काव्य विधा की अमरता और उसकी समकालीन प्रासंगिकता का सशक्त प्रमाण बना। मेटाफर लिटफेस्ट 2025 का यह सत्र साहित्य प्रेमियों के लिए एक यादगार और प्रेरक अनुभव के रूप में अंकित हुआ।

दुधवा नेशनल पार्क के लिए किफायती जंगल सफारी टूर पैकेजों की सुविधा

दुधवा टूर पैकेज से इको टूरिज्म और जंगल सफारी को मिलेगा बढ़ावा : जयवीर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। दुधवा नेशनल पार्क की हरियाली, रोमांच से भरे जंगल सफारी अनुभव और दुर्लभ वन्य जीवों की झलक को अब पर्यटक पहले से कहीं अधिक आसान और किफायती तरीके से देख सकेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने सैलानियों, परिवार के सदस्यों और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक रात, दो दिन के पांच विशेष बजट पैकेज तैयार किए हैं। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

मंत्री ने बताया कि श्यूपीएसटीडीसी की ओर से तैयार टूर पैकेज पर्यटकों को दुधवा नेशनल पार्क के प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता को करीब से अनुभव करने का मौका देगा। यह बजट पैकेज उत्तर प्रदेश में इको टूरिज्म, जंगल सफारी और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देगा। राजधानी लखनऊ के होटल गोमती से 15 दिसंबर से शुरू होने वाले इस टूर पैकेज से संबंधित विशेष जानकारी यूपीएसटीडीसी की वेबसाइट www.upstdc.co से प्राप्त होगी। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) की ओर से तैयार दुधवा बजट पैकेज अधिकतम आठ यात्रियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। टेम्पो ट्रैवलर से सफर की शुरुआत होगी, जिसका प्रति व्यक्ति किराया 6,175 रुपये (05 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त) होगा। दो दिनी यात्रा के पहले दिन लखनऊ स्थित होटल गोमती से सुबह 08 बजे टेम्पो ट्रैवलर यात्रियों के साथ दुधवा के लिए रवाना होगा। दोपहर 01:30 बजे दुधवा पहुंचकर होटल में लंच और रात 08 बजे रात्रि भोजन के बाद पर्यटक आराम करेंगे। दूसरे दिन सुबह 06:00-10:00 बजे तक पर्यटक जंगल सफारी का आनंद लेंगे। तत्पश्चात सुबह 11 बजे वापसी के लिए लखनऊ रवाना होंगे। दंपति के साथ पांच वर्ष आयु तक के बच्चे मुफ्त में सफर कर सकते हैं। स्टैंडर्ड जंगल सफारी पैकेज अंतर्गत चार यात्रियों का दल सेडान कार से होटल गोमती से दुधवा के लिए रवाना होगा। एक रात और दो दिन वाले सफर में प्रति व्यक्ति किराया 6,500 रुपये (05 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त) होगा। इस पैकेज में भी पहले दिन पर्यटक दोपहर 12 बजे दुधवा होटल पहुंचेंगे और दिन-रात के भोजन उपरांत आराम करेंगे। अगले दिन सुबह 06 बजे से 10 बजे तक जंगल सफारी का आनंद लेंगे और नाश्ते के बाद लखनऊ के लिए वापस लौट जाएंगे। यूपीएसटीडीसी की ओर से तैयार प्रीमियम वाइल्ड लाइफ एक्सपीरियंस पैकेज छह पर्यटकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस पैकेज के लिए प्रति व्यक्ति किराया 6,000 रुपए (05 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त) देने होंगे। इनोवा से लखनऊ से रवाना दल दोपहर 12 बजे दुधवा पहुंचेगा। लंच के बाद पर्यटकों का दल गाइड के साथ फॉरेस्ट वॉक करते हुए व्याख्या केंद्र का भ्रमण करेगा। अगले दिन सुबह 06-10 बजे तक जंगल सफारी का आनंद लेने के बाद वापस लखनऊ लौट जाएंगे।

विद्यार्थियों के लिए 4,751 रुपये का पैकेज

लखनऊ से दुधवा तक का यह पैकेज विशेष रूप से स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। टेम्पो ट्रैवलर से सफर के दौरान दो शिक्षक और एक स्टाफ साथ रहेंगे।

अन्य पैकेज की तरह दुधवा पहुंचने के बाद विद्यार्थी लंच करेंगे और खेल सहित अन्य गतिविधियों में शामिल होंगे। शाम में चाय और रात के भोजन के उपरांत आराम करेंगे। अगले दिन जंगल सफारी और नाश्ते के बाद वापस लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। इस पैकेज के लिए प्रति व्यक्ति 4,751 रुपये (05 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त) भुगतान करना होगा। इस समूह में कम से कम 20 विद्यार्थी होंगे। दुधवा बजट पैकेज में कम से कम चार पर्यटक होंगे, जिसका किराया प्रति व्यक्ति 4,950 रुपये (05 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त) तय किया गया है। इस पैकेज में अन्य की ही तरह सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। लखनऊ-दुधवा-लखनऊ का यह किफायती पैकेज पर्यटकों को कम बजट में बेहतर सुविधाओं के साथ मिलेगा।

लखनऊ-दुधवा यात्रा पैकेज की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सुविधा है। यात्रा पैकेज में पर्यटकों के ठहरने के लिए जंगल से मात्र डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर आरामदायक होटल की व्यवस्था की गई है, जिससे प्रकृति का अनुभव और भी नजदीक से लिया जा सकेगा। यात्रा के दौरान स्वादिष्ट भोजन, प्रति यात्री दो पानी की बोतल, चाय की चुस्कियों के साथ अलाव (बोनफायर) का आनंद, अनुभवी गाइड और रोमांच से भरपूर जंगल सफारी भी पैकेज में शामिल है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति अमृत अभिजात ने बताया कि दुधवा नेशनल पार्क के लिए तैयार किए गए ये विशेष बजट राज्य में इको-टूरिज्म और वाइल्ड लाइफ टूरिज्म को नई दिशा देंगे। यूपीएसटीडीसी का उद्देश्य है कि पर्यटकों को सुरक्षित और किफायती यात्रा अनुभव उपलब्ध कराया जाए, ताकि परिवार, विद्यार्थी और प्रकृति प्रेमी उत्तर प्रदेश की जैव विविधता को नजदीक से महसूस कर सकें। दुधवा जैसे प्राकृतिक धरोहर स्थलों के माध्यम से स्थानीय रोजगार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सतत पर्यटन को भी मजबूती मिलेगी।

लोकतंत्र को कम करके नहीं बल्कि बढ़ाकर ही पुनः बहाल किया जा सकता है

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। साहित्य उत्सव मेटाफर लखनऊ लिटफेस्ट में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी डॉ. एपी माहेश्वरी के साथ उनकी पुस्तक 'मास्टर ऑफ द रिंग'पर गहन चर्चा हुई।

लोक-प्रशासन की कार्यप्रणाली और एक आदर्श शासक के गुणों पर प्रकाश डालने वाली शाश्वत गाथाओं से शुरू होकर, चर्चा जल्द ही प्रतीकात्मक कथाओं के पीछे घटित वास्तविक जीवन की घटनाओं की ओर मुड़ गई। वरिष्ठ पत्रकार, स्वर्गीय कुलदीप नैयर ने पुस्तक पर अपने विचारों को व्यक्त करते हुए लिखा, 'महेश्वरी ने राष्ट्र की दुर्दशा को उजागर करने का प्रयास किया है। उनका मानना हैकि 'राजा निर्वस्त्र है'। जब देने के लिए वस्त्र ही शेष न रह गये हों तो उसे वस्त्र कैसे दिए जाएं? महेश्वरी की पुस्तक के पात्र जानवर हैं। लेकिन वास्तविक दुनिया में वे पुरुष और महिलाएं हैं। वे मंत्री, विधायक, नौकरशाह, न्यायाधीश, पुलिसकर्मी या अन्य हैं। वे सभी इस गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार हैं। अपने व्यक्तिगत या राजनीतिक लाभ के लिए, उन्होंने खेल के नियम बदल दिए हैं, ठीक वैसे ही जैसे जंगल के शक्तिशाली जानवर करते हैं।' उत्तर प्रदेश में पहली बार ऐसा हुआ था कि सत्ताधारी दल, यानी काबिज सरकार ने, राज्य बंद का आह्वान किया।

शीर्ष स्तर से आदेशानुसार राज्य-परिवहन और स्कूल सुनियोजित तरीके से बंद कर दिए गए। कार्यस्थल पर न पहुँच पाने की स्थिति में सरकारी कर्मचारियों को विशेष अवकाश दिया गया। सत्ताधारी राजनीतिक दलों के जमीनी कार्यकताओं ने जनजीवन को ठप्प कर दिया। जब कार्यपालिका न्यायपालिका को बचाने में विफल रहती है, तो यह एक गंभीर संवैधानिक संकट होता है। सवाल-जवाब सेशन के दौरान माहेश्वरी ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डेटा कंट्रोल, डेटा और अक एथिक्स और नियमों की तैयारी पर जोर दिया। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी अविलम्ब जरूरी होता जा रहा है। स्पेस लेवल के कंट्रोल से और भी खतरे पैदा होंगे। माहौल अस्थिर और गतिशील है। लेकिन टेक्नोलॉजी खुद ही विनाशकारी होती है। इसलिए जवाबी कदम उठाना लाजमी है।

दया के घर में शुरू हुआ येशु मसीह जन्म उत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बेतहसदा फैलोशिप ट्रस्ट (दया का घर) द्वारा मसीह यीशु का जन्म उत्सव का आयोजन रविवार को बंथरा किया गया। इस मौके पर बिशप डाक्टर आर सी शेत ने कहा कि यीशु मसीह ने जनमानस के कल्याण और मानव जीवन बचाने, जाति-पांति, ऊँच-नीच , अधार्मिकता , पाप को जड़ से समाप्त करने, शांति स्थापित करने, और पाप के दासता से मानव को मुक्ति देने के लिए लिए स्वयं स्वर्ग से उतर कर मानव रूप में जन्म लिया और अपना जीवन मानव कल्याण के लिए दे दिया, ताकि आकाश में परमेश्वर की महिमा और मनुष्यों में शांति स्थापित हो ।इसीलिए आज हम येशु मसीह का जन्म उत्सव का आयोजन कर रहे हैं। इस अवसर पर एकत्रित सैकडो लोगो ने येशु मसीह के जन्म दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों , झाकियों, गीतों और सामूहिक नृत्यों द्वारा मसीह की महिमा की। इस कार्यक्रम में दिल्ली, केरल, मुंबई, आदि स्थानों से मुख्य वक्ताओं ने मसीह के जन्म लेने के रहस्यों और ईश्वर के उद्धार की योजना मानव जाति का कल्याण करने वाले संदेश सुनाए।

दया का घर द्वारा इस तरह के कार्यक्रम 25 दिसंबर तक प्रतिदिन लगभग दस अलग अलग स्थानों पर आयोजित किया जयेगा। बिशप डाक्टर आर सी शेत के द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमे पास्टर अजय पास्टर मनीष, पास्टर विनोद, पास्टर रामचन्द्र, पास्टर राजेश, पास्टर मयंक डेविड, राजा भैया, रंगीलाल, पप्पू भाई, डॉ. आर्थर कोकर, डॉ. सुनीता कोकर, आदि लगभग 50 सेवको एवं अन्य मतावलंबियो ने कार्यक्रम के पावन अवसर में सिरकत की।

मदर सेवा संस्थान ने मनाया अपना 21वां स्थापना दिवस

लखनऊ। मदर सेवा संस्थान ने मनाया कोटवा वार्ड न. दस बीकेटी मे मनाया अपना 21वां स्थापना दिवस ' इस अवसर पर सभी ने मिलकर केक काटा व बाल एवं युवा साथियों ने 9 माह की अपनी यात्रा की चर्चा की ' संस्थान के सचिव ने 21 साल के सफर और विगत वर्षो के कार्यक्रमों की सफ ? पर चर्चा की ' युवाओं मे 28 दिसम्बर को कांस्टीटियूशन यूथ फेयर की संयोजन समिति का गठन हुआ जिसमे अंकेश, राजवीर, सुधीर, रूचि, प्राची, वैष्णवी, लवकुश, रोमी, कृष्णा, अनुराग, अंजलि, श्रीकांत एवं अमन बने ' सभी ने कार्यक्रम की तैयारी पर अपनी अपनी बात रखी ' नाटक जनता की आवाज का मंचन जनगीत, नृत्य आदि की तैयारी पर बच्चों ने अपनी बात रखी ' ये जानकारी संस्थान के सचिव महेश चंद्र देवा ने दी।

वी हेल्प फाउंडेशन की किया झुग्गी पाठशाला का परिणाम घोषित

लखनऊ। वी हेल्प फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे बालागंज में विशेष अभियान झुग्गी पाठशाला के द्वारा बस्तियों में रहने वाले अशिक्षित एवं वंचित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आज परीक्षाफल परिणाम घोषित किया गया इस अभियान के अंतर्गत अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों को पुस्तक के स्टेशनरी अध्ययन सामग्री तथा अन्य सभी आवश्यक शैक्षणिक सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई गई संस्था के संस्थापक नावेद अहमद ने बताया कि बच्चे बच्चे होते हैं चाहे वह अच्छे घर में रहता हो या झुग्गीझ्र झोपड़ी में यदि उसे सही मार्गदर्शन और अवसर मिल जाए तो झुग्गी में रहने वाला बच्चा भी आईएएसझ्रआईपीएस जैसे ऊंचे मुकाम तक पहुंच सकता है। यही सपना मैंने देखा है 2024 से महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के आशीर्वाद से उसी को साकार करने का प्रयास कर रहा हू बाकी सफलता ईश्वर के हाथ में है इस अवसर पर मौलाना खालिद रशीद साहब फिरंगी महली, अब्बास अली महदी वी.सी. ऐरा यूनिवर्सिटी, प्रोफेसर शाउदुल हसन, उबैद अहमद, जावेद अहमद, सबीहा अहमद सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

वर्तमान के मेधावी छात्र देश के भविष्य का गौरव : प्रमोद शर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कैसरबाग स्थित गाँधी भवन प्रेक्षागह में रविवार को श्री भट्ट ब्राहमण सभा लखनऊ द्वारा मेधावी छात्र सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।

समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर मुख्य अतिथि के रूप में छावनी परिषद उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा एव विशिष्ट अतिथि भा०ज०पा० युवा नेता व रक्षामंत्री के पुत्र नीरज सिंह तथा आर्म्स फोर्स ट्रिब्यूनल चण्डीगंढ के न्यायमूर्ति उमेश चन्द्र शर्मा सहित सभा के अध्यक्ष अजय कुमार राय व महामंत्री सत्येन्द्र शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का आगाज सभा की सांस्कृतिक टीम के बच्चों द्वारा संरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के लगभग 35 छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने हेतु मेधावी छात्र सम्मान से सम्मानित किया गया तथा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा सभा की स्मारिका का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मेधावी छात्र को सम्बोधित करते हुये छावनी परिषद उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने कहा कि आज आप केवल मधावी छात्र ही नही बल्कि हमारे राज्य व देश का उज्ज्वल भविष्य है।

भाजपा सरकार भी हमेशा शिक्षा को प्राथमिकता देती आयी है तथा सरकार मुख्यमंत्री विद्यार्थी योजना के माध्यम से मद्द करके मेधावियों को आगे बढ़ने का पूरा अवसर दे रही है। विशिष्ट अतिथि के रूप में नीरज सिंह ने समारोह को सम्बोधित करते हुये कहा कि मनुष्य को जीवन में हमेशा कुछ न कुछ सीखते रहने की प्रवृत्ति रखनी चाहिये। इसी प्रवृत्ति के कारण मैं खुद आज भी अपने आप को छात्र ही मानता हूँ। आप लोगो की कड़ी मेहनत, लगन और सम्पर्ण से साबित होता है कि प्रतिभा और परिश्रम का संगम ही सफलता की कुंजी है।

विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति उमेश चन्द्र शर्मा ने अपने उदबोधन में उदाहरण देते हुये कहा कि हमें अपने लक्ष्य प्राप्ति हेतु अर्जुन की भांति केवल मछली ही आँख ही दिखायी देनी चाहिये। उन्होने मेधावी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाये देते हुये कहा कि आप भविष्य में देश की सेवा करते हुये सितारों की तरह चमकते रहे। समारोह में भट्ट ब्राहमणों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक संध्या में मनमोहक नृत्य, झॉकी व नाटके आदि के माध्यम से खूब धमाल मचाया गया व तालियां बटोरी गई।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मेजर वीरेन्द्र शर्मा, के० डी० शर्मा, राम मणि शर्मा, हेमराज भट्ट, कमल किशोर शर्मा, बी० डी० शर्मा, जीतेन्द्र शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, सत्येन्द्र कुमार शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, पद्म रंजन भटट, अविनाश शर्मा योगेश चन्द्र भट्ट, भारत कुमार शर्मा वीरेन्द्र भट्ट, प्रभात शर्मा, हरीश चन्द्र भट्ट, विकास शर्मा, मुकेश शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, दीपक मणि भट्ट, प्रदीप कुमार शर्मा अतुल कुमार शर्मा, हरिहर प्रसाद शर्मा विनीत भट्ट व राम आशीष शर्मा आदि को उनके विशिष्ट योगदान हेतु सभा के अध्यक्ष अजय राय के द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।

बाल क्रिकेटरों का हुनर देख रोमांचित हुए दर्शक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस द्वारा आयोजित किये जा रहे सात-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय स्कूल क्रिकेट लीग ह्यआई.एस.सी.एल.-2025ह्न के दूसरे दिन आज देश-विदेश से पधारे बाल क्रिकेटरों का हुनर देख दर्शक रोमांचित हो गये।

आई.एस.सी.एल.-2018 के दूसरे दिन आज आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, नेपाल एवं देश के विभिन्न प्रान्तों से पधारी क्रिकेट टीमों ने अपने शानदार खेल से किक्रेट प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया, साथ ही खेल प्रतिभा का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आई.एस.सी.एल.-2025 के अन्तर्गत आज कुल 8 मैच खेले गये जिनमें तीन-तीन मैच सी.एम.एस. कानपुर रोड स्टेडियम एवं स्पोर्टस गैलेक्सी ग्राउण्ड-बी पर जबकि दो मैच पार्थ स्टेडियम में खेले गये। आई.एस.सी.एल.-2025 के दूसरे दिन प्रात.कालीन सत्र में आज सी.एम.एस. स्टेडियम में मैम्स एलाइट टाइगर्स (मैम्स उत्तराखंड) एवं डी.ए.वी. रिन्होस (डी.ए.वी. नेपाल) का मुकाबला हुआ, जिसमें डी.ए.वी. नेपाल ने 125 रनों की जोरदार जीत दर्ज की। डी.ए.वी. नेपाल की ओर से कप्तान दीपक डुमरे ने मात्र 47 गेदों पर 8 चौकों और 15 छक्कों की मदद से 131 रनों की आतिशी पारी खेली। इस मैच में डी.ए.वी. नेपाल ने 20 ओवरों में 262 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया जबकि मैम्स एलाइट टाइगर्स (मैम्स उत्तराखंड) 16.1 ओवर में 149 रन पर सिमट गई। इसी प्रकार, पार्थ रिपब्लिक स्टेडियम में खेले गये धांगधी ड्रीमर्स (एस.पी.ए. नेपाल) ने आर.सी.ए. सुपर स्टार्स (श्रीलंका) को 9 विकेट से हराया। नेपाल की ओर से किरन धामी ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 4 ओवरों में मात्र 10 रन देकर 3 विकेट हासिल किये।

युवा महाकुंभ में 51 युवा कवियों का हुआ सम्मान

लखनऊ। युवा साहित्य मंच द्वारा बीकेटी स्थित एसआर इंटरनेशनल स्कूल एंड स्पोट्र्स अकादमी के विक्रम साराभाई सभागार में रविवार को युवा महाकुंभ कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर 51 युवा कवियों ने कव्य पाठ किया और इन सभी को सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन में देशभर से आये ऊजार्वान युवा कवियों ने अपनी रचनाओं से साहित्यिक वातावरण को जीवंत बना दिया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार आत्म प्रकाश मिश्र व आईईटी के रजिस्ट्रान डॉ प्रदीप बाजपेई ने युवा साहित्यकारों की भूमिका, समकालीन साहित्य में उनकी सृजनात्मक भागीदारी और ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के चेयरमैन व एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि इस तरह का आयोजन कॉलेज के प्रांगण में होना सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक व संयोजक अमित अनपढ़ समेत बड़ी संख्या में छात्र व साहित्य प्रेमी मौजूद रहे।

व्यापार मण्डल ने गरीब परिवार की कन्या का कराया विवाह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मण्डल परिवार द्वारा एक निर्बल परिवार की कन्या का विवाह हीरा लाल कालोनी स्थित शिव मंदिर पर संपन्न कराया गया ।जिसमे संगठन के सभी सदस्यों द्वारा भरपूर सहयोग किया गया। प्रदेश अध्यक्ष माननीय ओम प्रकाश शर्मा जी ने वर वधू को आशीर्वाद दिया और यथोचित गृहस्थी का सामान देकर विदा किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव दिलीप द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल सिंह, राजेश प्रताप दुबे उपाध्यक्ष एयरपोर्ट व्यापार मण्डल, विधानसभा प्रभारी जितेंद्र कुमार हजेला विधानसभा अध्यक्ष मनोज यादव, बजरंगी यादव,विधानसभा प्रभारी महिला प्रकोष्ठ हेमलता सिंह, विधानसभा संगठन मंत्री महिला प्रकोष्ठ प्रेम लता श्रीवास्तव, अमृता सिंह, कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह रावत एवं अन्य सामाजिक लोगों ने अपना अमूल्य समय और योगदान दिया। जिसका संगठन आभार व्यक्त करता है।

नेशनल यूनानी डॉक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने लखनऊ में किया सेमिनार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नेशनल यूनानी डॉक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से सेमिनार, नुडवाकॉन 2025 और जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन लखनऊ में किया गया जिसमें निदेशक यूनानी उत्तर प्रदेश सरकार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन में प्रदेश एवं देश भर से भारी संख्या में यूनानी चिकित्सक शामिल हुए। सेमिनार में जामिया हमदर्द दिल्ली से हकीम मोहम्मद अख्तर सिद्दीकी ने लीवर सिरोसिस में यूनानी दवाओं की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए बताया कि यूनानी इलाज से मरीज की बीमारी को कंट्रोल करके लीवर ट्रांसप्लांट से बचाने की कोशिश की जा रही है। सेमिनार में चेन्नई से राजकीय यूनानी कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य हकीम इमामुद्दीन ने डायबिटिक फुट पर ऑनलाइन व्याख्यान दिया एवं स्टेट यूनानी मेडिकल कॉलेज प्रयागराज के प्रोफेसर कमरूल हसन लारी ने प्रभावी संवाद और ध्यान से सुनना संपूर्ण इलाज (होलिस्टिक हीलिंग) के लिए जरूरी कौशल विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो जमाल अख्तर निदेशक यूनानी सेवाएं उत्तर प्रदेश ने बताया कि सरकार की नीतियों के अनुरूप एवं आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु के निदेर्शानुसार यूनानी की तरक्की के लिए यूनानी निदेशालय लगातार कार्य कर रहा है उन्होंने बताया कि यूपी लोक सेवा आयोग द्वारा 2 लेक्चरर, 3 प्रोफेसर एवं 27 मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति कर दी गई एवं बहुत जल्द और भी नियुक्तियां की जा रही हैं इसके अलावा जल्द ही यूनानी का तीसरा राजकीय कॉलेज बरेली में चालू हो जाएगा इसके अतिरिक्त 5 एकीकृत आयुष कॉलेज की स्थापना, यूनानी चिकित्सालयों के उन्नयन, अनवरत दवा सप्लाई के लिए वर्तमान सरकार द्वारा उचित कदम उठाए गए हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ एस मुईद अहमद एवं संचालन डॉ सलमान खालिद ने किया।

फुटबॉल चैम्पियनशिप फाइनल में सीएमएस और स्टेला मेरिस की टीमों ने बनायी जगह

लखनऊ। सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों एवं फुटबॉल क्लबों के बीच जारी इंटर स्कूल एवं इंटर क्लब फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमी फाइनल मुकाबलों का आयोजन रविवार को कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी स्थित जय जगत पार्क ग्राउंड में किया गया। इंटर स्कूल टीम के मुकाबले चिरंजीवी भारती एवं सीएमएस कानपुर रोड तथा स्टेला मेरिस एवं एलपीएस वृन्दावन योजना के बीच खेले गए। इन दोनों मुकाबलों में सीएमएस और स्टेला मेरिस टीमों ने शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।

इंटर क्लब टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबले लखनऊ सिटी फुटबॉल क्लब एवं हॉकिन्स फुटबॉल क्लब तथा टेक्ट्रो फुटबॉल क्लब व व्हाइट ईगल फुटबॉल क्लब टीम के बीच खेले गए। इन मुकाबलों में हॉकिन्स फुटबॉल क्लब और टेक्ट्रो फुटबॉल क्लब ने फाइनल में जगह पक्की की। बता दें कि इस मुकाबलों का आयोजन



विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से संचालित सरोजनी नगर स्पोर्ट्स लीग एवं राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा की ओर से सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत किया जा रहा है। लीग के आठवें चरण में आयोजित इस बास्केटबाल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता के अंतर्गत इंटर स्कूल तथा इंटर क्लब फुटबॉल, क्रिकेट एवं बास्केटबॉल चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में इंटर स्कूल श्रेणी की 20 टीमें और इंटर क्लब श्रेणी की 21 टीमें हिस्सा ले रही हैं। विजेता टीम को 50,000 रुपये तथा उपविजेता टीम को 25,000 रुपये की नगद पुरस्कार राशि दी जाएगी। गौरतलब है की युवाओं को फिट, एक्टिव रखने उन्हें खेल संसाधन तथा प्लेटफॉर्म दिलाने के उद्देश्य से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा शुरू की गयी सरोजनी नगर स्पोर्ट्स लीग की शुरूआत 4 दिसंबर 2022 को अंडर 19 गर्ल्स बास्केटबाल टूनामेंट के आयोजन के साथ की गयी, जिसमें विभिन्न विद्यालयों की करीब 200 छात्राओं ने हिस्सा लिया। दूसरे चरण में इंटर क्लब और इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें करीब 3,500 खिलाडियों ने हिस्सा लिया, तीसरे चरण में फुटबॉल टूनामेंट, चौथे चरण में वॉलीबॉल चैंपियनशिप, पांचवे चरण में इंटर मंडल क्रिकेट चैम्पियनशिप और छठे चरण में इंटर क्लब और इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया।

संक्षेप

भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयां

अयोध्या। नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पंकज चैधरी को नया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर अयोध्या में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया गया। रोडवेज बस स्टेशन परिसर में पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल एवं जिला पंचायत सदस्य इंद्रभान सिंह के नेतृत्व में पार्टीजनों के साथ-साथ आम राहगीरों को भी मिठाइयां बांटी गईं। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और संगठन के समर्थन में नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं की कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरने वाला निर्णय बताया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि नितिन नबीन का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना भाजपा संगठन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

मिठाई खिलाकर भाजपाइयों ने किया खुशी का इजहार

बांदा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन व घोषणा का जिला कार्यालय में लाइव प्रसारण देखा गया। राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय सभागार लखनऊ में भव्य कार्यक्रम के बीच प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा की गई। जिला कार्यालय में भाजपाईयों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर व पटाके फोड़कर खुशी का इजहार किया। जिला उपाध्यक्ष प्रेमनारायण द्विवेदी, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, महामंत्री अखिलेशनाथ दीक्षित, उत्तम सक्सेना, ममता मिश्रा ने सात बार के सांसद और केन्द्रीय वित्तमंत्री पंकज चैधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने को संगठन की एकता, अनुशासन और विश्वास का प्रतीक बताया। कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी और अधिक सशक्त होगी तथा पार्टी जनसेवा, सुशासन और विकास के संकल्प को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाएंगे। वह 1991 से लगातार सांसद बनने के बाद सातवीं बार केन्द्रीय मंत्री बने। पंकज चैधरी के अध्यक्ष बनने से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को नई धार मिलेगी, संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने तथा केंद्र व प्रदेश समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी साथ ही संगठन नई ऊर्जा और दृढ संकल्प के साथ जनसेवा की भावना को और अधिक सशक्त करेगा एवं सेवा समर्पण और सुशासन के नये मानक स्थापित करेगा। इस दौरान जागृति वर्मा, पंकज रैकवार, संतू गुप्ता, रंजना श्रीवास्तव, अनीता शुक्ला, राजेश गुप्ता रज्जन, लखन राजपूत, संतोष राजपूत, पप्पू श्रीवास्तव, दीपक राजपूत, प्रेम स्वरुप द्विवेदी, प्रेम नारायण पटेल, प्रांजल मिश्रा व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कृषि विवि के सुरक्षा अधिकारी द्वारा विद्युत कर्मी को पीटे जाने का मामला गरमाया

मिल्कीपुर-अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के विद्युत विभाग में फिक्स मानदेय पर काम कर रहे विद्युत कर्मी को विश्वविद्यालय के प्रभारी सुरक्षा अधिकारी एवं एनडीए चैकी प्रभारी द्वारा बर्बरता पूर्वक पीटे जाने का मामला पूरी तरह से गरमा गया है। पीड़ित विद्युत कर्मी की पत्नी ललिता यादव द्वारा प्रभारी सुरक्षा अधिकारी सहित एनडीए चैकी प्रभारी के खिलाफ की गई शिकायत की जांच अब क्षेत्राधिकार मिल्कीपुर के स्तर पर पहुंच गई है। जहां उन्होंने बीते शनिवार की देर शाम पीड़ित महिला के घर पहुंच कर महिला सहित उसके पति के बयान दर्ज किए। जांच में पहुंचे क्षेत्र अधिकारी अजय कुमार सिंह ने पीड़ित परिवार को न्याय का भरोसा दिलाया है।

बताते चलें कि कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बरई पारा गांव निवासी बबलू यादव कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित बिजली विभाग में अस्थाई फिक्स मानदेय पर हेल्पर पद पर कार्यरत है। आरोप है कि बीते 9 दिसंबर को विश्वविद्यालय के कालिंदी एवं अमरावती छात्रावासों की लाइट खराब थी। जिसे बनाने के उपरांत वह अपनी बाइक से अपने घर के लिए निकले थे। बबलू यादव विश्वविद्यालय के ग्रेड नंबर 2 पर पहुंचे ही थे कि उन्हें विश्वविद्यालय के सुरक्षा प्रभारी डॉ विनोद सिंह ने रोक लिया था और उनकी जमकर पिटाई कर दी थी इसके बावजूद वे आपा खो बैठे थे।

सुरक्षा प्रभारी विनोद सिंह ने बबलू यादव की बाइक के दोनों चक्कों की हवा निकाल दिया था। उन्होंने एनडीए चैकी प्रभारी उप निरीक्षक हरिशंकर राय को भी बुला लिया और उन्होंने भी महिला के पति बबलू यादव को डंडों तथा थप्पड़ों से जमकर पीटा था। पीड़ित बबलू यादव की पत्नी ललिता यादव ने दोनों बेअंदाज कर्मियों के खिलाफ मुकदमा कायम किए जाने हेतु तहरीर दिया था। महिला ने शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि घटना का साक्ष्य विश्वविद्यालय के गेट नंबर 2 पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से प्राप्त किया जा सकता है। पीड़ित महिला की शिकायत मिलने के बाद थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने घटना की जांच थाने के सीनियर उप निरीक्षक धनीराम वर्मा को सौंप दिया था।

किसानों को 2 दिसंबर तक 587 लाख गन्ना मूल्य भुगतानः अधिशासी अध्यक्ष

कुशीनगर। ढाढा चीनी मिल हटा गन्ना समिति के किसानों को 2 दिसंबर तक 587 लाख रुपया गन्ना मूल्य भुगतान किसान के खाता में भेज दिया गया है। यह जानकारी अध्यक्ष आरके गुप्ता ने दी। श्री गुप्ता ने बताया कि 12 गन्ना समितियां के कृषकों को अब तक 2 दिसंबर तक 2976 लाख रुपया गन्ना मूल्य भुगतान उनके खाते में भेज दिया गया है। ग्राम धरमोली रामपुर मिश्री में आयोजित शरदकालीन गन्ना गोष्ठी में बताया कि समय से भुगतान मिलने से किसान कि सथिति मजबूत होगी। उपाध्यक्ष गन्ना रविंद्र सिंह ने बताया कि हायल पर्ची से सुधार समय से नियम से कराया जा रहा है किसान को कोई परेशानी नहीं हो रही है। पूर्व सहायक निदेशक गन्ना विशेषज ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि शरदकालीन गन्ना की बुवाई करें। जमाव के लिए तापक्रम अनुकूल है। बीज गन्ना को फफूंद नाशक हेक्सा स्टॉप से उपचारित करें को 0 118 कोलक 1401 कोश 13235 कोलक 16201 को पी 9301 कि बुबाई करे। पूर्व सहायक निदेशक ने ग्राम तितला के किसान शपरमहंस गुप्ता के खेत पर जाकर कैन प्लांट से बुवाई करते हुए खेत देखा। उप गन्ना प्रबंधक नागेंद्र राणा ने कहा कि रामपुर मिश्री गांव में लक्ष्य 3:30 एकड़ का था 3 एकड़ बुबाई हो गई है। उप गन्ना प्रबंधक बिजय चौधरी ने बताया धमोली गांव में लक्ष्य 4 एकड़ था बुवाई 4 एकड हो गया। गन्ना प्रबंधक अभिषेक सिंह ने बताया अब हायल पर्ची की समस्या समाप्त हो गया है।

युवा कल्याण और प्रादेशिक विकास दल द्वारा आयोजित खेल का हुआ समापन

कुशीनगर। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग कुशीनगर द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत माननीय विधायक खेल स्पर्धा विधान सभा कुशीनगर के खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया।

बुद्ध इंटर कालेज कुशीनगर के खेल मैदान में प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुख्यअतिथि नपा कुशीनगर की अध्यक्षा किरन राकेश जायसवाल, एसडीए कसया डॉ संतराज सिंह बघेल द्वारा विजेता/उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल , ट्रॉफी,प्रमाण पत्र, टी शर्ट देकर सम्मानित किया। आयोजक आदित्य कुमार चन्द क्षेयु कल्याण एवं प्राविद अधिकारी कसया द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर, बुके व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन लेखपाल बृजेश मणि त्रिपाठी ने किया। कबड्डी, कुश्ती, फुटबॉल, जूडो का आयोजन किया गया।

कबड्डी सबजूनियर बालक वर्ग में सेमरा झुंगवा विजेता, उपविजेता, जूनियर बालक वर्ग में कसया विजेता, सेमरा घुसी उपविजेता, सीनियर बालक वर्ग में स्टेडियम विजेता, बुद्ध पीजी कॉलेज उपविजेता, जूडो सबजूनियर बालक वर्ग में मयंक पटेल यूपीएस कन्या कसया विजेता, शैलेश उपविजेता, सब जूनियर कबड्डी बालिका वर्ग में स्टेडियम कुशीनगर विजेता, केआईसी मल्लूडीह उपविजेता, जूनियर में स्टेडियम विजेता, फुटबॉल सीनियर बालक वर्ग में बुद्ध पीजी कालेज विजेता, सबजूनियर बालक वर्ग में वीना हॉस्पिटल विजेता रहा, सबजूनियर कुश्ती बालिका वर्ग में श्रेया ने सोनाली को आसमान दिखाया, बालक वर्ग में राहुल ने राधेश्याम, विश्वनाथ ने शिवराज, मुकेश यादव ने अमित को चित किया।

इस दौरान दिनेश तिवारी भोजपुरिया, बीसी रामाश्रय कन्नौजिया, हितेश कुमार, सीमा, बीरेंद्र कुमार, शेखावत, नथुनी, धर्मेंद्र कुमार सहित गणमान्य उपस्थित रहे। निर्णायक अमला प्रसाद, विजय बहादुर यादव, अरुणेश कुमार मिश्रा, महेश रजक, रमाशंकर सिंह, डी एन सिंह, संजय सिंह,संगीता राय, रविश जायसवाल, मूरत यादव, भोला यादव, सुजीत पांडेय द्वारा निभाई गई।

वार्षिक खेल प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

बरहज,देवरिया । जिले के भलुअनी क्षेत्र स्थित पिपरा खेमकरन में गर्ग इंटर कॉलेज की तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ । कार्यक्रम अध्यक्ष संजीव मिश्र प्रधानाचार्य डुमवलिया एवं मुख्य अतिथि बरहज विधायक दीपक मिश्र शाका ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की ।

विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य सुमन एवं स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी यूथ ब्रिगेड के संस्थापक सन्तोष मद्धेशिया वैश्य ने टॉस कराकर अखंडा ग्रुप और वसुधा ग्रुप के बीच कबड्डी प्रतियोगिता की शुरूआत कराई। जिसमें वसुधा ग्रुप विजेता रही ।स्वराज हाउस और एपीजे अब्दुल कलाम हाउस के बीच खो खो प्रतियोगिता हुई जिसमें एपीजे अब्दुल कलाम हाउस की छात्राएं विजेता रहीं ।

कक्षा दसवीं और कक्षा बारहवीं के छात्रों के बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता हुआ। जिसमें कक्षा दसवीं के छात्र विजई रहे ।विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा ताईक्वांडो में अदभुत खेल का प्रदर्शन किया गया ।विद्यालय परिवार ने अनूठी पहल करते हुए अतिथियों के हाथों विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं को पौधा प्रदान कर सम्मानित कराते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वृक्ष लगाएं जीवन बचाएं का संदेश दिया ।

विद्यालय के कोच अनीश यादव तथा ताइक्वांडो प्रशिक्षक अजीत की मुख्य भूमिका रही ।नन्हे मुन्ने नर्सरी के बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया ।अतिथियों ने छात्र छात्राओं की प्रतिभा को सराहते हुए पुरस्कृत किया साथ ही शानदार कार्यक्रम हेतु विद्यालय की प्रशंसा की ।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डा. एम त्रिपाठी, पत्रकार मनोज कुमार मद्धेशिया, प्रमोद मौर्या, पवन सिंह, राहुल गुप्ता, अजय उर्फ मुन्ना यादव, मोहन मद्धेशिया, पीतांबर यादव एवं हरिकेश यादव सहित अभिभावक व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे ।विद्यालय के प्रबंधक ज्ञानेश्वर शुक्ला ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया । प्रधानाचार्य विद्यासागर तिवारी ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।इस दौरान राजा शुक्ला, रवि रावत, अजय पांडेय सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।

हर बच्चे को पोलियो से सुरक्षित करना हम सबकी जिम्मेदारीः किरन राकेश जायसवाल

कसया, कुशीनगर। पोलियो मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने के उद्देश्य से पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा सराहनीय पहल करते हुए कंपोजिट कन्या विद्यालय, कसया में पोलियो बूथ स्थापित किया गया ।पोलियो बूथ का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल द्वारा बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर बच्चे को पोलियो से सुरक्षित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। एक भी बच्चा छूटे नहीं, यही इस अभियान की सफलता है। रोटरी के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि रोटरी इंटरनेशनल विश्व स्तर पर पोलियो उन्मूलन अभियान की अग्रणी संस्था रही है। इस अवसर पर रोटरी क्लब उपाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, उपाध्यक्ष विजय कृष्ण द्विवेदी, डॉ. श्याम बिहारी जायसवाल, डॉ. सुनील सिंह, अमरेंद्र नारायण सिंह, अखिलेश शर्मा, सदरे आलम, गौरव मद्धेशिया, डॉ. जेके पटेल, मोनू तिवारी, हेमंत गर्ग, दीपेश सिंह, दिनेश तिवारी भोजपुरिया सहित आशा कविता सिंह, उषा देवी उपस्थित रहीं।

समाचार पत्र वितरकों को ट्रैक शूट वितरित

बरहज,देवरिया। बढ़ती ठंड से समाचार पत्र वितरकों को के समक्ष आने वाली मुश्किलों को देखते हुए समाजसेवी अरविंद जायसवाल व राजन जायसवाल ने अपनी मां लालती देवी के हाथों वितरक बंधुओं को ट्रैक सूट प्रदान किया। लालती देवी ने कहा कि समाचार पत्र वितरक समाज के सजग प्रहरी होते है। बारिश हो या कड़ाके की ठंड या धूप समय से हमे अखबार मुहैया कराकर देश दुनिया की खबरों से रूबरू कराते है। इनके सहयोग में समाज के हर व्यक्ति को आगे आना चाहिए। इस दौरान विवेकानंद मिश्र, गुड्डू जायसवाल, वितरक विभूति पांडेय, मैनेजर गोंड़, विनोद कुमार, विपिन सिंह, रुदल आदि मौजूद रहे।

सपा युवा फ्रंटल संगठनों की बैठक आज

देवरिया। समाजवादी पार्टी के युवा फ्रंटल संगठनों समाजवादी युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, यूथ ब्रिगेड एवं छात्र सभा की संयुक्त बैठक 15 दिसम्बर दिन सोमवार को 11 बजे से जिला पार्टी कार्यालय बांस देवरिया में होगी।

उक्त बैठक में सभी युवा संगठनों के पदाधिकारी साथियों की समय से उपस्थिति अनिवार्य है। उक्त आशय की जानकारी सुयस जिलाध्यक्ष रणवीर यादव ने दी है।

आरक्षी के सराहनीय कार्य के लिए एसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

देवरिया। रामपुर कारखाना पर नियुक्त आरक्षी कुन्दन सोनकर 13 दिसंबर को जब विश्व भोजपुरी सम्मेलन ड्यूटी राजकीय इण्टर कालेज देवरिया जा रहे थे कि रास्ते में कसया ओवर ब्रिज के पास तीन लड़के नाम पता अज्ञात ने एक लड़के को चाकू मारने की नीयत से दौड़ा रहे थे। उक्त दृश्य को देखकर आरक्षी कुन्दन सोनकर ने अपनी मोटर साईकिल रोककर चाकू लेकर दौड़ा रहे तीन लड़को को पकड़कर उनसे चाकू छीन लिया। इतने में मौका पाकर वे तीनों लड़के वहां से भाग गये। जिनको पकड़ने के लिए आरक्षी कुन्दन सोनकर ने काफी प्रयास किया। लेकिन अकेला होने के कारण सभी लड़के मौके से भाग गये । आरक्षी कुन्दन सोनकर ने तत्परता दिखाते हुए उन तीनों लड़को से चाकू छीन लिया। जिससे उक्त अज्ञात लड़के की जान बची व बड़ी घटना होने से रोका गया। आरक्षी कुन्दन सोनकर द्वारा किये गये उक्त सराहनीय कार्य के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने आरक्षी कुन्दन सोनकर को 5 हजार रुपए नगद से पुरस्कृत किया एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान दिया।

भारत युवा संसद के तहत जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता संपन्न

कसया, कुशीनगर। 'नहीं पता कातिल का, घायल लोकतंत्र का नजारा है। यह लहू है लोकतंत्र का और कातिल है सबसे ऊंची कुर्सी। इसी भाव और आक्रोश रंजीत भंगिमा के साथ प्रतिभागियों ने विकसित भारत युवा संसद-2026 के तहत प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग करने हेतु कुशीनगर जनपद के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए छात्रों ने नोडल केंद्र बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर में आपातकाल के 50 वर्षः लोकतंत्र के लिए शिक्षा विषय पर जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता के समय अपनी बात आयोजन के समिति के समक्ष अपनी बात रखते हुए कही। छात्रा गार्गी ढाली ने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय बताया तो सारा खान ने इसे तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को तानाशाह बताया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कुशीनगर जनपद से कुल 39 प्रतियोगियों ने पंजीकरण कराया था जिसमें से 10 श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन प्रदेश स्तर पर विधानसभा में कुशीनगर का प्रतिनिधित्व करने हेतु किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ हुआ। जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता हेतु गठित तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल के सम्मानित सदस्य श्री प्रवीन गुंजन जी, डॉ सौरभ द्विवेदी और डॉ शंभू दयाल कुशवाहा रहे। कार्यक्रम का संचालन और अतिथियों का परिचय आयोजन समिति के संयोजक डॉ निगम मौर्य ने किया। जबकि स्वागत प्राचार्य प्रो विनोद मोहन मिश्र ने किया। प्राचार्य ने आयोजन समिति के अध्यक्ष के रूप में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन भी किया

।निर्णायक मंडल के वरिष्ठ सदस्य विख्यात समाजसेवी आदरणीय प्रवीण गुंजन जी ने सभी को प्रतियोगिता के नियम बताए तथा प्रदेश स्तर पर विधान सभा में प्रतिभाग करने वाले छात्रों के नाम की घोषणा की। उत्तर प्रदेश की विधानसभा में कुशीनगर का प्रतिनिधित्व करने हेतु चयनित छात्र छात्राओं के नाम -बासु प्रसाद गोंड, गार्गी ढाली, दुर्गेश कुमार यादव, दीपक कुमार पाण्डेय, मो गुलाब हुसैन, कृष्णानंद जायसवाल, सारा खान, कृष्णा कुशवाहा, नवनीत पाण्डेय, ममता गुप्ता है। जिला विद्यालय निरीक्षक कुशीनगर श्री श्रवण कुमार गुप्त के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित बसडिला इण्टर कालेज के प्राचार्य गिरिधर मौर्य ने चयनित सभी प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी तथा सभी को राष्ट्रीय स्तर पर कुशीनगर और संस्था का नाम करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ सौरभ द्विवेदी और डॉ शंभू दयाल कुशवाहा ने भी अपने विचार रखे। आभार ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी और आयोजन समिति के सदस्य डॉ पारस नाथ जी ने किया। इस अवसर पर संजय गोंड, घनश्याम मिश्र, फूलचंद गोंड, अविनाश यादव सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

डीजल टैंकर और सब्जी लदे ट्रक की भिड़ंत

फतेहपुर। जिले के थरियांव थाना क्षेत्र के ठल2 में सब्जी लदा ट्रक डीजल के टैंकर में टक्कर मार पलट गया। ट्रक चालक और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें कई घंटे के रेस्क्यू के बाद बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां घायलों का इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि डीजल टैंकर कानपुर से प्रयागराज की ओर सोनभद्र जा रहा था तभी पीछे से सब्जी लदा ट्रक डीजल टैंकर से टकरा गया। जिससे डीजल पूरे हाइवे में फैल गया।

जहां डीजल भरने वाले ग्रामीणों, वाहनचालकों का हुज्जम इक्कठा हो गया। सब्जी भरा ट्रक डीजल टैंकर से टकराकर पलट गया जिससे ट्रक में लदी सब्जी रोड पर बिखर गई जब कि खलासी व चालक केबिन में फंस गए जिन्हें पुलिस ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला और हॉस्पिटल में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड पहुंची तो डीजल भर रहे लोगो को मौके से भगाया ।जहां पुलिस ने सभी को हटाते हुए यातायात सुचारु रूप से शुरू करवाने के प्रयास में जुट गई। वंही पेट्रोलिंग अधिकारी ने जिओ कंपनी का ट्रक कानपुर से डीजल लेकर सोनभद्र जा रहा था जो थरियांव थाने के सामने ठल-2 में हादसे का शिकार हो गया। सब्जी लदे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दिया जिससे टैंकर में भरा 36000 लीटर डीजल में एक चैंबर का 7 हजार लीटर रोड में बह गया जिसकी कीमत लगभग 7-8 लांख होगी वंही थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों ट्रकों को रोड से बाहर कर दिया गया है और आवागमन सुचारू रूप से शुरू करा दिया गया है।

रामलला पार्क में जन्म से ताड़का वध तक दिखेगा श्रीराम का जीवन चरित्र

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक अनोखा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से प्रेरित रामलला पार्क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह पार्क भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र को जीवंत रूप से प्रदर्शित करेगा। अमृत 2.0 योजना के तहत 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर साकेत सदन के पीछे स्थित लगभग 5 एकड़ भूमि पर फैले इस पार्क का निर्माण नगर विकास विभाग द्वारा कराया जा रहा है। कुल 17.22 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस पार्क से अयोध्या को एक नया आकर्षण मिलेगा, जो धार्मिक पर्यटकों के लिए विशेष महत्व रखेगा ।रामलला पार्क न केवल एक मनोरंजन स्थल होगा, बल्कि यह श्रीराम की जीवन गाथा को चार जोनों में विभाजित कर दर्शकों के सामने प्रस्तुत करेगा। कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के परियोजना प्रबंधक देवव्रत पवार के अनुसार, पार्क में प्रवेश द्वार से लेकर पार्किंग तक सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसमें वाच टावर, टिकट काउंटर, स्क्रीन वॉल और शौचालय जैसी व्यवस्थाएं भी शामिल हैं। पार्क को चार मुख्य जोनों में बांटा गया है। जोन प्रथम में भगवान श्रीराम के जन्म का दृश्य, जोन द्वितीय में उनकी बाल अवस्था के दृश्य, जोन तृतीय में गुरुकुल जीवन और जोन चतुर्थ में ताड़का वध की कथा को मूर्त रूप दिया जाएगा। इन दृश्यों को स्टैच्यू और अन्य कलात्मक तरीकों से सजाया जाएगा, जो आगंतुकों को रामायण की इन महत्वपूर्ण घटनाओं का प्रत्यक्ष अनुभव कराएंगे। पार्क की अन्य सुविधाओं की बात करें तो यहां ओपन एयर थियेटर, म्यूजिकल फाउंटेन, भव्य स्टैच्यू, बच्चों के लिए प्ले एरिया और ओपन जिम की व्यवस्था होगी। इसके अलावा रोड, वाटर बॉडी और हरित क्षेत्र भी विकसित किए जाएंगे। ये सभी विशेषताएं पार्क को परिवारों, बच्चों और युवाओं के लिए आकर्षक बनाएंगी। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य चल रहा हैं ।रामलला के भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। रोजाना करीब एक लाख दर्शनार्थी रामलला के दर्शन कर रहे हैं। ऐसे में रामलला पार्क जैसे नए केंद्र अयोध्या को विश्व स्तरीय धार्मिक पर्यटन स्थल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राम मंदिर निर्माण के साथ-साथ शहर में नए पार्क, संग्रहालय और अन्य परियोजनाएं चल रही हैं।

तुम आये हो इस पतझड़ में यौवन का मधुमास लिये

देवरिया । नागरी प्रचारिणी सभा देवरिया की द्वितीय रविवारीय कवि गोष्ठी विश्व भोजपुरी सम्मलेन के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुधाकर तिवारी जी के अध्यक्षता में गीतकार दयाशंकर कुशवाहा के वाणी वन्दना जय जय जय हे हंस वाहिनी के साथ शुरू हुई। विश्व भोजपुरी सम्मेलन के राष्ट्रीय समन्वयक वाराणसी से आये डा. अपूर्व नारायण तिवारी जी का सभा द्वारा सम्मान किया गया।

इसके बाद गीतकार महेश सिंह दीपक ने प्यार बाजार में नीलाम करब त बदनाम हो जाइ। प्यार में जे धोखा करे उ कइसे मन मीत हो जाइ भोजपुरी गीत सुनाकर सबको आह्लादित कर दिया। आगे नित्यानंद आनन्द ने भोजपुरी सान ह आपन, आपन मातृभाषा है इ माई के दूध बतासा है के द्वारा भोजपुरी क्षेत्र की विशेषता को बताने का प्रयास किया। तत्पश्चात अंजलि अरोड़ा खुशबू ने अपनी गजल हम इश्क वाले इश्क से बेजार नहीं, जर्रा ए आसमां के तलबगार भी नहीं प्रस्तुत किया। पार्वती देवी गौरा ने अवध नगरिया से वर दुलहा सुनु रे सखियां

● नागरी प्रचारिणी सभा में काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

विवाह गीत सुनाया। गोष्ठी को गति देते हुए गीतकार दयाशंकर कुशवाहा ने दास्तानें दिले राज बताये नहीं जाते, गजल से गोष्ठी को ऊंचाई दी। इसके क्षमा श्रीवास्तव ने छोड़ बाबुल का आंगन पराई हुई जाने कैसी ये विदाई हुई गीत के द्वारा एक बेटी की पीड़ा उकेरा। फिर प्रार्थना राय ने वो प्यार की लौ फिर से जलानी है, बीती हुई हर बात दिल से सुनानी है प्रस्तुत किया। भोजपुरी गीतकार सौदागर सिंह ने कल ना परेला धीर नाही धरे मनवा सपनवा मोरा भइले परदेशिया हो राम लोक धुन रचित गीत सुनाया। विकास तिवारी विक्की ने बड़ी हल्की है अब खाली है यहां पहले भाषण रहता था अब गाली है के माध्यम से आचरण में आयी गिरावट की ओर इशारा किया। गोरखपुर से आयी हुईं कवयित्री वन्दना मिश्रा ने अपनी लेखनी से क्या लिखूं उनके बारे में, सारा जगत जानता है पहले से ही जिनके बारे में रचना के माध्यम से गोष्ठी को आध्यात्मिक जमीन देने की कोशिश की। कवि योगेन्द्र पाण्डेय ने वेदना के स्वर मुखर होते रहेंगे, क्रांति के पथ पे यूं हम चलते रहेंगे ने लोगो का उत्साह वर्धन किया। भोजपुरी और हिन्दी के चर्चित रचनाकार सुबास यादव ने तुम आये हो इस पतझड़ में यौवन का मधुमास लिए, हम पनघट से लौट रहे हैं अपनी अनबूझ प्यास लिए। गीत प्रस्तुत कर गोष्ठी को सार्थक व उच्च स्वरुप दिया दिया। गोष्ठी में सरोज कुमार पाण्डेय, इन्द्र कुमार दीक्षित,शिखा गौड़ , प्रवीण मणि त्रिपाठी, उमेश चन्द्र तिवारी , कौशल किशोर मणि, रविनंदन सैनी, कीर्ति त्रिपाठी, भूपेन्द्र राय गंवार, श्वेता राय, रामेश्वर तिवारी राजन, अचल पुलस्तेय, रानी दुर्गावती, लालता प्रसाद चौधरी आदि कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत।आज के कवि गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे डॉ सुधाकर तिवारी ने कवियों और श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कविता अनुपस्थित की उपस्थिति है। इस आयोजन में उपस्थित सभी रचनाकारों ने एक से बढ़कर एक रचनाएं प्रस्तुत कर हमें अभिभूत कर दिया आप सबको बहुत बहुत बधाई। आज के कवि के रूप में सुबास यादव और भूपेन्द्र राय गंवार को उत्तरीय देकर सभाध्यक्ष जय नाथ मणि त्रिपाठी एवं मंत्री डा. अनिल कुमार त्रिपाठी ने सम्मानित किया। इसके साथ ही ३नागरी संदर्शिका३ के सातवें अंक का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर ऋषिकेश मिश्र, जगदीश उपाध्याय, डॉ सौरभ गोपाल कृष्ण सिंह रामू, डा. सौरभ श्रीवास्तव, रंजीता श्रीवास्तव, कृष्ण गोपाल यादव, अमित मिश्र पहाड़ी, परमहंस चौरसिया, श्वेतांक मणि त्रिपाठी, रजनीश गोरे, ब्रजेश पाण्डेय, अधिवक्ता सुनीता राय, आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

सांसद रामभुवाल निषाद का डुमरी में हुआ सम्मान

देवरिया। पीडीए फार्मूले की गूंज का असर कुछ इस कदर प्रभावी हुआ कि पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद ने सुल्तानपुर से पूर्व केंद्रीय मिनिस्टर रहीं मेनका गांधी को परास्त कर सांसदी का चुनाव फतह कर लिया उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने सांसद रामभुवाल निषाद को अंगवस्त्र और बाबा साहब डा भीम राव आंबेडकर का चित्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव की रणनीति के समक्ष भाजपा धराशाई है और वह भी सपा के बनाए पीडीए के पिच पर खेलने को मजबूर है।

डुमरी में हुए स्वागत से अभिभूत सुल्तानपुर सांसद रामभुवाल निषाद ने कहा कि पीडीए जमातों को मजबूत बनाकर 2027 में सपा मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादियों की सत्ता कायम कर यूपी के छात्रों को मुफ्त पढ़ाई, आम -आवाम को मुफ्त दवाई तथा युवाओ को सरकारी नौकरी से कमाई का रास्ता प्रशस्त करना है।

रामभुवाल निषाद के सांसद बनने के बाद डुमरी में किए गए स्वागत कार्यक्रम में मुरलीधर यादव,दयानंद यादव,हरिओम कुशवाहा,सुभाष चंद्र,दयानंद यादव, अशोक यादव,राजप्रताप यादव,रामप्यारे यादव,संजय यादव,मुख्तार सिंह,,व्यास यादव, अभिषेक गुड्डू गोंड,मनिकराज यादव,गोविंद यादव आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

दो दिवसीय किसान पाठशाला का आयोजन

सिधौली (सीतापुर)। दो दिवसीय किसान पाठशाला का आयोजन ग्राम पंचायत जुधौरा के अंबेडकर सामुदायिक केंद्र पर किया गया। जिसमें कम लागत में अधिक फसल उत्पादन की तकनीकी के बारे में बताया गया। पाठशाला का आयोजन प्रगतिशील किसान व गांव के अन्य किसानों के साथ किया गया। पाठशाला में रबी फसलों में उर्वरक प्रबंधन खरपतवार नियंत्रण कीट रोग प्रबंधन के साथ कम लागत में अधिक उत्पादन पर एडीओ कृषि संतोष यादव के द्वारा चर्चा की गई।

एटीएम गोविंद के द्वारा दो दिवसीय प्रोग्राम के बारे में बताते हुए किसानों को उन्नत खेती की जानकारी दी गई है। जिसमें किसानों को विविधता की ओर ले जाने हेतु प्रेरित किया गया। इस प्रकार कृषि विभाग के द्वारा लगातार जिले के अन्य ग्राम पंचायत में भी किसान पाठशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। जो चिन्हित ग्राम पंचायतों में 12 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक चलेगी।

युवक की गोली मारकर हत्या इलाके में दहशत का माहौल

सिधौली (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत महमूदाबाद मार्ग से जुड़े हरदोईया संपर्क मार्ग पर कुन्हापुर के पास शनिवार रात एक युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। मृतक की पहचान राहुल यादव 25 के रूप में हुई है। जो सिधौली कस्बे में

- देर रात दुकान बंद कर जा रहा था युवक

डेरी का व्यवसाय करता था और शनिवार की रात वह दुकान बंदकर बाइक से घर जा रहा था सूचना पर एडिशनल एसपी ने मौके पर पड़ताल की और परिजनों के तहरीर पर 3 पर नामजद मुकदमा दर्ज किया है। परिजनों के अनुसार राहुल शनिवार की रात अपने काम से वापस घर लौट रहा था, लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचा। इसके बाद परिजन उसकी तलाश में निकले। तलाश के दौरान कुन्हा पुर के पास सड़क किनारे राहुल अपनी बाइक के साथ गंभीर हालत में पड़ा मिला। आनन-फानन में उसे सिधौली के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ के निजी अस्पताल में चिकित्सकों ने युवक को गोली लगने की पुष्टि की। लेकिन इलाज के दौरान राहुल ने दम तोड़ दिया। रविवार सुबह परिजन शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली लेकर पहुंचे और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सिधौली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। हत्या के कारणों और आरोपियों की तलाश में पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। एडिशनल एसपी दक्षिणी ने बताया कि मृतक के भाई अनुपम ने गांव के ही महेश, मटरू व मटरू के दामाद बख्शी तालाब के संसारपुर गांव निवासी अभिषेक के विरुद्ध तहरीर दी है। तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ दसवां प्रांतीय वार्षिक अधिवेशन

महोली (सीतापुर)। नगर के कृषक इटर कॉलेज के प्रांगण में अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण संगठन का दसवां प्रांतीय वर्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। इस दौरान कॉलेज के अवकाश प्राप्त प्रवक्ता ज्ञान प्रकाश मिश्रा के मुख्य संयोजन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्रा के द्वारा की गई। सम्मेलन के दौरान जहां अवकाश प्राप्त शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण से संबधित तमाम विचार वक्ताओं ने प्रस्तुत किए, वही प्राथमिकताओं के आधार पर समस्याओं को शासन तक पहुंचाने के लिए शिक्षकों ने दृढ़ संकल्प लिया। रविवार को सुबह से आयोजित प्रांतीय सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि विधायक शशांक त्रिवेदी ने सम्मेलन को सम्बोधित किया।

सभी का आभार व्यक्त करते हुए संयोजक ज्ञान प्रकाश मिश्र ने आठवें वेतनमान, विद्यालय के आस पास अवैध अतिक्रमण रोकने की बात कही। उन्होंने कहा समाज को दिशा प्रदान करने वाले शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण न किया जाना बेहद गंभीर विषय है। इस कार्यक्रम में प्रांत के तमाम सेवा निवृत्त शिक्षक उपस्थित रहे।

पुण्यतिथि पर बीजेपी नेता ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए

उन्नाव (वीओएल)। नर सेवा नारायण सेवाह्व समिति के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने अपनी माता स्वर्गीय प्रेमलता द्विवेदी की पाँचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर जरूरतमंदों में कंबल वितरित किए। उन्होंने बताया कि समाज सेवा और जरूरतमंदों की सहायता की प्रेरणा उन्हें अपनी पूज्य माता से ही मिली है, इसलिए हर वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर शीत ऋतु में कंबल वितरण किया जाता है। इस क्रम में बड़े हनुमान मंदिर तथा रेलवे स्टेशन के बाहर बैठे सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल दिए गए। विमल द्विवेदी ने कहा कि यह सेवा कार्य पूरे सर्दी भर अनवरत जारी रहेगा, जो ह्लनर सेवाह्नारायण सेवाह्व के उद्देश्य के अनुरूप उनकी माता को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी सहित अखिल मिश्रा, अभि तिवारी, राकेश राजपूत, अभिषेक तिवारी, धर्मेंद्र शुक्ला, अंकुर तिवारी एवं संस्था के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

फतेहपुर। प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव एवं मंडल प्रभारी सिर पीडीए प्रहरी कार्यक्रम अवधेश कुमार उर्फ पंचू यादव जिला कार्यालय पहुंचे। जनपद सीमा से कार्यालय तक जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ एडवोकेट उदय राज लोधी ने उनका भव्य स्वागत किया।कार्यालय पहुंचने के बाद आयोजित समीक्षा बैठक में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की कमेटी की गहन समीक्षा की गई। साथ ही सिर कार्यक्रम की बिंदुवार जानकारी साझा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ एडवोकेट उदय राज लोधी ने की, जबकि संचालन महासचिव एडवोकेट अश्विनी यादव ने किया।विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष सपा सुरेंद्र यादव एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भीम यादव उपस्थित रहे। प्रभारी अवधेश कुमार उर्फ पंचू यादव ने पार्टी की गाइडलाइन से सभी कार्यकताओं को अवगत कराया। बैठक में जिला महासचिव चौधरी मंजर यार, बाबा प्रेमनाथ विश्वकर्मा, के.पी. यादव, महेंद्र यादव, शमीम अहमद, राजबाबू यादव, सुहैल खान हेमू, एडवोकेट संदीप श्रीमाली, रिशु तिवारी, सुमित साहू, प्रदीप सोनकर, जुनैद अहमद सूफियान आदि प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने भाग लिया।

कंबल वितरण का उद्देश्य गरीब, असहाय एवं जरूरतमंदों को राहत पहुंचानाः मनीष रावत

सिधौली (सीतापुर)। तहसील सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों के बीच 300 कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक मनीष रावत ने की।

कड़ाके की ठंड को देखते हुए आयोजित इस कंबल वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाना रहा।

विधायक मनीष रावत ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि ठंड के मौसम में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति परेशान न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वास्तविक पात्र लोगों तक सहायता समय से पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी राखी वर्मा भी उपस्थित रहीं।

उन्होंने वितरण व्यवस्था की निगरानी करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा आगे भी ऐसे राहत कार्य लगातार जारी रहेंगे। इस मौके पर तहसील के लेखपाल एवं अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे और कंबल वितरण की प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर राहत और संतोष दिखाई दिया।

वरिष्ठ समाजसेवी प्रेम कनोडिया का निधन

सिधौली (सीतापुर)। कस्बा स्थित श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज व राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी प्रेम कनोडिया का रविवार को निधन हो गया। वे लगभग 80 वर्ष के थे और काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय प्रेम कनोडिया समाजसेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से जुड़े रहे। उनके निधन पर नगर के सैकड़ों लोगों ने विवेक नगर स्थित उनके आवास पर पहुंचकर अंतिम दर्शन किए। परिजनों द्वारा उनका अंतिम संस्कार नैमिषारण्य में किया गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में विधायक मनीष रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, रामपाल भार्गव, डॉ. कमल कुमार जैन, प्रधानाचार्य डॉ. के.के. शुक्ला, प्रकाश नारायण रस्तोगी, कनोडिया, सुदेश कनोडिया, उनके पुत्र संजय कनोडिया, प्रमोद जैन सहित सैकड़ों गणमान्य लोग एवं नगरवासी शामिल रहे।

जिलाधिकारी ने उर्वरक की दुकानों का किया औचक निरीक्षण

सेउता (सीतापुर)। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने उर्वरक की दुकान बी0पैक्स-थानगांव, विकास खण्ड रेउसा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने किसानों से वार्ता करते उनकी पासबुक का अवलोकन किया एवं किसानों को वितरित की जाने वाली खाद के शुल्क के बारे में पूछा। उन्होंने किसानों से जानकारी ली कि निर्धारित शुल्क के अलावा कोई अतिरिक्त तो नही लिया जा रहा है। 150 किसानों की पासबुक न होने पर जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर किसानों की पासबुक बनवायी जायें। जिलाधिकारी ने खाद के स्टाक को देखा एवं कल तक शेष बचे स्टाक रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिये कि महीना पूरे होने पर रजिस्टर बदला जाये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने अन्नपूर्णा खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा संचालित उचित दर की दुकान एवं जन सुविधा केन्द्र, निर्मल, स्मार्ट, मॉडल ग्राम पंचायत थानगांव, विकासखण्ड रेउसा का का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ई-

- किसानों से वार्ता कर उनकी पासबुक का भी किया अवलोकन
- डीएम ने उचित दर की दुकान में चावल व गेहूं की गुणवत्ता भी परखी

पॉस मशीन को देखते हुये राशन लेने आये ग्राहक की पर्ची मशीन से निकलवायी एवं दो व्यक्तियों को अपने सामने ही राशन वितरित कराया। साथ ही उन्होंने चावल, गेहूं की गुणवत्ता को चेक किया एवं तौल करने वाले इलेक्ट्रॉनिक कांटे को देखा। जिलाधिकारी ने ग्राहकों की के0वाई0सी0 के बारे में जानकारी लेते हुये स्टाक रजिस्टर का भी अवलोकन किया एवं राशन कार्डों की संख्या की जानकारी ली। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने विकासखण्ड रेउसा के जगदीशपुर हजरिया एण्ड घेवड़ा में हर घर जल जीवन मिशन योजना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से वार्ता करते हुये पेयजल की स्थिति के बारे में जानकारी ली। जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत बिछायी गयी पाइप लाईनों के दौरान क्षतिग्रस्त हुयीं सड़कों का रिस्टोरेशन जल्द से जल्द कराये जाने के निर्देश संबंधित को दिये ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। वाटर लेवल की जानकारी की एवं गांव के प्रधान से वार्ता करते हुये आमजनमानस के लिये चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बार में पूछा। निरीक्षण के दौरान जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा महायज्ञ आरंभ

उन्नाव (वीओएल)। सनातन परिवार सत्संग सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में पंचम मोक्षदायिनी श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। मुख्य यजमान डॉ संजय मिश्रा व उनकी सहधर्मिणी बबली मिश्रा ने बड़े हनुमान मंदिर

परिसर में राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता परमपूज्य संत राम शरण शास्त्री के सानिध्य में पूजन अर्चन के बाद भागवत पुराण को लेकर कलश यात्रा की शुरूआत करायी। संयोजक पवन निगम व आशीष निगम, नीरज निगम, भानु प्रताप सिंह, सह यजमान सुबोध अस्थाना, डॉ प्रभात सिन्हा, वेंकट मिश्रा, अनुराग राठौर, वेद प्रकाश साहू, व्यापार मंडल अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी, मीडिया प्रमुख डॉ मनीष सेंगर, अशोक रस्तोगी, रथयात्रा अध्यक्ष राम प्रकाश चौरसिया, अरविंद श्रीवास्तव, शांतनु आदि ने सपरिवार कलश यात्रा में शामिल हो पूण्य लाभ अर्जित किया। लगभग तीन सैकड़ा महिलाओं ने पीतवस्त्र में शामिल होकर अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु झूमते नाचते, कलश लेकर यात्रा की। महिला मंडल अध्यक्ष निम्मी अरोड़ा, कलश यात्रा प्रभारी ममता द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष पैक्स पेड़ रश्मि गुप्ता, पालिकाध्यक्ष श्वेता भानु मिश्रा, शोभा पांडेय, रश्मि निगम, कीर्ति गुप्ता आदि ने यात्रा का संचालन किया। यात्रा झंडेश्वर मंदिर होते हुए कथास्थल नार्मल स्कूल मैदान पहुंची। यात्रा में महाराजश्री रथ पर विराजमान होकर नगर वासियों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। राधा कृष्ण की मनमोहक झांकियों और हनुमान जी के स्वरूप का दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हुए। डी जे बैंड और ढोल मंडल की धुनों पर खूब थिरके नगर वासी। कथास्थल पर वेदी और व्यास पूजन के उपरांत बड़ी संख्या में भागवत कथा प्रमियों ने भंडारा प्रसाद चखा। भजन मंडल ने सुमधुर भजन सुनाते हुए पूरा वातावरण भक्तिमय बनाया।

समस्त लोक अदालतों का रिकार्ड टूटा 1,96,758 वादों का हुआ निपटारा

सीतापुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के तत्वाधान में अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के समापन के उपरान्त यह जानकारी दी गयी कि राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना द्वारा जया पाठक, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, मो0 गुलामुल मदार, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण एवं अन्य न्यायाधीशों व बार प्रतिनिधियों की उपस्थित में दीप

- जनपद में पहली बार समस्त लोक अदालतों का टूटा रिकार्ड

प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर उनके एवं अन्य न्यायाधीशगण द्वारा, समाज कल्याण विभाग एवं दिव्यांग विभाग के चिन्हांकित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं ट्राई साइकिल वितरण किया गया। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना द्वारा जेल के बन्दियों द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्देश्य खाली प्लास्टिक बोतलों को संग्रहित कर उनके पुनः प्रयोग को सुनिश्चित करना है। जिससे कि स्वच्छ वातावरण का निर्माण किया जा सके। इस प्रकार जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में पिछली लोक अदालत में निस्तारित वादों की अपेक्षा 44.7 प्रतिशत अधिक वादों का उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण कर कुल-1,96,758 वादों को निस्तारण सफलता पूर्वक किया गया। इस दौरान कुल 13 करोड़ 52 लाख 58 हजार 579 रुपए के मामलों का निस्तारण किया गया।

महाराजा हंसा पासी की मूर्ति का हुआ अनावरण

महोली (सीतापुर)। महाराजा हंसा पासी की मूर्ति का यह अनावरण हमारे जीवन में पहली बार आया है। हंसा पासी का इतिहास जहां किसी से छिपा नहीं है। वहीं उन्होंने अपने समाज के लिए तलवार उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आपका सम्मान मेरा सम्मान है। हर गरीब का दर्द मेरा है और जो पहुंचा हमारे पास वह हमारा है। महाराजा हंसा पासी मूर्ति अनावरण के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी उक्त उद्गार व्यक्त किए।

उन्होंने सरकार की उपलब्धियां बताते हुए पासी समाज के लिए दस हजार नौकरियां दिलाने की बात कही। महाराजा हंसा पासी अमर रहे के नारे के साथ सभी से शिक्षित बनने और अगले चैदह दिसम्बर को पूरी ताकत से जुड़ने की अपील की। 14 दिसम्बर रविवार को सुबह नगर के मिडिल स्कूल के पार्क में संगठन के महेश प्रसाद की अध्यक्षता में ब्लाक प्रमुख जगदीश प्रसाद तथा संयोजक भोजपाल एवं रवी प्रकाश के संयोजन में उमड़े पासी समाज के अपार जनसमूह के बीच महाराजा हंसा पासी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख मिथिलेश यादव, संजय सिंह सहित सैकड़ों लोगों की भागीदारी रही।

उद्योग व्यापार मंडल की वार्ड इकाई बैठक संपन्न

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की वार्ड इकाई की बैठक मोहल्ला पनी स्थित एक व्यापारिक प्रतिष्ठान में आयोजित की गई। संगठन को विस्तार देने के उद्देश्य से बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर के सभी वार्डों में कमेटियों का गठन किया जाएगा।इसके अलावा, सभी वार्डों में क्रमशः बैठकें आयोजित कर वहां की समस्याओं को एकत्रित किया जाएगा और संबंधित अधिकारियों से उनका निवारण कराया जाएगा। संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने कहा कि जन सुविधाओं के लिए संगठन स्थानीय नागरिकों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के पूर्ण प्रयास करेगा।जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी वार्डों में इकाइयों का गठन करते हुए प्रतिनिधियों को वार्ड की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार, अनुराग पांडेय, मो. सरफराज, परवेज आलम, रिजवान, संजय कुमार, मो. रजी, महेंद्र कुमार, शोभित वर्मा, महंत श्री सूर्यनाथ, मो. शकील एवं विश्वास कुमार उपस्थित रहे।

कृषक इंटर कॉलेज से मेरे परिवार का लगाव रहा हैः शशांक त्रिवेदी

महोली (सीतापुर) नगर के कृषक इंटर कॉलेज में रविवार को उत्तर प्रदेश अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोशिएशन द्वारा दसवां वार्षिक अधिवेशन मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रांतीय अध्यक्ष देवेन्द्र मिश्र ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने में सीतापुर जनपद पहले स्थान पर है। कार्यक्रम के आयोजक ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने कहा अवकाश प्राप्त शिक्षकों की समस्या आठवा वेतन आयोग का लाभ सेवानिवृत्त शिक्षकों को न मिलना, निशुल्क कैशलेस चिकित्सा सुविधा, उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम की बसों में 50% किराए में छूट, ऐतिहासिक तथा धार्मिक स्थलों के भ्रमण के लिए कम से कम 3 वर्ष में एक बार निशुल्क रेल, बस यात्रा की सुविधा, वर्ष 2005 से सेवारत शिक्षको कर्मचारियों को पुरानी पेंशन की सुविधा, 65 वर्ष 70 वर्ष 75 वर्ष व 80 वर्ष में प्रत्येक पर पांच प्रतिशत मूल पेंशन में बढ़ोतरी की जाए समेत अन्य समस्याओं को अवगत कराते हुए मुख्य अतिथि विधायक शशांक त्रिवेदी से निस्तारण कराए जाने की मांग की है। आयोजक ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने मुख्य अतिथि विशिष्ट समेत कृषक इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य श्रीकांत मिश्रा को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शशांक त्रिवेदी ने कहा कि हमारे पूरे परिवार का लगाव इस विद्यालय से है। शिक्षक का सम्मान मेरे लिए सर्वोपरि है। अवकाश प्राप्त शिक्षकों की समस्या को मैं मुख्यमंत्री जी को अवगत कराऊंगा समाधान अवश्य होगा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत शिक्षकों के सामने किसी भी प्रकार की बाधा आती है तो मैं उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा मिलूंगा। इस दौरान अवकाश प्राप्त शिक्षक, सुनील कुमार मिश्रा, अजय कुमार शुक्ला, विद्यासागर शुक्ला, राधा कृष्ण शुक्ल, केदारनाथ यादव, रामस्वरूप वर्मा रामकिशोर मिश्रा समेत शिक्षक व ब्लाक प्रमुख पिसावा व प्रतिनिधि ऐलिया संजू सिंह प्रधानाचार्य प्रफुल्ल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

बैजनाथ धाम मंदिर पर हुआ सुंदर काण्ड, भजन संध्या कार्यक्रम

महोली (सीतापुर)। नगर के कठिना तट पर स्थित बाबा बैजनाथ धाम मंदिर परिसर में कोतवाली प्रभारी जेबी पांडे द्वारा भव्य सुंदर काण्ड एवं भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित कराया गया। इस दौरान उन्होंने अपने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ देवी-देवताओं की प्रतिमा स्थापित कराकर कस्बा इंचार्ज रामासरे चैधरी के द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन कराया। संगीत मंडली ने सभी को संगीत मय वाद यंत्रों के साथ सुंदर काण्ड का पाठ कर मंत्र मुग्ध कर दिया। जेबी पांडे ने सभी का आभार प्रकट कर कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह, सीओ नागेन्द्र चैबे, सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

तीन गोवंश के साथ एक गिरफ्तार

कुशीनगर। जनपद में गोतस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना तुर्कपट्टी पुलिस द्वारा थाना तुर्कपट्टी क्षेत्र से एक पिकअप वाहन पर क्रूरता पूर्वक लाद कर वध हेतु ले जायी जा रही 03 गोवंश के साथ एक अभियुक्त आलम अंसारी पुत्र करमुद्दीन अंसारी पता मठिया विश्वम्भर माधोपुर

तकिया मेले में जमकर लड़े तीतर पालकों में दिखा उत्साह

पाटन, उन्नाव (वीओएल)। प्रसिद्ध तकिया मेला में परंपरागत रीति से प्रथम रविवार को आयोजित होने वाला तीतर पक्षी दंगल इस वर्ष भी आकर्षण का केंद्र रहा। दंगल में जनपद व गैर जनपद से आए तीतर पालकों ने अपने-अपने तीतर पक्षियों के बीच दांव-पेंच आजमाए, जहां जीत-हार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

दंगल के दौरान जनपद रायबरेली के कोरिहर सताव निवासी कल्लू पुत्र रामशंकर एवं उन्नाव के ग्राम हुलासी खेड़ा निवासी सुनील पुत्र सूरजु के तीतरों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें कल्लू का तीतर विजयी रहा। वहीं ग्राम छेदाखेड़ा निवासी सराय मनिहार और ग्राम रामनेर निवासी रजन्नी के तीतरों के बीच हुई जोरदार भिड़ंत दर्शकों को रोमांचित कर गई। कड़े मुकाबले के बाद इस लड़ाई में रजन्नी का तीतर विजेता घोषित हुआ। इसी क्रम में जयपाल (बेल्हारा धानी खेड़ा, उन्नाव), श्याम मनोहर (राजापुर अंचलगंज), अभिषेक (मलेपुर) और फुन्नर (मदारपुर) के तीतरों के बीच हुई लड़ाई बराबरी पर समाप्त हुई, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया।

तीतरों की इस पारंपरिक कुश्ती के निर्णायक फौजी धनकोली रहे। दंगल देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। तीतरों की हार-जीत को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और बाहर से आए लोगों ने भी बोली लगाकर मुकाबलों का भरपूर आनंद उठाया।

तकिया मेला में अश्व कल्याण जागरुकता शिविर का आयोजन

पाटन। मेले के दौरान घोड़ा मंडी परिसर में ब्रुक इंडिया और पशु चिकित्सा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अश्व कल्याण जागरूकता शिविर लगाया गया है, जहां घोड़ों का निःशुल्क उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।

शिविर के माध्यम से मेले में आए घोड़ों की नियमित जांच की जा रही है और आवश्यकतानुसार उपचार कर दवाएं भी दी जा रही हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉक्टर धनंजय सिंह एवं पशु चिकित्सा अधिकारी गढ़ेवा डॉक्टर राजकुमार दोहरे ने बताया कि घोड़ों में लेमिनाइटिस, कोलिक (कोलाइटिस), घाव, थकान जैसी बीमारियां सामान्य रूप से पाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि अत्यधिक दौड़, लंबे समय तक खड़े रहने और असंतुलित खानपान के कारण घोड़ों में ऐसी समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं।

जरूरतमंद असहायों को कंबल बांटकर ठंड से राहत दी

पाटन, उन्नाव (वीओएल)। आजादी के अमर नायक महान क्रान्तिकारी चंद्रशेखर आजाद की कर्मभूमि बदरका से राष्ट्रीय स्तर के समाजसेवी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने सर्वप्रथम आजाद की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उसके बाद कार्यक्रम स्थल रामराखन हायर सेकेण्डरी स्कूल से वर्तमान शीतकालीन सत्र में कंबल वितरण की शुरूआत की। इस दौरान सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक की दो दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतो के बुजुर्गो जरूरतमंदो, विधवा असहायों आदि को कंबल वितरण किये गये। कंबल वितरण मे विशाल जनमानस उपस्थित रहा। जिनमें हजारों लोगो को कंबल वितरण किये गये, कंबल पाकर उपस्थित जनसमूह ने सच्चे दिल से पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को आशीर्वाद दिया। इस दौरान प्रमुख ग्राम पंचायते मनोहरपुर, आटा, बंथर, बदरका, जगजीवनपुर, टिकरी गणेश, बेहटा गोपालपुर, करौदी, सुपासी, छेरिहा, कटरी पीपर खेड़ा, ताजपुर नौबस्ता, मझरा पीपर खेड़ा, पोनी, दुधौरा सरवागर, शुक्लापुर, महिपति खेड़ा आदि ग्राम पंचायतो के जरूरत मंदो को कंबल वितरण किये गये, इस दौरान मुख्य रूप से तेजबहादुर सिंह, रामलखन सिंह पूर्व प्रधान कोरारी पूर्व, अमित मौर्य एडवोकेट, हरिप्रसाद, संजय प्रधान, अवधेश, अंकित यादव, कृष्णकांत तिवारी, बीरेंद्र यादव, रामनरेश प्रधान, सियाराम, इकबाल सिंह, सेनू यादव, राघवेंद्र सिंह, रविंद्र कुमार, चंद्र यादव, प्रमोद प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

सम्पर्क क्रान्ति एक्सप्रेस से मोबाइल फोन चोरी

ललितपुर। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के कोलार रोड न्यू टाउन शिप के दानिश हिल्स निवासी प्रत्युस कैथवास पुत्र प्रकाश कैथवास ने जीआरपी पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। जीआरपी पुलिस को बताया कि 12 दिसम्बर को वह ट्रेन नं. 12754 मराठवाड़ा सम्पर्क क्रान्ति एक्सप्रेस के कोच नं. ए-1 की बर्थ नं. 33 पर हजरत निजामुद्दीन से भोपाल की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान वह अपने मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट में लगाकर मोबाइल को सिर के नीचे रखकर सो गया था। जब उसकी नींद खुली तो देखा कि उसका मोबाइल फोन गायब था। रेलवे स्टेशन ललितपुर आ रहा था, उसने मोबाइल फोन काफी खोजा लेकिन वह नहीं मिला। बताया कि उसका फोन 50 हजार रुपये कीमत का था। जीआरपी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

मोबाइल हैक कर खाते से निकाले हजारों रुपये

ललितपुर। थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम पिपरिया वंशा निवासी प्रभा पत्नी शिबू सेन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि संजय पुत्र काशीराम ने उसका मोबाइल हैक करके उसके खाते से साइबर फ्रॉड के जरिए 14 अगस्त को 5 हजार रुपये, 16 अगस्त को 34 हजार रुपये निकाल लिये। जब पीड़िता ने बैंक में शिकायत की। इसके बाद उसने साइबर क्राइम थाने में शिकायत की, जहां उसे जानकारी दी गयी। आरोप है कि साइबर क्राइम थाना पुलिस ने कार्यवाही नहीं की। अब महिला की तहरीर पर जाखलौन पुलिस ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) व आई.टी. एक्ट की धारा 66 सी व 66 डी के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

गोली मारने की धमकी देने का आरोप

ललितपुर। दैलवारा में रहने वाले जगभान पुत्र जूजू कुशवाहा ने पुलिस को अवगत कराया कि 9 दिसम्बर को वह खेत पर नाले से पानी दे रहा था। तभी नाती राजा पुत्र ब्रजेन्द्र सिंह, ब्रजेन्द्र सिंह पुत्र लक्ष्मन सिंह आये और इंजन उठाकर ले जाने की कहने लगे। विरोध करने पर दोनों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर में चोटें आयीं। आरोप है कि नाती राजा ने सिर में गोली मार देने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

बुलेट की टक्कर से टूटा पैर

ललितपुर। मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत थाना चन्देरी के ग्राम लड़ेरी निवासी आशीष पुत्र अज्जी प्रजापति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसके चाचा गज्जू पुत्र कम्मोदा 25 नवम्बर को शाम 6 बजे ललितपुर से दवा कराकर घर जा रहा था। तभी रास्ते में राजघाट चैराहा के सामने तेज रफ्तार आ रही बुलेट गाड़ी नं. एम.पी.07 एन.क्यू. 5637 के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके चाचा का पैर फ्रैक्चर हो गया। राहगीरों ने एम्ब्युलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बुलेट चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

व्यक्ति ने बताया जानमाल का खतरा

ललितपुर। कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम सैदपुर में रहने वाले जयप्रकाश रिछारिया पुत्र ओमप्रकाश रिछारिया ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह हिमांचल प्रदेश में प्राईवेट जॉब करता है। बताया कि 12 दिसम्बर को वह अपने छोटे भाई वेदप्रकाश के पास मोहल्ला पिसनारी में रूका था।

जहां शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच तहसील के सामने महरौनी निवासी सुशील तिवारी पुत्र बाबूलाल, नीलेश व मोहित पुत्रगण सुशील तिवारी, मीना पत्नी सुशील आये और उससे विवाद करने लगे, कि उसकी पुत्री अपनी पत्नी को तालबेहट रिश्तेदारी में क्यों छोड़ दिया।

जब उसने कहा कि वह स्वयं जिद करके तालबेहट गयी है एवं वह उसके साथ रहना नहीं चाहती है। पीड़ित ने जानमाल का खतरा बताते हुये कहा कि वह धमकियां देती है कि सोनाली काण्ड इन्दौर की लड़की व अन्य कई काण्ड जैसा तुम्हारा हाल कर दूंगी। उनकी तो लाशें मिल गयीं, लेकिन तेरी लाश नहीं मिलेगी।

घर बैठे पैसे कमाने का लालच देकर खातों का साइबर अपराधियों ने किया दुरुपयोग

जिला संवाददाता

ललितपुर (वीओएल)। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में जनपद में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा मु0अ0सं0 43/2025 धारा 318(4) बीएनएस व 66डी आईटी एक्ट में पंजीकृत आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उक्त आरोपी भोले भाले लोगो को कंपनियों का पैसा ट्रांसफर करने के उद्देश्य से कमीशन के रूप में लाभ प्रदान कराने का झांसा देकर उनका बैंक खाता खुलवाते थे। प्राप्त बैंक खाता का उपयोग, साइबर अपराध व ऑनलाइन अवैधानिक ट्रेडिंग में करते थे। इन

● कोतवाली पुलिस ने 06 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

बैंकिंग खाता का प्रयोग तब तक साइबर अपराधियो द्वारा किया जाता थ , जब तक कि बैंक खाता फ्रीज, रिपोर्ट होकर, बंद नही हो जाता था। पुलिस ने विशाल विश्वकर्मा पुत्र नंदलाल उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मुहल्ला आजादपुरा द्वितीय थाना कोतवाली ललितपुर, आर्यन पटेल पुत्र संतोष उम्र करीब 24 वर्ष निवासी बहादुरपुर थाना मडावरा थाना मडावरा ललितपुर, कृष्णा पटेल पुत्र पारथ सिंह उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम सरखडी थाना नाराहट जिला ललितपुर, अभिषेक कुमार पुत्र सुखपाल सिंह निवासी ग्राम टैनगा थाना नाराहट ललितपुर, रोनित श्रीवास पुत्र राकेश कुमार उम्र करीब 21 वर्ष निवासी रामनगर ,कोतवाली ललितपुर एवं केशव सेन पुत्र बितन लाल उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम गौना थाना सौजना ललितपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

डॉ.कोमलचंद को मिला अंतरराष्ट्रीय मार्किवस लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड



ललितपुर (वीओएल)। उत्तर प्रदेश के जिला ललितपुर के प्रतिष्ठित सर्राफ परिवार में जन्मे डा.कोमलचंद सराफ (हाल निवासी अमेरिका) ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनपद और देश का नाम रोशन करते हुए वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित अल्बर्ट नेल्सन मार्किवस लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त किया है। यह

● शिक्षा, चिकित्सा और समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान

सम्मान अमेरिका स्थित मार्किवस हूज हू पब्लिकेशंस बोर्ड द्वारा उन विशिष्ट व्यक्तित्वों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में दीर्घकाल तक उत्कृष्टता, प्रतिबद्धता और समाज पर सकारात्मक प्रभाव स्थापित किया हो।

उल्लेखनीय है कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार किसी आवेदन अथवा सिफारिश के आधार पर नहीं, बल्कि एक सुव्यवस्थित एवं दीर्घकालिक मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत प्रदान किया जाता है। मार्किवस संस्था वर्षों तक चयनित व्यक्तियों के शैक्षणिक, शोध, पेशेवर उपलब्धियों के साथ-साथ उनके सामाजिक एवं मानवीय योगदान का भी गंभीरता से आकलन करती है। डा.कोमलचंद सराफ के पीएचडी प्राप्त करने के बाद से उनके अकादमिक कार्य, शोध, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक प्रभाव को निरंतर परखा गया, जिसके उपरांत बोर्ड द्वारा उन्हें इस सम्मान के लिए चयनित किया गया। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष मानी जा रही है क्योंकि डॉ. कोमल चंद सराफ शिक्षा एवं शोध के साथ-साथ अनेक चैरिटेबल (परोपकारी) परियोजनाओं से सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। वे शिक्षा प्रोत्साहन, स्वास्थ्य सेवाएँ, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, महिला एवं बाल कल्याण, निर्धन एवं जरूरतमंद वर्ग की सहायता तथा सामाजिक विकास के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर दान, सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करते रहे हैं।

लोक अदालत में 70824 वादों का हुआ निस्तारण, 10 लाख से अधिक रुपये की वसूली

जिला संवाददाता

बिजनौर। विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर की ओर से आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 70824 वादों का निस्तारण करते हुए 10 लाख 27 हजार रुपये की जुमार्ना धनराशि वसूली गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जनपद न्यायाधीश श्रेय शुक्ला की ओर से जारी प्रेस नोट में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद न्यायाधीश संजय कुमार की ओर से 10 वादों को चिन्हित करते हुए एक वाद का निस्तारण कराया गया। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सुधीर कुमार ने 23 वाद निस्तारित किए और 90 हजार की समझौता धनराशि दिलाई। अतिरिक्त न्यायाधीश संजय कुमार द्वितीय ने सात वाद निपटाए। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सुभाष चंद्र ने 44 वाद निपटाते हुए 29 लाख रुपये की धनराशि प्रतिकार स्वरूप पीड़ित परिवारों को दिलाई। लोक अदालत अध्यक्ष किरणवाला ने 30 वाद निस्तारित किए। अतिरिक्त न्यायालय सुंदरलाल ने 10 वादों का निस्तारण किया और 42 लाख की समझौता धनराशि दिलाई। एडीजे प्रथम राम अवतार यादव ने दो और विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट अवधेश कुमार ने छह वादों का निस्तारण किया। एडीजे प्रशांत मित्तल ने आठ और स्पेशल जज इलेक्ट्रिसिटी एक्ट सुबोध सिंह ने 352, एडीजे तालेवर सिंह ने चार, एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट प्रकाश चंद शुक्ला ने आठ, एडीजे निजेंद्र कुमार ने सात वाद का निपटारा किया। अपर जनपद न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट अशोक भारतेंदु ने तीन वाद का निस्तारण किया। एडीजे नगीना अनुपम सिंह ने चार और लघु वाद न्यायाधीश नितेश कुमार सिन्हा ने 8 और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बिजनौर नरेंद्र कुमार ने 2588 वादों का निस्तारण किया। साथ ही 333000 की जुमार्ना धनराशि वसूल की। सिविल जज अंशुमन धुन्ना ने 8 वाद निपटाते हुए करीब 86 लाख रुपये की समझौता धनराशि दिलाई। अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट नैंसी धुन्ना ने 2350 वाद का निस्तारण किया। इसके साथ ही अन्य अदालत में भी वादों का निस्तारण कराया गया। साथ ही प्रीलिटिगेशन स्तर के 56508 वादों का निस्तारण किया गया।

निरंकारी अंग्रेजी मीडियम समागम में उमड़े श्रद्धालु

बांदा। संत निरंकारी सत्संग भवन, अलीगंज, शास्त्री नगर में विशाल जोनल स्तरीय इंग्लिश मीडियम समागम का आयोजन हुआ। भोपाल से आए केन्द्रीय प्रचारक अशोक जुनेजा की अध्यक्षता में आयोजित समागम में बाँदा के अलावा हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट, अतर्रा, बबेरू, भरूआ सुमेरपुर, बिवांर, मौदहा आदि शाखाओं से बच्चों, बहनों और महापुरूषों ने भाग लिया।

समागम में अशोक जुनेजा ने कहा कि संत निरंकारी मिशन प्रकृति के अन्दर समस्त मानव जाति को एक सूत्र में पिरोकर अपना परिवार मानता है। निरंकारी मिशन प्रकृति को 9 भागों में बाँटकर इनको बनाने वाले सर्वशक्तिमान निरंकार प्रभु को इन सबके बीच उपस्थित रहते हुए इसकी रजा में रहना ही भक्ति है।

निरंकारी मिशन का आधार ब्रम्हज्ञान है। ब्रम्हज्ञानी सतगुरु के प्रत्येक वचन को इलाही फरमान मानता है। जहाँ गुरु का गुरुसिख सत्संग को प्राथमिकता देता है वहीं सांसारिक विचारधारा के लोग आध्यात्मिक कार्यों को रोककर या देरी से जाने का कारण अपने दुनियावी कार्यों को करते हैं। इस निराकार प्रभु का स्वभाव है सबसे प्रेम, सदभाव एवं भाईचारा स्थापित करना न कि किसी से नफरत करना। किसी भी जीवात्मा से नफरत करना अर्थात निरंकार से नफरत करना है। इसलिए गुरुसिख हमेशा प्रकृति के प्रत्येक वस्तु, व्यक्ति में इनके ही दर्शन करके अपनी भक्ति को पूर्णता की ओर ले जाता है, जैसे सम्पूर्ण अवतारवाणी में कहा है कि ये नौ चीजें दृश्यमान है, इनको कहते माया है।

दशवां ब्रम्ह इनसे न्यारा, इनके बीच समाया है। समागम में होने वाली सभी सेवायें निरंकारी सेवादल के कार्यकताओं ने कीं। सत्संग के बाद श्रद्धालु भक्तों ने लंगर चखा।

वार्षिकोत्सव महोत्सव और कैरियर गाइडेंस का हुआ आयोजन

ललितपुर (वीओएल)। पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज महरौनी में वार्षिकोत्सव महोत्सव एवं कैरियर गाइडेंस, गणित विज्ञान क्लब मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह रहे।

जबकि विशिष्ट अतिथियों में अध्यक्ष नगर पंचायत महरौनी श्रीमती नीलम बडौनिया, प्रभारी निरीक्षक महरौनी, आध्यात्मक गुरू अनिल गोस्वामी, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शीलम गुप्ता के मार्गदर्शन में छात्राओं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना की गई। तत्पश्चात स्वागत गीत गाया गया। वहीं छात्राओं द्वारा वर्तमान की सम सामयिक घटनाओं पर आधारित नाटक का मंचन भी किया गया जिसे देखकर समस्त अतिथि भावविभोर हो गये। इस अवसर पर अतिथियों ने छात्राओं की हौंसला आफजाई भी की। कार्यक्रम में प्रवक्ता सुषमा मौर्या, रानू गौतम, बाबूसिंह सहित समस्त शिक्षकों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन लिपिक धर्मेन्द्र तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीआईओएस कार्यालय से वरिष्ठ लिपिक रामकुमार सिंह, एसबीआईआई के सेवानिवृत्त मैनेजर अनिल गोस्वामी सहित अन्य अतिथिगण, छात्राओं सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ

ललितपुर (वीओएल)। जिला अस्पताल के प्रसवोत्तर केन्द्र में रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। सीएमओ डा0 इम्तियाज अहमद के समक्ष अनीता पाल नाम की महिला ने अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। सीएमओ ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान का बूथ दिवस मनाया जा रहा है। 15 से 19 दिसंबर तक टीम द्वारा घर-घर भ्रमण कर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। बी टीम एक्टिविटी 22 दिसंबर 2025 को संपादित की जाएगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि पड़ोसी देशों में अभी भी पोलियो का संक्रमण बना हुआ है। दोबारा संक्रमण का खतरा न हो इसलिए चिन्हित जनपदों में पल्स पोलियो का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने समस्त जनमानस से अपने 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने हेतु अपील की। इस दौरान सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, प्रतिरक्षण अधिकारी डा.शिवप्रकाश, पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना, परामर्शी चिकित्सक डा.हुसैन खान, चिकित्सा अधिकारी डा.राजेश भारती, एसएमओ डब्लूएचओ डा.सुमित बघेल, डीएमसी यूनिसेफ सबा परवीन ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय ललितपुर एवं प्रसवोत्तर केन्द्र जिला चिकित्सालय ललितपुर के अधिकारी कर्मचारी मौजूद र

गोष्ठी का आयोजन कर व्यापारियों को किया जागरूक

ललितपुर (वीओएल)। श्रम विभाग द्वारा नगर क्षेत्र तालबेहट में बाल श्रम रोकने हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने संयुक्त टीम सहित तालबेहट क्षेत्र के बाजारों का भ्रमण किया गया और व्यापारियों को जानकारी दी कि यदि उनके द्वारा प्रतिष्ठानों में बच्चों से काम कराये जाने की सूचना मिलती है तो तत्काल कानूनी कार्यवाही की जायेगी। आयुक्त झांसी मण्डल एवं जिलाधिकारी के निर्देशन में बाल श्रम के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त द्वारा विशेष निर्देश दिये गये हैं कि झांसी मण्डल में आवर्त सभी जनपदों को 26 जनवरी 2026 तक बाल श्रम मुक्त कराना है। प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में नगर क्षेत्र तालबेहट के व्यापारियों के साथ बैठक कर जागरूक किया गया।

सिमौनी धाम में तैयारियां पूरी, मेला, भंडारा आज से



बांदा। सिमौनी धाम मेले व भण्डारे की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 15 से 17 दिसम्बर तक चलने वाले भंडारे में सोमवार से पूजन व साधु-संतों के प्रसाद ग्रहण करने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा। कारीगर मालपुआ, जलेबी, पूड़ी-सब्जी तैयार कर रहे हैं। दिल्ली, हरियाणा, उज्जैन, आगरा व आसपास के भक्तों ने डेरा डाल रखा है। श्रमदानी कार्यकताओं ने अपने काउंटरो की व्यवस्था संभाल ली है। साधु-संतों का डेरा मधुवन में पड़ा है और वह यहां पर चिमटों की रामधुन करते देखे जा सकते हैं। सरकारी विभागों के स्टाल लगाए गए हैं। बिजली, पानी की व्यवस्था हो गई है। मेला व भंडारे के प्रभारी उपजिलाधिकारी अविनाश त्यागी का कैंप लग गया है। 78 सीसीटीवी कैमरे से मेले की निगरानी की जा रही है। राष्ट्रीय जूट बोर्ड के सहायक निर्देशक मनोज थरार्नी ने बताया कि लगभग 20 स्टालों में से हरियाणा, दिल्ली सहित दूर-दूर के जूट बोर्ड के कारीगरों ने समान लाकर स्टाल लगाए हैं। मौनी बाबा हस्तशिल्प महोत्सव में 16 दुकाने लगी हैं। नायब तहसीलदार मनोहर सिंह ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग की 30 दुकानों का फीता काटकर उद्घाटन किया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार मानीटरिंग कर रहे हैं। परिसर में संदिग्ध लोगों पर पैनी नजर रखने को पुलिस के अलावा सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए बांदा, चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर का फोर्स लगाया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में 9 उपनिरीक्षक, 12 महिला उपनिरीक्षक, हेडकांस्टेबल, महिला कांस्टेबल, दो कंपनी पीएसी और एलआईयू विभाग को तैनात किया गया है।

एण्टी ह्यूमेन ट्रैफिकिंग की मासिक समवन्य गोष्ठी सम्पन्न

ललितपुर (वीओएल)। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक/ नोडल अधिकारी कालू सिंह के पर्यवेक्षण व उपस्थिति में थाना ए.एच.टी. व एस.जे.पी.यू., समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के साथ मासिक गोष्ठी माह दिसम्बर 2025 की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस लाइन स्थिति सभागार कक्ष में आहुत की गयी, जिसमें महिला व बाल सुरक्षा संगठन उ.प्र.लखनऊ द्वारा जारी एसओपी, अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर क्राइम, एस.सी.एस.टी.एक्ट, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 में हुए नवीनतम संशोधन पोस्को एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को के मामले में फार्म ए - बी व एसबीआर रिपोर्ट पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जे.जे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि आदि तथा पोक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी/पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध कराना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

जरूरतमंदों को बांटे कंबल व गर्म कपड़े

बांदा। रोटी बैंक सोसायटी ने बढ़ रही ठण्ड को देखते हुए ब्लाक महुआ के सहेवा गांव में संभ्रांत लोगों से दान में मिले 20 कंबल, गरम कपड़े, जूते-चप्पल बांटे। सोसायटी के संरक्षक शेख सादी जमा, सहसंरक्षक चंद्रमौलि भरद्वाज के संरक्षण व अध्यक्ष रिजवान अली, सदस्य निहाल खान के नेतृत्व में ग्राम प्रधान अशोक कुशवाहा की मौजूदगी में निसात खान से मिले 20 कंबल व अन्य जरूरत का सामान वितरित किया। इस दौरान गांव के लोगों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और कानूनी अधिकारों के प्रति सोसायटी की टीम महिला उपाध्यक्ष तरन्नुम फात्मा और महामंत्री मोहम्मद अजहर ने जागरूक किया। कंबल व गरम कपड़े पाकर ग्रामीणों में प्रसन्नता देखी गयी। उन्होने सोसायटी टीम को आशीर्वाद दिया। इस दौरान समाजसेवी संदीप त्रिवेदी, सोसायटी की महिला महामंत्री रिया खान, कोषाध्यक्ष रेणुका गुप्ता, सदस्य जगदीश श्रीवास, सहाना खान, सोसायटी के सदस्य एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

रोचक रही राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप

बांदा। शहर के भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी में आयोजित सीनियर पुरूष राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप जोन-बी का समापन बेहद रोचक रहा। दो दिन तक चले इस आयोजन ने बांदा के खेल प्रेमियों को थ्रिलिंग अनुभव दिए और जिले को राज्य स्तरीय कबड्डी मानचित्र पर नई पहचान दिलाई। मैच के दौरान दर्शक बेहद उत्साहित रहे। रेड सुपर टैकल तथा आखरी पल तक चले मुकाबले ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। प्रतियोगिता की विजेता टीम ह्यएक्स वाई जेडह्न ने पूरे जोश, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रदर्शन किया। समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज रहे। शहर के गण्यमान लोगों ने भी फाइनल मुकाबला देखा और खिलाड़ियों की सराहना की। जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष अंकित कुशवाहा, सचिव कमल यादव व कोषाध्यक्ष सुनील सक्सेना ने कहा कि आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि खेल भावना आपसी सम्मान और अनुशासन टूनार्मेंट में सर्वोपरि रहे। कहा कि आयोजन यहां के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा और जिले में कबड्डी के भविष्य को नई दिशा देगी। इस अवसर पर एकेडमी के चेयरमैन शिवशरण कुशवाहा, रामलखन कुशवाहा, चंद्रलेखा कुशवाहा, राजकुमार राज, नितिन द्विवेदी, अमित सेठ भोलू, संजय काकोनिया, राजेन्द्र अवस्थी आदि मौजूद रहे।

सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत, शादी की खुशियां मातम में बदली

नगीना, बिजनौर। शादी समारोह के लिए मंडी समिति से सब्जी लेने जा रहे एक वयक्ति की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम मधपुरी निवासी जसवंत कुमार उर्फ सज्जू पुत्र पूरन सिंह अपने साढ़ू कि बेटी की शादी में शामिल होने के लिए नहटौर मार्ग स्थित ग्राम ज्ञानपुर आए हुए थे। रविवार को साडू की बेटी की बारात आनी थी। जसवंत कुमार बारातियो को खाने के लिए सुबह मंडी समिति से सब्जी लेने जा रहे थे। जसवंत की बाइक नेशनल हाईवे 74 स्थित गोयल पब्लिक स्कूल के सामने पहुंचा तभी पीछे से आ रहे चैपहिया अज्ञात वाहन की चपेट में आने से जसवंत की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही 112 सहायता पुलिस टीम घटनास्थल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर सीएचसी ले आए उसके साथी द्वारा मृतक के परिजनों को फोन द्वारा सूचना दी। पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। जसवंत की हुए सड़क दुर्घटना में मौत से परिजनों में कोहराम समझ गया वही उसके साढ़ू की बेटी की शादी की खुशियां मातम में बदल गई। मृतक के परिजनो नें पुलिस को तहरीर सौंप कर अज्ञात वाहन चालक का पता लगाकर उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

अवध शुगर मिल परिसर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन, 250 की हुई जांच

स्योहारा, बिजनौर। अवध शुगर मिल की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन मिल परिसर में बने चिकित्सालय पर आयोजित किया। शिविर में 250 लोगों से अधिक ने नेत्र जांच कराई व अन्य को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

स्योहारा अवध शुगर मिल की ओर से शनिवार को आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन अधिशासी उपाध्यक्ष सुशील कुमार विवेककांत शर्मा मुकेश मिश्रा, प्रमोद कुमार,दिनेश कुमार जेके सिंह विवेक श्रीवास्तव, एडवोकेट राजेश शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। शिविर में 250 लोगों से अधिक ने नेत्र जांच कराई जिसमें 106 लोगों को चश्मा उपलब्ध कराया गया। बाकी को निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। एचआर डिपार्मेंट के अरविंद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया अधिशासी अध्यक्ष सुखवीर सिंह के नेतृत्व में लगाया गया शिविर खासतौर से मिल में गन्ना लाने वाले वाहन चालकों व आसपास के किसान भाइयों शुगर मिल कर्मचारियों तथा आसपास के लोगों को ध्यान में रखते हुए लगाया गया है। शुगर मिल की ओर से इस तरह के शिविर पहले भी लगाए जाते रहें हैं और भविष्य में शुगर मिल द्वारा निःशुल्क शिविरों का आयोजन होता रहेगा।

ब्राहमण प्रतिभा सम्मान समारोह 21 दिसम्बर को किरण उत्सव मंडप में होगा

बिजनौर। ब्राहमण जागृति फांउडेशन पंजी0 द्वारा आगामी 21 दिसम्बर रविवार को ब्राहमण प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय किरण उत्सव मंडप में सुबह 10 बजे किया जायेगा। जिलाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा एड. व जिला महामंत्री सुनील भारद्वाज एड. ने संयुक्त रुप से जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ0 अवधेश वशिष्ठ, संपादक एवं साहित्यकार डॉ0 पंकज भारद्वाज, डीसीएम रजपुरा संभल के यूनिट हेड आशीष कुमार शर्मा, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा0 अंशु शिवस्वरूप शर्मा, जिला शासकीय अधिवक्ता विक्रमादित्य मिश्र रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में मंडलीय अध्यक्ष डा0 संजीव शर्मा दानी, मण्डलीय महामंत्री पं0 क्रांति कुमार शर्मा, डा0 मोहित शर्मा, विपिन शर्मा, शरद शर्मा, राजीव शर्मा दानी, दीपक वशिष्ठ आदि ने अतिथियों को आमंत्रण दिया एवं प्रतिभाओं को भी सम्मान हेतु निमत्रंण दिया।

बेसिक स्कूलों में समय परिवर्तन की मांग

बांदा। शीत लहर व कोहरे के चलते बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों ने स्कूलों के समय परिवर्तन की मांग जिलाधिकारी से की है। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला प्रभारी, अटेवा के जिला संरक्षक मंडल अजय कुमार साहू ने शिक्षकों के साथ बैठक कर जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। कहा कि शीतलहर एवं ठंड बढ़ गई है। विद्यालयो में छोटे-छोटे बच्चों को भारी ठंड का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश के कुछ जिलों में समय परिवर्तन कर भी दिया गया है।

हरित ऊर्जा में प्रगति

हरित ऊर्जा की दिशा में जो प्रगति बीते एक दशक में देश ने दर्ज की है वह काबिलेतारीफ है। भारत स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। देश में कुल स्थापित बिजली क्षमता का 50 फीसद से अधिक हिस्सा अब गैर-जीवाश्म स्रोतों पर आधारित है। देश ने यह लक्ष्य समय से पांच वर्ष पहले ही हासिल कर लिया है। मजबूत नीतिगत समर्थन के दम पर घरेलू मॉड्यूल विनिर्माण में विस्तार के साथ स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में हुई प्रगति में सौर ऊर्जा का अहम योगदान रहा है। मगर ऊर्जा पर संसद की स्थायी समिति की एक नई रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि केवल सौर क्षमता बढ़ाने से बात बनने वाली नहीं है। दक्षता और तैयारी अपर्याप्त रहने से दीर्घ अवधि में देश के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल करना मुश्किल हो सकता है। इस रिपोर्ट में एक अन्य महत्वपूर्ण बात का भी जिक्र है। इसमें कहा गया है कि प्रदर्शन की निगरानी के स्तर पर सबसे अधिक खामियां दिख रही हैं। भारत में 129 गीगावॉट की स्थापित सौर क्षमता के बावजूद फोटोवोल्टिक (पीवी) संयंत्र के प्रदर्शन के आकलन के लिए एक राष्ट्रीय ढांचे का अभाव है। मॉड्यूल की गुणवत्ता एवं क्षमता में

कमी, संचालन और रखरखाव की गुणवत्ता का आकलन करने या विकिरण-समायोजित उत्पादन की गणना करने के लिए कोई मानकीकृत तरीका फिलहाल मौजूद नहीं है। ऐसे मानक के अभाव में शुल्कों से जुड़ी बोलियां दीर्घकालिक प्रदर्शन से जुड़े जोखिम के साथ तालमेल नहीं बैठा पाती हैं। खराब प्रदर्शन करने वाली परियोजनाएं नजरों के सामने नहीं आ पाती हैं और विनिर्माताओं पर गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए अधिक दबाव नहीं पड़ता है। प्रतिस्पर्द्धी बोली और कमजोर मार्जिन पर निर्भर इस क्षेत्र के लिए ऐसी जानकारियों का अभाव केवल अक्षमता और वित्तीय दबाव का कारण बन सकता है। ग्रिड स्तर पर पेश आने वाली बाधाएं समस्या को और जटिल बना देती हैं। सौर ऊर्जा उत्पादन खास भौगोलिक क्षेत्रों में केंद्रित है जबकि पारेषण क्षमता और ऊर्जा भंडारण अपर्याप्त है जो एक गंभीर बात है। वर्ष 2030 तक 60 गीगावॉट की अनुमानित आवश्यकता की तुलना में फिलहाल केवल लगभग 5 गीगावॉट भंडारण क्षमता उपलब्ध है। हरित ऊर्जा गलियारा बेहतर बनाने और अंतर-राज्यीय पारेषण तंत्र मजबूत बनाने से संबंधित समिति की सिफारिशें तत्काल लागू की जाना चाहिए। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने भी यह सलाह दी है कि भविष्य में नवीकरणीय ऊर्जा के लिए लगने वाली बोलियों में कम से कम 10 फीसदी में भंडारण का घटक शामिल हो। प्राधिकरण का सुझाव स्वागत योग्य है। ये उपाय नहीं किए गये तो सौर ऊर्जा क्षमता में बढ़ोतरी ग्रिड की वहन क्षमता से अधिक हो जाएगी जिससे कटौती और वित्तीय नुकसान की नौबत उत्पन्न हो जाएगी। छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की योजना (रूफटॉप सोलर एनर्जी सेगमेंट) में भी सुधार की आवश्यकता है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत भी इसे अपनाने की रफ्तार बेहद कम है। इस संदर्भ में केरल का हाल का अनुभव हमें आगाह करता है। दिन के समय अधिशेष और रात के समय कम बिजली की उपलब्धता ने वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के लिए हालात मुश्किल बना दिए हैं। इससे आजिज होकर केरल राज्य विद्युत नियामक आयोग को नेट-मीटरिंग नियमों पर पुनर्विचार करने और यहां तक कि बैटरी की जरूरतों पर सोचने के लिए विवश कर दिया। ऐसी समस्याओं का समाधान निकालने के तरीके निश्चित तौर पर खोजने होंगे। इसमें भूमि अधिग्रहण भी एक बाधा साबित हो रही है। बहरहाल स्वच्छ ऊर्जा समय की जरूरत है और इसकी राह में आने वाली सभी कानूनी, वित्तीय नियामकीय और जमीन संबंधी बाधाओं को दूर करना चाहिए।

विचार

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

–फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

–भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

–चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

–रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग–द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

–विनोबा भावे.

महिला सुरक्षा की चिंताजनक तस्वीर

मनोज बाजपेयी

> जब तक समाज बेटियों को बराबरी का अधिकार और सम्मान देना नहीं सीखेगा, तब तक कानून चाहे कितने ही कठोर क्यों न बना दिए जाएं, स्थितियां नहीं बदलेंगी। इसलिए महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने की जिम्मेदारी सरकार, कानून, पुलिस और अदालत के साथ ही समाज की भी है। समाज को भी अब आगे आकर महिला सुरक्षा की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठानी होगी।

अब से ठीक 13 वर्ष पूर्व 16 दिसम्बर 2012 को राष्ट्रीय राजधानी नयी दिल्ली में 'निर्भया कांड' घटित हुआ था। हत्या और दुराचार के इस घृणित कृत्य से पूरा देश उबल पड़ा था। लोग सड़कों पर उतरे और महिलाओं की सुरक्षा के लिए कठोर कानून बनाने की मांग होने लगी। महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष उपाय करने और दैनिक जीवन में उनके साथ होने वाली छेड़छाड़ और पेश आने वाली चुनौतियों का प्रभावी समाधान करने के लिए गंभीर प्रयासों की मांग की गयी। व्यापक जनभावना के मद्देनजर इस दिशा में सरकार ने कुछ प्रयास भी किये। मसलन निर्भया कांड के छह आरोपियों में अफरोज नाम का एक नाबालिग अपराधी कानूनी प्रावधानों के सहारे तीन साल की सजा के बाद बच निकला लेकिन पांच आरोपियों में चार को मुकेश, अक्षय, विनय और पवन को 20 मार्च 2020 को अदालती प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद फांसी पर लटका दिया गया। जबकि छठवें अभियुक्त राम सिंह ने अदालती प्रक्रिया के बीच आत्महत्या कर ली थी। राम सिंह ने 11 मार्च 2013 को तिहाड़ जेल में आत्महत्या कर ली थी। अगर उसने ऐसा ना किया होता तो निर्भया कांड में फांसी पर लटकने वाला वह पांचवा दोषी होता। एक हत्या और बलात्कार के मामले में चार लोगों को फांसी पर लटकानाभी एक दुर्लभ मामला था।

अगर इससे पहले दुराचार और हत्या के मामले में फांसी की सजा का रिकॉर्ड देखें तो वर्ष 2000 के बाद निर्भया कांड के अलावा सिर्फ धनंजय चटर्जी का नाम आता है जिसे फांसी दी गयी। स्पष्ट है कि निर्भया कांड के बाद अदालतों और कानून को लागू करने वाली एजेंसियों का रवैया कुछ बदला। महिलाओं की सुरक्षा के लिए कुछ उपाय भी किये गये मसलन निर्भया फंड बनाया गया ताकि ट्रेनों, बसों में महिलाओं की सुरक्षा निगरानी बढ़ायी जा सके। इसी घटना के बाद महिलाओं के लिए एक अलग बैंक भारतीय महिला बैंक बनाया गया जिसका बाद में एसबीआई में विलय कर दिया गया। इसी तरह आपातकालीन सहायता 112, सुरक्षित सिटी परियोजना, वन स्टॉप सेंटर, महिला पुलिस स्वयं सेवक, महिला वैन, तकनीकी सहायता जैसे उपायों के साथ ही कानूनी उपाय भी किये गये जिसमें पॉक्सो कानून का गठन, पुलिस कर्मियों का विशेष लैंगिक संवेदना प्रशिक्षण जैसे प्रावधान किये गये। सामाजिक स्तर पर भी कई प्रयास हुए। इसमें महिलाओं, बेटियों का आत्मरक्षा प्रशिक्षण, व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने की कोशिशें भी हुईं। लेकिन इन सबके बावजूद न तो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में और न ही देश में ऐसा कोई बदलाव आया जिसमें महिलाओं को बदले हुए सुरक्षित माहौल का अहसास हो। अपराधों के आंकड़ों में महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों की संख्या और क्रूरता दोनों बढ़ रही है।

विमर्श

महिलाओं के साथ बढ़ते अपराध के मामलों की पुष्टि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों से भी होती है। एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट एक बार फिर हमारे सामने वह कठोर सच रखती है, जिसे हम अक्सर आंकड़ों की भीड़ में खो देने की कोशिश करते हैं कि भारत में नारी अस्मिता पर हमले लगातार बढ़ रहे हैं और समाज के भीतर मौजूद विकृत मानसिकता किसी न किसी रूप में आज भी उतनी ही या उससे भी अधिक विद्यमान है।

कानून, पुलिस, सामाजिक जागरूकता और आधुनिकीकरण की चमक के बावजूद महिलाएं आज भी भय, हिंसा और अपमान झेलने को मजबूर हैं। वर्ष 2023 में महिलाओं से जुड़े 448211 अपराध दर्ज हुए, यह सिर्फ एक साल के आंकड़े नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के खिलाफ हो रही निरंतर हिंसा की तस्वीर है। हर दिन सैकड़ों महिलाएं अपमानित होती हैं, उनकी सुरक्षा चकनाचूर होती है और उनके आत्मसम्मान पर प्रहार किए जाते हैं। उत्तर प्रदेश में 66 हजार से अधिक मामलों का दर्ज होना, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश का पीछे न रहना और तेलंगाना, राजस्थान, ओडिशा व हरियाणा जैसे राज्यों में प्रति लाख महिलाओं पर अपराध दर 100 से ऊपर होना इस बात का संकेत है कि समस्या केवल किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहकर, गांव और शहर दोनों ही समान रूप से असुरक्षित हो चुके हैं। सबसे अधिक अपराध पति या परिजनों द्वारा की जाने वाली क्रूरता के हैं, जो कुल घटनाओं का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं। यह तथ्य ही बताने के लिए काफी है कि महिला असुरक्षा का सबसे बड़ा अड्डा अक्सर घर ही बन जाते हैं। 88000 अपहरण के मामले, 6156 दहेज हत्याएं और 29670 बलात्कार की घटनाएं यह स्पष्ट करती हैं कि कठोर कानूनों के बावजूद अपराधियों के मन में कानून का भय व्याप्त नहीं हो पा रहा है। बच्चों के खिलाफ अपराधों में 9 प्रतिशत की वृद्धि, वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ 28000 मामले और अनुसूचित जनजातियों के खिलाफ अपराधों में 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी। यानी हमारा समाज संवेदनशीलता की परीक्षा में लगातार असफल हो रहा है।

राष्ट्रीय महिला आयोग की 'नारी यानी एनएआरआई 2025' की रिपोर्ट इस संकट की पुष्टि करती है। अपनी तरह का यह पहला राष्ट्रीय वार्षिक सुरक्षा सूचकांक हमें बताता है कि भारतीय शहरों में महिलाओं की वास्तविक सुरक्षा का स्तर कितना असमान है। कोहिमा, विशाखापत्तनम और भुवनेश्वर सबसे सुरक्षित शहरों में शामिल हुए, जबकि दिल्ली, पटना और जयपुर सबसे असुरक्षित शहरों में गिने गये। 12770 महिलाओं के सर्वेक्षण पर आधारित यह रिपोर्ट न केवल आंकड़े देती है, बल्कि यह बताती है कि महिलाओं की सुरक्षा का सवाल अब सिर्फ पुलिस या प्रशासन का विषय नहीं रहा। यह हमारे सामाजिक व्यवहार, परवरिश, मानसिकता और नैतिकता से जुड़ा मुद्दा बन चुका है।

अपराध के बढ़ते मामलों पर नियंत्रण पाने और समाज में सुरक्षित वातावरण विकसित करने के लिए जरूरी है कि कुछ ठोस प्रयास किये जायें। इसमें हर जिले में अनिवार्यतः फास्ट ट्रैक अदालतें बनाई जायें और सजा का प्रावधान न केवल कठोर, बल्कि त्वरित भी हो। अपराधियों का सामाजिक बहिष्कार भी एक प्रभावी कदम हो सकता है, जो समाज को यह स्पष्ट संदेश दे कि महिलाओं की गरिमा पर हमला किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। इसके बाद पुलिस तंत्र का आधुनिकीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है। हर थाने में महिला हेल्प डेस्क, प्रशिक्षित महिला अधिकारी, 24 गुणे 7 हेल्पलाइन, सुरक्षित मोबाइल ऐप और जीपीएस आधारित आपातकालीन रिस्पॉन्स सिस्टम को अनिवार्य रूप से लागू किया जाना चाहिए। सुरक्षा के संदर्भ में तकनीक का उपयोग तभी सार्थक है जब वह पीड़ितों तक मदद तेजी से पहुंचाए और मामलों की जांच में पारदर्शिता सुनिश्चित करे। समस्या का तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण आयाम है, मानसिकता का परिवर्तन। जब तक समाज बेटियों को बराबरी का अधिकार और सम्मान देना नहीं सीखेगा, तब तक कानून चाहे कितने ही कठोर क्यों न बना दिए जाएं, स्थितियां नहीं बदलेंगी। बच्चों को स्कूलों से ही लैंगिक संवेदनशीलता की शिक्षा दी जानी चाहिए। इस तरह महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने की जिम्मेदारी सरकार, कानून, पुलिस और अदालत के साथ ही समाज की भी है। समाज को भी आगे आकर महिला सुरक्षा की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठानी होगी।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

सोशल मीडिया

ज्ञान और संस्कृति की पुण्यधरा बिहार भाजपा के ओजस्वी नेता, बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन जी को भाजपा का रा. कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर आत्मीय बधाई। जेपी नड्डा.

अब तक के इतिहास में डॉलर के मुकाबले रुपये का सबसे ज्यादा कमजोर होना दिखाता है कि अर्थव्यवस्था को लेकर भाजपा के सारे दावे, आंकड़े पूरी तरह झूठ है। अखिलेश य

नितिन नबीन जी को भाजपा रा. कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं, उनके उत्तम स्वास्थ्य, उज्ज्वल कार्यकाल की ईश्वर से कामना है। नीतीश कुमार.

विचारशील मस्तिष्क

मानव मस्तिष्क अति चिंतनशील है। मस्तिष्क हमेशा चिंतन-मनन में लगा रहता है। महापुरुष ईसा ने कहा है- कल की चिंता मत करो। पर इसका वास्तविक मर्म बहुत कम लोग समझते हैं। आप कहेंगे काल की चिंता कैसे न करें? हमारा परिवार है, हमारे बच्चों की शिक्षा, वस्त्र, भोजन, मकान की विषम समस्याएं हैं। कल हमें उनके विवाह करने हैं? क्या रुपया एकत्रित किए बिना काम चलेगा? हमें बीमा पालिसी में रुपया जोड़ना चाहिए? हमारी आज नौकरी लगी है कल छूट भी सकती है, आज हम स्वस्थ हैं कल बीमार पड़ेंगे तो कैसे काम चलेगा? वृद्धावस्था में हमारा क्या होगा? इस प्रकार की बातें ठीक हैं। एक विचारशील मस्तिष्क में ये विचार आने चाहिए। हमारा सुझाव है कि आप कल के लिए अपने आपको शक्तिशाली बनाने के लिए, योग्यतर, स्वस्थ आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न होने के लिए नयी योजनाओं को कार्यान्वित करें। भावी जीवन के लिए जितना संभव हो तैयारी कीजिए। परिश्रम उद्योग मिलनसारी द्वारा समाज में अपना स्थान बनाइये। पर चिंता न कीजिए। योजना बनाकर दूरदर्शिता पूर्ण कार्य करना एक बात है, चिंता करना दूसरी बात है। चिंता से क्या हाथ आवेगा। जो रही सही शक्ति और मानसिक संतुलन है, वह भी नष्ट हो जायेगा। चिंता तो आपको उत्साह, शक्ति और प्रसन्नता से पंगु कर देगी। जिस कठिनाई या प्रतिरोध को आप अपनी वयक्तिगत शक्तियों से बखूबी जीत सकते थे। पर्वत सदृश कठिन प्रतीत होगी। चिंता आपके सामने एक ऐसा अंधकार उत्पन्न करेगी कि आपको उस महान शक्ति केन्द्र का ज्ञान न रह जायेगा। जो आदिकर्ता परमेश्वर ने आपके अंग-प्रत्यंग में छुपा रख है। युद्ध बीमारी दिवाला य दुखद मृत्यु के अंधकार पूर्ण रुदन में, शुभ चिंतन और अशुभ चिंतन में केवल यह अंतर है। अच्छा विस्तार वह है जो कार्य करण के फल को तर्क की कसौटी पर परखता है। दूर की देखता है और किस कार्य में भविष्य में क्या फल होगा, इसका संबंध देखकर भावी उन्नति की योनजाएं निर्माण करता है। सृजनात्मक विचार भवी निर्माण में पुरानी गलतियों की सजा के अनुभवों और संसार की कठोरताओं को देखभाल कर अपनी उन्नति के लिए योजना प्रदान करता है। अच्छे चिंतन में संग्रहित सांसारिक अनुभवों के बल उत्साह और आशा का शुभ आलोक है। कार्यनिष्ठा और साहस का बल है, शक्ति और कुशलता का पावन योग है। कार्य से भागकर नहीं, वरन गुत्थियों को सुलझाकर अपूर्व सहनशक्ति का परिचय देने का विधान है। बुरी विचारधारा का प्रारम्भ ही डर और घबराहट से होता है। कठिनाइयां आ रही हैं। हमें वह कार्य करना ही पड़ेगा, जो साधारणतः हमने नहीं किया है।

अंतर्दृष्टि

दामन छोड़ने-पकड़ने का यज्ञ...

व्यंग्यलोक

चुनावी काल में एक का दामन छोड़ने और दूसरे का दामन पकड़ने का यज्ञ चल रहा॑ दामन छोड़ने-पकड़ने का काम अत्यंत स्वार्थी वातावरण में हो रहा है। एक दल-दल पार्टी से दूसरी दल-बदल पार्टी के साथ यही खेल चल रहा है। एक पार्टी से मेला और दूसरी से झमेला पल रहा है। मंत्री जी ने अपनी पार्टी छोड़ी, क्योंकि वे देश सेवा के लिए सम्मान व स्वाभिमान चाहते हैं। देश सेवा के लिए अपने बीवी-बच्चों का टिकट चाहते हैं। जो पूरा का पूरा परिवार देश सेवा के लिए टिकट मांग रहा है, उन्हें तो मिल ही जाना चाहिए ना! न मिले तो उन्हें रातों-रात एक पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी में घुस जाना चाहिए। निश्चित तौर से पार्टी को इस बात का अंदाजा था कि वह इसको छोड़ेंगे। टिकटों के लिए पूरे परिवार की मारामारी नहीं झेलने वाली दल-दल पार्टी स्वयं दल-बदल करने के लिए तैयार हो रही है। कोई भी माननीय देश सेवक जब भी किसी पार्टी को छोड़ता है तो वह एक ही मंत्र दागता है- यह पार्टी किसानों की विरोधी है। यह दलितों की विरोधी है। मजदूरों-गरीबों की विरोधी है। उनके यहां बहुत अन्याय है। पार्टी छोड़ने वाले मंत्री जी का चमचा भी कहता है- यह पार्टी अन्याय पूर्ण भागीदारी अपनाती है। यह पार्टी गरीब, मजदूर, दलित, महिला की विरोधी है। इसलिए हमारे मंत्री जी ने जनता के हित में ही इस पार्टी को छोड़ा है। जिस पार्टी को कोई पकड़ता है वह उस नई पार्टी के गीत गाता है। वह कहता है- इसी पार्टी में लोकतंत्र जिंदा है। यही पार्टी देश को आगे ले जा सकती है। यह गरीब, मजदूर, किसानों और दलितों की रक्षा करने में सिर्फ एकमात्र पार्टी है। देश सेवा के लिए सिर्फ यही पार्टी सब कुछ काम कर सकती है। ऐसा कहते हुए वे दुपट्टा धारण कर लेते हैं और उंगलियों से वी का निशान बनाते हुए जोर से चीखते हैं- मैं ही सरकार बनाता हूं और मैं ही सरकार को बिगाड़ता हूं। मैं जिस पार्टी में जाता हूं उसी को पार्टी नंबर वन बना देता हूं। मैंने इस दल-दल पार्टी में 5 साल तक मंत्री बनकर देख लिया। ऐसी अन्यायी पार्टी से अब मेरा मोहभंग हो गया है और मैंने इस्तीफा दे दिया है। सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, मोबाइल आदि सभी को बता दिया है। सारे प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को भी मैंने बता दिया है। यह कदम उठाया है, वह सिर्फ जनता के भले के लिए उठाया है। अब नई दलिद्दर पार्टी मुझे अपने बेटा, बेटी, बीवी, चाचा, ताऊ, सास, बहू सबको टिकट देकर देश सेवा करने का मौका देगी, जो सबसे बढ़िया बात है। मेरे इस्तीफे का असर आगामी चुनावों में पड़ेगा और सरकार सिर्फ मेरी ही बनेगी। मैंने 5 साल तक मंत्री बनकर इनकी विचारधारा को भी देखा। वह अब मुझे सहन नहीं है क्योंकि सामने चुनाव के 5 दिन ही शेष रह गए हैं। कहते हुए वे नारा उछालते हैं- अन्याय-जुल्म की टक्कर में... ! चमचों का हुजूम कहता है- ये दल-दल पार्टी पड़ गई चक्कर में! बाहर गीत बज रहा है- मैं आऊं, आजा!

राम विलास जॉगिड़

बौद्ध सांस्कृतिक विरासत का मंच, लुंबिनी फेस्टिवल

धर्म/संस्कृति

धीरज बसाक

भारत और नेपाल की साझा सांस्कृतिक धरोहर का एक अनमोल अध्याय है लुम्बिनी फेस्टिवल। नेपाल स्थित लुम्बिनी में ही भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। इसलिए ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत को जीवंत करने वाला महत्वपूर्ण लुम्बिनी फेस्टिवल हर वर्ष भारत के हैदराबाद शहर में मनाया जाता है। तीन दिनों तक चलने वाला यह फेस्टिवल इस साल 13 से 15 दिसंबर 2025 तक है। यह फेस्टिवल मूलरूप से बौद्ध परंपरा, दक्षिण भारतीय संस्कृति, शांति, सहिष्णुता और कला का अनूठा संगम होता है। यह सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं है बल्कि इसमें बुद्ध के विचार, करुणा, समानता, मध्यम मार्ग और शांति को आधुनिक समाज तक पहुंचाने का माध्यम भी है। आइये विस्तार से समझते हैं आखिर इस महोत्सव की सांस्कृतिक महत्ता क्या है?

लुम्बिनी फेस्टिवल आंध्र प्रदेश पर्यटन विभाग तथा बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया मिलकर आयोजित करते हैं। इसका उद्देश्य भगवान बुद्ध के जन्मस्थल लुम्बिनी की ऐतिहासिक स्मृति को पुनर्जीवित करना तथा भारत और नेपाल के आध्यात्मिक संबंधों को मजबूत करना है। दक्षिण भारत में बौद्ध कला, संस्कृति, दर्शन और संगीत को इस उत्सव के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाता है तथा शांति व करुणा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की कोशिश होती है। इस फेस्टिवल का आयोजन मुख्यतः हैदराबाद के नागार्जुन कुंड और इसके आसपास के बौद्ध विरासत स्थलों को केंद्र में रखकर किया जाता है। यह उत्सव हर साल दिसंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में मनाया जाता है। तीन दिन का यह महोत्सव अकसर अलग अलग तारीखों को आयोजित होता है। इस साल यह 13 दिसंबर से 15 दिसंबर 2025 तक है। इस महोत्सव में देश-विदेश से हजारों पर्यटक और बौद्ध विचारक हिस्सा लेने के लिए आते हैं। हम सब जानते हैं कि भगवान बुद्ध का जन्म नेपाल के लुम्बिनी नामक जगह में हुआ था। लेकिन उन्होंने ज्ञान भारत में प्राप्त किया था और यहीं धर्मचक्र परिवर्तन और महापरिनिर्वाण प्राप्त किया। इसलिए उनकी आध्यात्मिक यात्रा दोनो देशों को एक सूत्र में पिरोती है। लुम्बिनी फेस्टिवल वास्तव में इसी साझा विरासत का उत्सव है। आंध्र प्रदेश और तेलगांना में प्राचीनकाल में बौद्ध धर्म अत्यंत प्रभावशाली था। नागार्जुन कुंड, अमरावती स्तूप और ध्यानकाने गुडा ये सभी स्थल इस विरासत के प्रमाण हैं। लुम्बिनी फेस्टिवल के जरिये इन्हें आधुनिक जनजीवन में पुनः चर्चा में लाया जाता है। लुम्बिनी फेस्टिवल आंध्र प्रदेश और तेलगांना के राज्य सांस्कृतिक पर्यटन को वैश्विक स्तर पर प्रचारित करता है तथा शांति, अहिंसा और करुणा का प्रसार करता है। आज के तनावपूर्ण समय में बुद्ध के संदेश और भी महत्वपूर्ण हो गये हैं। यह उत्सव बौद्ध मूल्यों के प्रति समाज को जागरूक करने का महोत्सव है। उत्सव की शुरूआत दीप प्रज्वलन और बौद्ध भिक्षुकों के पारंपरिक शांति-चक्र उद्घोष से होती है। इस फेस्टिवल में नेपाल, भूटान, श्रीलंका, थाइलैंड और अन्य बौद्ध देशों के प्रतिनिधि भी शामिल होते हैं। सबसे पहले बौद्ध भिक्षुओं द्वारा प्रार्थना और प्रवचन का कार्यक्रम सम्पन्न होता है, जिसमें धम्म प्रवचन, सुत्त पाठ और ध्यान सत्र जैसे कार्यक्रम आध्यात्मिक अनुभव को गहन बनाते हैं। इसके बाद आंध्र प्रदेश, तेलगांना तथा बौद्ध देशों की लोक प्रस्तुतियां मंचित होती हैं, जिसमें दक्षिण भारतीय शास्त्रीय नृत्य, नेपाल-भूटान की पारंपरिक नृत्य शैलियां, बुद्ध की जीवनकथाओं पर आधारित नाट्य मंचन और बौद्ध गीतों तथा भजनों का सामूहिक गायन प्रस्तुत किया जाता है। इस फेस्टिवल का एक और महत्वपूर्ण कार्यक्रम नागार्जुन कुंड, अमरावती स्तूप और संग्रहालय के विशेष टूर आयोजित करना भी है। पुरातत्वविद और शोधकर्ता आगंतुकों को धरोहर की ऐतिहासिकता पर व्याख्या देते हैं। साथ ही इन तीन दिनों के उत्सव में आंध्र प्रदेश का पारंपरिक हस्तशिल्प, मिट्टी की कलाकृतियां, बौद्ध प्रतीक, हथकरघा उत्पाद आदि सभी का प्रदर्शन होता है। फूड स्टॉल पर विशेष रूप से दक्षिण भारतीय और नेपाली व्यंजनों को परोसा जाता है, जो फेस्टिवल में आने वाले आगंतुकों को एक नई सांस्कृतिक अनुभूति देता है। इस दौरान यहां अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सेमिनार आयोजित किये जाते हैं, जिनके विशेष सत्रों में मध्यम मार्ग, वैश्विक शांति, पर्यावरणीय संतुलन और बौद्ध कला पर विद्वानों का विमर्श होता है।

आप की बात

सामाजिक बदलाव के वाहक

शिक्षा आर्थिक प्रगति और सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम है। जैसी शिक्षा होगी वैसा ही समाज भविष्य में बनेगा। इसलिए शिक्षा पर समाज को फोकस बढ़ाना चाहिए। भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैंकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकरों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार हरेक बच्चे को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराये। एक शिक्षित व्यक्ति ही समाज एवं राष्ट्र निर्माण का वाहक बन सकता है। अशिक्षा व्यक्ति को अंधकार में रखती है और इसी कारण समाज में तमाम तरह की बुराई भी पनपती हैं। इसलिए शिक्षा पर सरकार फोकस बढ़ाये।

प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.

स्वास्थ्य सेवा की दशा

सामाजिक विकास की सबसे अहम चुनौती स्वास्थ्य सेवाओं को जनोपयोगी बनाना है। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में अगर वाजिब भुगतान पर इलाज मिलता तो निश्चित रूप से बहुत से मरीज जो इलाज के लिए पूरी तरह सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर हैं वे प्राइवेट अस्पताल में जाते। इससे प्राइवेट अस्पताल का कामकाज बढ़ता और सरकारी अस्पतालों का बोझ कम होता। इसलिए सरकारी अस्पतालों को ठीक करने की जरूरत बहुत अधिक है।

अवनीश शर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

आरएसएस के गृह सम्पर्क अभियान में पकड़ी गति

अयोध्या। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गृह संपर्क अभियान अपनी गति निरंतर बढ़ा रहा है, गृह संपर्क अभियान 20 नवंबर से आरंभ हुआ है और 21 दिसंबर तक चलता रहेगा। इसी क्रम में विवेकानंद नगर की पांचो बस्तियों में क्रमवार संपर्क अभियान जारी है रिकाबगंज बस्ती, झारखंडी बस्ती ,टकसाल बस्ती, बल्ला हाता बस्ती और फतेहगंज बस्ती में संपर्क प्रत्येक घरों में किया जा रहा है फतेहगंज बस्ती में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अयोध्या महानगर के व्यवस्था प्रमुख विवेक अग्रवाल के नेतृत्व में संपर्क किया गया। अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत एवं बस्ती प्रमुख अधिवक्ता राजीव शुक्ला ने बताया संपर्क अभियान का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा को प्रत्येक घरों में पहुंचाना है, भारत माता का चित्र, पत्रक और संघ शताब्दी वर्ष की पुस्तिका प्रत्येक घरों में वितरित की गई संघ द्वारा किए गए कार्यों के बारे में भी प्रत्येक परिवारों में बताया गया राष्ट्रहित में कार्य करने वाला और व्यक्ति निर्माण करने वाला यह प्रमुख सामाजिक संगठन है संपर्क करने वालों में प्रमुख रूप से विवेकानंद नगर के नगर कार्यवाह आदि उपस्थित रहे।

सुप्रीम कोर्ट से ऐतिहासिक साक्ष्य और दस्तावेज लौटाने की मांग करेगा राम मंदिर ट्रस्ट

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट सुप्रीम कोर्ट से राम मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक साक्ष्य और दस्तावेज वापस लेने की औपचारिक पहल करने जा रहा है। इन्हीं ऐतिहासिक प्रमाणों के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय ने राम मंदिर के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की खुदाई में प्राप्त सभी

● एएसआई की खुदाई में प्राप्त सभी महत्वपूर्ण साक्ष्य सुप्रीम कोर्ट के संरक्षण में हैं सुरक्षित

महत्वपूर्ण साक्ष्य वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट के संरक्षण में सुरक्षित हैं। राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा शीघ्र ही न्यायालय को औपचारिक पत्र लिखकर इन दस्तावेजों और पुरातात्विक अवशेषों को सौंपने का अनुरोध किया जाएगा। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने स्पष्ट किया कि अब फैसले को चुनौती देने वाला कोई पक्ष शेष नहीं है, ऐसे में ऐतिहासिक साक्ष्यों को राम मंदिर परिसर में संरक्षित किया जाना उचित होगा।

बताया कि ट्रस्ट की योजना के अनुसार, सभी ऐतिहासिक प्रमाणों को मंदिर परिसर में बन रहे भव्य संग्रहालय में सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से रखा जाएगा। यह संग्रहालय श्रद्धालुओं और शोधकताओं के लिए आस्था के साथ-साथ ज्ञान का प्रमुख केंद्र बनेगा। संग्रहालय में रामायण काल से जुड़े विभिन्न प्रसंगों पर आधारित विशेष गैलरियां विकसित की जा रही हैं, जो आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत की जाएंगी। गैलरी निर्माण और उनके शैक्षणिक एवं तकनीकी प्रस्तुतीकरण के लिए आईआईटी चेन्नई के साथ एमओयू किया जा रहा है। इन गैलरियों में हनुमान जी की मूर्ति को भी अत्याधुनिक तकनीक के जरिए जीवंत स्वरूप में प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को एक अद्वितीय अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि मार्च 2026 तक सभी गैलरियों के पूर्ण होने की संभावना है। इसके साथ ही देश-विदेश में उपलब्ध प्राचीन रामायण ग्रंथों का संग्रह भी मंदिर परिसर में किया जाएगा। विशेष रूप से बाल्मीकि रामायण की एक प्राचीन प्रति को गर्भगृह में स्थापित करने के लिए वाराणसी संस्कृत विश्वविद्यालय से संपर्क किया जा रहा है। राम मंदिर परिसर का यह संग्रहालय न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र होगा, बल्कि भारतीय इतिहास, संस्कृति और सभ्यता का जीवंत दस्तावेज भी बनेगा।

ग्रापए की बैठक में नयी जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

जिला संवाददाता

अयोध्या।ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद अयोध्या की बैठक प्रेस क्लब सिविल लाइन के सभागार में संपन्न हुई जिसमें सदस्यता, नवीनीकरण, पत्रकार उत्पीड़न के निराकरण के साथ 2026 की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया व तहसील अध्यक्षों का चयन हुआ। देवबक्श वर्मा को पुनः जिला अध्यक्ष, सुमित्रानंदन यादव उपाध्यक्ष, अवध राम यादव महामंत्री चुने गए। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की 2025 की जिला कार्यकारिणी में अध्यक्ष देवबक्श वर्मा , उपाध्यक्ष- सुमित्रानंदन यादव, सुनील कुमार सिंह, शेख मोहम्मद इशहाक। महामंत्री- अवध राम यादव, ओमप्रकाश वर्मा, पवन कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष- दयाशंकर मौर्य, मंत्री पद पर- कृष्ण सिंगर मिश्र, संपूर्णनंद बागी, पुरुषोत्तम दास गुप्ता, संगठन मंत्री- जितेंद्र यादव, प्रचार मंत्री- ,रमेश कुमार शर्मा. ऑडिटर- राम केर सिंह, सदस्य कार्यकारिणी- अनूप कुमार श्रीवास्तव राजेश कुमार पांडे, हरिओम पांडे, कपिल देव वर्मा, सील चंद, कुमकुम भाग्य,मनु कुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार मनोनीत हुए। विशेष आमंत्रित सदस्य में प्रवीण कुमार चैहान, अजय कुमार पांडे, विक्रम पाल सिंह, आनंद गोपाल सिंह, रामसनेही लोध, रामराज हरिओम पांडे मनोनीत किए गए।इसी प्रकार मिल्कीपुर तहसील अध्यक्ष- हृदय राम मिश्र, ीकापुर तहसील अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा,रुदौली तहसील अध्यक्ष रवि प्रकाश गुप्त, सदर तहसील अध्यक्ष रामनाथ शर्मा, सोहावल तहसील अध्यक्ष दयाशंकर मनोनीत किए गए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष देव बक्श वर्मा ने कहा कि आज ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद अयोध्या अपनी कार्यकारिणी के बल पर प्रदेश में अपना सर ऊंचा किया है। बाबू बालेश्वर लाल के बताए रास्ते पर चलते हुए संगठन आगे बढ़ रहा है आज जरूरत है कि संगठन के सभी साथियों को समाचार को लिखते समय अपनी लेखनी को निष्पक्ष भाव से समाज हित में चलना चाहिए ईर्ष्या, द्वेष को त्याग कर समाज के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए, संगठन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल के सपनों को साकार करना होगा।

लायंस क्लब ने लगवाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 175 लोगों ने करवायी जांच

बाराबंकी। स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने को लेकर लायंस क्लब डायरेक्टर विनोद गाबा की अध्यक्षता मे धनोखर चैराहे पर निःशुल्क ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर शिविर का आयोजन किया। जिसमे चिकित्सको की टीम द्वारा 175 लोगो की जांच की गई। तथा उन्हें चिकित्सकीय सलाह दी गई। इस मौके पर लायस क्लब डायरेक्टर श्री गाबा ने कहा कि इस भाग दौड़ भरे जीवन में लोगो को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। इसलिए इस तरह के कार्यक्रम का होना जरूरी है। इससे किसी प्रकार की बीमारी के लक्षण को पहले ही रोका जा सकता है। इस अवसर पर लायंस क्लब प्रेसिडेंट संदीप बाथम, धीरेंद्र वर्मा, श्याम मोहन वैश्य, राजू पटेल, राकेश उप्पल, अरुण कुमार अग्रवाल, अश्विनी कुमार गुप्ता, दीप कुमार जायसवाल, बृजेंद्र वर्मा, सुशील गुप्ता, हिमांशु बैसवार मौजूद रहे।

संविधान से न होकर मनुस्मृति के अनुसार हो रहा न्यायः रणधीर सिंह सुमन

बाराबंकी। प्रदेश में न्याय, दगाईयों के पक्ष में खड़ा है। और पीडित पक्ष को फाँसी हो रही है। न्याय कार्यपालिका का अंग हो गया है जबकि संविधान की अवधारणा है कि न्यायपालिका एक स्वतन्त्र है न्याय संविधान के अनुसार न होकर मनुस्मृति के अनुसार हो रहा है। उक्त विचार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन में जिला कौंसिल बैठक मे व्यक्त किये। जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि पार्टी का शताब्दी समारोह 26 दिसम्बर को उत्साहपूर्वक मनाया जायेगा। जिसमे इतिहास की महत्व-पूर्ण परिघटनाओं को भी प्रदर्शित किया जायेगा। राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि उ0प्र0 सरकार के पास अब कोई मुद्दा नहीं है इसलिए जाति के आधार पर जातिवाद को बनवा देने के लिए मंत्रियो को इस्तीफा करवाकर प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा रहा है। बैठक को शिवदर्शन वर्मा, मुनेश्वर प्रसाद, रामनरेश वर्मा आदि ने भी सम्बोधित किया। संचालन किसान सभा अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने किया। बैठक में मो0 कदीर, प्रेम चंद वर्मा, संदीप तिवारी, महेन्द्र यादव, विवेक वर्मा, दीपक शर्मा मौजूद रहे।

अवध में आयोजित होगा अवधी कलाकारों का सम्मेलन

अयोध्या। जनपद के बीकापुर तहसील क्षेत्र में अवधी कलाकारों का एक विशाल सम्मेलन अवधी संगम आयोजित होने जा रहा है। यह कार्यक्रम 31 दिसंबर को चैरे बाजार स्थित बावन बीघा पठकौली में सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा।अवध क्षेत्र में पहली बार हो रहे इस महासंगम का आयोजन मानवेंद्र सिंह ह्ममानवह्न और उनकी टीम द्वारा किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य अवधी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में अवध क्षेत्र के कई प्रसिद्ध अवधी कलाकार भाग लेंगे जिसमें पल्लवी सुल्तानपुरी, वायरल दादी, धर्मराज कवि शायर, खाकी वाले गुरु जी रणजीत यादव, पीके अवधी कॉमेडी, बृजेश पंडित, स्वतंत्र यादव, शरद और अमन चिथरू और मंगरु, शिवांश प्रजापति और उनके चाचा, विकास शुक्ला, पंपोष प्रतापगढ़ी, ज्ञानमती चाची, अनिरुद्ध सिंह जैसे नाम प्रमुखता से शामिल होंगे। कार्यक्रम के आयोजन में सुनील राजपूत, मनीष सिंह, विनोद सिंह, आनंद यादव, हरिओम सिंह और अर्जुन वर्मा सहित कई अन्य लोग प्रमुख रूप से सहयोग कर रहे हैं।

स्काउट लीडर ट्रेनर अनूप मल्होत्रा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

अयोध्या। स्काउटिंग में राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त सदस्यों के अंतरराष्ट्रीय संगठन अटास इंडिया के जयपुर में आयोजित नवें राष्ट्रीय अधिवेशन में अनूप मल्होत्रा को राष्ट्रीय अध्यक्ष न्यायमूर्ति कल्पेश जवेरी ने राष्ट्रीय एम. ए.खालिद टॉप अचीवर्स अवार्ड 2025 से सम्मानित किया । इस

● अटास इंडिया द्वारा टॉप अचीवर्स अवार्ड 2025 से किया गया सम्मानित

अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के राज्य मुख्य आयुक्त शशि किरण तथा अटास वर्ल्ड के अंतर्राष्ट्रीय सचिव एम ए के मैकी मौजूद रहे। संस्था द्वारा प्रतिवर्ष भारत से चुने हुए एक सदस्य को इस अवार्ड से विगत 3 वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा रहा है। इसके पूर्व वर्षों में प्रेम प्रकाश शर्मा (छत्तीसगढ़) एवं कौशिक चटर्जी (पश्चिम बंगाल) को सम्मानित किया जा चुका है।पूर्व राष्ट्रपति महामहिम ए.पी.अब्दुल कलाम द्वारा राष्ट्रपति रोवर पुरस्कार प्राप्त श्री मल्होत्रा को अटास इंडिया से जुड़कर बेहतरीन संयोजन के उपरांत अटास इंडिया की राष्ट्रीय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के सदस्य के रूप में नामित किए गए। श्री मल्होत्रा को इसके पूर्व मैसेंजर ऑफ पीस के राष्ट्रीय स्टार अवॉर्ड से तथा भारत स्काउट गाइड द्वारा विभिन्न अवसरों पर सम्मानित भी किया जा चुका है। आटास इंडिया का 10वाँ अधिवेशन अगले वर्ष गुजरात में होना सुनिश्चित हुआ है। अयोध्या से इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति रोवर राम लखन मौर्य ने भी राष्ट्रीय गैदरिंग में प्रतिभाग किया।

श्री मल्होत्रा को राष्ट्रीय टॉप अचीवर्स अवार्ड प्राप्त होने पर अटास इंडिया के राष्ट्रीय समन्वयक प्रेम प्रकाश शर्मा, सीमा राठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद्र, खण्ड शिक्षा अधिकारी राम सुयश वर्मा ,सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त कमलेश द्विवेदी, पूर्व जिला संगठन आयुक्त विवेकानंद पाण्डेय, राष्ट्रपति पुरस्कृत साहित्य सेवी डॉ स्वदेश मल्होत्रा,जिला गाइड कैप्टन निधि महेंद्रा,रवि प्रकाश,गीता गुप्ता,गिरीश चंद्र,पंकज कनौजिया,शिप्रा उत्तम बंसल, डॉ पीयूष गुप्ता, डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी, रितेश जायसवाल, ललित रंजन भटनागर, विद्यासागर आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

14 वर्षीय गोकुल वर्मा का राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम में हुआ चयन

बाराबंकी। तहसील हैदरगढ़ अंतर्गत ग्राम जाफरपुर निवासी 14 वर्षीय गोकुल वर्मा पुत्र बैजनाथ वर्मा का उत्तर प्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट टीम में बतौर ऑलराउंडर चयन हुआ है। बता दे की गोकुल वर्तमान में कक्षा 9 के छात्र हैं। और कानपुर ब्लाइंड स्कूल में अध्ययनरत हैं। क्रिकेट में वह एक ऑलराउंडर के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज के रूप में उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा है। चार वर्ष की आयु में बीमारी के कारण उनकी दृष्टि चली गई थी। ब्लाइंड स्कूल में दाखिले के बाद उन्हें अपने खेल शिक्षक सुनील से ब्लाइंड क्रिकेट के बारे में जानकारी मिली। शिक्षक के मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और विश्वास ने गोकुल के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारा और आज वही प्रशिक्षण उन्हें राष्ट्रीय मंच तक ले आया है। गोकुल की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार और विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। बल्कि पूरे बाराबंकी जनपद और उत्तर प्रदेश के लिए प्रेरणा है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड अध्यक्ष शौकत अली ने बताया कि इस टूनामेट में देश की 29 राज्यों की टीमें भाग ले रही है। जिनको 6 ग्रुप में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तमिलनाडु, गुजरात, आंधप्रदेश को रखा गया हैं। टूनामेंट के 8वे संस्करण के लिए उत्तर प्रदेश के खिलाडियों का चयन कर लिया गया है। ग्रुप ए के लीग मैच 15 से 19 दिसंबर 2025 तक विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश में आयोजित किया जायेगा।

श्रीराम कथा में सीता हरण,जटायु मोक्ष,शबरी भेंट और हनुमान मिलन के प्रसंगों का किया गया वर्णन

टिकैतनगर,बाराबंकी। शबरी की भक्ति से प्रभावित होकर श्रीराम ने उसके जूठे बेर खाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। शबरी भगवान की अनन्य भक्त थीं। श्रीराम यह जानते हुए भी कि वह भीलनी जाति की हैं। उनके जूठे बेर प्रेमपूर्वक खाए और सामाजिक समरसता का महान संदेश दिया। भगवान की साधना में

● श्रीराम ने शबरी के जूठे बेर खाकर दिया सामाजिक समरसता का संदेश

जाति-पाति का कोई भेदभाव नहीं होता। भगवान श्रीराम ने शबरी को नवधा भक्ति का उपदेश भी दिया।

उक्त उद्गार श्री राम कथा के अष्टम दिवस पर कथा कथा व्यास अतुल कृष्ण भारद्वाज ने श्रोताओ के बीच व्यक्त किये। कथा के दौरान कथा व्यास श्री भारद्वाज ने स्वर्ण मृग की घटना का बड़े ही रोचक ढंग से वर्णन करते हुए कहा कि जब भक्ति भगवान से विमुख होकर केवल भौतिक साधनों की ओर आकर्षित हो जाती है। तब जीव को भगवान-प्राप्ति के लिए भटकना ही पड़ता है। जैसे माता सीता जानकी सोने का हिरण नहीं चाहती थीं, परंतु सोने के प्रति आकर्षण के कारण वे प्रभु श्रीराम जैसे ह्यसोनेह्न को भूल गईं। कथा व्यास ने सुग्रीव मिलन और बालि वध के प्रसंग के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया कि अधर्म कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो। अंततः उसका पतन निश्चित है और धर्म की विजय सदा होती है। इसके अतिरिक्त सीता हरण, जटायु मोक्ष, शबरी भेंट एवं हनुमान मिलन के प्रसंगों का वर्णन किया गया।

मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

बहराइच । मशन शक्ति 5.0ह्न अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।मिशन शक्ति 5.0ह्न अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी , सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

लोगों को एसआईआर फॉर्म भरने की विधि समझायें कार्यकर्ताः ज्ञान सिंह यादव

बाराबंकी। विकासखण्ड देवा अन्तर्गत ग्राम भनमतियापुर में पीडीए समाजवादी पार्टी के तत्वाधान मे एसआईआर जागरूकता अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सपा नेता ज्ञान सिंह यादव ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री यादव ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान एसआईआर एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। जो व्यवस्था को मजबूत और पारदर्शी बनाने में सहायक है। लोगों को एसआईआर फॉर्म भरने की चरणबद्ध विधि कार्यकर्ता समझाये। तथा स्वयं फॉर्म भरने के साथ-साथ दूसरों को प्रेरित करे। इस मौके पर मोहित यादव, प्रेम रावत, टीकाराम लोधी, कुलदीप, उमेश यादव पहाड़पुर, विकास यादव, बंटी, जयपाल, विशाल राजपूत, कमलेश यादव, विवेक कुमार आदि शामिल रहे।

प्राथमिक विद्यालय शेखवापुर में आयोजित हुई बीएलओ और बीएलए की मीटिंग

बहराइच । निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार बीएलओ द्वारा जनप्रतिनिधियों तथा बूथ लेवल एजेंट के साथ मीटिंग का आयोजन करके एसआईआर के बारे मे जानकारी दिया जा रहा है रविवार को प्राथमिक विद्यालय शेखवापुर में भाग संख्या 226 तथा 227 के बीएलओ ने विभिन्न राजनैतिक दलों के एजेंट समाजवादी पार्टी के युवा नेता संभावित प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य राज कुमार यादव एडवोकेट राम नरेश यादव कांग्रेस पार्टी राज बहादुर मिश्रा भाजपा तथा बीएलओ कमाल अहमद राजवंती मिश्रा के साथ बैठक किया भाग संख्या 226 के बीएलओ कमाल अहमद ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से एसआईआर के बारे मे संक्षिप्त चर्चा करते हुए मृत शिफ्डेड अनुपस्थित मतदाताओं तथा अप्राप्त गणना प्रपत्रों के बारे मे जानकारी दिया तथा सपा नेता राज कुमार यादव एडवोकेट ने सभी से बीएलओ द्वारा किए जा रहे एसआईआर में सहयोग करने की अपील किया इस मौके पर ग्राम प्रधान शोभा राम यादव राज मल पूर्व बीडीसी प्रदीप कुमार आर्य कमला प्रसाद आर्य राकेश शर्मा बीडीसी गौतम यादव आदि लोग मौजूद रहे।

बदमाशों व पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ , एक के पैर में लगी गोली

बहराइच । जिले के नानपारा कोतवाली इलाके में बीती रात पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई ।इस दौरान पुलिस टीम की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है ।वही उसका साथी अंधेरे का फायदा उठा मौके से भाग निकला ।पुलिस टीम उसकी तलाश में जुटी हुई है ।

नानपारा कोतवाल राजनाथ सिंह को सूचना दी कि बीते दिनों इलाके में बाइक इलाके में एक व्यक्ति से बाइक व नगदी लूटने वाले बदमाश उसी बाइक से नेपाल की तरफ जा रहें हैं । जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ हाड़ा बसेरी नहर पुलिया पर चेकिंग शुरू कर दी । इस दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति सामने से आते दिखाई दिए । पुलिस की टीम द्वारा रोकने पर तत्काल मोटर साइकिल सवारों ने फायरिंग शुरू कर दी पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी फायरिंग में एक व्यक्ति के बांये पैर में गोली लग गई जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया ।अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि घायल बदमाश की पहचान जनपद श्रावस्ती के रहने वाले दीपक कश्यप के रूप में हुई है । मौके से लूटी गई बाइक व तमंचा कारतूस बरामद हुआ है । घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा उसके फरार साथी की तलाश की जा रही है

एसपी की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी आयोजित

जिला संवाददाता

बहराइच। पुलिस लाइन सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन कर विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सीएम डैशबोर्डए आईजीआरएस व संबंधित प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध निस्तारणए जांच की गुणवत्ता में वृद्धि तथा असंतुष्ट फीडबैक में कमी लाने के संबंध में आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गएऋ

ऋ अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को नियमित गश्तए चेकिंग अभियान तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गएऋ महिला सुरक्षाए साइबर अपराधों की रोकथाम एवं जनजागरूकता अभियानों को प्राथमिकता देने तथा संबंधित मामलों में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गयाचोरीए नकबजनीए लूट एवं धोखाधड़ी जैसे अपराधों में संलिप्त अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

यातायातव्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु नियमों का सख्ती से अनुपालन कराने पर बल दिया गया। भारतद्योपाल सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने हेतु विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाईए बीट व्यवस्था एवं कम्यूनिटी पुलिसिंग को प्रभावी बनाकर आमजन का पुलिस पर विश्वास बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गएऋ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक नगरध्ग्रामीणए समस्त क्षेत्राधिकारीए समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षए प्रतिसार निरीक्षक एवं विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान जनपद बहराइच में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। शासन की मंशा के अनुरूप संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करनेए थाने पर बीट स्तर से प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों का तत्परताए गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा प्रतिदिन होने वाली जनसुनवाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

साथ ही फरियादियोंध्आगंतुकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम सहायक

बहराइच । अल्पसंख्यक कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम अन्तर्गत स्वीकृति वर्ष 2014 में विकास खण्ड जरवल के ग्राम बसहियापाते में रू. 315.00 की लागत से निर्मित राजकीय बालिका इण्टर कालेज वर्ष 2021 से छात्राओं को शिक्षा प्रदान कर रहा है। इसी प्रकार स्वीकृति वर्ष 2014 में विकास खण्ड बलहा के ग्राम गुरघुट्टा में रू. 315.00 की लागत से निर्मित राजकीय बालिका इण्टर कालेज वर्ष 2021 से छात्राओं को शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा स्वीकृति वर्ष 2014 में विकास खण्ड फखरपुर के ग्राम अचौलिया (अजीजपुर) में रू. 315.00 की लागत से निर्मित राजकीय बालिका इण्टर कालेज वर्ष 2021 से तथा स्वीकृति वर्ष 2019 में विकास खण्ड तेजवापुर के ग्राम खैरा में रू. 418.11 की लागत से निर्मित राजकीय बालिका इण्टर कालेज वर्ष 2025 से छात्राओं को शिक्षा प्रदान कर रहा है।

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के पदाधिकारियों की हुई बैठक

अयोध्या। सिविल लाइन स्थित प्रेस क्लब में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के पदाधिकारियों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जेडी सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जेडी सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 की अंतिम मासिक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें शहर से लेकर गांव तक पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता इसमें शामिल हुए। इस बैठक के माध्यम से जो पदाधिकारी पार्टी में पूरी निष्ठा से सेवा कर रहे थे उनका प्रमोशन किया गया और पुराने पदाधिकारियों की जो जगह रिक्त हुई थी उनपर नए पदाधिकारियों को चयनित किया गया।

संक्षेप

दूसरी पत्नी ने युवक पर किया हमला

रायबरेली। लालगंज कस्बे के नई बाजार मेंन रोड़ निवासी मो0 अनवर ने अपनी ही पत्नी पर मारपीट व जानमाल खतरा जताते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में अनवर ने बताया कि उन्होंने दो शादियां की है। दोनों ही पत्नियों के लिये अलग-अलग घर भी बनवा रखा है। मेंन रोड़ स्थित घर में उसकी फर्नीचर की दुकान भी है। अनवर के अनुसार आज जब वह दुकान में बैठा था तभी उस घर में रह रही दूसरी पत्नी ने उस पर हमला बोल दिया जिसमें वह चुटहिल हो गया। आसपास के लोगो ने किसी प्रकार उसे बचाया। पीड़ित ने अपनी ही पत्नी पर जानमाल का खतरा जताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नीलगाय से टकरायी बाइक, तीन घायल

रायबरेली। सड़क हादसे में तीन बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी बाइक नीलगाय से टकरा गई थी। यह घटना हरचंदपुर थाना क्षेत्र के बंद पड़ी पुरानी पेपर मिल के पास हुई। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, सींकी सलेमपुर, थाना मिल एरिया निवासी रवि (अंशु), गोकुल और दीपक अपनी बाइक से घर से लखनऊ जा रहे थे। तभी अचानक एक नीलगाय उनकी बाइक के सामने आ गई, जिससे जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद तीनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। हरचंदपुर थाना अध्यक्ष हरिकेश सिंह ने बताया कि उन्हें घटना की सूचना मिली है। घायलों को अस्पताल भेज दिया गया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

एसपी के आदेश पर केस दर्ज जांच में जुटी पुलिस

नसीराबाद, रायबरेली। नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती द्वारा थाने में शिकायत की गई लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की तब पीडिता ने पुलिस अधीक्षक रायबरेली से न्याय की गुहार लगाई। एसपी की आदेश पर दर्ज मुकदमे में आरोप लगाया गया कि पड़ोसी निवासी छोटी अलीपुर पुत्तन पुत्र रामफल द्वारा नशे की हालत में उससे गंदी-गंदी बात करता है गालियां देते हुए हाथ पकड़ कर खेत में खींचता है थाने में शिकायत की गई लेकिन पुलिस ने पकड़ा और सेटिंग गेटिंग करके छोड़ दिया। विपक्षी मेरा वीडियो भी बनाया है वायरल करने की धमकी देता है। मामले में नसीराबाद थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर का कहना है कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है कार्रवाई होगी।

स्वास्थ्य शिविर में 250 लोगों का हुआ इलाज

गोसाईगंज, सुलतानपुर। कूरेभार विकास क्षेत्र के सुदनापुर में शनिवार को सुबह 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक मिनी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक आर.के. मिश्रा की अध्यक्षता एवं एसएसके नोडल अधिकारी डॉ. राम धीरेन्द्र की देखरेख में संपन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन फीता काटकर डॉ. श्वेता सिंह ने किया, जबकि चिकित्सा अधीक्षक शैलेश प्रताप सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। शिविर में पहुंचे 250 लाभार्थियों की एचआईवी व सिफलिस स्क्रीनिंग, टीबी, हेपेटाइटिस बी/सी, शुगर जांच सहित आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया।

डॉक्टर से सोने की चेन लूटने वाले पांच अपराधी गिरफ्तार

रायबरेली। सरेनी थानाक्षेत्र में एक डॉक्टर से सोने की चेन छीनने की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। थाना सरेनी और एसओजी एवं सर्विलांस की संयुक्त टीम ने घटना के 11 दिन बाद पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

उल्लेखनीय है कि बीती 3 दिसंबर को डॉ. विजेंद्र बहादुर सिंह पुत्र स्वर्गीय सूर्यपाल सिंह, निवासी मदनापुर, थाना सरेनी ने डायल-112 पर सूचना दी कि वे भोजपुर स्थित अपना मेडिकल स्टोर बंद करके घर जा रहे थे। गांव मदनापुर के पास बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें धक्का देकर गले से सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए। सूचना मिलते ही थाना सरेनी पुलिस और एसओजी/सर्विलांस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर थाना सरेनी में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में टीमें गठित की गईं, जो घटना के खुलासे में जुटी रहीं। संयुक्त पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के शिवपुरी मार्ग, गेंगासो खड़ंजा तिराहा मोड़ के पास से मामले में अर्पित पटेल पुत्र रमेश चंद्र पटेल, निवासी ग्राम दौदाखेड़ा, थाना बारासगवर, जनपद उन्नाव, वासुदेव सिंह उर्फ रीशू सिंह पुत्र उमेश बहादुर सिंह, निवासी ग्राम हरीपुर, थाना सरेनी, रंजीत पासी पुत्र स्व. श्यामबाबू पासी, निवासी ग्राम निहालखेड़ा मजरा धनकोली, थाना बिहार, जनपद उन्नाव, रमन त्रिवेदी उर्फ अनंत त्रिवेदी पुत्र शारदाशंकर त्रिवेदी, निवासी ग्राम रनापुर, थाना सरेनी, सौरभ वर्मा पुत्र रमेश चंद्र पटेल उर्फ लाल पटेल, निवासी ग्राम दौदाखेड़ा, थाना बारासगवर, जनपद उन्नाव को गिरफ्तार कर लिया। मामले में धारा 309(4) की तरमीम कर धारा 309(6) तथा बढ़ोतरी में धारा 317(2)/317(4)/317(5)/61(2) बीएनएस तथा 3/5 शस्त्र अधिनियम जोड़ी गई।

पुलिस ने बांटे गर्म कपड़े

सुलतानपुर (वीओएल)। सर्दी के मौसम में गरीब और जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए पुलिस ने एक सराहनीय पहल की है। रविवार को अखण्डनगर थाना अंतर्गत राहुल नगर चैकी इंचार्ज कन्हैया कुमार पांडेय ने अपने सहयोगियों के साथ क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में जाकर बच्चों के बीच गर्म कपड़े वितरित किए। कन्हैया कुमार पांडेय ने बताया कि ठंड बढ़ने के कारण गरीब परिवारों के बच्चों को सर्दी से राहत दिलाने के लिए यह अभियान शुरू किया गया।

गोरखपुर व कानपुर की टीमों के मध्य होगा खिताबी मुकाबला

रायबरेली। सूबेदार एवं लाल साहब स्मारक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के पांचवें दिन दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए पहला सेमीफाइनल मैच टाउन क्लब लालगंज और सद्भावना स्पोर्टिंग क्लब गोरखपुर के मध्य खेला गया। मुख्य अतिथि डिप्टी कमिश्नर उद्योग अंजनीश प्रताप सिंह व शिक्षक विधायक प्रत्याशी उमाशंकर चैधरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके खेल की शुरूआत की। मध्यांतर के पहले के खेल में दोनों टीमों ने अनेक प्रयास किये किंतु असफल रहे। मध्यांतर के बाद के खेल में भी कोई टीम गोल करने में सफल नहीं हुई इस प्रकार मैच का निर्णय टाई बेकर से किया गया। जिसमें गोरखपुर दो के मुकाबले चार गोलों से विजई रही। गोरखपुर के खिलाड़ी भीष्म यादव, सरफुद्दीन अनस शेख, वह आलम ने गोल किया जबकि लालगंज के खिलाड़ी आकाश और गौरव गेंद को बाहर मार गए जिससे उन्हें पराजय का मुंह देखना पड़ा। आज का दूसरा सेमीफाइनल मैच डीएफए कानपुर और स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के मध्य खेला गया।

हरचंदपुर के विधायक राहुल लोधी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके खेल प्रारंभ कराया मैच के शुरू के पांचवें मिनट में कानपुर के अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ी द्वारा डी रेखा के अंदर बाएं छोर से फेंकी गई गेंद को कानपुर से दाहिने छोर से आए खिलाड़ी प्रथम सिंह ने गेंद को जाल में डालकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। मध्यांतर के बाद खेल में डी रेखा के अंदर मिली गेंद को कानपुर के खिलाड़ी धीरज यादव ने गोल करके टीम की बढ़त दो गोलों से कर दी। खेल के 59वें मिनट में गोलकीपर से टकराकर लौटी गेंद को लखनऊ के खिलाड़ी मिसाल खान ने गोल करके अपनी टीम का खाता खोला। खेल के 72वें मिनट में कानपुर के खिलाड़ी ऋतुराज ने गोल करके कानपुर की बढ़त तीन गोलों की कर दी। यही मैच का निर्णय गोल साबित हुआ कानपुर तीन एक से विजई रही। कल फाइनल मैच सद्भावना क्लब गोरखपुर और डी एफ ए कानपुर के मध्य होगा। इस मौके पर फुटबॉल टूनामेंट के अध्यक्ष लाल देवेंद्र बहादुर सिंह, बैजनाथ विश्वकर्मा, निरंजन राय, नरेंद्र बहादुर सिंह, टूनामेंट सचिव राजेंद्र कुमार सिंह रज्जू, उमेश श्रीवास्तव, राजेंद्र राठौड़, विजय बहादुर सिंह, दीपक सिंह, एसके श्रीवास्तव, राम बहादुर सिंह बड़े बाबू, प्रकाश सिंह, आदित्य सिंह, स्वयंवर सिंह समेत भारी संख्या में फुटबाल प्रेमी मौजूद रहे।

राष्ट्र हित का चिंतन ही हिंदू चिंतन है : श्रीप्रकाश

शाहगढ़, अमेठी। रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शाताब्दी वर्ष पर शाहगढ़ खण्ड के शाहगढ़ मंडल में जूनियर हाईस्कूल शाहगढ़ हिन्दू सम्मेलन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे ।मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश ने कहा कि संघ कभी अपनी जय जय कार नहीं अपितु भारत माता की जय जयकार करते हुए अपना शताब्दी वर्ष पूर्ण किया। मुख्य अतिथि पूजनीय मौनी जी महराज ने कहा कि हिंदू समाज धर्मांतरण से बचे , छुआ छूत की भावना से दूर रहे। आपस मैं ऊंच नीच की भावना से दूर रहे कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रचारक पवन जी शालू पांडेय , हौशीला गुप्ता, शंकर लाल ।उमा शंकर शुक्ल, रमाशंकर तिवारी, महेन्द्र सिंह , प्रदीप जी,इसी प्रकार से अमेठे नगर के दयानंद बस्ती में हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न हुवा जिसमें मुख्य रूप से लाल बाबा, श्रीमती मिथिलेश दिलीप, सुभम दिनेश तिवारी , रवींद्र सिंह, राम जी, गौरीगौरी गंज में मोनिका त्यागी, सूर्यपाल दिनेश पाठक, मनोज धर जी, गुरुदीन जी, सूर्य प्रकाश जी , करुणेश जी, सुधाकर जी दिव्यांश जी, दलजीत जी, विजय किशोर तिवारी जी, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में भारत माता की आरती के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर डॉ धर्मेंद्र तिवारी मौजूद रहे।

सड़क के किनारे मिला अधेड़ का शव परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका

जगदीशपुर, अमेठी। संदिग्ध परिस्थितियों मे एक अधेड का शव सडक के किनारे मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पडताल मे जुटी। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हारीमऊ गांव के निकट राहगीरों ने सडक के किनारे एक अधेड का शव पड़ा देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पर आला अफसरों समेत मौके पर पहुँची पुलिस ने मौका मुआयना करने के उपरांत आसपास के लोगों से पूंछतांछ करने के उपरांत शव की शिनाख्त मक्खन सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी गूंगेमऊ थाना जगदीशपुर के रूप मे की जो हारीमऊ गांव मे निमार्णाधीन बैकुंठधाम अंतेष्टि स्थल मे केयर टेकर के रूप मे काम करता था जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंच कर रोने बिलखने लगे तथा हत्या की आशंका जताई तत्पश्चात पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया ।इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्यवाई जारी है।

मारपीट में सोने की चेन लूटने का आरोप

रायबरेली। कस्बे के घोसियाना मोहल्ले में दो बाइकों की टक्कर के बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इसी दौरान एक पक्ष ने गले से सोने की चेन लूटने का आरोप लगाते हुए मामले की षिकायत लालगंज कोतवाली पुलिस से की गई है। कोतवाली क्षेत्र के चांदा बन्नामऊ गांव निवासी सनद कुमार ने बताया कि वह अपने एक साथी के साथ बाइक से लालगंज आ रहा था। लखनऊ क्रासिंग खुलने के बाद जैसे ही आगे बढ़ा तो घोसियाना की ओर से आ रहे बाइक सवार दो लोगों ने उसे ठोकर मार दी। कहासुनी जल्द ही मारपीट में बदल गई और मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सनद रहे इसी बीच आरोपियों ने उसके गले में पहनी हुई एक जंजीर छीन ली और मौके से फरार हो गये। आसपास के लोगो ने बताया कि हमलावर कोड़रा गांव के रहने वाले बताये गये है। मामले में एक युवक को नामजद करते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अमेठी। युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग अमेठी के तत्वाधान में प्र. ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत विधायक खेल स्पर्धा विधानसभा तिलोई में 13 व 14 दिसम्बर 2025 र.ढ.ट इण्टर कालेज के खेल मैदान तिलोई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समापन खण्ड विकास अधिकारी तिलोई राजकुमार शर्मा व उ० प्र० शिक्षक संघ के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा बच्चो को मेडल, सर्टिफिकेट व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। खेल प्रतियोगिता, सब जूनियर, सीनियर वर्ग में एथलेटिक, कबड्डी, कुश्ती बालीवाल, बैडमिंटन, महिला व पुरुष वर्ग में आयोजित की गयी। कार्यक्रम का आयोजन युवा समय उवा कल्याण अधिकारी निधि श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस मौके पर विनोद कुमार सिंह, ओकोर नाथ, शशि सिंह, प्रभात कुमार, ताज मोहम्मद, सूर्यकान्त शुक्ला, राममागर ,लाल प्रताप, अनुपम शुक्ता, शुभम तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

गोमती मित्रों ने सीताकुंड धाम पर की सफाई

सुलतानपुर (वीओएल)। गोमती मित्र मंडल ने अपने साप्ताहिक श्रमदान के दौरान सीताकुंड धाम पर एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान में मंडल के सदस्य न केवल धाम के परिसर को साफ-सुथरा किया, बल्कि वहां उपस्थित श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील भी की। श्रमदान की शुरूआत से पहले, प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह के नेतृत्व में सभी गोमती मित्रों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम गाया और ह्यभारत माता की जयह्न के उद्घोष किए। घने कोहरे के बावजूद, यह श्रमदान सुबह 06:30 बजे शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में सदस्य शामिल हुए। मुख्य रूप से इस श्रमदान में संरक्षक रतन कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, सेनजीत कसौधन दाऊ, मुन्ना सोनी, राकेश सिंह दद्दू, युवा मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा, आलोक तिवारी, राकेश मिश्रा, आयुष सोनी, ओम प्रकाश पांडेय, अरुण गुप्ता, श्याम मौर्या आदि सदस्य उपस्थित रहे। इस अभियान के माध्यम से गोमती मित्र मंडल ने समाज में स्वच्छता के महत्व को समझाया और धार्मिक स्थलों पर सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया। मंडल ने यह भी सुनिश्चित किया कि लोग धाम में स्वच्छता बनाए रखें, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को एक स्वच्छ और सुंदर वातावरण मिले।

जिले से चार पुरुष और एक महिला वॉलीबाल खिलाड़ी यूपी टीम ट्रायल में दिखा रहे दमखम

सुलतानपुर । जिला वॉलीबाल संघ सुलतानपुर द्वारा सीनियर महिला पुरुष वॉलीबाल खिलाडियों को ट्रायल के लिए शामिल कराया गया। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में आयोजित सीनियर चयन प्रक्रिया में जिले से सेंटर ब्लॉकर मो जीशान, सेटर भानु और लिब्रो में जीशान वसीम और सतीश यादव का चयन कर यूपी टीम के ट्रायल हेतु भेजा गया, वहीं महिला संवर्ग में लिब्रो में जानशी सिंह शामिल हुई। ये खिलाड़ी जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में कोच प्रदीप यादव की देख रेख में प्रशिक्षण ले रहे हैं। वॉलीबाल संघ के सचिव शिव नारायण सिंह ने बताया की यूपी टीम में चयन के बाद खिलाडियों को वाराणसी में 4 जनवरी से 11 जनवरी 2026 के मध्य आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सीनियर चैंपियनशिप में खेलने का मौका मिलेगा। मीडिया प्रभारी मुनेन्द्र मिश्रा ने बताया कि भारतीय वॉलीबाल संघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम के खिलाडियों को चिन्हित भी किया जाएगा। वॉलीबाल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा रविंद्र सिंह बेलडांडी चंदन नारायण सिंह रामेंद्र सिंह राणा रणधीर सिंह अजय सिंह फौजी ने खिलाडियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

नाबलिग बेटी को भगा ले जाने का आरोप

नसीराबाद, रायबरेली। नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को एक 15 वर्षीय बालिका को बहला फुसलाकर भगाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित मां की तहरीर पर पुलिस ने पांचों लोगों के खिलाफ बहला फुसला कर भगा ले जाने के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना थाने के उपनिरीक्षक को सौंपी गई है। नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते गुरुवार को बालिका घर अकेली थी। परिजन किसी काम बाहर गये थे ।इसी का फायदा उठाकर पडोसी गांव के एक युवक ने बालिका को बहला कर कहीं भगा ले गया। तब परिजन खोज बीन किया। जब बालिका का कहीं अता, पता न चल सका तो बालिका के मां ने पडोसी गांव के एक युवक और चार अन्य लोगो पर नाबालिक बेटी को बहला कर भगाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दे दी। थाने में दी गयी तहरीर में मां ने आरोप लगाया है कि पडोसी गांव के एक युवक व चार अन्य लोगो ने मेरी नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर कही भगा ले गया है ।पुलिस ने पीड़ित मां की तहरीर के आधार पर सुक्कड़ व रोहित पुत्रगण रामबरन व मन्जू पुत्री रामबरन व राम बरन की पत्नी व राम बरन पुत्र अज्ञात निवासी पूरे मुक्तियार मजरे कुढा के खिलाफ केस अपराध संख्या 240/2025 धारा 137(2) व 87 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया। मामले की विवेचना थाने के उपनिरीक्षक राजीव कुमार को सौंपी गई है।

प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में रायबरेली के सैकड़ों भाजपाई हुए शामिल

लालगंज, रायबरेली। उत्तर प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनाव में रायबरेली के भी सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए हैं। रायबरेली से शामिल होने वाले लोगों में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रतापसिंह, पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, जंग बहादुर सिंह, भाजपा नेता जेपी सिंह, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह, गोविंद सविता ,सुबोध वाजपेई, घनश्याम गौतम, सुनील मिश्रा, खीरो मंडल अध्यक्ष संतोष पासवान आदि सैकड़ो लोग शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में भाजपा के द्वारा संगठन पर्व अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश परिषद सदस्यों के मनोनयन के बाद 13 दिसंबर को प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के लिए नामांकन हुआ था।

मानवाधिकार दिवस पर आयोजित हुआ खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम

- 6 पंचायतों की किशोरियों ने मानवाधिकार संरक्षण का लिया संकल्प

कूरेभार, सुलतानपुर । अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर रविवार को सैदखानपुर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पानी संस्थान द्वारा 6 ग्राम पंचायतों की किशोरियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिताएं हुईं। कूरेभार ग्राम पंचायत की महिला ग्राम प्रधान गीता देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्राम प्रधान गीता देवी ने पानी संस्थान की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वयंसेवी संगठनों को ऐसे कार्यक्रमों में आगे आना चाहिए। इस दौरान सैकड़ों किशोर-किशोरियों ने मानवाधिकारों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सजग करना था। पानी संस्थान से जुड़ी किशोरियों ने नाटक, गीत और भाषण के माध्यम से मानवाधिकारों से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इन प्रस्तुतियों में बाल अधिकार, महिला सशक्तँकरण, शिक्षा का अधिकार, भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाना और हिंसा से मुक्ति जैसे विषय शामिल थे। नाटकों के जरिए यह संदेश भी दिया गया कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन भी उतना ही आवश्यक है। खेल प्रतियोगिताओं में कबड्डी और खो-खो में पुरखीपुर और सैदखानपुर की किशोरियों का दबदबा रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने मानवाधिकारों की रक्षा और सम्मान करने का संकल्प लिया। इस मौके पर कृतिका पांडेय, अमीश ज्योति, प्रीती, चांदनी, श्रद्धा, दिशा के साथ कई ग्राम प्रधान, सामाजिक कार्यकर्ता और अभिभावक मौजूद रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,93,697 मामले निस्तारित

रायबरेली। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा समस्त जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सफलतापूर्वक अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देश में किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शहर की सभी तहसीलों, बैंकों, सरकारी विभागों, वित्तीय संस्थाओं, जनपद न्यायालय एवं ग्राम न्यायालयों में किया गया। जनपद न्यायालय में आयोजित लोक अदालत में एक वाद जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह, 3 वाद कुशल पाल प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश, एक वाद अनिल कुमार-पंचम विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट, 115 वाद अमित पाण्डे चतुर्थ अपर जिला जज/ई0सी0एक्ट, 10 वाद गुनेन्द्र प्रकाश पंचम अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश गैगस्टर अधि., 6 वाद रामनेत विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधि0, 3 वाद सतीश त्रिपाठी सप्तम अपर जिला जज/पाक्सो-द्वितीय, 2 वाद पल्लवी प्रकाश, अपर जिला जज/एफटीसी-द्वितीय, 1 वाद सुशील कुमार वर्मा, अपर जिला जज/एफ0टी0सी0-तृतीय, 1720 वाद पवन कुमार सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, 12 वाद अमित मिश्रा, सिविल जज(सी.डी.), 678 फौजदारी वाद अनिशा, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (आर्थिक अपराध), 692 फौजदारी वाद अमोद कंठ अपर सिविल जज(सी0डी0), 1447 फौजदारी वाद प्रभाष त्रिपाठी अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, 30 वाद साइमा सिद्दीकी जर्रार आलम, 1201 फौजदारी वाद डा0 विवेक कुमार, चतुर्थ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, 1124 फौजदारी वाद स्वप्निल पाण्डेय, द्वितीय अपर सिविल जज(सी.डि.), 16 वाद खैरुम निशाँ सिविल जज(जू.डि.), 9 वाद वसुन्धरा शर्मा सिविल जज(जू0डि) डलमऊ, 795 फौजदारी वाद ज्योति प्रकाश सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय, 171 फौजदारी वाद श्रेया सोलंकी अपर सिविल जज(जू.डि.)-प्रथम, 224 वाद शिवम वर्मा अपर सिविल जज(जू0डि0)- द्वितीय, 245 मनु गुप्ता, अपर सिविल जज(जू.डि.)-अष्टम, 127 वाद शमवील रिजवान, अपर सिविल जज(जू0डि0)-तृतीय, 21 वाद देवेश कुमार यादव न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय, लालगंज, 50 वाद अंकित सिन्हा, न्यायधिकारी ग्राम न्यायालय सलोन, 03 वाद हर्षिता सिंह अपर सिविल जज(जू.डि.)-नवम, 3 वाद नीलांचल चौधरी अपर सिविल जज(जू0डि0)-चतुर्थ, 02 वाद विनय शील अपर सिविल जज (जू0डि)-पंचम, 02 वाद समृद्धि मिश्रा अपर सिविल जज(जू0डि0)-षष्टम, 01 वाद सृष्टि शुक्ला अपर सिविल जज(जू0डि0)-सप्तम, 42 वाद परितोष प्रकाश न्यायधिकारी ग्राम न्यायालय ऊँचाहार, 02 वाद तान्या शर्मा, सिविल जज जू.डि.-एफटीसी-प्रथम, 08 फौजदारी वाद हदय नरायण मिश्रा विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट लघु वाद द्वारा निस्तारित किये गये। जनपद न्यायालय में स्थित प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय-प्रथम चन्द्रमणि मिश्रा द्वारा 21 वाद, 37 वाद रचना सिंह प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय-द्वितीय द्वारा निस्तारित किये गये। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी ध्रुव कुमार तिवारी द्वारा 52 वाद निस्तारित किये गये। इस प्रकार कर जनपद न्यायालय में कुल 8877 वादों का निस्तारण हुआ। जनपद में स्थित बैंकों एवं कार्यपालिका के विभिन्न विभागों द्वारा कुल 1,84,820 वादों का निस्तारण किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1,93,697 मामलों का निस्तारण जनपद रायबरेली किया गया। समस्त विभागों द्वारा कुल 14,05,69,626 की प्रतिकर धनराशि निर्धारित कि गयी।

चंद्रशेखर मेमोरियल इंटर कॉलेज में आयोजित कैंप में 198 मरीजो की आंखों का हुआ परीक्षण

लालगंज, रायबरेली। सतगुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट के सौजन्य से रविवार को चंद्र शेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज लालगंज परिसर में निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद आपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के मरीजों सहित शिक्षकों का भी नेत्र परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर डॉ इंसाफ बक्श, डॉ. मुकेश खरे, ,डॉ केदार मौर्या ,डॉ वेंकटेश एवं उनकी टीम ने लगभग 198 रोगियो के नेत्र परीक्षण के साथ-साथ मोतियाबिंद आपरेशन के लिए 58रोगियों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। विद्यालय प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला और प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने सतगुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट की पूरी टीम को सम्मानित करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया और ऐसे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। वही कार्यक्रम की सराहना करते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा और महामंत्री शिवम गुप्ता ने कहा कि चंद्रशेखर मेमोरियल के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला शिक्षक के साथ-साथ समाज सेवा के लिए भी समय-समय पर कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में नेत्र कैंप का आयोजन किया गया जिसका सैकड़ो लोगों ने लाभ उठाया है।

युग निर्माण की जिम्मेदारी शिक्षकों के ही कंधों पर

अमेठी। रविवार को आखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में क्षेत्र के पीपरपुर स्थित श्री आसल देव इंटर कॉलेज में शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में अमेठी जनपद सहित सुल्तानपुर एवं प्रतापगढ़ जनपद के शिक्षकों , कार्यकताओं, विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका, अभिभावक सहित स्थानीय प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। संगोष्ठी में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को लेकर भी बात की गई।

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित संस्कारोन्यन युग निमार्ता सृजन सैनिक शिक्षक शैक्षिक संगोष्ठी में छात्रों को उत्कृष्ट नागरिक बनाकर राष्ट्र के नव निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर चर्चा की गई। संगोष्ठी में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को अंगवस्त्र एवं शांतिकुंज पत्रक प्रदान कर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रतिनिधि राम यश तिवारी ने बताया कि आगामी नवम्बर 2026 में वंदनीया माता जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर पच्चीस हजार शिक्षकों की गोष्ठी शान्तिकुन्ज हरिद्वार में सम्पन्न होगी। परम पूज्य गुरुदेव ने इक्कीसवीं सदी उज्ज्वल भविष्य का उद्घोष किया था, इक्कीसवीं सदी के पच्चीस वर्ष बीत चुके हैं, परिवर्तन दिखने लगा है लेकिन इसको गति देने के लिए शिक्षकों को अपनी अग्रणी भूमिका निभानी होगी। इतिहास गवाह है किसी भी बदलाव की क्रांति में शिक्षकों की भूमिका अहम रही है, युग निर्माण में भी शिक्षकों के कन्धों पर विशेष जिम्मेदारी है। सुल्तानपुर जपनद समन्वयक डॉ सुधाकर सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की शिक्षा को बच्चों की आदतों,उनकी दिनचर्या में समावेश किया जाय, ये जिम्मेदारी शिक्षकों को ही निभानी होगी। अमेठी जनपद समन्वयक डॉ त्रिवेणी सिंह, प्रतापगढ़ समन्वयक गंगा प्रसाद शुक्ल ने भी संगोष्ठी को संबोधित किया। संयोजक पंडित राधेश्याम तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शिव भूषण उपाध्याय ने किया। उप जोन समन्वयक कैलाश नारायण तिवारी, बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक मिश्र, महामंत्री शशांक शुक्ल ,डॉ प्रवीण सिंह दीपक, सोनू सिंह, आशीष पाण्डेय,अभिषेक सिंह,साधु सिंह, विद्यालय के प्रबंधक रवींद्र प्रताप सिंह, रन बहादुर सिंह , संत बख्श सिंह, टी पी सिंह ,राम शंकर पाठक, कौशल किशोर वैश्य, प्राचार्य डॉ लाल सिंह, प्राचार्या डॉ संगीता सिंह,प्राचार्य नवल किशोर सिंह, हरिश्चन्द्र विश्वकर्मा, कृष्ण पाल सिंह, राजेश पाण्डेय, सुरेन्द्र बहादुर सिंह,डॉ धर्मेंद्र उपाध्याय, संगीत टोली से जगन्नाथ के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

संक्षेप

घर से नाराज युवती पहुंची मथुरा, पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द किया

मथुरा। घर से नाराज होकर आयी एक युवती को शहर के महोली रोड स्थित होम स्टे से परिजनों को पुलिस की मदद से सुपुर्द कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के बालोद जिला अन्तर्गत थाना गुंडरदेई के गांव गोरखापार निवासी निधन की 20 वर्षीय बेटी घर से नाराज होकर चली आयी थी और मथुरा शहर के महोली रोड स्थित आदर्श नगर के यलो राज होम स्टे में ठहरी हुई थी। कमरे में युवती को रोते देखा तो संचालक निजामुद्दीन पुत्र मजीद खां को शक हुआ और उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और युवती से उसके परिजनों के बारे में जानकारी करने के बाद उन्हें उनकी बेटी के बारे में जानकारी दी। बाद में पुलिस ने परिवार के परिचित योगेश पुत्र राधाराम निवासी द्वारिकाधीश मंदिर के पीछे कोतवाली के सुपुर्द कर दिया।

आयोजित हुई मिशन शक्ति कार्यशाला

सोनभद्र। थाना शाहगंज परिसर में सहायक नोडल क्षेत्राधिकारी मिशन शक्ति डॉ. चारु द्विवेदी ने घोरावल सर्कल के थाना घोरावल, शाहगंज एवं करमा के थाना प्रभारियों तथा मिशन शक्ति केंद्र प्रभारियों व स्टाफ की कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मिशन शक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाना तथा महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में त्वरित व संवेदनशील कार्यवाही सुनिश्चित करना था। डॉ. चारु द्विवेदी ने कहा महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम में पुलिस और सामाजिक संगठनों के बीच समन्वय को मजबूत किया जाना आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुनने, पीड़ितों को तत्काल सहायता प्रदान करने और केस की जांच में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। कार्यशाला में उपस्थित थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे विशेष पिकेट, गश्त व जागरूकता कार्यक्रमों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथ ही, मिशन शक्ति केंद्रों के स्टाफ ने महिलाओं के लिए उपलब्ध परामर्श व कानूनी सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी साझा की।

ऋषि यमदग्नि पार्क के मुख्य अतिथि होंगे नितिन गड़करी

जौनपुर। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री एवं जौनपुर लोक सभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने मुलाकात की। इस मौके पर श्री गड ?करी ने मार्च अथवा अप्रैल में किसी तिथि पर जौनपुर में बन रहे ऋषि यमदग्नि पार्क के उद् ?घाटन के लिए बतौर मुख्य अतिथि आने की सहमति दी। उन्होंने इन नेताओं को आश्वस्त किया कि एनएचएआई द्वारा जनपद जौनपुर में चल रही लगभग पांच हजार करोड़ की परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के लिए जौनपुर में होने वाले कार्यक्रम में स्वयं उपस्थित रहने का आश्वासन दिया। सड़क परिवहन मंत्री ने जौनपुर की दो प्रमुख सड़कों मछलीशहर से बरईपार तेजी बाजार कलिंजरा तक जो दो राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने का कार्य करता है, एवं प्रयागराज गोरखपुर मार्ग बाया मुंगराबादशाहपुर सुजानगंज बदलापुर शाहगंज को चौड़ीकरण करने के लिए श्री सिंह एवं बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र की मांग पर अपनी तरफ से इसे पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

अधेड़ की गोली मारकर हत्या, आरोपी फरार

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। रिफाइनरी थाना क्षेत्र की राधाटाउन कालोनी में एक ही मकान में रहने वाले दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक अधेड़ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जिससे कालोनी में दहशत बनी हुई है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार रिफाइनरी थाना क्षेत्र अन्तर्गत राधाटाउन के फ्लैट संख्या 134 में रहने वाले गजेन्द्र सिंह पुत्र राम सिंह के बीच इसी मकान में रहने वाले विष्णु पुत्र सुखपाल से सीढ़ियों के नीचे रखे सामान को हटाने को लेकर झगड़ा हो गया। जिसने हल्की कहासुनी के बाद बड़ा रुप धारण कर लिया। विष्णु ने गजेन्द्र को गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल से रैफर किया गया। बताते हैं कि प्राइवेट अस्पताल में उपचार के दौरान अधेड़ ने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई।

एसपी नगर अशोक कुमार सिंह ने बताया कि घटना मामूली विवाद को लेकर थी। लेकिन विष्णु ने गजेन्द्र को गोली मार दी, जिसकी उपचार के दौरान मौत हुई है। मृतक परिवार की ओर मिली तहरीर के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगायी गई हैं, जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर घटना का अनावरण किया जाएगा।

एक्सप्रेस वे पर घने कोहरे में एक दूसरे से टकराए कई वाहन, 4 लोग गंभीर

मथुरा। कोहरे के चलते आज राष्ट्रीय राजमार्ग और यमुना एक्सप्रेस वे पर कई वाहनों के आपस में टकराने से चार लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जयपुर बरेली हाइवे पर आज सुबह घना कोहरा होने के कारण ट्रक संख्या यूपी 81 सीटी 0399 से पीछे से आती थार गाड़ी संख्या यूपी 81 डीएल 4968 टकरा गई। कोहरे के कारण मुख्य मार्ग पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। इसके चलते गाड़ी संख्या एचआर 13 वी 3274 आई-20 कार संख्या डीएल 1 सीटी 1723 थी ट्रक के पीछे जा घुसी इससे थार में सवार नीरज शर्मा पुत्र धर्मवीर शर्मा, शशांक पुत्र राजकुमार शर्मा निवासीगढ़ प्रतिभा कालोनी अलीगढ़ घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। इनमें से कई की दशा गंभीर बनी हुई है, जिन्हें छौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

घने कोहरे ने वाहनों की गति पर लगाये ब्रेक

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। घने कोहरे ने आज यमुना एक्सप्रेस वे और राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की गति पर ब्रेक लगा दिया। शहरी क्षेत्रों में भी मुख्य मार्गों पर वाहन रेंगते नजर आए। वहीं लोगों को ठंडक का अहसास भी हुआ। राष्ट्रीय राजमार्ग और यमुना एक्सप्रेस वे पर जहां कोहरे के कारण वाहनों की गति धीमी रही वहीं रेल मार्ग भी कोहरे के कारण प्रभावित नजर आए। लंबी दूरी की गाड़ियां कई-कई घंटे लेट रहीं। जिससे मथुरा जंक्शन और छावनी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ नजर आई। वहीं शहरी क्षेत्र में जनपद के देहाती अंचलों से जुड़े प्रमुख मार्गों पर भी सुबह के सात बजे तक जहां इक्का-दुक्का वाहन ही चलते दिखाई दिए वहीं लोगों को मौसम के पहले घने कोहरे के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर के गर्म वस्त्रों के दुकानदारों के यहां लोगों की भीड़ नजर आई। सौंख अड्डा, कृष्णा नगर, धौलीप्याऊ, टाउनशिप आदि क्षेत्रों में जहां पिछले कई दिनों से गर्म वस्त्रों की सेल स्थापित की गई थी। वहां सन्नाटा छाया हुआ था। आज दोपहर इन दुकानों पर महिला पुरूष और बच्चों की भीड़ खरीददारी करती देखी गई। हालांकि अभी तक नगर निगम द्वारा शहर के मुख्य चैराहों तिराहों पर न तो एलपीजी हीटर स्थापित किए गए हैं और न ही फुटपाथों पर सोने वाले लोगों के लिए रैनबसेरे बनाये गए हैं, जिससे उन्हें सड़कों पर ठंडी राते बितानी पड़ रही हैं।

सर्द ऋतु का आगाज हो गया है। मौसम की दस्तक से ठण्ड हौले हौले धरा पर उतर रही है। इस बार वैसे देरी से ठंड आने की मौसम विभाग भविष्यवाणी कर रहा था, लेकिन रविवार को अचानक कोहरे की चादर ने आसमा को ढक लिया। सुबह दस बजे तक अंधकार सा रहा। हाइवे पर कोहरे के कारण वाहनों की गति धीमी रही। धीरे धीरे वाहन गंतव्य की ओर बढ़ रहे थे। ऐसा लग रहा था कि मौसम शाम तक शामत खड़ी करेगा। तापमान भी बीस डिग्री सेल्सियस पर जा लुढ़का। दूसरी ओर अचानक ठंड में इजाफा होने से गर्म वस्त्रों की खरीदारी में इजाफा हो गया। लोगों ने अलमारी में पिछले साल रखे गर्म कम्बल, स्वेटर और रजाई अंततरू बाहर निकाल ली। दूसरी ओर अब तक ज्यादा ठंड का असर न होने से हाइवे किनारे का कंबल मार्केट भी नहीं चहक रहा था। लेकिन कोहरे के अचानक जमी पर उतरने से कंबल मार्केट में कुछ तेजी दिखी।

पर्यटन मंत्री ने किया श्रीकृष्ण मुरारी मंदिर के पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण

फिरोजाबाद। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सिरसागंज क्षेत्र के गांव डडियामई में 1.23 करोड की लागत हुए प्राचीन श्री कृष्ण मुरारी मंदिर के पर्यटन विकास कार्यों का भव्य समारोह में लोकार्पण किया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने कहा कि श्री कृष्ण मुरारी मंदिर न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं का आस्था का केन्द्र है बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान का भी महत्वपूण केन्द्र है। मंदिर परिसर के विकास और सौन्दर्यीकरण से यहॉ आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाये मिलेगी और क्षेत्रीय पर्यटन को नई गति मिलेगी।मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि आज पूरे विश्वभर में उत्तर प्रदेश के धार्मिक पर्यटन की चर्चा हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में आज धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनकर उभर रहा है। पर्यटन विभाग द्वारा तीर्थस्थलों मंदिरो मठों और धार्मिक स्थलों का योजनाबद्ध तरीके से विकास कराया जा रहा है, जिससे आस्था को सम्मान मिलने के साथ साथ स्थानीय रोजगार में भी वृद्धि हो रही है। उत्तर प्रदेश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत अयोध्या काशी मथुरा प्रयागराज सहित अनेक ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थल देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी पर्यटकों को भी आकर्षित कर रहे है। श्री कृष्ण मुरारी मंदिर डडियामई जैसे स्थलों के विकास से सांस्कृतिक पर्यटन को नई पहिचान मिल रही है। इस अवसर पर जिला सहकारी विकास संघ के अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह ने कहा श्री कृष्ण मुरारी मंदिर डडियामई में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह द्वारा कराये गये पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य प्रदेश सरकार की उस दूरदर्शी सोच को दशार्ती है,जिसके तहत आस्था संस्कृति और विकास को एक सूत्र में पिरोकर जनकल्याण का मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है। इस अवसर पर मंदिर प्रबन्ध कमेटी के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, प्रबन्धक राममोहन शर्मा, राजवीर सिंह बघेल, गोंविद सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक रामनरेश बघेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश सिंह प्रधान अवधेश यादव पं नवीन शर्मा पं0 अयोध्या प्रसाद महेश सिंह आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश मणिकांचन ने किया।

12 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

टूंडला। थाना टूंडला पुलिस ने विभिन्न स्थानों से 12 एनबीडब्ल्यू में वांछित गिरफ्तार किए। जिनमें मोनू यादव पुत्र गौवर्धन सिंह निवासी राजा का ताल थाना टूंडला, सन्तोष कुमार पुत्र नेत्रपाल निवासी नगला खार थाना टूंडला, दिनेश उर्फ श्रीनाथ पुत्र रामवीर निवासी राजा का ताल थाना टूंडला, रामनरेश पुत्र कप्तान सिंह निवासी बन्ना थाना टूंडला, नरेश यादव पुत्र भजन लाल निवासी हजरतपुर थाना टूंडला, दीवान सिंह पुत्र सुखराम निवासी नगला साला राजा का ताल थाना टूंडला, धर्मेन्द्र पुत्र रामसेवक निवासी जलोपुरा थाना टूंडला, रामसेवक पुत्र द्वारिकाप्रसाद निवासी जलोपुरा थाना टूंडला,मोनू यादव पुत्र गौवर्धन सिंह निवासी राजा का ताल थाना टूंडला विष्णु पुत्र गोरे लाल निवासी कुम्हारन टूंडला मोनू शर्मा पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी कैनरा बैंक के सामने थाना टूंडला, रवि कुमार शर्मा पुत्र बजरंग लाल शर्मा निवासी शशी नगर तेल मील रोड टूंडला है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार शर्मा, सावन कुमार, प्रशांत कुमार, आदेश कुमार आदि शामिल रहे।

सीएमओ ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ

फिरोजाबाद। सीएमओ डॉ.राम बदन राम द्वारा उपकेंद्र मक्खनुपर ब्लॉक धनपुरा फिरोजाबाद पर पल्स पोलिया एसएनआईडी अभियान का शुभारम्भ बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया गया। जिसमे डॉ.केके वर्मा जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.अमित यादव चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी धनपुरा डॉ. राजेश कुमार एसएमओ डब्लूएचओ नवनीत कुमार शर्मा कम्प्यूटर सहायक रामू झा सीसीएच, अंकित शर्मा आईओ अनिल शुक्ला डी.एमसी यूनीसेफ देवेन्द्र यादव जेएसआई रजत कुमार बीपीएम, संदीप कुमार बैम आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। जनपद फिरोजाबाद में पल्स पोलियो कार्यक्रम दिनांक 14.12.2025 से बी टीम की समाप्ति तक समस्त ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में चलाया जायेगा। जनपद में पल्स पोलियां एसएनआईडी अभियान के तहत 0-05 वर्ष तक के कुल 462951 बच्चों को पोलियों की खुराक से अच्छादित किया जायेगा, उक्त अभियान के तहत 1170 स्थाई बूथ वअभियान का सफल बनाने हेतु कुल 961 टीमों द्वारा कार्य किया जायेगा।

हार्ट अटैक पर मिलेगी बेहतर चिकित्सा

फिरोजाबाद /सिरसागंज। दिल के मरीजों को हार्ट अटैक पड़ने पर आपात खतरे से बचाने के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शासन द्वारा प्रभावी व्यवस्था की गई है। रविवार को पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के प्रतिनिधि सुमित प्रताप सिंह ने इस सुविधा का शुभारंभ किया। इस मौके पर सुमित प्रताप सिंह ने कहा कि सिरसागंज क्षेत्र की जनता को निरंतर बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने का प्रयास है। इसी क्रम में दिल के मरीजों की गंभीर स्थिति से निपटने के लिए उचित जांच और दवा की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक जांच लैब, डिजिटल एक्सरे अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाएं यहां दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक के मरीज को आपात स्थिति से बचाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक विशेष कक्ष आरक्षित किया गया है जिसमें इसीजी जाँच व आपातकालीन उपचार दिया जाएगा। जरूरत पड़ने पर कारगर दवा का इंजेक्शन भी मरीज को यहीं लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सुविधा की शुरूआत उन साधनहीन गरीब मरीजों के लिए वरदान होगी जो हालत बिगड़ने पर धन अभाव के कारण महंगा इलाज करने में सक्षम नहीं होते हैं। गौरतलब है कि इंजेक्शन की कीमत 40 हजार रुपए है। आवश्यकता पड़ने पर यह इंजेक्शन मरीज को निशुल्क लगाया जाएगा।

इस संबंध में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कपिल यादव ने बताया कि दिल के दौरे की स्थिति में मरीज की स्थिति को देखकर पहले उसकी ईसीजी मशीन से जांच की जाएगी। जांच की रिपोर्ट तत्काल ऑनलाइन एसएन मेडिकल कॉलेज भेजी जाएगी। वहां के विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा रिपोर्ट देखने के उपरांत मरीज के उपचार हेतु गाइडेंस दी जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर वह इंजेक्शन लगाया जाएगा। बाद में आगे के इलाज के लिए मरीज को मेडिकल कॉलेज भेजा जाएगा। उन्होंने लोगों से इस सुविधा का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन डॉ मुकेश मणिकांचन ने किया। इस मौके पर डॉ गुरुदत्त सिंह, ठा. नितिन सिंह, डॉ स्वतंत्र अग्रवाल, डॉ अभिषेक शर्मा, डॉ नवनीत, डॉ महेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

शॉर्ट सर्किट से कबाड़ के गोदाम में लगी आग

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के मोहल्ला रुकनपुर में बिजली के शॉर्ट सर्किट से कबाड़े में भीषण आग लग गई। आग धीरे धीरे पूरे कबाड़े में फैल गई। घटना से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। आग की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से गोदाम में रखा कबाड़ा जलकर खाक हो गया। लल्ला निवासी रुकनपुर कबाड़े का काम करता है। उसके गोदाम में नीचे प्लास्टिक का कबाड़ा रखा हुआ था। जिसमें रविवार को बिजली के शॉर्ट सर्किट से प्लास्टिक के कबाड़े में आग लग गई। आग ने धीरे धीरे पूरे प्लास्टिक के कबाड़े को अपनी चपेट में ले गया।।आग से गोदाम में ऊंची ऊंची पलटें उठने लगी। जब लोगों ने आग की लपटे उठते देखा तो लोगों में अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग की विकरालता के आगे एक नहीं चली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। उन्होंने घटना की गंभीरता को देखते हुए फायर ब्रिगेड को मौके पर बुला लिया। फायर फाइट्स ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक सारा कबाड़ा जलकर खाक हो चुका था।

डाकघर से गबन में सात आरोपी गिरफ्तार

टूंडला। थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा सरकारी डाकघर से 2,67,40,000 रुपये के गबन से सम्बन्धित 06 वांछित अभियुक्तगणों व एक अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है।दिनांक 11.03.25 को अजय दुवे पुत्र प्रवल प्रताप दुबे निवासी शिवाजी मीरा कालोनी थाना कोतवाली देहात जिला भिण्ड व हाल पत्ता सहायक अधीक्षक डाकघर उपमण्डल फिरोजाबाद के द्वारा डाक घर टूण्डला से दिनांक 01-01-23 से 09-04-24 तक दो करोड सडसठ लाख चालीस हजार रुपये के सरकारी गबन के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। उक्त मुकदमा उपरोक्त में विवेचना के दौरान अभियुक्त रविप्रकाश राठीर पुत्र कमलेश कुमार निवासी टापा खुर्द थाना उत्तर फिरोजाबाद को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है,तथा मुकदमा में प्रकाश में आये 06 नफर अभियुक्तगण अजय कुमार तौमर पुत्र राजपाल सिंह निवासी बांसताली थाना एत्मादपुर जनपद आगरा,कुलदीप पुत्र स्व.ज्ञानेन्द्र सिंह निवासी टीकरी थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद,संदीप पचौरी पुत्र स्व.ललित पचौरी निवासी चुल्हावली थाना टूण्डला को ग्राम चुल्हावली के पास से तथा अभियुक्तगण सौरभ कुमार पुत्र स्व. कामताप्रसाद निवासी मोहम्मदाबाद थाना टूण्डला,तरूण कुमार पुत्र हरवीर निवासी सम्राट नगर थाना टूण्डला. प्रशान्त कुमार पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी नगला मस्जिद लाईनपार थाना टूण्डला व अभियुक्ता अंकिता कुमारी पुत्री जगपाल सिहं निवासी जसवंतपुर थाना दन्नाहार जिला मैनपुरी को अलावलपुर मोड के पास से गिरफ्तार किया गया। जिन्हें थाना पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

कलेक्ट्रेट परिसर में देर रात वकीलों के चैंबर ध्वस्त,जरूरी सामान और फाइलें तहस-नहस

मथुरा। कलेक्ट्रेट परिसर क्षेत्र में आधी रात को प्रशासन द्वारा की गई बुलडोजर कार्रवाई से वकीलों में भारी आक्रोश फैल गया है। रविवार के साप्ताहिक अवकाश से ठीक पहले देर रात सौ से अधिक अधिवक्ताओं के चैंबरों को ध्वस्त कर दिया गया, जिससे वकीलों का जरूरी सामान, कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, और महत्वपूर्ण मुकदमों की फाइलें भी तहस-नहस हो गईं। कलेक्ट्रेट कम्पाउण्ड क्षेत्र में आधी रात एक सैंकड़ा से अधिक अधिवक्ताओं के चैम्बर तहस-नहस करने की खबर लगते ही अधिवक्ताओं में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में पहुंचे अधिवक्ताओं ने बताया कि करीब पांच सैंकड़ा लोगों का काम-धंधा प्रभावित हुआ है। इससे पहले प्रशासन द्वारा उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया था। इस तरह से जबरिया तोड़फोड़ करना और उसमें रखा सामान गायब करना प्रशासन की हठधर्मिता है जिसके विरोध में कल से वकील आंदोलन करेंगे। बताया गया कि आज रविवार के अवकाश से पूर्व रात में यह कार्यवाही की गयी। वकीलों ने बताया कि करीब एक सैंकड़ा से अधिक चैम्बर बुलडोजर से ध्वस्त कर दिये गये जिन्हें बनाने में उनकी काफी रकम लगी थी। साथ ही इन चैम्बरों में उनके कम्प्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर आदि जरूरी सामान के अलावा बड़े मुकदमों की फाईलें भी रखी थीं जो तहस नहस हो गयीं। प्रशासन की इस गैरजिम्मेदार कार्यवाही से बड़ी संख्या में अधिवक्ता और उनके सहयोगियों को आर्थिक क्षति के साथ-साथ मानसिक तनाव उत्पन्न हुआ है। आज अवकाश के बावजूद सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता और बार एसोसिएशन के पदाधिकारी मौके पर पहुंच गये और इस सारी घटना पर आक्रोश जताते हुये कहा कि प्रशासन को ऐसा करना था तो उसे पहले नोटिस देना चाहिये था। बगैर नोटिस के प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं के साथ की गयी यह कार्यवाही अनुचित है, जिसे लेकर लम्बा संघर्ष किया जायेगा। इसकी शुरूआत कल से होगी। यदि प्रशासन समय रहते इन चैम्बरों को पुनरू नहीं बनवाता अथवा अन्य कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करता तो बड़ा आंदोलन चलाया जायेगा।

पंकज बने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मिष्ठान वितरण कर मनायी खुशी

सोनभद्र। केंद्रीय मंत्री एवं महाराजगंज से सात बार के लोकसभा सांसद पंकज चैधरी को भाजपा उत्तर प्रदेश का नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष घोषित किए जाने पर जनपद में भाजपा कार्यकताओं में उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज में कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई गई। प्रदेश अध्यक्ष के नाम की औपचारिक घोषणा केंद्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान की। घोषणा के बाद जिलेभर के भाजपा कार्यकताओं ने इसे संगठन को मजबूती देने वाला निर्णय बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्या ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने पंकज चैधरी पर जो विश्वास जताया है, वह उत्तर प्रदेश में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उनके नेतृत्व में पार्टी और अधिक सशक्त होकर जनता के बीच पहुंचेगी। वहीं जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता ने कहा कि पंकज चैधरी का लंबा संगठनात्मक और संसदीय अनुभव पार्टी के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूती मिलेगी और आगामी चुनावों में भाजपा ऐतिहासिक सफलता दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरे समर्पण के साथ नेतृत्व के मार्गदर्शन में काम करेंगे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश दूबे, संतोष शुक्ला, प्रसन्न पटेल, सुनील सिंह, नार सिंह पटेल, अतुल पाण्डेय, अनिल सिंह, कैलास तिवारी, रजनीश रघुवंशी, महेश्वर चंद्रवंशी, बलराम सोनी, राजबहादुर सिंह, प्रिया सोनकर, गुड़िया त्रिपाठी, वंदना वर्मा, राजन पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 59 जोड़ों के विवाह हुए संपन्न

टूंडला। जनपद के नगरीय निकाय नगर पंचाचत फरिहा एवं विकास खण्ड टूण्डला, नारखी के चिन्हित 59 पात्र जोड़ों के विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत के०पी सिंह मैरिज होम सिकरारी एटा रोड़ टूण्डला में सम्पन्न हुये। जिसमें नगर पंचायत फरिहा के 04, विकास खण्ड टूण्डला के 20, विकास खण्ड नारखी के 35 इस प्रकार कुल 59 जोड़ों उपस्थित हुये। जिनमें 48 हिन्दू जोडे एवं 11 मुस्लिम जोडे इस प्रकार कुल 59 जोड़ों के विवाह उनके धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सम्पन्न कराये गये।कार्यक्रम में शिवशंकर शर्मा विधान सभा संयोजक भाजपा अनन्त प्रताप सिंह प्रतिनिधि जिलाध्यक्ष भाजपा अवधेश प्रताप सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष की उपस्थिति में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी के द्वारा सरकार की तरफ से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराते हुए वर-वृधू को नये दाम्पत्य जीवन की शुरूआत करने लिए के मंगल कामनाओं सहित शुभकामनाऐं प्रदान की गयी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त जिला समाज कल्याण अधिकारी राजमति, जिला पिछ्डा वर्ग कल्याण अधिकारी के एम सिंह, खण्ड विकास अधिकारी टूंडला प्रभात रंजन,एवं सम्बन्धित नगरीय निकाय के अधिकारी तथा समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही। मंच का संचालन प्रेमस्वरूप पारस द्वारा किया गया।

टूंडला सीएचसी पर पल्स पोलियो अभियान शुरू

टूंडला। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टुण्डला में प्रधानाचार्य डॉ.अजय कुमार संभागीय स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केंद्र आगरा एवं अधीक्षक डॉ.सोनू चतुवेर्दी द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को साकार किया जा सके। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ.सोनू चतुवेर्दी ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की दवा पिलवाएं तथा इस राष्ट्रीय अभियान में पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, दो फरार

मथुरा। रविवार तड़के बाजना कट यमुना एक्सप्रेस-वे सर्विस रोड पर बिजली तार चोरी करने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके दो साथी घने कोहरे व अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। एसपी देहात सुरेश चंद रावत ने बताया कि रविवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ बदमाश थाना क्षेत्र में बिजली के तार चोरी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। थानाध्यक्ष सोनू सिंह के नेतृत्व में पुलिस व रिवार्डी टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बाजना कट सर्विस रोड पर घेराबंदी की। इस दौरान बदमाश एक गाड़ी में विद्युत तार लोड कर रहे थे। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। फायरिंग में एक बदमाश गुलाब सिंह पुत्र चैबसिंह निवासी ग्राम नवलपुर, थाना एत्मादपुर, आगरा के दाहिने पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी नौहझील भेजा। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस व एक खोखा, एक गाड़ी, विद्युत तार काटने के उपकरण, रस्से, दस्ताने तथा 14 बंडल बिजली के तार बरामद किए हैं। फील्ड यूनिट मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन में जुटी रही। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। वहीं फरार दो बदमाशों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

563 लोगों को मिला पौष्टिक आहार

- फरह समेत मथुरा के तीन ब्लॉक बल्देव गोवर्धन और नंदगांव स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित हुए कार्यक्रम

मथुरा। सीएचसी फरह पर मंडोना रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन के सहयोग से जिला क्षय रोग विभाग द्वारा दो दिवसीय जागरूकता एवं पौष्टिक आहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत फरह, गोवर्धन, बलदेव एवं बरसाना क्षेत्रों के कुल 563 उपचाररत क्षय रोगियों को पौष्टिक सामग्री का वितरण किया गया। सीएमओ डॉ. राधा वल्लभ ने रोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी क्षय रोगी समय से दवाओं का सेवन करें और पौष्टिक आहार को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, तभी पूर्ण उपचार संभव है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरह के चिकित्सा अधीक्षक डा. रामवीर सिंह ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वस्थ तन के साथ-साथ स्वस्थ मन भी आवश्यक है।

जिला पीपीएम समन्वयक आलोक तिवारी ने बताया कि मंडोना रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा जनपद मथुरा के तीन ब्लॉक-फरह, गोवर्धन, बलदेव तथा सीएचसीबरसाना के चिन्हित क्षय रोगियों को गोद लिया गया है। संस्था के निदेशक लक्ष्मीकांत गौर ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य केवल पोषण सामग्री का वितरण नहीं, बल्कि क्षय रोगियों को सामाजिक, मानसिक एवं पोषण संबंधी संपूर्ण सहयोग प्रदान करना है। लक्ष्य है कि प्रत्येक रोगी उपचार पूरा कर आगे चलकर अन्य रोगियों को प्रेरित करने वाला टीबी चैम्पियनबने।कार्यक्रम के दौरान रोगियों को स्वच्छता बनाए रखने, दवा नियमित लेने, परिजनों की जांच कराने तथा अपने अनुभव साझा कर समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्तियों, संस्थाओं एवं समूहों से अपील की कि वे किसी क्षय रोगी को गोद लेकर उसके पोषण, दवा पालन एवं मानसिक सहयोग में योगदान दें। लक्षण दिखने पर तुरंत जांच एवं चेकअप कराएं। कार्यक्रम में सत्यवीर, अनूप, राजेश, पुष्पेन्द्र, दीपक, मंजीत, पंकज यादव, दुष्यंत, निश्चल दिवाकर, शिव कुमार, तेजवीर, मुकेश कुमार, संजय शर्मा, प्रेम कुमार आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

ईडी का पुराने फेरा मामलों को निपटाने का लक्ष्य

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम (फेरा) के तहत दर्ज मामलों को निपटाने का फैसला किया है। यह कानून 25 साल से अधिक पहले 1998 में खत्म कर दिया गया था। वर्ष 1973 के आपराधिक प्रावधानों से युक्त फेरा कानून की जगह जून 2000 में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) ने लिया, जो एक दीवानी कानून है। अधिकारियों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने ऐसे करीब 400-500 मामलों की पहचान की है, जिनमें फेरा के तहत विभिन्न अदालतों में लंबित मामलों को तेजी से निपटाया जा सकता है। इन मामलों में आरोपी व्यक्ति की या तो मृत्यु हो चुकी है, या उनका कोई पता नहीं है, जिन संपत्तियों को लेकर सवाल थे, वे नीलाम हो चुकी हैं या अब हैं ही नहीं। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रक्रिया को अगले कुछ महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, और 2026 की पहली तिमाही तक यह काम पूरा हो सकता है। फेरा के तहत आखिरी कारण बताओ नोटिस मई 2002 में जारी किए गए थे।

बैंकों को एमएसएमई ऋण को बाहरी मानक से जोड़ने की सलाह

नयी दिल्ली। मौद्रिक नीति के संचरण में सुधार लाने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को एमएसएमई को दिए जाने वाले ज णों को एक बाहरी मानक से जोड़ने की सलाह दी है। सरकार ने संसद को यह जानकारी दी है। बाहरी मानक प्रणाली के तहत ऋणों के पुनःनिर्धारण की अवधि को तीन महीने कर दिया गया है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री शोभा करंडलाजे ने लोकसभा में लिखित उत्तर में बताया कि मौजूदा उधारकर्ताओं को बाहरी मानक आधारित ब्याज दर का लाभ उपलब्ध कराने के लिए, बैंकों को परस्पर सहमति से परिवर्तन का विकल्प प्रदान करने की सलाह दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार, भारतीय मानक ब्यूरो और उपभोक्ता मामले के विभाग के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू करती है, जिसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए छूट और राहत शामिल होती है, ताकि इन आदेशों से घरेलू उत्पादन बाधित न हो।

घरेलू तांबा उद्योग ने सस्ते आयात पर जतायी चिंता

नयी दिल्ली। उद्योग निकाय आईपीसीसीपीए ने कहा कि कई मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत तांबे के सस्ते आयात से भारतीय विनिर्माण को गंभीर रूप से नुकसान पहुंच रहा है। इसके साथ ही उसने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर सुरक्षा शुल्क लगाने और विदेशों से आने वाले आयात पर मात्रात्मक प्रतिबंध लागू करने की मांग की है। इंडियन प्राइमरी कॉपर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (आईपीसीसीपीए) के अनुसार, शून्य शुल्क पर तांबे के आयात के चलते देश के घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है, जबकि आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए हाल के वर्षों में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। एफटीए साझेदारों से शून्य शुल्क पर हो रहे आयात भारतीय स्मेल्टिंग और रिफाइनिंग उद्योग को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा रहे हैं।

संगीत प्रेमियों को यादगार उत्सव बनने वाला है इंडियन आइडल

मुंबई। इंडियन आइडल का आगामी एपिसोड संगीत प्रेमियों के लिए यादगार उत्सव बनने वाला है क्योंकि भारत की दो सबसे प्रतिष्ठित आवाजें, उदित नारायण और कविता कृष्णमूर्ति, मंच की शोभा बढ़ाएंगी और सदाबहार क्लासिक गीत कोई मिल गया की रिकॉर्डिंग से जुड़ी दिल को छू लेने वाली यादें साझा करेंगी। यह गीत, जिसे मूल रूप से दिग्गज तिकड़ी उदित नारायण, कविता कृष्णमूर्ति और अलका यागनिक ने गाया था, हिंदी सिनेमा की सबसे प्यारी धुनों में से एक बना हुआ है। रिकॉर्डिंग सेशन को याद करते हुए, उदित नारायण ने एक मनोरंजक किस्सा सुनाया। उन्होंने स्टूडियो में प्रवेश करने से पहले बेहद घबराया हुआ महसूस करने की बात याद करते हुए कहा कि जतिन-ललित ने मुझे दो शेरनियों के बीच खड़ा कर दिया था। उन्होंने संगीत निर्देशकों से पूछा कि क्या वह अपना हिस्सा बाद में रिकॉर्ड कर सकते हैं। लेकिन जतिन-ललित, जो बेहद प्रेरक होने के लिए जाने जाते हैं, ने कहा कि दो शेरनी के बीच एक शेर तो आ जाए और उदित नारायण को गाने के लिए प्रोत्साहित किया।

कंपनियों की पूंजी 79129 करोड़ रुपये घटी

नयी दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में पिछले सप्ताह जारी कमजोरी के बीच शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में आठ का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 79,129.21 करोड़ रुपये घट गया। इस दौरान बजाज फाइनेंस और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे बड़ा झटका लगा।

पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 444.71 अंक या 0.51 प्रतिशत गिर गया। शीर्ष 10 कंपनियों में केवल रिलायंस इंडस्ट्रीज और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के बाजार मूल्य में बढ़त हुई, जबकि एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मूल्यांकन में गिरावट आई। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 19,289.7 करोड़ रुपये घटकर 6,33,106.69 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 18,516.31 करोड़ रुपये घटकर 9,76,668.15 करोड़ रुपये पर आ गया। दूसरी तरफ रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 20,434.03 करोड़ रुपये बढ़कर 21,05,652.74 करोड़ रुपये हो गया। लार्सन एंड टुब्रो का मूल्यांकन 4,910.82 करोड़ रुपये बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है।

दिसंबर में एफपीआई ने इक्विटी से 17,955 करोड़ रुपये निकाले, 2025 में कुल निकासी 1.6 लाख करोड़

नयी दिल्ली। विदेशी निवेशकों ने इस महीने के पहले दो हफ्तों में भारतीय शेयर बाजार से 17,955 करोड़ रुपये निकाले हैं, जिससे 2025 में अब तक कुल निकासी बढ़कर 1.6 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

यह भारी निकासी नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी के बाद हुई है, जिससे घरेलू शेयर बाजारों पर दबाव बना हुआ है। अक्टूबर में थोड़े समय के लिए यह रुझान थमा था, जब विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 14,610 करोड़ रुपये का निवेश किया और तीन महीनों से जारी भारी बिकवाली का सिलसिला टूटा था। इससे पहले एफपीआई ने सितंबर में 23,885 करोड़ रुपये, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार एक से 12 दिसंबर के बीच एफपीआई ने भारतीय शेयरों से शुद्ध रूप से 17,955 करोड़ रुपये निकाले। बाजार विशेषज्ञों ने इस लगातार निकासी के पीछे कई कारण बताए हैं, जिनमें रुपये में तेज गिरावट और भारतीय शेयरों का अपेक्षाकृत महंगा मूल्यांकन शामिल है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया में प्रधान प्रबंधक (शोध) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिका में ऊंची ब्याज दरें, सख्त नकदी स्थिति और सुरक्षित या अधिक प्रतिफल देने वाली परिसंपत्तियों की ओर निवेशकों के झुकाव के चलते भारतीय बाजारों पर दबाव बना हुआ है।

निवेश-प्रेरित वृद्धि के लिए रखा सीआईआई ने सुधारों का प्रस्ताव

नयी दिल्ली। सीआईआई ने आगामी आम बजट 2026-27 के लिए व्यापक सुधारों का प्रस्ताव रखा है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक, निजी और विदेशी निवेशों को शामिल करते हुए सतत निवेश वृद्धि को बढ़ावा देना और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की गति को बनाए रखना है।

वित्त वर्ष 2026-27 में केंद्रीय पूंजीगत व्यय में 12 प्रतिशत और राज्यों को दी जाने वाली पूंजीगत व्यय सहायता में 10 प्रतिशत वृद्धि की जाए, इसके अलावा 2026-32 के लिए 150 लाख करोड़ रुपये की राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी) 2.0 शुरू की जाए, जिन कंपनियों ने महत्वपूर्ण नए निवेश, उत्पादन या कर योगदान के महत्वपूर्ण लक्ष्य हासिल किए हैं, उन्हें अतिरिक्त कर रियायतें या अनुपालन में ढील दी जाए।

इसमें यह भी कहा गया है कि त्वरित मूल्यह्रास लाभ को पुनः लागू किया जाए ताकि नए पूंजीगत व्यय और तकनीकी उन्नयन को और अधिक प्रोत्साहन दिया जा सके, विशेषकर लघु, मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और विनिर्माण उद्योगों के लिए, बशर्ते कि यह उपाय ऐसा हो कि आधुनिकीकरण को बढ़ावा मिले लेकिन न्यूनतम वैकल्पिक कर की देयता उत्पन्न न हो।

राजस्थान में पारेषण बाधाओं के कारण चार गीगावॉट सौर क्षमता प्रभावित

नयी दिल्ली। राजस्थान में अपर्याप्त पारेषण बुनियादी ढांचे के कारण लगभग 4,300 मेगावॉट सौर ऊर्जा क्षमता दिन के समय पूरी तरह कटौती का सामना कर रही है। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे करीब 20,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं जोखिम में पड़ गई हैं।

अदाणी, रीन्यू, सेरेंटिका, जूनिपर, जेलेस्ट्रा, एसीएमई और एम्प एनर्जी सहित कई कंपनियों की कुल 26 सौर परियोजनाएं फिलहाल अस्थायी सामान्य नेटवर्क पहुंच (टी-जीएनए) व्यवस्था के तहत बिजली की आपूर्ति कर रही हैं, क्योंकि उनकी संबंधित पारेषण प्रणालियां अभी चालू नहीं हुई हैं। सूत्रों के मुताबिक उपलब्ध पारेषण मार्जिन के खत्म हो जाने के कारण इन संयंत्रों से दिन के समय बिजली उत्पादन पूरी तरह रोक दिया गया है।

उत्तरी क्षेत्र लोड डिस्पैच सेंटर (एनआरएलडीसी) के आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में लगभग 23 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता चालू है, जबकि पारेषण क्षमता करीब 18.9 गीगावॉट है। यह पूरी पारेषण क्षमता दीर्घकालिक सामान्य नेटवर्क पहुंच (जीएनए) वाली परियोजनाओं को आवंटित की जा चुकी है, जिससे टी-जीएनए के तहत संचालित चार गीगावॉट से अधिक क्षमता के लिए बिजली निकासी की कोई गुंजाइश नहीं बची है। इन कंपनियों ने चेतावनी दी है कि लंबे समय तक यह स्थिति बनी रहने से परियोजनाओं की व्यवहार्यता और कर्ज की अदायगी पर गंभीर असर पड़ सकता है। उद्योग प्रतिनिधियों ने सरकार से अल्पकालिक राहत उपायों पर विचार करने का आग्रह किया है, जिनमें टी-जीएनए के तहत बिजली निकासी सुधारने के लिए विशेष संरक्षण योजना (एसपीएस) लागू करना और कम उपयोग अवधि के दौरान अप्रयुक्त जीएनए मार्जिन को टी-जीएनए परियोजनाओं को आवंटित करना शामिल है।

भूमिगत कोयला खनन परियोजनाओं को आसान करने की सिफारिश

नयी दिल्ली। एक संसदीय समिति ने भूमिगत कोयला खनन की अनुमति के लिए नीति को सरल बनाने और मानकीकृत प्रोटोकॉल अपनाने का सुझाव दिया है। समिति का कहना है कि बड़ी खुली कोयला खदानों जैसी जटिल मंजूरी प्रक्रिया लागू किए जाने से कम पर्यावरणीय प्रभाव वाली परियोजनाओं में भी देरी होती है।

सरकार ने 2030 तक भूमिगत कोयला खदानों से 10 करोड़ टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य तय किया है। कोयला, खान और इस्पात संबंधी स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भूमिगत कोयला खनन से सतह पर होने वाला व्यवधान न्यूनतम रहता है, जिससे भूमि, वन और बुनियादी ढांचे का संरक्षण होता है। इसके साथ ही भूमि पुनर्वास की लागत और अप्रत्यक्ष ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भी कमी आती है। यह पद्धति उच्च गुणवत्ता वाले गहरे कोयला भंडार तक पहुंच की अनुमति देती है और मौसम की परवाह किए बिना पूरे वर्ष संचालन सुनिश्चित करती है। रिपोर्ट में कहा गया, कम पर्यावरणीय प्रभाव के बावजूद, कई भूमिगत परियोजनाओं को बड़ी खुली कोयला खदानों जैसी ही मंजूरी और दस्तावेजी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है, जिससे परियोजनाओं में देरी होती है। इसलिए समिति ने भारत में भूमिगत कोयला खनन प्रथाओं के लिए नीति को सरल बनाने और मानकीकृत प्रोटोकॉल की आवश्यकता पर जोर दिया है।

मेमोरी चिप की कमी, कमजोर रुपये से महंगे हो सकते हैं टीवी

नयी दिल्ली। मेमोरी चिप की बढ़ती लागत और रुपये के अवमूल्यन के कारण अगले साल जनवरी से टेलीविजन की कीमतों में तीन से चार प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

रुपये का मूल्य हाल ही में पहली बार 90 प्रति डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। रुपये में गिरावट ने उद्योग को असुरक्षित स्थिति में डाल दिया है, क्योंकि एक एलईडी टीवी में घरेलू मूल्य संवर्धन केवल लगभग 30 प्रतिशत है और मुख्य घटक जैसे ओपन सेल, सेमीकंडक्टर चिप और मदरबोर्ड आयात किए जाते हैं। इसके अलावा यह समस्या मेमोरी चिप संकट से भी जुड़ी हुई है, जहां एआई सर्वरों के लिए हाई-बैंडविड्थ मेमोरी (एचबीएम) की भारी मांग के कारण वैश्विक स्तर पर गंभीर कमी हो गई है, जिससे सभी प्रकार की मेमोरी (डीआरएएम, फ्लैश) की कीमतें आसमान छू रही हैं। चिप विनिर्माता कंपनियां उच्च लाभ वाले एआई चिप पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं, जिससे टीवी जैसे पारंपरिक उपकरणों के लिए आपूर्ति कम हो रही है। मेमोरी चिप की कमी और कमजोर रुपये के कारण एलईडी टीवी सेटों की कीमतों में तीन प्रतिशत की वृद्धि होगी। कुछ टीवी विनिर्माताओं ने कीमतों में संभावित वृद्धि के बारे में अपने डीलरों को पहले ही सूचित कर दिया है।

संकल्प भारत समिट के दूसरे संस्करण का आयोजन

लखनऊ। आविष्कार ग्रुप ने आज लखनऊ में 12 दिसंबर 2025 को आयोजित दूसरे संकल्प भारत समिट के अवसर पर प्रदेश के एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के विजन को समर्थन देने की अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ किया। इस वर्ष संकल्प भारत समिट में 800 से अधिक प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिनमें उद्यम (स्टार्टअप्स, एमएसएमई), विकास वित्त संस्थान और वेंचर कैपिटल शामिल थे। इस मंच पर उद्यमशील सफलता के महत्वपूर्ण कारकों पर चर्चा करने, उन्हें परिभाषित करने और आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया गया। आविष्कार ग्रुप के संस्थापक एवं उपाध्यक्ष विनीत राय ने कहा, हमें उत्तर प्रदेश के उस विजन के साथ जुड़ने पर गर्व है, जिसके तहत राज्य को नवाचार और उद्यमशीलता का केंद्र बनाया जा रहा है। अपने वैश्विक मंच संकल्प को उत्तर प्रदेश में लाकर हम स्थानीय और क्षेत्रीय स्टार्टअप्स को एक साथ आने, तथा व्यापक स्तर, उद्देश्य और प्रभाव के साथ समाधान विकसित करने के लिए सशक्त बना रहे हैं। आविष्कार ग्रुप के चेयरमैन यू. के. सिन्हा, संस्थापक एवं प्रमोटर विनीत राय तथा अन्य सदस्यों के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश में उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण हेतु किए जा रहे कार्यों तथा शिखर सम्मेलन में हुई चचाओं की जानकारी उन्हें दी। आविष्कार ग्रुप पूर्वी उत्तर प्रदेश में उद्यमशीलता के इर्द-गिर्द एक उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि क्षेत्र के विकास को गति दी जा सके, और इस पहल के लिए मुख्यमंत्री से सहयोग का अनुरोध किया। उद्यमियों और निवेशकों के लिए, शिखर सम्मेलन में कई पहलें शामिल रहीं, जिनमें संकल्प भारत अवार्ड्स प्रमुख रहे।

वैश्विक रुझान तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा



नयी दिल्ली। विश्लेषकों ने कहा कि इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई के आंकड़े, विदेशी निवेशकों के रुख और वैश्विक संकेतों से तय होगी।

इसके अलावा, निवेशकों की नजर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी। बाजारों में पिछले सप्ताह उतार-चढ़ाव रहा और वे नकारात्मक दायरे में बंद हुए। बीते सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 444.71 अंक यानी 0.51 प्रतिशत गिरा। इस सप्ताह घरेलू स्तर पर कई आंकड़े आने हैं, जिसमें थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई और व्यापार संतुलन के आंकड़े प्रमुख हैं। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं से जुड़े घटनाक्रम पर भी नजर रहेगी। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी बाजारों का प्रदर्शन और वहां से आने वाले व्यापक आर्थिक संकेत निकट अवधि में निवेशकों की भावना को प्रभावित करेंगे। इस महीने के पहले दो हफ्तों में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों से 17,955 करोड़ रुपये निकाले हैं, जिससे 2025 में अब तक कुल निकासी बढ़कर 1.6 लाख करोड़ रुपये हो गई है। विदेशी कोषों की लगातार निकासी और रुपये में तेज गिरावट ने निवेशकों के भरोसे पर भारी दबाव डाला है। कुल मिलाकर हमें उम्मीद है कि बाजार सीमित दायरे में रहेंगे, हालांकि व्यापक सूचकांकों में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। अगर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर कोई ठोस प्रगति होती है तो इससे बाजार में एक सार्थक तेजी आ सकती है।

पेज एक का शेष

पंकज चौधरी

सदस्यों के नाम की घोषणा की। जिसका स्वागत सभागार में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने किया। नये प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन और नई कार्यकारिणी के गठन से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष और उल्लास की लहर का संचार हुआ है, जो प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों में नये जोश और उत्साह के रूप में दिखाई देगा।

एसआईआर के

आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं से कहा, यह जो चार करोड़ का अंतर है...। वह आपका विरोधी नहीं है इसमें से 85 से 90 प्रतिशत आपका मतदाता है। संयोग से भारत निर्वाचन आयोग ने एसआईआर फार्म जमा करने के लिये 14 दिन का समय बढ़ाया है। इस समय का बेहतर उपयोग हो। कार्यकर्ता हर बूथ में घर-घर जाकर पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय से लेकर स्थानीय स्तर के पदाधिकारियों से कहा कि वे अगले महीने प्रकाशित होने वाली मसविदा सूची का अवलोकन जरूर करें। आदित्यनाथ ने इसे 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की लड़ाई बताते हुए कहा, आपके सामने विरोधी के पास इतनी ताकत नहीं है लेकिन याद रखना विरोधी चाहे कैसे भी हों, उसके छल और छद्म का जवाब देने के लिए आपके पास उतना ही सामर्थ्य होना चाहिए। उतना ही शौर्य और तेज भी होना चाहिए। आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं से कहा, आपकी मेहनत, आपके पुरुषार्थ और परिश्रम पर किसी को कोई संदेह नहीं है लेकिन हमारी अति उदारता, सहिष्णुता और दूसरों पर विश्वास करने की प्रवृत्ति कभी-कभी हमें धोखा दे देती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की कार्यवाही हो रही है, और जब मैं आपसे पूछूंगा कि आपके यहां इस अभियान की क्या प्रगति चल रही है तो कोई बोलेगा कि 98 प्रतिशत हो गया है कोई कहेगा कि 99 प्रतिशत हो गया तो कोई कहेगा कि हमने 100 फीसद कर लिया.... लेकिन यह सच्चाई नहीं है। आदित्यनाथ ने दावा किया कि हाल में जब वह एक जनपद के दौरे पर गए थे जहां मतदाता सूची में विरोधियों द्वारा भरे गए एसआईआर फॉर्मों में कुछ बांग्लादेशी नागरिकों के नाम भी पाए गए। उन्होंने दावा किया, एक जगह तो यह भी मैंने देखा एक सज्जन का नाम था, उसकी उम्र 20 साल है, उसके पिता की उम्र 30 साल और उसके दादा की उम्र 40 साल थी। तो मैंने कहा कि यह कौन नए नमूने आ गए हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि मतदाता सूची में असम के नौगांव का एक व्यक्ति संभल में मतदाता बना है और इसका क्या मतलब है? उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा, नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हर जिले में जाएंगे वहां आप उनका स्वागत करेंगे। आपको दिल्ली, गोरखपुर या महराजगंज जाने की आवश्यकता नहीं है। आपको अपने बूथ को अगले एक महीने के लिए संभालने की जरूरत है। आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे हर बूथ पर पात्र लोगों से फार्म संख्या-6 भरवा लें और जो छूट गए हैं, जो एसआईआर के प्रपत्र अभी जमा नहीं हो पाए हैं उनके लिये 12 दिन का समय है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आगामी 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी का कार्यक्रम है और यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के साथ-साथ हर एक बूथ पर भी पार्टी द्वारा आयोजित होगा।

सरकार और

राज्य चुनाव अधिकारी डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडेय को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में पिछले साढ़े आठ वर्ष में जो भी परिवर्तन हुए हैं, वे प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और डबल इंजन सरकार की डबल इंजन स्पीड के जरिए हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक-एक कार्यकर्ता की मेहनत और परिश्रम का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश के बारे में पहले जो नजरिया था, वह बदला है। मुख्यमंत्री ने दावा किया, पिछले साढ़े आठ सालों में उत्तर प्रदेश में पौने नौ लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी बिना किसी भेदभाव के प्राप्त हुई है। अब तक 15 लाख करोड रुपये से अधिक के निवेश की योजनाएं जमीनी धरातल पर उतरी हैं और छह लाख से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत होने जा रही है। उन्होंने सहयोग के लिये केंद्रीय नेतृत्व की भी सराहना की और कहा, योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से जब भी सहयोग मांगा, हमें पूरी तत्परता से प्राप्त हुआ। उसके बल पर डबल इंजन सरकार की सामर्थ्य और शक्ति से उत्तर प्रदेश प्रगति के नए रास्तों पर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के राम मंदिर, वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम और मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी देवी धाम का जिक्र करते हुए कहा कि सभी तीर्थों की वैश्विक मानचित्र पर पुनर्स्थापना का कार्य आज प्रभावी ढंग से डबल इंजन की सरकार आगे बढ़ा रही है। आदित्यनाथ ने कहा कि यह काम इसलिए हो पा रहा है क्योंकि जनमानस को भी विश्वास है कि सरकार करेगी तो अच्छा ही करेगी। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष चौधरी के नेतृत्व में वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में 2017 का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 325 से अधिक सीटें जीतने और समाजवादी पार्टी के कथित फर्जी पीडीए की राजनीति को पूरी तरह खारिज करने का संकल्प लें। भाजपा नेता ने कहा कि प्रदेश के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में सरकार और संगठन की पूरी टीम पूरी ताकत के साथ काम करेंगी। मैं आप सबसे निवेदन करूंगा कि 2027 में 2017 का रिकॉर्ड तोड़ना है। मौर्य ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी गठबंधन के गुब्बारे में जो हवा भरी थी वह हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली और बिहार विधानसभा चुनाव में इसकी हार के साथ निकल गई है और अब तो उत्तर प्रदेश की विजय से पहले पश्चिम बंगाल की विजय का भी ऐलान है। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ पांडेय और निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने भी सम्बोधित किया।

भारत ने

पाई और 41.2 ओवर में 150 रन पर ऑल आउट हो गई। भारत ने तेज शुरुआत की जिसमें कप्तान म्हात्रे ने 25 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। लेकिन मोहम्मद सैयाम ने पहले 10 ओवर के अंदर दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया। इसके बाद जॉर्ज ने पारी को संभाला। वह लगातार गैप ढूंढकर रन जुटाते रहे जिससे बीच के ओवरों में उन्होंने स्थिरता बनाए रखी। चौहान ने आखिरी ओवरों में तेज बल्लेबाजी जिसमें तीन छक्के शामिल थे और भारत को नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के बावजूद 230 रन के पार पहुंचाने में मदद की। पाकिस्तान के लिए सैयाम ने 67 रन देकर और अब्दुल सुभान ने 42 रन देकर तीन तीन विकेट झटके जबकि निकाब शफीक ने दो विकेट लिए। पाकिस्तान की पारी की शुरुआत खराब रही। उसके 30 रन के स्कोर पर चार विकेट गिर गए जिसमें देवेंद्रन ने शुरुआती स्पैल में तीन विकेट लिए। कप्तान फरहान यूसुफ (23) और हुजैफा अहसान ने पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन चौहान की धारदार ऑफ-स्पिन ने इस साझेदारी को तोड़ दिया। अहसान पाकिस्तान के लिए 83 गेंद में 70 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे लेकिन दूसरे छोर से उन्हें कोई साथ नहीं मिला। चौहान ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि देवेंद्रन ने 16 रन देकर तीन विकेट हासिल किए जिससे भारत ने मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखी और ग्रुप ए के इस महत्वपूर्ण मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने टॉस के समय और मैच के बाद एक-दूसरे से हाथ नहीं मिलाया जिससे हाल में खत्म हुए एशिया कप 2025 के दौरान भारतीय पुरुष टीम द्वारा अपनाए गए नो-हैंडशेक का प्रोटोकॉल जारी रहा। इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी से विजेता ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था।

अटल का

वोकल फॉर लोकल जैसी योजनाओं के माध्यम से भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त रूप से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की एक अग्रणी आर्थिक शक्ति बनने के साथ-साथ रक्षा, अंतरिक्ष और अवसंरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के 99 प्रतिशत गांव सड़कों से जुड़ चुके हैं, जबकि स्वास्थ्य, शिक्षा और परिवहन क्षेत्र में भी ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सनातन संस्कृति और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण के लिए अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। अयोध्या में श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक तथा बद्रीनाथ व केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण इसके उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति, ट्रिपल तलाक उन्मूलन, नागरिकता संशोधन अधिनियम और वक्फ संशोधन जैसे ऐतिहासिक निर्णयों से ह्यएक भारत श्रेष्ठ भारतह्ल के संकल्प को सशक्त आधार मिला है।

ऑस्ट्रेलिया के

और दुखद हैं। पुलिस और आपातकालीन कर्मी मौके पर मौजूद हैं और लोगों की जान बचाने के लिए प्रयासरत हैं।

उत्तराखंड सरकार

स्नो लेपर्ड साइटिंग, हेली-स्कीइंग तथा हिमालयन कार रैली को तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से शीतकालीन यात्रा के दृष्टिगत 20 दिसंबर तक कुमाउं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) एवं गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन) की सभी व्यवस्थाओं और सुविधाओं को दुरुस्त करने तथा होटल मालिकों के साथ भी इस संबंध में एक बैठक आयोजित करने को कहा। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने कहा कि शीतकालीन यात्रा के प्रोत्साहन से जुड़े विभिन्न हितधारकों के साथ दिल्ली में भी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाए। उन्होंने सभी सभी जिलाधिकारियों से स्पष्ट तौर पर जिलों के प्रमुख पर्यटक स्थलों से संबंधित सड़क, होटल एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं पूर्ण रूप से दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि वह स्वयं सड़क मार्ग से यात्रा कर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। धामी ने वन डिस्ट्रिक्ट वन फेस्टिवल के तहत राज्य के प्रत्येक जिले में जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों की सहभागिता से एक भव्य महोत्सव आयोजित करने के निर्देश दिए, जो उस जिले की विशिष्ट पहचान बने। उन्होंने अधिकारियों से राज्य स्तर पर भी एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का महोत्सव आयोजित करने को कहा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने बागेश्वर में सरयू गलियारे एवं सरयू उदगम स्थल का विकास करने, पौड़ी के पैठाणी स्थित राहु मंदिर एवं लाखामंडल मंदिर के सुंदरीकरण की कार्ययोजना को शीघ्र एवं प्रभावी रूप से धरातल पर उतारने, देवप्रयाग सहित राज्य के विभिन्न प्रयागों एवं घाटों में भव्य आरती आयोजित करने को भी कहा।

बरेली हिंसा के

बेग, शाहिद बेग, शाविर, सादिक, इकराम बेग, इरफान बेग और विक्की नामक अभियुक्तों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) (धोखाधड़ी), 333 (हमला करना), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना), 351(3) (आपराधिक धमकी), 75 (यौन उत्पीड़न) और 61 (2) (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार के बयान दर्ज किये जा रहे हैं। सभी तथ्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और जो भी आरोपी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी।

भारत ने द. अफ्रीका को हराया

7 विकेट से जीता तीसरा टी-20 मैच: साउथ अफ्रीका पर 2-1 बढ़त बनाई, अभिषेक-गिल की फिफ्टी पार्टनरशिप

एजेंसी

धर्मशाला। भारत ने टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से हरा दिया। टीम ने 118 रन का टारगेट 15.5 ओवर में तीन विकेट पर चेज कर लिया। शिवम दुबे ने लगातार दो बॉल पर चौका और छक्का लगाकर टीम को जीत दिला दी। वे शिवम दुबे 10 रन बनाकर नाबाद लौटे। वहीं, तिलक वर्मा ने नाबाद 26 बनाए। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 12, अभिषेक शर्मा ने 35 और शुभमन गिल ने 28 रन बनाए। धर्मशाला स्टेडियम में रविवार शाम भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफ्रीकी टीम 117 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने महज 7 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। क्विंटन डी कॉक एक रन, रीजा हेंड्रिक्स जीरो और डेवाल्ड ब्रेविस 2 रन बनाकर आउट हुए। ऐसे में ऐडन मारक्रम ने एक छोर से पारी संभाली, जबकि दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। मारक्रम ने 61 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। उनके अलावा, डोनोवान फरेरा ने 20 रन का योगदान दिया। भारत से अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट झटके।

हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे को एक-एक विकेट मिला। जवाबी पारी में भारतीय ओपनर्स ने विस्फोटक शुरुआत दिलाई। अभिषेक-गिल की जोड़ी ने 31 बॉल पर 68 रन की साझेदारी कर डाली। अभिषेक (18 बॉल पर 35 रन) के आउट होने के बाद उतरे तिलक वर्मा ने भारत को जीत दिला दी। 15वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान सूर्यकुमार यादव 12 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें लुंगी एनगिडी ने ओटनील बार्टमैन के हाथों कैच कराया। 12वें ओवर में भारतीय टीम का दूसरा विकेट गिरा। यहां पर शुभमन गिल 28 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मार्को यानसन ने बोल्ड कर दिया। यानसन की गुड लेंथ बॉल पर बल्ले के भीतरी किनारे में लगकर स्टंप पर चली गई। 118 रन चेज कर रही भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका से बेहतर शुरुआत की। टीम ने 6 ओवर में एक विकेट खोकर 68 रन बना डाले। साउथ अफ्रीका ने पावरप्ले में 25 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए थे। पावरप्ले के आखिरी ओवर में भारत ने पहला विकेट गंवाया। यहां अभिषेक शर्मा 18 बॉल पर 35 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ऐडन मारक्रम ने कार्बिन बॉश की बॉल पर कैच किया। मारक्रम ने लॉन्ग ऑफ में पीछे की ओर दौड़ते हुए कैच पकड़ा। 5वें ओवर की पहली बॉल पर भारतीय ओपनर्स ने फिफ्टी पार्टनरशिप की। अभिषेक शर्मा ने बार्टमैन की बॉल पर छक्का लगाकर टीम को 50 पार पहुंचाया। इसी के साथ ओपनर्स की फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी हुई। भारतीय पारी के लगातार दूसरे ओवर में 16 रन आए। मार्को यानसन के ओवर में अभिषेक-गिल की जोड़ी ने 2 चौके और एक छक्का लगाए।

ओवर की पहली बॉल पर गिल रिव्यू लेकर छह होने से बच गए। बॉल उनके पैड में तो लगी, लेकिन उससे पहले बल्ले का अंदरुनी किनारा लिया। 118 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने अभिषेक शर्मा के छक्के से शुरुआत की। लुंगी एनगिडी की पहली बॉल पर फाइन लेग पर छक्का लगाया। उन्होंने इस ओवर से 16 रन लिए। 20वें ओवर में कुलदीप यादव ने दो विकेट झटके। उन्होंने तीसरी बॉल पर एनरिक नॉर्त्या को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। फिर आखिरी बॉल पर ओटनील बार्टमैन को सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच कराया। नॉर्त्या 12 और बार्टमैन एक रन बनाकर आउट हुए। इस तरह साउथ अफ्रीका की टीम 117 रन पर ऑलआउट हो गई। 19वें ओवर में साउथ अफ्रीका ने 8वां विकेट गंवाया।

यहां पर ऐडन मारक्रम 61 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अर्शदीप ने विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। ऐडन मारक्रम ने 18वें ओवर की पहली बॉल पर छक्का लगाकर अपनी फिफ्टी पूरी की। उन्होंने हर्षित राणा के ओवर में 2 बाउंड्री आई लगाई। इनमें एक चौका और एक छक्का शामिल रहा। इन बाउंड्री के सहारे साउथ अफ्रीका ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। 16वें ओवर की पहली बॉल पर साउथ अफ्रीका ने 7वां विकेट गंवाया। यहां वरुण चक्रवर्ती ने मार्को यानसन को बोल्ड कर दिया।

वरुण को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने डोनोवन फरेरा को भी बोल्ड किया था। 14वें ओवर में साउथ अफ्रीका ने छठा विकेट गंवाया। यहां वरुण चक्रवर्ती ने डोनोवन फरेरा को बोल्ड कर दिया। फरेरा 20 रन बनाकर आउट हुए। 12वें ओवर में साउथ अफ्रीका ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। कुलदीप यादव के ओवर की तीसरी बॉल पर ऐडन मारक्रम ने एक रन लेकर टीम स्कोर पार पहुंचाया। 11वें ओवर में साउथ अफ्रीका का 5वां विकेट गिरा। शिवम दुबे ने पहली बॉल पर कॉर्बिन बॉश को बोल्ड कर दिया। बॉश 4 रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक पंड्या ने अपने पहले ओवर की आखिरी बॉल पर विकेट दिलाया।

उन्होंने पारी के 7वें ओवर की आखिरी बॉल पर ट्रिस्टन स्टब्स (9 रन) को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। इसी के साथ पंड्या टी-20 इंटरनेशनल में 100 विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बने। उनसे पहले अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह यह अचीवमेंट हासिल कर चुके हैं। टॉस हारकर बैटिंग कर रही साउथ अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। टीम ने शुरूआती 6 ओवर में महज 25 रन बनाने में 3 विकेट गंवाए। क्विंटन डी कॉक एक रन, रीजा हेंड्रिक्स जीरो और डेवाल्ड ब्रेविस 2 रन बनाकर आउट हुए। अर्शदीप पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हैं। चौथे ओवर की पहली बॉल पर साउथ अफ्रीका ने तीसरा विकेट गंवाया। हर्षित राणा ने डेवाल्ड ब्रेविस को बोल्ड कर दिया।

उनकी चौथी बॉल पर कैच और छह की अपील हुई, लेकिन ट्रिस्टन स्टब्स दोनों से बच गए। डी कॉक का विकेट सेलिब्रेट करते हर्षित। भारतीय टीम ने लगातार दूसरे ओवर में विकेट हासिल किया है। पारी के दूसरे ओवर में हर्षित राणा ने क्विंटन डी कॉक को छह किया। डी कॉक एक रन ही बना सके। अर्शदीप सिंह ने भारत को मैच के पहले ही ओवर में विकेट दिलाया। उनकी चौथी बॉल रीजा हेंड्रिक्स के पैड पर लगी। लेकिन, फील्ड अंपायर ने आउट नहीं दिया। ऐसे में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने DRS की मांग दी। रिव्यू सफल रहा और भारत को विकेट मिला। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बताया कि अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह नहीं खेल रहे हैं। हर्षित राणा और कुलदीप यादव को मौका दिया गया है।

हेमंत रेड्डी का शतक, आंध्र की पंजाब पर रोमांचक जीत

पुणे। युवा बल्लेबाज हेमंत रेड्डी ने रविवार को यहां शानदार गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना करते हुए नाबाद 109 रन की पारी खेली जिससे आंध्र ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सुपर लीग ए मैच में पंजाब पर पांच विकेट की रोमांचक जीत दर्ज की। रेड्डी अपने करियर का सिर्फ दूसरा मुश्ताक अली ट्रॉफी का मैच खेल रहे थे। 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, आंध्र का पूरा शीर्ष क्रम और मध्य क्रम चरमरा गया जिससे टीम का स्कोर पांच विकेट पर 56 रन हो गया लेकिन 23 वर्षीय रेड्डी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 53 गेंद में 11 चौके और सात छक्के जड़ते शतकीय पारी खेली।

इससे आंध्र ने पांच विकेट पर 211 रन बनाकर मैच की आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत दर्ज की। पंजाब के लंबे कद के तेज गेंदबाज गुरनूर बरार (23 रन देकर तीन विकेट) ने आंध्र के बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दीं। पांच बार की इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन मुंबई इंडियंस के पूर्व नेट गेंदबाज बरार ने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज श्रीकर भरत (01) और अश्विन हेब्बर (04) को आउट कर दिया जिससे आंध्र का स्कोर दो विकेट पर सात रन हो गया। आईपीएल 2025 सत्र से पहले गुजरात टाइटन्स ने बरार को 1.3 करोड़ रुपये में खरीदा था, उन्होंने पांचवें ओवर में आंध्र के कप्तान रिकी भुई (15) को आउट कर दिया। तेज गेंदबाज आयुष गोयल ने भी भारत के ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी का विकेट लिया जिससे आंध्र का स्कोर चार विकेट पर 35 रन हो गया और फिर नौवें ओवर में जल्द ही पांच विकेट पर 56 रन हो गया। ऐसे समय में किसी ऐसे खिलाड़ी की जरूरत थी जो पंजाब के गेंदबाजों की गेंदों का डटकर सामना करने के साथ समझदारी भरी पारी भी खेल सके। रेड्डी ने यह जिम्मेदारी संभाली। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए रेड्डी शुरुआती ओवरों में सावधानी से खेले लेकिन दूसरे छोर पर विकेट गिरते देख उन्होंने तेजी से रन बनाना शुरू कर दिया। उन्हें एसडी प्रसाद (35 गेंद में नाबाद 53 रन) के रूप में एक भरोसेमंद साथी मिला और दोनों ने छठे विकेट के लिए 155 रन की अटूट साझेदारी करके आंध्र को जीत दिलाई। इस रोमांचक जीत से आंध्र का अभियान पटरी पर लौट आया जिसे कम स्कोर वाले मैच में मध्य प्रदेश से चार विकेट से हार मिली थी।

वहीं पंजाब इस सत्र के अभियान को अलविदा कह सकता है क्योंकि उसे झारखंड के खिलाफ एक बड़े स्कोर वाले मैच में छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। नीतीश कुमार रेड्डी का यह लगातार दूसरा निराशाजनक प्रदर्शन था। उन्होंने मध्य प्रदेश के खिलाफ 25 रन बनाए थे। इससे पहले हरनूर सिंह (42) और कप्तान प्रभसिमरन सिंह (20) ने पंजाब को एक अच्छी शुरुआत दी।

संक्षेप

नाइट राइडर्स को दुबई कैपिटल्स ने हराया

अबुधाबी। आंद्रे रसेल की 33 गेंद में नाबाद 53 रन की पारी के बावजूद अबुधाबी नाइट राइडर्स को दुबई कैपिटल्स के खिलाफ आईएलटी20 के करीबी मैच में नौ रन से हार झेलनी पड़ी। दुबई कैपिटल्स ने अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शायन जहांगीर की 54 गेंद में 99 रन की पारी की बदौलत पांच विकेट पर 196 रन बनाए और फिर नाइट राइडर्स को आठ विकेट पर 187 रन पर रोक दिया। रसेल ने अपनी पारी में चार छक्के और इतने ही चौके लगाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए कैपिटल्स को जहांगीर और जोर्डन कॉक्स (30 गेंद में 29 रन) ने 115 रन जोड़कर शुरुआती झटकों से उबारा। जहांगीर रन आउट होने के कारण शतक से चूक गए। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और पांच छक्के लगाए। रसेल की विस्फोटक पारी ने नाइट राइडर्स की जीत की उम्मीद जगाई लेकिन आखिरकार कैपिटल्स ने धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की।

आईपीएल में गेंदबाजी के लिए तैयार, कैमरन ग्रीन ने कहा

एडीलेड। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने रविवार को साफ किया कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने साफ किया कि उनके मैनेजर की गड़बड़ी की वजह से उन्हें अगले हफ्ते होने वाली छोटी नीलामी में गलती से बल्लेबाज के तौर पर पंजीकृत कर दिया गया। पीठ की सर्जरी से उबरने के कारण 2025 सत्र से बाहर रहे 26 साल के ग्रीन जून में एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटे थे। हालांकि इसके बाद उन्हें गेंदबाजी करने की इजाजत मिल गई है और वह ऑस्ट्रेलिया तथा इंग्लैंड के बीच चल रही एशेज श्रृंखला में गेंदबाजी कर रहे हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने ग्रीन के हवाले से कहा, मैं गेंदबाजी के लिए तैयार रहूंगा। मुझे नहीं पता कि मेरे मैनेजर यह सुनना चाहेंगे या नहीं लेकिन उनकी तरफ से गड़बड़ी हुई थी। उन्होंने कहा उनका मतलब बल्लेबाज कहना नहीं था। मुझे लगता है कि उन्होंने गलती से ऐसा कर दिया। असल में यह उनकी तरफ से एक गड़बड़ी थी। लंबे कद के ऑलराउंडर ग्रीन ने 2023 में मुंबई इंडियंस और 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व किया था। वह नीलामी में हिस्सा लेने वाले सबसे बड़े नामों में से हैं और उनके लिए भारी-भरकम बोली लगने की उम्मीद है।

क्रिकेट : इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और एलएसजेए एकादश की दूसरी जीत

खेल संवाददाता

लखनऊ। पिछली विजेता इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एकादश और एलएसजेए एकादश ने एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग (एलएमपीएल) 2025 में रविवार को खेले गए मैचों में दमदार प्रदर्शन के साथ लगातार दूसरी जीत अपने नाम की। लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एलएसजेए) के तत्वावधान में आयोजित लीग के दूसरे दिन टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी जीत से अपना अभियान शुरू किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर पिछली उपविजेता टाइम्स ऑफ इंडिया ने मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश को नौ विकेट से शिकस्त दी। मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 109 रन बनाए। विद्या सागर (29), अंकित भारती (21) व समीर (नाबाद 19) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। टाइम्स ऑफ इंडिया से ऋषि सिंह सेंगर ने तीन विकेट की सफलता पाई। जवाब में टाइम्स ऑफ इंडिया ने 13 ओवर में एक विकेट पर 110 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज अब्बास रिजवी ने 37 गेंदों पर 5 चौके व एक छक्के से नाबाद 42 रन बनाए जबकि मैन ऑफ द मैच देवेश पाण्डेय ने 41 गेंदों पर 10 चौके से नाबाद 53 रन बनाते हुए अर्धशतक ठोंका। इस मैच में पूर्व भारतीय क्रिकेटर ज्ञानेंद्र पाण्डेय व पूर्व रणजी क्रिकेटर शोएब कमाल ने देवेश पाण्डेय को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर ही दूसरे मैच में एलएसजेए एकादश ने विमल पाण्डेय (64) के अर्धशतक से कम्बाइंड मीडिया (एलडब्लूजेयू) एकादश को 101 रन से हराया।

> एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग (एलएमपीएल)

एलएसजेए एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 7 विकेट पर 163 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज विमल पाण्डेय ने 41 गेंदों पर आठ चौकों व दो छक्के से 64 रन की पारी खेली। कम्बाइंड मीडिया (एलडब्लूजेयू) से आशुतोष यादव, विश्वदेव राव व नितिन अवस्थी को 2-2 विकेट की सफलता मिली। जवाब में कम्बाइंड मीडिया (एलडब्लूजेयू) की टीम 13.3 ओवर में 62 रन ही बना सकी। विश्वदेव राव ने सर्वाधिक 14 रन बनाए। एलएसजेए एकादश से नदीम खान को चार व दानिश अतीक को 2 विकेट की सफलता मिली।

अच्छी शुरुआत करती थी लेकिन अच्छी फिनिशर नहीं थी : शेली एन

पुणे। जमैका की दिग्गज फर्राटा धाविका शेली एन फ्रेजर प्राइस का कहना है कि उन्हें यह ठप्पा पसंद नहीं था कि वह अच्छी शुरुआत करती थी लेकिन अच्छी फिनिशर नहीं थीं। उन्होंने कहा कि एलीट स्तर तक पहुंचने के लिए उन्हें अपने शुरुआती वर्षों में अपनी दौड़ने की शैली को बदलना पड़ा। ओलंपिक की आठ बार की और विश्व चैंपियनशिप की 17 बार की पदक विजेता शेली एन ने कहा कि उन्होंने 100 मीटर फर्राटा दौड़ में बेहतर होने के लिए 200 मीटर दौड़ में बहुत मेहनत की। शेली एन के नाम 100 मीटर में 10.60 सेकेंड का इतिहास का तीसरा सबसे तेज समय दर्ज है। शेली एन ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, एक एलीट फर्राटा धाविका बनने के लिए हाई स्कूल में मुझे अपने दौड़ने के तरीके को पूरी तरह से बदलना पड़ा क्योंकि मेरा दौड़ने का तरीका सही नहीं था, इससे मैं रेस नहीं जीत पाती। उन्होंने कहा, लोग कहते थे वह अच्छी शुरुआत करती है लेकिन अच्छी फिनिशर नहीं है और मुझे ये बातें सुनकर निराशा होती थी क्योंकि मुझे लगता था कि मैं अच्छी तरह से रेस को खत्म कर सकती हूं। शेली एन ने कहा, मुझे जिम में अधिक मजबूत होना पड़ा। अगर मुझे अपनी 100 मीटर दौड़ को बेहतर करना था तो मुझे 200 मीटर में अधिक दौड़ना पड़ा।

उन्नति हुड्डा, किरण जॉर्ज ने जीता खिताब

एजेंसी

कटक। शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा और किरण जॉर्ज ने रविवार को ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष एकल खिताब जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। उन्नति ने संयम का परिचय देते हुए हमवतन खिलाड़ी इशारानी बरुआ को महज आधे घंटे में 21-17, 21-10 से हराया। इस 18 साल की खिलाड़ी ने रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखा और इशारानी को लय हासिल करने का मौका नहीं दिया। इस हार के बावजूद इशारानी ने रजत पदक हासिल कर इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे वरीयता प्राप्त जॉर्ज ने पुरुष एकल फाइनल में इंडोनेशिया के मुहम्मद यूसुफ को 65 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21-14, 13-21, 21-16 से हराया। जॉर्ज ने पहला गेम जीता लेकिन यूसुफ ने जोरदार वापसी करते हुए मैच को बराबरी पर ला दिया। जॉर्ज ने इसके बाद जुझारूपन और रणनीतिक सूझबूझ का परिचय देते हुए निर्णायक गेम जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। इंडोनेशिया ने मारवान फाजा और ऐस्याह प्रानाता की जोड़ी ने हमवतन देजान फर्डिनेंस्याह और बर्नाडाइन वार्डाना को 21-15, 21-10 से हराकर मिश्रित युगल का खिताब जीता। महिला युगल के खिताबी मुकाबले में बुल्गारिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त गैब्रिएला और स्टेफनी स्टोएवा ने मलेशिया की ओंग शिन यी और कारमेन टिंग को 21-19, 21-14 से मात दी। पुरुष युगल का खिताब इंडोनेशिया के अली फाथिर रेहान और डेविन अर्था वाहिदी ने जीता। इस जोड़ी ने मलेशिया के खंग खाई जिंग और आरोन ताई को 15-21, 21-12, 21-16 से मात दी।

मेस्सी का आना भारत के लिए सुनहरा पल : तेंदुलकर

एजेंसी

मुंबई। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने रविवार को अर्जेंटीना के फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी के मुंबई दौरे को शहर और देश के लिए एक सुनहरा पल बताया। तेंदुलकर ने इसी मैदान पर 2011 क्रिकेट विश्व कप की जीत की तुलना मेस्सी के दौरे से की जो अपने इंटर मियामी टीम के साथी लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डि पॉल के साथ पहुंचे। तेंदुलकर ने भारत की वनडे विश्व कप जीत का जिक्र करते हुए यह बात कही जिसमें उन्होंने बड़ी भूमिका अदा की थी।

उन्होंने कहा मैंने यहां कुछ अविश्वसनीय पल बिताए हैं। जैसा कि हम कहते हैं, मुंबई सपनों का शहर है, और इस जगह पर कई सपने पूरे हुए हैं। और आपके समर्थन के बिना, हम 2011 में इस मैदान पर उन सुनहरे पलों को कभी नहीं देख पाते। उन्होंने कहा, और आज, इन तीन महान हस्तियों का यहां होना वाकई मुंबई, मुंबईवासियों और भारत के लिए एक सुनहरा पल है। जिस तरह से आपने खेल के इन तीनों महान खिलाड़ियों का स्वागत किया है, वह सच में कमाल का है।

मेस्सी के बारे में बात करते हुए तेंदुलकर ने कहा, जहां तक लियो (मेस्सी) की बात है तो अगर मुझे उनके खेल के बारे में बात करनी है तो यह सही मंच नहीं होगा। और आप जानते हैं, उनके बारे में कोई क्या बात करे? उन्होंने सब कुछ हासिल कर लिया है। हम सच में उनकी लगन, दृढ़ संकल्प, प्रतिबद्धता की तारीफ करते हैं। उन्होंने कहा और सबसे बढ़कर उनकी विनम्रता की, वह जिस तरह के इंसान हैं। और मुंबईवासियों और भारतीयों की ओर से, मैं उन्हें और उनके परिवार को अच्छे स्वास्थ्य और आप सभी को खुशी की शुभकामनाएं देना चाहता हूं। यहां आने और युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक बार फिर धन्यवाद।

ट्रॉफी : मुंबई ने हरियाणा को हराया

अम्बी (पुणे)। टी20 टीम में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं द्वारा अनदेखी के बाद यशस्वी जायसवाल ने रविवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सुपर लीग बी मैच में 48 गेंद में शतक जड़कर गत चैंपियन मुंबई की हरियाणा पर चार विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई।

सुपर लीग के अपने पहले मैच में हैदराबाद के खिलाफ एकतरफा हार के बाद जायसवाल (50 गेंद में 101 रन) और सरफराज खान (24 गेंद में 64 रन) की पारियों से मुंबई ने हरियाणा के 235 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.3 ओवर में छह विकेट पर 238 रन बनाकर जीत दर्ज की।

जायसवाल और सरफराज ने सिर्फ 6.1 ओवर में 88 रन जोड़कर मुंबई की फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद जीवंत रखी। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान जायसवाल ने मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का 50 हजार रुपये का चैक लेने के लिए अपने साथ सरफराज को भी बुलाया।

लीवरपूल ने ब्राइटन को हराया, आर्सेनल भी जीता

एजेंसी

लीवरपूल। लीवरपूल ने शनिवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में ब्राइटन को 2-0 से हरा दिया। इस जीत से लीवरपूल ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने अजेय क्रम को पांच मैच तक पहुंचाया। गत चैंपियन टीम अब अंक तालिका में छठे स्थान पर है। इस मैच के साथ लीवरपूल के मोहम्मद सालाह ने रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी भी की। आर्सेनल ने अंतिम स्थान पर चल रहे वोल्वरहैम्पटन को दो आत्मघाती गोल की बदौलत 2-1 से हराया जबकि चेल्सी ने एवर्टन को 2-0 से शिकस्त दी।

बर्नले को फुलहम के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा जो टीम की लगातार सातवीं हार है। वहीं दूसरी ओर राफिन्हा के दो गोल से बार्सिलोना ने शनिवार को यहां ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में ओसासुना को 2-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत कर ली। ब्राजील के फारवर्ड राफिन्हा ने 70वें मिनट में बार्सिलोना को बढ़त दिलाई और फिर 84वें मिनट में एक और गोल दागकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। लीग में लगातार सातवीं जीत के साथ गत चैंपियन बार्सिलोना ने दूसरे स्थान पर मौजूद रीयाल मैड्रिड पर सात अंक की बढ़त बना ली है। मैड्रिड को रविवार को एल्वेस से भिड़ना है। मैड्रिड ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले आठ मैच में सिर्फ दो में जीत दर्ज की है जिससे टीम दबाव में है। एटलेटिको मैड्रिड ने वेलेन्सिया को 2-1 से हराया। चौथे स्थान पर मौजूद एटलेटिको बार्सिलोना से नौ अंक पीछे है। अन्य मुकाबले में एस्पेनयोल ने गेटाफे को 1-0 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की जबकि मालोर्का ने एल्चे को 3-1 से शिकस्त दी।

वहीं दूसरी ओर महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी रविवार को विश्व कप स्तर की सुरक्षा के बीच मुंबई पहुंचे। दोपहर के आसपास मुंबई पहुंचे मेस्सी के चार शहरों के जीओएटी इंडिया टूर 2025 का यह दूसरा दिन है। विश्व कप जीतने वाली अर्जेंटीना की टीम के कप्तान मेस्सी ताज कोलाबा में थोड़ी देर आराम करने के बाद क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (ब्रेबोर्न स्टेडियम) जाएंगे जहां वह एक पैडल जीओएटी कप स्पर्धा में शामिल होंगे।

इसके बाद वह एक सेलीब्रिटी फुटबॉल मैच में शिरकत करेंगे। इंटर मियामी टीम के अपने साथी लुई सुआरेज और रोड्रिगो डि पॉल के साथ मेस्सी के शाम पांच बजे के आसपास प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम पहुंचने की उम्मीद है। मुंबई पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है जिसमें स्थल के अंदर पानी की बोतलें, धातु की चीजें और सिक्के ले जाने पर प्रतिबंध शामिल है जबकि भीड़ पर नजर रखने के लिए ड्रोन भी लगाए गए हैं। मेस्सी के दौरे के दौरान स्टेडियम के पास भारी भीड़ की उम्मीद करते हुए पुलिस ने स्थल के अंदर और बाहर दो हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया है।

ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए बदलाव आवश्यक

ऊर्जा संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि देश के सभी क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता लाने के लिए हर नागरिक में व्यवहारिक परिवर्तन बेहद जरूरी है। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति के साथ संतुलित जीवन शैली अपनाने की चेतना भारत की सांस्कृतिक परंपरा का मूल है।

यही विचार लाइफस्टाइल फॉर एन्वायरमेंट लाइफ के माध्यम से पूरी दुनिया तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा भारत के ऊर्जा परिवर्तन की सफलता के लिए हर क्षेत्र और हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। सभी क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता लाने के लिए व्यवहार में बदलाव बेहद जरूरी है। राष्ट्रपति ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण सबसे पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा का सबसे विश्वसनीय स्रोत है। ऊर्जा संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। ऊर्जा का बुद्धिमानी से, जिम्मेदारी से और कुशलता से उपयोग करना है। उन्होंने कहा जब हम अनावश्यक विद्युत उपकरणों के उपयोग से बचते हैं, ऊर्जा-कुशल उपकरण अपनाते हैं, घरों और कार्यस्थलों में प्राकृतिक प्रकाश और वेंटिलेशन का उपयोग करते हैं या सौर और नवीकरणीय ऊर्जा विकल्प अपनाते हैं, तो हम न केवल ऊर्जा बचाते हैं बल्कि कार्बन उत्सर्जन को भी कम करते हैं। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि ऊर्जा संरक्षण स्वच्छ हवा, सुरक्षित जल स्रोत और संतुलित पर्यावरण बनाए रखने के लिए भी महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र में 2012 में दो साल की बच्ची के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के दोषी व्यक्ति की दया याचिका खारिज कर दी है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने दो साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के दोषी की दया याचिका खारिज की

अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति पद पर 25 जुलाई, 2022 को आसीन होने के बाद मुर्मू द्वारा खारिज की गई यह तीसरी दया याचिका है।

उच्चतम न्यायालय ने तीन अक्टूबर, 2019 को रवि अशोक घुमारे को दी गई मौत की सजा को बरकरार रखते हुए कहा कि उसका अपनी कामुक इच्छाओं पर कोई नियंत्रण नहीं था और उसने अपनी यौन भूख को शांत करने के लिए सभी प्राकृतिक, सामाजिक और कानूनी सीमाओं को तार-तार कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत (जो अब प्रधान न्यायाधीश हैं) की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने 2:1 के अनुपात के बहुमत से कहा कि उस व्यक्ति ने एक ऐसे जीवन को निर्दयतापूर्वक समाप्त कर दिया जो अभी खिलना बाकी था और दो वर्षीय बच्ची से अप्राकृतिक अपराध करने का उसका कृत्य एक गंदी और विकृत मानसिकता को दर्शाता है, जो क्रूरता की एक भयावह कहानी को प्रदर्शित करता है।

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण गंभीर स्तर पर, एक्यूआई 400 पार

नयी दिल्ली नोएडा। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रविवार को वायु प्रदूषण गंभीर स्तर पर पहुंच गया जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 पार रहा। यह जानकारी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने दी।

राष्ट्रीय राजधानी में रातभर घनी धुंध छाई रही, जिससे लोगों को सांस लेने में कठिनाई हुई। सीपीसीबी के अनुसार, सुबह दिल्ली का एक्यूआई 459, नोएडा का 469 और ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 442 मापा गया। सीपीसीबी के मानकों के अनुसार, एक्यूआई 0 से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 संतोषजनक, 101 से 200 मध्यम, 201 से 300 खराब, 301 से 400 बेहद खराब और 401 से 500 गंभीर माना जाता है। मौसम विभाग के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.4 डिग्री कम 8.2 डिग्री सेल्सियस रहा और अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 100 प्रतिशत दर्ज की गई। बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए, दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने शनिवार को सभी स्कूलों को नौवीं और 11वीं की पढ़ाई हाईब्रिड मोड पर कराने का निर्देश दिया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के स्तर को और बिगड़ने से रोकने के लिए चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप) के चौथे चरण के तहत सख्त प्रतिबंध शनिवार से लागू किए।

संक्षेप

यूक्रेन शांति वार्ता के लिए अमेरिकी राजदूत पहुंचे बर्लिन

बर्लिन। यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए समझौता कराने को लेकर वार्ता के एक अन्य दौर के लिए अमेरिका के राजदूत रविवार सुबह बर्लिन पहुंचे। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए के एक फोटोग्राफर ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर को बर्लिन में देखा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन, अमेरिका और यूरोपीय अधिकारी आने वाले दिनों में बर्लिन में कई बैठकें करेंगे। जेलेंस्की ने शनिवार देर रात राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप के दूतों से मिलूंगा और साथ ही हमारे यूरोपीय साझेदारों और कई नेताओं के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए एक राजनीतिक समझौते पर बैठकें होंगी। ट्रंप, रूस से युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने के लिए कह रहे हैं और समझौते पर सहमति बनने में हो रही देरी से लगातार परेशान हो रहे हैं। वाशिंगटन कई महीनों से दोनों पक्षों की मांगों को संतुलित करने की कोशिश कर रहा है। संभावित समझौतों की तलाश में कई बड़ी बाधाएं आई हैं, जिनमें यूक्रेन के पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र पर नियंत्रण और यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी शामिल है। पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र पर रूस की सेना का कब्जा है।

द. अफ्रीका में मंदिर गिरने से चार लोगों की मौत

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका स्थित भारतीय कस्बे रेडक्लिफ में चार मंजिला अहोबिलम मंदिर के निर्माण स्थल पर कई टन कंक्रीट गिरने से मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। दक्षिण अफ्रीका की प्रतिक्रिया इकाई के प्रवक्ता प्रेम बलराम ने स्थानीय मीडिया को बताया कि बचाव अभियान दो दिन से जारी है और बचावकर्मियों को एक अन्य शव होने का पता चला है लेकिन उन्हें खराब मौसम के कारण शनिवार दोपहर अभियान रोकना पड़ा। उन्होंने कहा इस समय यह पुष्टि नहीं की जा सकती कि मलबे के नीचे और भी लोग फंसे हुए हैं या नहीं। मृतकों में से एक की पहचान विकी जयराज पांडे (52) के रूप में हुई है जो दो साल पहले मंदिर की स्थापना के बाद से इसमें सेवाएं दे रहे थे। पांडे मंदिर के कार्यकारी सदस्य और निर्माण परियोजना के प्रबंधक थे। मंदिर से संबद्ध धर्मार्थ संस्था फूड फॉर लव के निदेशक सनवीर महाराज ने पुष्टि की कि एथेक्विनी (पूर्व में डरबन) के उत्तर में एक पहाड़ी पर स्थित मंदिर के ढहने में मारे गए लोगों में पांडे भी शामिल थे।

शिखर सम्मेलन में जयशंकर ने समकक्षों से की मुलाकात

एजेंसी

दुबई। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में उच्च-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन से इतर यूरोप, ब्रिटेन और मिस्र के अपने समकक्षों से मुलाकात की।

कई महत्वपूर्ण भूराजनीतिक और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों पर चर्चा के लिए विश्व के नेता और नीति निर्माता यूएई में एकजुट हुए हैं। जयशंकर ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि लक्जमबर्ग के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री जेवियर बेटेल, पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की और

लातविया की विदेश मंत्री बैबा ब्रेज के साथ मिलकर बहुत अच्छा लगा। मंत्री संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में तीन दिवसीय सर बानी यास फोरम 2025 में भाग लेने पहुंचे थे। सम्मेलन रविवार को समाप्त हुआ। जयशंकर ने शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिटेन के उप प्रधानमंत्री डेविड लैमी से भी मुलाकात की।

उन्होंने एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ब्रिटेन के उप प्रधानमंत्री डेविड लैमी को सर बानी यास फोरम 2025 के दौरान देखकर अच्छा लगा। विदेश मंत्री ने एक अन्य बैठक को लेकर कहा कि मिस्र के विदेश मंत्री डॉ. बदर अब्देलट्टी से मुलाकात करके अच्छा लगा। सर बानी यास फोरम एक वार्षिक मंच है जो क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए वैश्विक नेताओं, मंत्रियों और विशेषज्ञों को एक साथ लाता है।

मत पत्र से चुनाव पर नहीं जीत सकती भाजपा : प्रियंका गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को दावा किया कि यदि देश में सही चुनाव और मत पत्र से चुनाव करा लिए जाएं तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कभी चुनाव नहीं जीत सकती।

कांग्रेस नेता ने यहां वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में यह भी कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी का विश्चास घट रहा है तथा सिर्फ निर्वाचन आयोग की बदौलत चुनाव जीता जा रहा है। प्रियंका गांधी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर दावा किया कि उत्तर प्रदेश में तीन करोड़ नामों को मतदाता सूचियों से काटे गए हैं। उनका कहना था कि बिहार विधानसभा चुनाव में हार को लेकर कांग्रेस समर्थकों को मायूस होने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह चुनाव 65 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से काटकर और आचार संहिता के बीच लोगों के खातों में 10-10 हजार रुपये पहुंचाकर चोरी हुआ है। प्रियंका गांधी ने कहा जब सब संस्थाओं को कुचला जा रहा है, तो एक-एक भारत वासी को उठना चाहिए, जागना चाहिए और समझना चाहिए कि देश के व्यक्ति पर वार हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि आज के समय में न्यायपालिका दबाव में है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, एक सही चुनाव लड़ लें, मत पत्र पर लड़ लें तो ये (भाजपा) खुद जानते हैं कि कभी नहीं जीत जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव की घोषणा लेकर नतीजे तक हर चीज को संदिग्ध बना दिया गया है। प्रियंका गांधी ने कहा, ज्ञानेश कुमार, सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी।

यह देश इन तीन चुनाव आयुक्तों के नाम नहीं भूलेगा। मोदी सरकार इन्हें बचाने की कितनी भी कोशिश कर ले, लेकिन एक दिन इन्हें देश को जवाब देना होगा। उन्होंने दावा किया आज भाजपा को चुनाव आयोग की जरूरत है, क्योंकि उसके बिना नरेंद्र मोदी चुनाव नहीं जीत सकते। हमें चुनाव आयोग के तीन अधिकारियों के नाम नहीं भूलने हैं, क्योंकि ये लोग लोकतंत्र पर वार कर रहे हैं। उनका कहना था, इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब पूरा विपक्ष कह रहा है।

सत्य के साथ खड़े रहकर मोदी व आरएसएस की सरकार को हरायेंगे : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कथित वोट चोरी को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी तथा निर्वाचन आयोग पर कड़ा हमला बोला और कहा कि उनकी पार्टी सत्य के साथ खड़े होकर प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस की सरकार को देश की सत्ता से हटाएगी।

राहुल ने यहां रामलीला मैदान में कांग्रेस की वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली को संबोधित करते हुए दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आत्मविश्वास खत्म हो गया क्योंकि उन्हें पता चल गया है कि उनकी वोट चोरी पकड़ी गई है। उन्होंने यह आरोप फिर दोहराया कि निर्वाचन आयोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलकर काम कर रहा है। राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत के एक बयान का हवाला देते हुए कहा भागवत ने कहा कि विश्व सत्य को नहीं शक्ति को देखता है, जिसके पास शक्ति है उसे माना जाता है। यह विचारधारा

आरएसएस की है। हमारी विचारधारा, हिंदुस्तान की विचारधारा, हिंदू धर्म की विचारधारा और दुनिया के सभी धर्मों की विचारधारा कहती है कि सत्य सबसे जरूरी हैं। भागवत कहते हैं कि सत्य का कोई मतलब नहीं है, सत्ता जरूरी है। उन्होंने कहा, सत्य और असत्य के बीच लड़ाई है। हम सत्य के साथ खड़े होकर हिंदुस्तान से नरेन्द्र मोदी, अमित शाह तथा आरएसएस सरकार को हिंदुस्तान से हटाएंगे।

भागवत ने शनिवार को अंडमान में विराट हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि वर्तमान समय में वैश्विक मान्यता को आकार देने में केवल सत्य से कहीं अधिक शक्ति का योगदान है।

उन्होंने कहा था विश्व सत्य को नहीं, शक्ति को देखता है, जिसके पास शक्ति है, उसको मानता है। भले मन से नहीं, पर मानता जरूर है। राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग का हवाला देते हुए चेतावनी भरे लहजे में कहा, कांग्रेस पार्टी आपसे (निर्वाचन आयुक्त) कह रही है, आप हिंदुस्तान के निर्वाचन आयुक्त हो, नरेन्द्र मोदी के निर्वाचन आयुक्त नहीं हो। हम कानून पूर्वव्यावी रूप से बदलेंगे और आपके खिलाफ कार्वाई करेंगे। उन्होंने दावा किया कि संसद में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान अमित शाह का हाथ कांप रहा था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का कहना था, आप सबने देखा होगा कि सदन में अमित शाह का हाथ कांप रहा था। अमित शाह तभी तक बहादुर हैं, जब तक इनके हाथ में सत्ता है। जिस दिन सत्ता गई, उसी दिन इनकी बहादुरी भी निकल जाएगी।

इंटरटेनमेंट...

फिल्म : 'धुरंधर' के मिड नाइट शो शुरू

मुंबई। रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर लगातार बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन कलेक्शन कर रही है। रिलीज के 9 दिनों बाद भी फिल्म के ज्यादातर शोज हाउसफुल चल रहे हैं। ऐसे में जनता की डिमांड पर फिल्म के मिड नाइट शोज शुरू कर दिए गए हैं। मुंबई में अब से धुरंधर का 12 बजकर 45 मिनट पर नया शो एड किया गया है।

वहीं पुणे में भी 12 बजकर 20 मिनट पर शो शुरू कर दिया गया है। इनके अलावा अब से देर रात 12:50, 1.25, 2:10, 2:30, 3:00, 3:30, 3:35, 4:05 और 4:10 के शो भी शुरू किए गए हैं। फिल्म धुरंधर ने शनिवार को यानी रिलीज के 9वें दिन 53 करोड़ रुपए का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है। ये फिल्म का हाईएस्ट सिंगल डे कलेक्शन है। रविवार को इसमें बढ़ोतरी का अनुमान है। फिल्म धुरंधर ने रिलीज के महज 9 दिनों में ही बड़ा रिकॉर्ड कायम कर लिया है। ये फिल्म 300 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर इस साल की 5वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। हालांकि अब भी ये फिल्म छावा और सैयारा से पीछे है। मौजूदा कलेक्शन को देखते हुए अनुमान लगाया जा सकता है कि ये फिल्म ओवरऑल कलेक्शन के मामले में इन फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ सकती है। 5 दिसंबर को रिलीज हुई फिल्म धुरंधर को आदित्य धर ने डायरेक्ट किया है, जो इससे पहले ऊरीः द सर्जिकल स्ट्राइक बना चुके हैं। फिल्म में रणवीर सिंह ने खुफिया एजेंट का किरदार निभाया है, जो अंडरकवर होकर पाकिस्तान में मिशन पर जाते हैं। उनके साथ सारा अर्जुन लीड रोल में हैं।

वहीं अक्षय खन्ना, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, आर.माधवन भी फिल्म में अहम किरदार निभा रहे हैं। 5 दिसंबर को रिलीज हुई फिल्म धुरंधर चर्चा में बनी हुई है। फिल्म में सबसे ज्यादा सराहना रहमान डकैत का किरदार निभा रहे अक्षय खन्ना को मिल रही है। उनका डांस भी वायरल हो रहा है। इसी बीच अब उनके को-स्टार नवीन कौशिक ने बताया है कि एक सीन के लिए अक्षय कुमार को धुरंधर के सेट पर 7 थप्पड़ पड़े थे। फिल्म में सौम्या टंडन ने रहमान डकैत की पत्नी उल्फत का किरदार निभाया है। फिल्म के एक सीन में सौम्या टंडन ने अक्षय खन्ना को थप्पड़ मारा था। हालांकि एक परफेक्ट शॉट के लिए उन्हें अक्षय को 7 बार थप्पड़ मारना पड़ा था।

धर्मेंद्र की याद में हेमा ने शेयर किया वीडियो

मुंबई। बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र का निधन 24 नवंबर को हुआ था। उनकी याद में हेमा मालिनी ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उनके जीवन के कई पुराने पल दिखाए गए हैं। इसमें धर्मेंद्र की पुरानी तस्वीरें, फिल्मों के सीन और परिवार के साथ बिताए खास पल शामिल हैं।

इस वीडियो में हेमा मालिनी के अलावा धर्मेंद्र की पहली पत्नी प्रकाश कौर, बेटे सनी देओल और बॉबी देओल, तथा बेटियां अजीता, विजेता, ईशा देओल और आहना देओल नजर आईं। हेमा ने अपनी पोस्ट बताया कि यह वीडियो दिल्ली और मथुरा में हुई दो प्रेयर मीट के लिए तैयार किया गया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, धरम जी को विशेष श्रद्धांजलि उनकी लोकप्रियता, आकर्षण, कला और फिल्मों में प्रभावशाली मौजूदगी को याद करते हुए।

लोग क्या कहेंगे के चक्कर में फंसी रही महिमा चौधरी

मुंबई। एक्ट्रेस महिमा चौधरी की फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' सेकंड चांस की थीम पर आधारित है। इस फिल्म में समाज का दबाव और मयार्दा-नैतिकता के बीच की जंग दिखाई गई है। हाल ही में दैनिक भास्कर से खास बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि लोग क्या कहेंगे वाली सोच आज भी हमें कई चीजें करने से रोक देती है। ऐसी मुश्किल व्यक्त में सच्चाई का सामना कैसे करें, यह बात फिल्म में दिखाई गई है। जब फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का पोस्टर आया तो लोगों को लगा कि आपने सच में संजय मिश्रा से शादी कर ली। आप क्या कहना चाहेंगी? मुझे ढेर सारे मैसेज आए। मुझे लगता है लोगों को पता ही नहीं था कि फिल्म बन रही है। किसी को खबर ही नहीं थी। तो जब उन्होंने वो फोटो देखी, तो सोचा ये कोई न्यूज है, प्रमोशन नहीं। फोटो शूट के समय आप जिस अंदाज में पैपराजी से बात रह रही थी और लोग मिठाई खाकर जा रहे थे, उस समय सिचुएशन तो बहुत कमाल की थी। क्या कहना चाहेंगी?

नरगिस की हील्स को देखकर समझ गए रिश्ता खत्म हुआ, चीन में पॉपुलैरिटी देख अटल जी हुए थे हैरान

जया बच्चन की आलोचना पर हुमा ने पैपराजी पर दी राय

मुंबई। एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने हाल ही में पैपराजी कल्चर पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि इसका एक अच्छा और एक बुरा पहलू दोनों हैं। हाल ही में इंडिया टुडे के साथ बातचीत में हुमा ने कहा, 'मेरा पैपराजी से बहुत अच्छा रिश्ता है। मुझे लगता है, वे भी जरूरी हैं। सच कहूं तो हम खुद उन्हें बुलाते हैं, जब हमें अपनी फिल्म प्रमोट करनी होती है या अपनी पर्सनल लाइफ का कोई हिस्सा लोगों को दिखाना होता है। उन्होंने बताया कि जब किसी फिल्म का प्रमोशन करना होता है, तो स्टार्स खुद पैपराजी को प्रीमियर या किसी इवेंट में बुलाते हैं। हुमा ने कहा, 'जब हम चाहते हैं कि हमें किसी जगह देखा जाए, तो हम उन्हें कॉल करते हैं। इसलिए सारा दोष उन्हीं पर नहीं डालना चाहिए।

हुमा ने यह भी कहा, 'कई बार जब मैं अच्छी नहीं लग रही होती, तो मैं उन्हें कहती हूं कि मेरी फोटो पोस्ट न करें और वे आमतौर पर मान भी लेते हैं। हुमा कुरैशी हाल ही में 'महारानी 4, 'दिल्ली क्राइम 3' और 'जॉली एलएलबी 3' जैसे प्रोजेक्ट्स में दिखीं। हुमा ने यह भी माना कि पैपराजी का एक नेगेटिव पहलू भी है। उन्होंने कहा, 'कभी-कभी वे ऐसे सवाल पूछते हैं जो प्राइवेट जिंदगी में दखल देते हैं या ऐसे एंगल से फोटो लेते हैं जो ठीक नहीं होते। एक हद होती है जो लोगों को नहीं पार करनी चाहिए, लेकिन हम करते हैं। एक फीमेल एक्टर होने के नाते मैंने ये सब झेला है। हुमा ने यह भी बताया कि पहले वे ऐसी स्थितियों में चुप रहती थीं, लेकिन अब नहीं।

'अपने फायदे के लिए हम खुद पैपराजी को बुलाते हैं'

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceofluck now@gmail.com